

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शनिवार, 13 सितंबर 2025। वर्ष – 67 । अंक– 149 । पृष्ठ –12। मूल्य – 4.00 रु
प्रेस पंजीयन- 06072/59



मोदी को और पहले जाना चाहिए था मणिपुर — पृष्ठ 2
अभिमत ■ स्वावलंबी बनने के लिए महिलाओं ने बढ़ाए कदम — पृष्ठ 6
■ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इजरायल ने पाकिस्तान को लताड़ा ■ ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो को 27 साल जेल की सजा — पृष्ठ 7
सुपर-4 में भारत का सामना जापान से — पृष्ठ 8

# सुशीला कार्की बनीं नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री


## चीफ जस्टिस के बाद नाम किया एक और रिकॉर्ड, अब सामने बड़ी चुनौती

- हिंसक प्रदर्शनों के बाद उपजे राजनीतिक संकट के बीच लिया फैसला
- नेपाल की संसद को भी किया गया भंग

**काठमांडू**, 12 सितम्बर (एजेंसियां)। नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की ने अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने शुक्रवार शाम शीतल निवास में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्की नेपाल की प्रधानमंत्री बनने वाली पहली महिला हैं।

राष्ट्रपति पौडेल ने संविधान के अनुच्छेद 61 के तहत कार्की को प्रधानमंत्री नियुक्त किया है।2015 में नए संविधान के लागू होने के बाद से सभी पिछली सरकारें अनुच्छेद 76 के तहत गठित हुई थीं। पहली बार





अनुच्छेद 61 के तहत कार्की को पीएम बनाया गया है। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से कहा गया है कि सरकार को छह महीने के भीतर चुनाव कराने का निर्देश दिया गया है। कार्की की शपथ संसद भंग होने के ऐलान के बाद हुई है। शुक्रवार को काठमांडू में दिनभर चली बातचीत के बाद शीर्ष नेताओं में नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनाने पर सहमति बनी। कार्की ने ऐसे समय सरकार की कमान मिली है, जब पूरे नेपाल में भारी राजनीतिक उथल पुथल मची है। नेपाल में रविवार से बड़े पैमाने पर जारी विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं।

नेपाल में युवा पीढ़ी के हिंसक प्रदर्शनों के बाद उपजे राजनीतिक संकट के बीच शुक्रवार को पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने का फैसला किया गया है। इसके साथ ही नेपाल की संसद को भी भंग कर दिया गया है। शुक्रवार को राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के साथ सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिग्देल की मौजूदगी में जनरेशन–जी के नेतृत्वकर्ताओं ने एक बैठक की थी। जिसमें पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने पर सहमति बनी थी। सुशीला कार्की का जन्म सात जून 1952 को विराटनगर में हुआ था। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# सीपी राधाकृष्णन ने ली उपराष्ट्रपति पद की शपथ



- सितम्बर 2030 तक होगा 15वें उपराष्ट्रपति का कार्यकाल
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिल्लाई शपथ
- प्रधानमंत्री मोदी सहित कई केंद्रीय मंत्री भी रहे मौजूद

**नई दिल्ली**, 12 सितम्बर (एजेंसियां)। चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को देश के 15 वें उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राधाकृष्णन को पद की शपथ दिलाई। इससे पहले राधाकृष्णन के उप राष्ट्रपति निर्वाचित होने से संबंधित निर्वाचन आयोग का प्रमाण पत्र पढ़कर सुनाया गया। राजग उम्मीदवार राधाकृष्णन ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार पूर्व जस्टिस बी.सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के अंतर से हराकर उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीत था।21 जुलाई को जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद 9 सितम्बर को नए उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव हुआ था। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पूर्व उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड, वेंकैया नायडू हामिद अंसारी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री प्रकाश नड्डा, नितिन गडकरी और कई अन्य केन्द्रीय मंत्री तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से दिया इस्तीफा

इससे पहले उपराष्ट्रपति चुने जाने के बाद राधाकृष्णन ने महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया था। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई थी। राष्ट्रपति मुर्मु ने राधाकृष्णन के इस्तीफे के बाद गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। देवव्रत अब दोनों राज्यों के राज्यपाल की जिम्मेदारी संभालेंगे।

**धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद हुए चुनाव**–संसद के हालिया मानसून सत्र के दौरान जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि उनका कार्यकाल दो साल बचा हुआ था। उनके इस्तीफे के कारण मध्यावधि चुनाव कराया गया। इससे पहले पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने उत्तराधिकारी को पत्र लिखकर बधाई दी थी। यह उनका जुलाई में पद छोड़ने के बाद पहला सार्वजनिक बयान था। धनखड़ ने लिखा था कि सीपी राधाकृष्णन का इस उच्च पद पर पहुंचना जनप्रतिनिधियों के विश्वास और भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि सार्वजनिक जीवन में उनके विशाल अनुभव के कारण उपराष्ट्रपति का पद और अधिक सम्मान और गरिमा हासिल करेगा। धनखड़ ने अपने संदेश में उम्मीद जताई थी कि राधाकृष्णन के नेतृत्व में उपराष्ट्रपति का कार्यालय नई ऊंचाइयों को छुएगा और लोकतंत्र को और मजबूत करेगा। उन्होंने उन्हें सफल कार्यकाल और देश की सेवा के लिए शुभकामनाएं ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### इस्तीफा देने के 53 दिन बाद दिखे जगदीप धनखड़



पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 21 जुलाई के बाद पहली बार यानी 52 दिन के बाद सार्वजनिक रूप से समारोह में नजर आए। उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद यह उनकी पहली सार्वजनिक उपस्थिति थी। कार्यक्रम में धनखड़ सीपी राधाकृष्णन के करीब अतिथियों वाली पहली पंक्ति में बैठे थे। इस दौरान वह हंसते-मुस्कुराते और ताली बजाते हुए दिखाई दिए।

## सार संक्षेप

### परमिता त्रिपाठी कुवैत में भारत की अगली राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी परमिता त्रिपाठी को कुवैत में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश सेवा के 2001 बैच की अधिकारी त्रिपाठी अभी मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। उन्हें डॉ. आदर्श स्वाइका की जगह कुवैत का राजदूत बनाया गया है। अपने दो दशक से भी लंबे कैरियर में त्रिपाठी विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान और संयुक्त राष्ट्र डेस्क पर भी काम कर चुकी हैं।

### पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** दिवाली से पहले एक बार फिर पटाखों को लेकर चर्चा तेज हो गई है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पटाखों पर सिर्फ दिल्ली-एनसीआर में प्रतिबंध लगाए जाने पर सवाल उठाया है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पटाखों पर पूरे देश में प्रतिबंध लगाए जाने की बात पर जोर देते हुए कहा कि अगर एनसीआर के लोगों को साफ हवा का अधिकार है, तो बाकी शहरों के लोगों को क्यों नहीं। उन्होंने साफ कहा कि पटाखों को लेकर कोई भी नीति पूरे देश के लिए एक जैसी होनी चाहिए।

### मोदी की मणिपुर यात्रा पर बोले राहुल, लंबे समये से हो रही हिंसा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर के दौरे पर जा रहे हैं। राज्य के मुख्य सचिव ने इस बात की पुष्टि कर दी है। ऐसे में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मणिपुर यात्रा पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मोदी के मणिपुर दौरे का स्वागत करते हुए कहा कि मणिपुर की समस्या काफी समय से चल रही है। अच्छी बात है कि वे अब वहां जा रहे हैं। गुजरात के जूनागढ़ में एक कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मणिपुर में लंबे समय से हिंसा चल रही है। इसमें कोई बड़ी बात नहीं कि पीएम मोदी अब वहां जा रहे है।

### कर्नाटक में नई जाति जनगणना का ऐलान

**बंगलूरू।** मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को घोषणा की कि कर्नाटक 22 सितम्बर से 7 अक्टूबर के बीच एक नया सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सर्वेक्षण कराएगा। उन्होंने कहा कि 2015 में हुई जाति जनगणना को सरकार ने स्वीकार नहीं किया है।

# पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर होगी धान खरीदी

**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग की नीति निर्धारण से संबंधित निर्णय लेने के लिए गठित मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक आज मंत्रालय महानदी भवन में हुई। बैठक में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी तथा राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा उपस्थित थे।



एग्रीस्टेक और एकीकृत पोर्टल में होगा किसानों का पंजीकरण

बैठक में आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसानों से भारत सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किए जाने के लिए समुचित एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। खरीफ वर्ष 2025-26 में किसानों का पंजीकरण एग्रीस्टेक पोर्टल के साथ-साथ एकीकृत किसान पोर्टल में किया जाएगा। किसान पंजीकरण का कार्य निर्धारित समय-सीमा में करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि किसानों को उनके द्वारा समर्थन मूल्य पर बेचे गए धान का भुगतान समय पर प्राप्त हो, इसके लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। धान उपार्जन के लिए आवश्यक नये एवं पुराने जूट बारदाने की व्यवस्था समयानुसार सुनिश्चित करने की जानकारी दी गई। धान की रिसाइक्लिंग रोकने के लिए प्रभावी प्रबंध करने और सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान की रोकथाम के लिए विशेष जांच दल गठित करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार, उपार्जित धान की मिलिंग के लिए आवश्यक तैयारियाँ करने पर भी बल दिया गया इस अवसर पर बैठक में सचिव खाद्य विभाग रीना बाबा साहेब कंगाले, सचिव वित्त विभाग मुकेश बंसल, सचिव वाणिज्य एवं उद्योग विभाग रजत कुमार, प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ किरण कौशल, संयुक्त सचिव कृषि विभाग राहुल देव तथा प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक के. एन. कांडे उपस्थित थे।

# बस्तर दशहरा में शामिल होंगे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह



**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। पहली बार केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार में शामिल होंगे और जनता की समस्याएं सीधे सुनेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी मौजूद रहेंगे। छत्तीसगढ़ का विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा इस बार इतिहास रचने जा रहा है। राज्य गठन के बाद पहली बार कोई केंद्रीय मंत्री इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। सांसद महेश कश्यप ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को बस्तर दशहरा के लिए आमंत्रित किया था, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है।

**4 नवंबर को बस्तर आएंगे अमित शाह**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 नवंबर को बस्तर पहुंचेंगे। वे करीब तीन घंटे यहां रुकेंगे। इस दौरान वे मिशन 2026 के तहत चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान पर चर्चा करेंगे। खास बात यह है कि उनकी मौजूदगी के दौरान मुरिया दरबार का आयोजन होगा, जहां वे जनता की समस्याएं और सुझाव सीधे सुनेंगे।

मुरिया दरबार का आयोजन 4 अक्टूबर को सिरहासार भवन में किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह प्रदेश मंत्रिमंडल के मंत्री और बस्तर संभाग के जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। सांसद और दशहरा कमेटी के अध्यक्ष महेश कश्यप ने राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री को इस आयोजन का आमंत्रण दिया। बस्तर दशहरा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह आदिवासी परंपराओं, सामाजिक समरसता और जनसंवाद का प्रतीक ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**भोजन में फिनाइल की घटना के बाद सरकार सख्त**

# सभी स्कूलों की रसोई में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने सुकमा के पकेला पोटाकेबिन स्कूल में बच्चों के भोजन में फिनाइल मिलने की घटना और हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद बड़ा कदम उठाया है। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने स्कूलों और छात्रावासों में बच्चों के भोजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 10 बिंदुओं पर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश सभी जिलों के प्रमुख अधिकारियों को भेजे गए हैं।




स्कूलों और छात्रावासों के रसोई व भोजन परोसने वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। परोसने से पहले शिक्षक और वार्डन खुद भोजन का स्वाद लेकर प्रमाण-पत्र देंगे। सभी जिले में खाद्य सुरक्षा की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त होगा।

किसी भी चूक पर संस्था प्रमुख को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। रसोई क्षेत्र में अनधिकृत प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। फिनाइल, कीटनाशक, डिटर्जेंट और केरोसिन जैसे हानिकारक पदार्थ सीलबंद कंटेनरों में अलग रखे जाएंगे।

सभी स्कूलों व छात्रावासों में प्राथमिक चिकित्सा किट और विषहर औषधियां अनिवार्य होंगी। नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों से समन्वय और आपात स्थिति में मॉक ड्रिल की व्यवस्था होगी। पुलिस को तत्काल सूचना और अभिभावक-शिक्षक निगरानी समिति की नियमित समीक्षा होगी। राज्य स्तर पर हेल्पलाइन और शिकायत तंत्र भी स्थापित होगा।

ये निर्देश स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ सभी संभागायुक्तों, एसपी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# तेज रफ्तार बोलेरो और कार में भिड़ंत दो लोगों की जिन्दा जलने से मौत, 3 घायल



**बस्तर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में कोड़ेनार थाना क्षेत्र के ग्राम किलेपाल के पास गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात एक बड़ा हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कार और बोलेरो में जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों में आग लग गई। इस घटना में कार में सवार 3 में से 2 लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि, जगदलपुर से दंतेवाड़ा की ओर जा रही बोलेरो और दंतेवाड़ा की ओर से आ रही कार में रात करीब 1 बजे के लगभग किलेपाल के पास अचानक से टक्कर हो गई। दोनों वाहनों में पलक झपकते ही आग लग गई। कार के पीछे सीट में सवार युवक किसी तरह अपनी जान बचाते हुए कार से बाहर निकल गया, जबकि कार में ड्राइवर सीट में बैठा युवक व बगल की सीट में बैठा युवक निकल ही नही पाए। इससे दोनों जिंदा ही जल गए। बोलेरो में सवार युवक किसी तरह ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# लोस अध्यक्ष बिरला ने 11 वें सीपीए राष्ट्रकुल संसदीय संघ सम्मेलन का किया उद्घाटन

**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 11 से 13 सितम्बर, तक कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरू में आयोजित (सीपीए) राष्ट्रकुल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के 11 वें सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बेंगलूरू स्थित विधान सभा के भव्य प्रांगण में तीन दिवसीय सम्मेलन का दीप प्रज्जवलन कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया,





विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी हुए सम्मिलित

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, कर्नाटक विधान सभा के अध्यक्ष यू.टी. खादर फरीद, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित भारत के विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के विधान मंडल के पीठासीन अधिकारी एवं विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा सहित अन्य विधान मंडलो के सचिव भी उपस्थित थे। सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर अपने संबोधन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# कांकेर सांसद भोजराज नाग को हाईकोर्ट से बड़ा झटका, चुनाव याचिका पर सुनवाई जारी रहेगी



**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर हाईकोर्ट ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद भोजराज नाग की उस गुहार को ठुकरा दिया है, जिसमें उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 के खिलाफ दायर याचिका को शुरुआती दौर में ही रद्द करने की मांग की थी। सांसद नाग ने दावा किया था कि याचिका में कोई गंभीर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है इसलिए यह जनप्रतिनिधित्व कानून की धाराओं का उल्लंघन करता है। साथ ही उन्होंने चुनाव आयोग को पक्ष नहीं बनाने और याचिका के वकील द्वारा दाखिल होने पर भी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# कवासी लखमा की जमानत याचिका खारिज, हाईकोर्ट ने जांच पर दिया जोर

**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया क्योंकि उन पर लगे आरोप गंभीर आर्थिक अपराधों से जुड़े हैं। कोर्ट ने साफ कहा कि जांच अभी पूरी नहीं हुई है और जमानत मिलने पर सबूतों के साथ छेड़छाड़ या गवाहों को प्रभावित करने का डर बना रहेगा। लखमा पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं जो राज्य के बड़े शराब घोटाले से जुड़े हैं।

लखमा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 15 जनवरी 2025 को गिरफ्तार किया था। वे तब से रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। ईडी का कहना है कि 2019 से 2023 तक लखमा ने एफएल-10ए लाइसेंस नीति को लागू कर अवैध शराब कारोबार को बढ़ावा दिया। जांच में सामने आया कि शराब सिंडिकेट से उन्हें हर महीने लगभग दो करोड़ रुपये का कमीशन मिलता था जिससे कुल 72 करोड़ रुपये की अनुचित कमाई हुई। लखमा ने कोर्ट में सफाई दी कि यह राजनीतिक साजिश है, आरोप सिर्फ सह-अभियुक्तों के बयानों पर टिके हैं और कोई पक्का सबूत नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि जांच खत्म हो चुकी है चार्जशीट दाखिल हो गई है और उनके ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**महंगाई** — नौ महीने तक गिरने के बाद अगस्त में फिर बढ़ी महंगाई

# खुदरा महंगाई बढ़कर 2.07 फीसदी पर पहुंची

**खाने-पीने का सामान महंगा होने का असर**

**नई दिल्ली, 12 सितम्बर (एजेंसियां)। अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 2.07 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 1.61 प्रतिशत थी। इसका मुख्य कारण सब्जियों, मांस और मछली की कीमतों में वृद्धि है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह बात कही गई।**

*उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति अगस्त 2024 में 3.65 प्रतिशत थी। लगातार नौ महीने तक घटने के बाद खुदरा महंगाई में एक बार फिर से इजाफा दिखा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2025 के दौरान वार्षिक मुद्रास्फीति अगस्त 2024 की तुलना में (–) 0.69 प्रतिशत थी। एनएसओ ने कहा कि अगस्त 2025 के महीने के दौरान हेडलाइन मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि मुख्य रूप से सब्जियों, मांस और मछली, तेल और वसा, व्यक्तिगत देखभाल और अंडे की मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण है। सरकार ने रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत पर बनी रहे, और दोनों तरफ 2 प्रतिशत का मार्जिन हो। यह बढ़त मामूली मानी जा रही है, लेकिन यह इशारा करती है कि उपभोक्ताओं के खर्च पर असर धीरे-धीरे बढ़ सकता है हालांकि, अभी यह दर भारतीय रिजर्व बैंक के तय लक्ष्य 4 फीसदी से काफी नीचे है, जिससे फिलहाल गंभीर चिंता की स्थिति नहीं मानी जा रही। मुद्रास्फीति में यह हल्की बढ़त मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों और जरूरी सामानों की कीमतों में हुई हलचल से जुड़ी मानी जा रही है। बरसात के मौसम में सब्जियों और अनाज की सप्लाई प्रभावित होने के चलते दामों में उतार-चढ़ाव देखा गया। वहीं, ऊर्जा और ईंधन की कीमतों ने भी खुदरा महंगाई को थोड़ा ऊपर खींचा। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आने वाले महीनों में सप्लाई चेन सामान्य हो गई तो दर फिर से स्थिर रह सकती है। इस साल जुलाई की तुलना में मुद्रास्फीति बढ़ी है, जुलाई 2025 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 1.61 प्रतिशत और खाद्य मुद्रास्फीति शून्य से 1.76 प्रतिशत नीचे रही थी। पिछले साल अगस्त में यह क्रमशः 3.65 प्रतिशत और 5.66 प्रतिशत पर रही थीं।*

# देश

उवाच

"मोदी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक एआई-जनरेटेड वीडियो पोस्ट करने पर विरोध जताते हुए कहा कि इस वीडियो का क्या अर्थ है, इसे क्यों जारी किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की अब आदत सी बन गई है। वे सिर्फ निरर्थक विषय को सामने ला रहे हैं। वे सिर्फ बदनाम करने की कोशिश करते रहते हैं: **रामदास आठवले, केंद्रीय मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 27.0 |
| मुंबई | 30.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 27.0 |

### प्रधानमंत्री मोदी का मणिपुर दौरा, अशोक गहलोत ने उठाएं सवाल, बोले

# मोदी को और पहले जाना चाहिए था मणिपुर

**जयपुर,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 सितम्बर को पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर जा रहे हैं, जिसे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने औपचारिक करार दिया।

उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री को काफी पहले ही मणिपुर जाकर वहां के लोगों की सुध लेनी चाहिए। लेकिन, अफसोस, उन्होंने आज तक ऐसा करना जरूरी नहीं समझा और अब वो मणिपुर जा रहे हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि उनका दौरा कुछ नहीं, सिर्फ औपचारिकता भर है। मैं समझता हूं कि इस तरह के दौरे को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सिर्फ चार घंटे के लिए मणिपुर जा रहे हैं। मैंने दो महीने पहले गृह मंत्री अमित शाह को कहा भी था कि वे मणिपुर जाएं और वहां की स्थिति के बारे में समझने का प्रयास करें।

कांग्रेस नेता ने कहा कि सबसे पहले आपको यह समझना होगा कि किसी भी राज्य में प्रधानमंत्री के दौरे का बहुत ही महत्व होता है। आज मणिपुर की स्थिति वैश्विक मोर्चे पर चर्चा का विषय बनी हुई है। अब वहां की स्थिति किसी से छुपी हुई नहीं है। वहीं, अब अगर मणिपुर से हिंसा की खबर सामने आई है, तो इससे यह साफ जाहिर होता है कि यह प्रधानमंत्री मोदी के दौरे का जवाब है। मैं कहता हूं कि अगर प्रधानमंत्री मोदी काफी पहले ही मणिपुर दौरे पर जाते, तो आज इस तरह की स्थिति ही पैदा नहीं होती।



प्रधानमंत्री को काफी पहले ही मणिपुर जाकर वहां के लोगों की सुध लेनी चाहिए। लेकिन, अफसोस, उन्होंने आज तक ऐसा करना जरूरी नहीं समझा और अब वो मणिपुर जा रहे हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि उनका दौरा कुछ नहीं, सिर्फ औपचारिकता भर है: **अशोक गहलोत, कांग्रेस नेता**

**हर माता का सम्मान इस देश में होना चाहिए**

अशोभनीय टिप्पणी के संबंध में सवाल किए जाने पर कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा कि सभी लोग एक-दूसरे की माता का सम्मान करते हैं। मैं कहता हूं कि निसंदेह राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी की मां का सम्मान करते हैं। विपक्ष के नेता पक्ष के नेताओं की मां का सम्मान करते हैं और पक्ष के नेता भी विपक्ष के नेताओं का सम्मान करते हैं। हर माता का सम्मान इस देश में होना चाहिए।

इसके अलावा, उन्होंने नेपाल की स्थिति को चिंता का विषय बताया और कहा कि इससे पहले भी कई देश, जिनमें श्रीलंका और अफगानिस्तान जैसे कई देश शामिल हैं, जहां पर राजनीतिक अस्थिरता हमें देखने को मिल चुकी है, ऐसे में अगर अब मौजूदा समय में हमारे पड़ोसी देश नेपाल में इस तरह की हिंसात्मक स्थिति बनी हुई है, तो निसंदेह हमें इसके समाधान का मार्ग तलाशना होगा।

**भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र**

उन्होंने कहा कि हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां देश की जनता को अपने नेतृत्व पर भरोसा है। इसके अलावा, कई मामलों में भारत ने वैश्विक मंच पर अहम भूमिका निभाई है।

## मध्य प्रदेश में कांग्रेस नेता करेंगे गौशालाओं का निरीक्षण: जीतू पटवारी

**इंदौर।** कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य में गायों की स्थिति पर सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में गाय मर रही हैं, उनकी हत्या की जा रही है, मगर सरकार की ओर से गाय सुरक्षा के कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। राज्य की गौशालाओं की स्थिति प्रदेश की जनता के सामने लाने के लिए आने वाले दिनों में कांग्रेस नेता गौशालाओं का आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। दरअसल, बीते दिनों मुख्यमंत्री मोहन यादव ने खुद को गाय पालक बताया था, जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने को गाय पालने वाला बताते हैं, मगर राज्य में गायों की स्थिति बहुत खराब है। पटवारी ने आगे कहा कि बीते छह माह में राज्य में अलग-अलग हिस्सों में एक हजार से ज्यादा गायों की हत्या हो चुकी है। इतना ही नहीं, हर रोज 100 गाय सड़क हादसे में अपनी जान गंवा रही है, गाड़ियों के नीचे दबकर गायों की मौत हो रही है, गायों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी सरकार की है, मगर सरकार बेखबर है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी ने मुख्यमंत्री यादव से आग्रह किया है कि गायों की सुरक्षा के लिए इंतजाम किए जाएं और मुख्यमंत्री इन स्थितियों में सुधार लाएं। ऐसा नहीं हुआ तो आगामी एक सप्ताह बाद पूरी कांग्रेस पार्टी गौशालाओं पर पहुंचेगी और स्थिति का जायजा लेगी। किसी भी तरह की खराब स्थिति का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया के जरिए जनता के बीच ले जाएगी।

### उपराष्ट्रपति के शपथ ग्रहण से राहुल की अनुपस्थिति पर तारिक अनवर की सफाई

## राहुल का पहले से तय था कार्यक्रम

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण समारोह में गैरमौजूदगी को लेकर सफाई दी। तारिक अनवर ने राहुल गांधी का बचाव करते हुए कहा कि उनका कार्यक्रम पहले से तय था, इसलिए वे उपराष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हो सके। कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने कहा, 'यह कोई मुद्दा नहीं है। राहुल गांधी का शेड्यूल पहले से तय था, जिसके कारण वे उपराष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हो सके। हमारी ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मौजूद थे। एक तरह से उन्होंने इस आयोजन में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व किया।' पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की शपथ समारोह में उपस्थिति पर भी तारिक अनवर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'लंबे समय बाद देश ने उन्हें देखा। हालांकि, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि वे इतने लंबे समय तक कहां थे। क्या वे अंडरग्राउंड थे? धीरे-धीरे, समय के साथ यह सामने आएगा कि उन्हें सार्वजनिक मंच पर आने के लिए किस तरह के दबाव का सामना करना पड़ा।' कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने एसआईआर पर बात करते हुए कहा, 'एसआईआर को लेकर बिहार में आंदोलन चला और इसको पूरे देश ने देखा है। मैं बताना चाहता हूं कि हमने एसआईआर का विरोध नहीं किया, बल्कि हमने इसकी कार्यप्रणाली का विरोध किया है।

### तेजस्वी ने बिहार में हो रहे अपराधों पर घेरा, बोले

# सरकार कोमा में है



**पटना,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जनता दल के विधायक और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार की नीतीश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार में क्राइम ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। बिहार की सड़कों को लाल रंग से रंग दिया गया है।

पत्रकारों से बात करते हुए तेजस्वी ने कहा, 'बिहार सरकार पूरी तरह से विफल हो गई है। सड़कें खून से लाल हो गई हैं और सरकार कोमा में है। मुझे जानकारी मिली है कि खरौली विधायक के ड्राइवर की हत्या कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सुनियोजित तरीके से हत्याएं की जा रही हैं। उन्होंने कहा, 'यह कितनी घिनौनी मानसिकता है। एक हत्या हुई है और उपमुख्यमंत्री ऐसा बयान दे रहे हैं, यह शर्मनाक है। जरा सोचिए, सत्ता ऐसे लोगों के हाथों में कैसे आ गई है? वे यह कहकर हत्या को जायज ठहरा रहे हैं कि हमें चुप रहना चाहिए, क्योंकि इससे हमें फायदा है।' तेजस्वी ने कहा कि इस तरह का बयान शर्मनाक करने वाला है, ऐसे लोग उपमुख्यमंत्री बन गए हैं जो लायक भी नहीं। जो भी अपराधी है उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। लोगों को जल्दी न्याय मिलना चाहिए। राजद नेता ने कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत मां प एआई-जनरेटेड वीडियो पोस्ट करने पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इनके पास कहने को कुछ नहीं है, मैंने वीडियो नहीं देखा है। भाजपा केवल वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रही है।

## नीतीश कुमार को नसीहत देने से पहले तेजस्वी अपने गिरेबान में झांकें : राजीव

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के विधायक और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बयान पर राज्य में सियासी बयानबाजियों का दौर जारी है। इसी बीच जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बयान पर जोरदार पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव शायद भूल गए हैं कि अब बिहार 1990 से 2005 वाला दौर नहीं रहा, जब अपराध और राजनीति का गठजोड़ सत्ता पर सीधी पकड़ रखता था।

## सार संक्षेप

### कर्नाटक में 'फूड पॉइजनिंग' के कारण 80 से अधिक स्कूली बच्चे अस्पताल में भर्ती

**विजयनगर।** कर्नाटक के बेलगावी और विजयनगर जिलों में शुक्रवार को कथित तौर पर विषाक्त भोजन खाने के कारण 80 से अधिक स्कूली बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बेलगावी जिले के हिरेकोडी गांव स्थित सरकारी मोरारजी देसाई आवासीय विद्यालय में रहने वाले लगभग 60 छात्रों को छात्रावास में नाश्ता करने के बाद अचानक बीमार पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्चों ने पेट दर्द और बेचैनी की शिकायत की थी। उन्हें तुरंत चिक्कोडी कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने पुष्टि की है कि सभी छात्र खतरे से बाहर हैं। कांग्रेस विधान पार्षद प्रकाश हुक्केरी ने अस्पताल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। स्वास्थ्य और स्कूल अधिकारियों को अभी तक फ़ूड पॉइजनिंग के सही कारण का पता नहीं चल पाया है।

### तमिलनाडु कांग्रेस ने की मछुआरों पर श्रीलंकाई समुद्री डाकुओं के हमले की निंदा

**चेन्नई।** तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी ने नागपट्टिनम के सेरुदूर के मछुआरों पर श्रीलंका के समुद्री डाकुओं के हमले की कड़ी निंदा की है। कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने कहा है कि भारत की सीमा का उल्लंघन कर मछुआरों पर हमला करने और उन्हें लूटने वाले श्रीलंकाई समुद्री डाकुओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सेल्वा पेरुंधगई ने शुक्रवार को एक प्रेस वक्तव्य जारी किया। इसमें उन्होंने बताया कि मछली पकड़ने के लिए गए नागपट्टिनम के मछुआरों पर श्रीलंका के समुद्री डाकुओं ने हमला किया है। इस हमले में कई मछुआरे घायल हो गए हैं। उनसे जाल और मछली पकड़ने के उपकरण भी छीन लिए गए।

### सिद्दारमैया ने शिवाजीनगर मेट्रो का नाम बदलने का केन्द्र को भेजा प्रस्ताव

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने बेंगलुरु के शिवाजीनगर मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर संत मैरी करने का प्रस्ताव दिया है। मुख्यमंत्री ने मेट्रो स्टेशन से मुश्किल से 200 मीटर की दूरी पर स्थित संत मैरी बेसीलिका में आयोजित वार्षिक भोज के दौरान कहा कि केंद्र सरकार को इस संबंध में प्रस्ताव भेज दिया गया है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भी मुख्यमंत्री की इस घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि सामुदायिक भावना का स्वागत करना उचित ही है। उन्होंने कहा, 'समुदाय के मांगों को मानने में कोई बुराई नहीं है।' इस प्रस्ताव का हालांकि विपक्ष, विशेषकर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा विरोध किया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आलोचना करते हुए कहा कि यह छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान है।

## एनडीए ने मोतिहारी प्रत्याशी का नाम किया घोषित

**मोतिहारी,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की सरगर्मी तेज हो गई है। विपक्षी महागठबंधन में सीट शेयरिंग का मुद्दा अभी भी अनसुलझा है, जबकि एनडीए ने अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को मोतिहारी में भाजपा विधायक प्रमोद कुमार को एनडीए प्रत्याशी के रूप में नामित करते हुए बिहार सरकार के मंत्री मंगल पांडेय ने जनता से उन्हें फिर से जिताने की अपील की। मोतिहारी के एक कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री मंगल पांडेय ने महागठबंधन की सीट शेयरिंग पर तंज कसते हुए कहा, 'यह तो उन लोगों को तय करना है कि उनके गठबंधन का 'दूल्हा' कौन बनेगा, लेकिन अभी तक तो फैसला ही नहीं हुआ है।'

उन्होंने विपक्ष की एकजुटता पर सवाल उठाते हुए कहा कि महागठबंधन की आपसी खींचतान चुनावी रणनीति को कमजोर कर रही है। उन्होंने मंच से प्रमोद कुमार का नाम घोषित किया और कहा कि एनडीए के नेतृत्व में बिहार का विकास सुनिश्चित होगा। बिहार कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां की एआई वीडियो पोस्ट करने पर मंगल पांडेय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'पूरे देश को कांग्रेस के करतूत पता चल चुके हैं। चाहे कोई वीडियो जारी कर लें, जनता सच्चाई समझ चुकी है। यह न केवल पीएम मोदी की मां का अपमान है, बल्कि सभी भारतीय माताओं का भी। कांग्रेस ने गांधीवादी मूल्यों को छोड़कर गालीवादी राजनीति अपना ली है।' उन्होंने इसे महिलाओं और गरीबों का अपमान बताते हुए कांग्रेस पर सारी हदें पार करने का आरोप लगाया।

## 15 को पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन और जनसभा को संबोधित करेंगे नरेंद्र मोदी

**पटना,** 12 सितम्बर (देशबन्धु) चुनावी साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार बिहार दौरे पर पहुंच रहे हैं। आगामी 15 सितम्बर को प्रधानमंत्री एक बार फिर से बिहार आ रहे हैं। इस दिन वह पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन करने के साथ साथ एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में है।



■ प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर बिहार सरकार ने की 30 अधिकारियों की तैनाती

पीएम मोदी के दौरे को लेकर बिहार सरकार ने पूर्णिया में 30 अधिकारियों की तैनाती की है। ये सभी अधिकारी 14 से 15 सितंबर यानी दो दिनों तक पूर्णिया में तैनात रहेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से इसको लेकर आदेश जारी किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से जारी आदेश में कहा गया कि प्रधानमंत्री के पूर्णिया दौरे के दौरान सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण के लिए इन अधिकारियों को पूर्णिया समाहरणालय में तैनात किया जाता है।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 15 को पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। पूर्णिया राज्य का चौथा वाणिज्यिक एयरपोर्ट होगा, जहां से यात्री विमान सेवा शुरू हो सकेगी। एयरपोर्ट उद्घाटन के दौरान केवल विशिष्ट एवं गणमान्य व्यक्तियों को ही प्रवेश मिलेगा। जबकि शीशाबाड़ी की जनसभा में आम जनता बड़ी संख्या में शामिल होगी। पांच हैंगर का निर्माण भी जनसभा के लिए किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड में है। ट्रैफिक पुलिस आम लोगों के लिए रूट चार्ट और पार्किंग स्थलों को अंतिम रूप देने में लगी हुई है। सूत्रों के अनुसार, कसबा, डगरूआ लेन, गुलाबबाग मार्केटिंग यार्ड, शीशाबाड़ी चौक और जीरोमाइल सहित 16-17 स्थानों पर वाहन पार्किंग के लिए जगह चिन्हित की गई है। जनसभा में भाग लेने के लिए जिले सहित सीमावर्ती इलाकों से बसों द्वारा लोगों के आने की संभावना है।

## मथुरा, हाथरस व आगरा के लिए लोकल मेनिफेस्टो बनाएंगे : अखिलेश यादव

**लखनऊ,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने संकेत देते हुए प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए 'लोकल मेनिफेस्टो' बनाने का ऐलान किया है। उन्होंने मथुरा-वृंदावन, हाथरस और आगरा में 'लोकल मेनिफेस्टो' बनाने की घोषणा की।



■ प्रदेश के सभी 75 जिलों के लिए 'लोकल मेनिफेस्टो' बनाने का ऐलान किया

■ अखिलेश ने 2027 में होने वाले चुनाव की तैयारी शुरू कर दी

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'समाजवादी बनाएंगे स्थान विशेष के लिए 'लोकल मेनिफेस्टो', मथुरा-वृंदावन लोकल मेनिफेस्टो, हाथरस लोकल मेनिफेस्टो, आगरा लोकल मेनिफेस्टो। समाजवादी पार्टी द्वारा स्थान विशेष के 'लोकल मेनिफेस्टो' की घोषणा के पीछे का तर्क। इन स्थानों पर वर्चस्ववादियों द्वारा पैदा की गई उत्पीड़नकारी सामाजिक भेदभाव की निंदनीय परिस्थितियां है।'

उन्होंने लिखा, 'इन स्थानों पर जानबूझकर बंद की जा रहीं आर्थिक गतिविधियां और यहां लगातार घटते आय-रोजगार के साधन। इन स्थानों पर भाजपा के महा-भ्रष्टाचार से जन्मे नकारात्मक राजनीतिक हालात। इन स्थानों पर सत्तापोषित भूमाफियों व बाहरी ठेका-माफियाओं का मकड़जाल। इन स्थानों पर स्वास्थ्य व शिक्षा व्यवस्था की बदहाली। इन स्थानों पर स्थानीय किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं, कारीगरों, दुकानदारों, कारोबारियों को नजरअंदाज करने की भाजपाई साजिशें। इन स्थानों की लंबे समय से चली आ रही संरचनात्मक सुधारों की मांग की अनदेखी।' उन्होंने भाजपा को घेरते हुए कहा कि इन स्थानों की पूरी तरह से उपेक्षित स्थानीय अपेक्षाएं व बुनियादी जरूरतों की दुर्दशा। 'लोकल मेनिफेस्टो' एक सार्थक पहल है, जो पूरे प्रदेश के लिए आदर्श मॉडल बनेगी। जब, जहां जैसी आवश्यकता होगी, इसी तरह के 'लोकल मेनिफेस्टो' बनाकर, स्थानीय महत्व के मुद्दों व सड़क, फ्लाईओवर, बिजली, पानी, जलभराव, ट्रैफिक जाम, पक्की गलियों व अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमेंट पर समयबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा।

## बिहार में रोजगारपरक शिक्षा पर देंगे जोर : ओम प्रकाश राजभर

**पटना,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी एनडीए के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। पार्टी ने 29 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को पार्टी की ओर से सूची भेजी गई है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि हमारा मकसद गरीबों को जमीन, बेरोजगार युवाओं को रोजगार, फ्री शिक्षा जैसे मुद्दों पर काम करना है। युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ हुनर (स्किल) की कमी के कारण रोजगार नहीं मिलता। सुभासपा रोजगार सृजन और स्किल डेवलपमेंट पर काम करने की योजना बना रही है, जिससे युवाओं को रोजगार मिले। उन्होंने कहा कि हमने यूपी में ऐसा किया है और बिहार में भी करेंगे।


OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract | Bid submission due date |
|---|---|---|---|
| 50/SR E/M/2025175190 (II CALL) SYSTEM TENDER NO....... REGISTERED CONTRACTOR CLASS IN "D" & ABOVE FOR FORM "A" (PERCENTAGE RATE TENDER) | ARRANGEMENT OF SUPPLY, INSTALLATION, TESTING AND COMMISSIONING OF ELECTRICAL ITEMS AND RECTIFICATION AS PER ELECTRICAL POWER AUDIT REPORT IN S.N.C.U. AT DISTT.-HOSPITAL NARAYANPUR (C.G.). | Rs 27.93 Lacs | 24.09.2025 |
| 16/SE E/M/2025 CALL) SYSTEM TENDER No. 175166 (11 REGISTERED CONTRACTOR CLASS IN "D" & ABOVE FOR FORM "?" (PERCENTAGE RATE TENDER) | ORDINARY MAINTENANCE REPAIR WORK FOR ELECTRIFICATION IN RESIDENTIAL AND NON-RESIDENTIAL BUILDINGS UNDER P.W.D. (E/M) SUB DIVISION BIJAPUR | Rs 17.00 Lacs | 24.09.2025 |
| 18/SE E/M/2025 175178 (II CALL) SYSTEM TENDER NO..... REGISTERED CONTRACTOR CLASS IN "D" & ABOVE FOR FORM "A" (PERCENTAGE RATE TENDER) | ORDINARY MAINTENANCE REPAIR WORK FOR ELECTRIFICATION IN RESIDENTIAL AND NON-RESIDENTIAL BUILDINGS UNDER P.W.D. (E/M) SUB DIVISION SUKMA | Rs 15.00 Lacs | 24.09.2025 |
| 20/SE E/M/2025 175186 (II CALL) SYSTEM TENDER NO....... REGISTERED CONTRACTOR CLASS IN "D" & ABOVE FOR FORM "A" (PERCENTAGE RATE TENDER) | ORDINARY MAINTENANCE REPAIR WORK OF AC, FRIDGE, RO, WATER COOLER, PUMP AND FAN REWIRING IN P.W. D.(E/M) SUB DIVISION DANTEWADA AND SUKMA | Rs 12.00 Lacs | 24.09.2025 |
| 63/SE E/M/2024 175195 (I CALL) SYSTEM TENDER No REGISTERED CONTRACTOR CLASS IN "D" & ABOVE FOR FORM "A" (PERCENTAGE RATE TENDER) | PROVIDING ELECTRIFICATION WORK M.O.W./S.R./O.W/DEPOSIT ORK/GENERAL E/F WORK IN IRRIGATION COLONY & CIVIL LINE SECTION UNDER P.W.D. E/M. WORKSHOP SUB DIVISION RAIPUR (C.G.) | Rs 55.00 Lacs | 29.09.2025 |

The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in. Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

G-252603421

Superintending Engineer
P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)



अवांस फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड

AVANSE FINANCIAL SERVICES

पंजीकृत पता : चतुर्थ तल, टाइम्स स्क्वायर, अंधेरी-कुर्ला रोड, गामदेवी, मारोल, अंधेरी ईस्ट, मारोल नाका, मुम्बई-400 059

शाखा पता : अवांस फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड, द्वितीय तल, कमला टावर, गली नंबर 8-ए, न्यू शांति नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001

बिक्री सूचना/ई-नीलामी

(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 नियम 8 (6) के साथ पठित नियम 9(1) के तहत)

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) तथा नियम 9(1) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी के संबंध में 15 दिन का छठा बिक्री नोटिस

एतदद्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा सह-कर्जदार(रों), अथवा उनके कानूनी वारिसों/प्रतिनिधियों को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा, अवांस फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एएफएसएल) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 26 अक्टूबर, 2023 को लिया जा चुका है, प्रतिभूत लेनदार, नामतः अवांस फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड की 1. जैनम क्लोदिंग प्राइवेट लिमिटेड, 2. अभय कुमार जैन (उर्फ अभय कोचर), 3. प्रियांशु कोचर, 4. महेन्द्र कोचर, 5. मोतीलाल कोचर, 6. डिम्पल जैन बतौर सह-कर्जदार की तरफ 21 जुलाई, 2020 तक बकाया राशि रू. 4,05,38,863.90/- (रूपए चार करोड़ पांच लाख अड़तीस हजार आठ सौ तिरेसठ तथा पैसे नब्बे मात्र) 21 जुलाई, 2020 तक प्रभारित ब्याज सहित की वसूली के लिए 29-09-2025 को "जैसी है जहां है", "जैसी है जो है", "जो भी है वहां है" तथा कोई उपाय नहीं आधार" पर बेची जाएगी।

सुरक्षित मूल्य रू. 62,00,000/- होगा तथा धरोहर राशि जमा रू. 6,20,000/- होगी।

| प्रतिभूत आस्ति का वर्णन | कब्जा का प्रकार | सुरक्षित मूल्य (रू)/ बोली वृद्धि राशि | धरोहर राशि (रू.) | निरीक्षण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| म्युनिसिपल मकान नंबर 322, परिमाप 889 वर्ग फीट, खसरा नंबर 667 पार्ट पी एच नंबर 106/ए/46/62/आर.एन.एम. रायपुर, वार्ड नंबर 41, मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड, मौजा ग्राम रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 | भौतिक | रू. 62,00,000/- | रू. 6,20,000/- | 23 और 24 सितम्बर, 2025 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 01.00 बजे के बीच |

बिक्री हेतु प्रस्तुत सम्पत्ति का वर्णन अनुसूची में दिया गया है। यह बिक्री रोक दी जाएगी, यदि उपरोक्त बकाया राशि, ब्याज और लागतों (बिक्री की लागत सहित) के साथ "प्राधिकृत अधिकारी" को अदा कर दी जाती है अथवा उसकी संतुष्टि हेतु प्रमाण प्रस्तुत कर दिया जाता है कि उक्त प्रतिभूत ऋण की राशि, ब्याज और लागतें अदा की जा चुकी हैं। बिक्री में, आम जनता को अपनी निविदा व्यक्तिगत रूप से जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। इस बिक्री के संबंध में किसी भी ड्यूटी में संलग्न कोई भी अधिकारी या व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बोली में भाग नहीं लेगा, सम्पत्ति में कोई हित अर्जित नहीं करेगा अथवा हितार्जन का कोई प्रयास नहीं करेगा।

यदि कर्जदार अवांस फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एएफएसएल) की पूरी बकाया राशि बिक्री की तिथि से पहले चुका देता है तो बिक्री रोक दी जाएगी। बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में निर्धारित शर्तों और निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के तहत होगी :

ई-नीलामी पोर्टल **https://sarfaesi.auctiontiger.net** अथवा ऑक्शन टाइगर मोबाइल ऐप (ऐंड्राइड) के माध्यम से हमारे कार्यालय में 29-09-2025 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे के बीच 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तारों के साथ आयोजित की जाएगी।

1. यहां नीचे अनुसूची में विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार बयान किया गया है, परंतु अधोहस्ताक्षरी इस उद्घोषणा मे किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। बोली राशि, बोलीदाता के संबंध में विवाद की स्थिति में लॉट तत्काल दोबारा नीलामी में रखा जाएगा।
2. सम्पत्ति सुरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जाएगी।
3. बोली वृद्धि राशि रू. 25,000/- होगी।
4. सम्पत्ति के क्रय हेतु प्रस्तुत सभी बोलियों के साथ उपरिवर्णित अनुसार धरोहर राशि "अवांस फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड" के पक्ष में अवांस फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड, द्वितीय तल, कमला टावर, गली नंबर 8-ए, न्यू शांति नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001" में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में उक्त 27-09-2025 को अप. 5.00 बजे से पहले जमा करनी होगी तथा असफल बोलीदाताओं के डिमांड ड्राफ्ट वापस लौटा दिए जाएंगे।
5. किसी लॉट के उच्चतम बोलीदाता को क्रेता घोषित किया जाएगा, परंतु शर्त यह है कि वह कानूनी तौर पर बोली देने के योग्य होना चाहिए तथा उसके द्वारा बोली सुरक्षित मूल्य से कम नहीं होनी चाहिए। प्राधिकृत अधिकारी अपने विवेकानुसार उच्चतम बोली अस्वीकार कर सकता है यदि उसको ऑफर किया गया मूल्य स्पष्ट रूप से ऐसा करने हेतु अपर्याप्त प्रतीत होता है।
6. प्राधिकृत अधिकारी रेकार्ड में कारण दर्ज करते हुए बिक्री प्रास्थगित/निलम्बित कर सकता है।
7. सम्पत्ति का निरीक्षण 23 और 24 सितम्बर, 2025 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 1.00 बजे के बीच नियत है तथा यह प्राधिकृत अधिकारी से भेंट का समय पूर्व निर्धारित कर किया जा सकता है। (कृपया श्री राहुल विश्वकर्मा को (मोबाइल नंबर 7974144736) पर तथा/अथवा श्री सुरेन्द्र सिंह को 9250004116 पर कॉल करें।)
8. बोली विजेता घोषित व्यक्ति को ऐसी घोषणा के तत्काल बाद क्रय राशि की पच्चीस प्रतिशत (25 प्रतिशत) राशि "प्राधिकृत अधिकारी" के पास जमा करनी होगी और इसको जमा करने में असफल रहने पर सम्पत्ति तत्काल दोबारा नीलामी के लिए पेश की जाएगी।
9. उपरोक्तानुसार आरंभिक राशि जमा करने के बाद, क्रय राशि की शेष राशि क्रेता द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को सम्पत्ति की नीलामी की पुष्टि की तिथि से, उस तिथि को छोड़कर, 15वें दिन को या उससे पहले, अथवा 15वां दिन रविवार या अवकाश का दिन होने की स्थिति में 15वें दिन के बाद पहले कार्यदिवस को अदा की जाएगी। उपरोक्त अवधि में भुगतान में चूक की दशा में, सम्पत्ति दोबारा बेची जाएगी, जिसके लिए नई बिक्री उद्घोषणा की जाएगी। तब तक जमा की जा चुकी राशि अवांस फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जब्त कर ली जाएगी तथा चूककर्ता क्रेता के सम्पत्ति पर या उसकी अनुवर्ती बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि के किसी भाग पर सभी दावे जब्त मान्य होंगे।
10. अवांस फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड को सम्पत्ति के संबंध में ज्ञात ऋणभार : शून्य। दावे, यदि कोई, जो सम्पत्ति के संबंध में किए गए हैं तथा कोई अन्य ज्ञात विवरण जो इसके प्रकार और मूल्य को प्रभावित करता है : शून्य। उपरोक्त के अलावा कोई नहीं।
11. संभावित बोलीदाता विस्तृत विवरण, प्रक्रिया तथा ई-नीलामी के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए सेवा प्रदाता ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, नाम : राम शर्मा, ई-मेल आईडी : **ramprasad@auctiontiger.net** तथा सम्पर्क नंबर 8000023297 से सम्पर्क करें।
12. बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट नामतः **https://www.avanse.com** तथा/अथवा **https://sarfaesi.auctiontiger.net** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।
13. नोट : इच्छुक बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी श्री राहुल विश्वकर्मा (मोबाइल नंबर 7974144736) / ई-मेल आईडी : **rahul.vishwakarma@avanse.com** तथा श्री सुरेन्द्र सिंह (मोबाइल नंबर 9250004116) / ई-मेल आईडी : **surendra.singh@avanse.com** से सम्पर्क कर सकते हैं।

हस्ता./-
स्थान : रायपुर प्राधिकृत अधिकारी
तिथि : 11-09-2025 कृते अवांस फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिडिट


### ओबीसी आरक्षण पर भुजबल का बयान

## पहले पाने के लिए दी कुर्बानी, अब बचाने के लिए भी

**लातूर,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में ओबीसी आरक्षण को लेकर चल रहे तनाव और राजनीति के बीच, महाराष्ट्र सरकार के मंत्री छगन भुजबल ने लातूर का दौरा किया। उन्होंने आत्महत्या करने वाले युवक भरत कराड के परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी।

पत्रकारों से बात करते हुए भुजबल ने कहा कि 'ओबीसी को आरक्षण दिलाने के लिए पहले कुर्बानी देनी पड़ी थी और अब रिजर्वेशन बचाने के लिए भी कुर्बानी देनी पड़ रही है।'



छगन भुजबल ने स्पष्ट किया कि सरकार ओबीसी समुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी कीमत पर उनका हक छिनने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'पूरा मराठा समुदाय पिछले दरवाजे से इस आरक्षण में प्रवेश कर रहा है, और हम इसके लिए लड़ रहे हैं। जिसने आत्महत्या की वह हमारा एक ओबीसी का कार्यकर्ता था। वह सभी पार्टी की सभी बैठकों में जाता था।'

भुजबल ने कहा कि भरत कराड को लगने लगा था कि हम लोग खत्म हो गए हैं, हम लोगों को कुछ नहीं मिलने वाला है। त्रस्त होने के बाद उसने आत्महत्या की। हमने लोगों को समझाया है कि कोई डरे नहीं, हम सबके साथ खड़े हैं।

उन्होंने बताया कि सरकार के सामने हमने सारी बातें रखी हैं। जगह-जगह शांति के मोर्चे निकाले जा रहे हैं।

## आज कोलकाता में पहली बार दिखाई जाएगी 'द बंगाल फाइल्स'

**कोलकाता।** फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' पूरे देश में रिलीज हो चुकी है, लेकिन कोलकाता में इसे अभी तक रिलीज नहीं किया गया है। शनिवार यानी 13 सितम्बर को कोलकाता में पहली बार इस फिल्म का प्रीमियर होने जा रहा है। इस दौरान फिल्म के डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री भी मौजूद रहेंगे। कोलकाता में 'द बंगाल फाइल्स' की स्क्रीनिंग 'खोला हवा' एनजीओ करने जा रहा है। इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। इस स्क्रीनिंग में प्रवेश केवल आमंत्रण पत्र के जरिए होगा। 'द बंगाल फाइल्स' के निर्देशक विवेक अग्निहोत्री और अभिनेत्री पल्लवी जोशी भी स्क्रीनिंग में उपस्थित रहेंगे। एनजीओ के अनुसार, फिल्म को राष्ट्रीय पुस्तकालय के भाषा भवन में दिखाया जाएगा। शो शाम 4 बजे शुरू होगा।

# 4 दिन लगातार जंक फूड खाने से याददाश्त हो सकती है कमजोर



- मस्तिष्क के ग्लूकोज ग्रहण करने की क्षमता में कमी
- शोध टीम ने चूहों पर किया परीक्षण

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। क्या आप भी उन लोगों में से हैं जो प्री वीकेंड और पोस्ट वीकेंड सेलिब्रेशन के लिए जंक फूड को तरजीह देते हैं? अगर ऐसा है तो ये खबर आपके लिए है। इन फैटी फूड्स का अगर चार दिन भी आप नियमित तौर पर सेवन करते हैं तो सतर्क हो जाइए क्योंकि ऐसा कर आप अपने शरीर को ही नहीं ब्रेन को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। स्टडी बताती है कि इससे कॉग्निटिव डिसफंक्शन (सोचने-समझने की क्षमता पर नकारात्मक असर) का रिस्क बढ़ता है और धीरे-धीरे याददाश्त कमजोर पड़ने लगती है।

अमेरिका स्थित उत्तरी कैरोलिना विश्वविद्यालय (यूएनसी) के शोध से पता चलता है कि फैटी जंक फूड वजन बढ़ाने या आपको डायबीटिक बनाने से बहुत पहले ही मस्तिष्क को अटैक करता है यानि इनके नियमित सेवन से सोचने-समझने की क्षमता पर नकारात्मक असर पड़ता है।

ये परिणाम चेताते और बताते हैं कि हमे मोटापे और याददाश्त को कमजोर करने वाले कारकों पर प्रहार करना चाहिए। जिनमें सबसे पहले नाम आता है वेस्टर्न-स्टाइल जंक फूड (पाश्चात्य शैली से प्रभावित जंक फूड) का।

न्यूरॉन पत्रिका में प्रकाशित निष्कर्षों से पता चला है कि हिप्पोकैम्पस में मस्तिष्क कोशिकाओं का एक विशेष समूह - जिसे सीसीके इंटरन्यूरॉन्स कहा जाता है - उच्च वसा वाला आहार (एचएफडी) खाने के बाद अत्यधिक सक्रिय हो जाता है। सीसीके इंटरन्यूरॉन्स की सक्रियता का कारण मस्तिष्क के ग्लूकोज ग्रहण करने की क्षमता का कमजोर होना है। यूएनसी स्कूल ऑफ मेडिसिन में मुख्य अन्वेषक और फार्माकोलॉजी के प्रोफेसर जुआन सोंग ने कहा कि यह अतिसक्रियता हिप्पोकैम्पस द्वारा स्मृति प्रसंस्करण करने के तरीके को बाधित करती है। ये हाइपरएक्टिविटी हाई फैट डाइट (एचएफडी) लेने के कुछ दिनों बाद तक भी जारी रहती है।

इस खोज से यह भी पता चला है कि पीकेएम2 नामक एक प्रोटीन इस समस्या को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। दरअसल, ये प्रोटीन मस्तिष्क कोशिकाओं द्वारा ऊर्जा के उपयोग को नियंत्रित करता है। यूएनसी न्यूरोसाइंस सेंटर के सदस्य सोंग ने कहा कि हम जानते थे कि आहार और मेटाबॉलिज्म ब्रेन हेल्थ को प्रभावित कर सकते हैं, लेकिन हमें उम्मीद नहीं थी कि हिप्पोकैम्पस में मौजूद सीसीके इंटरन्यूरॉन्स (मस्तिष्क कोशिकाओं के विशिष्ट और कमजोर समूह) मिलेंगे।

सोंग ने आगे कहा कि हमें सबसे ज्यादा आश्चर्य इस बात का हुआ कि ग्लूकोज की कमी होने के बाद इन कोशिकाओं ने तेजी से अपनी गतिविधि बदल दी, और यह बदलाव ही याददाश्त कमजोर करने के लिए काफी था।

टीम ने ये परीक्षण चूहों पर किया। उन्हें फैटी जंक फूड जैसे उच्च वसा वाले आहार पर रखा। उच्च वसा वाला आहार खाने के चार दिनों के भीतर, परिणामों से पता चला कि मस्तिष्क के स्मृति केंद्र में सीसीके इंटरन्यूरॉन्स असामान्य रूप से सक्रिय हो गए। शोध यह भी दर्शाता है कि मस्तिष्क में ग्लूकोज के स्तर को बहाल करने से वास्तव में अतिसक्रिय न्यूरॉन्स शांत हो गए और चूहों की स्मृति संबंधी समस्याएं ठीक हो गईं। अध्ययन से पता चलता है कि मोटापा संबंधित न्यूरोडीजेनेरेशन रोकने और ब्रेन हेल्थ को बनाए रखने के लिए खान-पान में बदलाव और कुछ औषधियां सहायक सिद्ध हो सकती हैं।

उल्लेखनीय रूप से, शोधकर्ताओं ने पाया कि हाई-फैट-डाइट के बाद इंटरमिटेंट फास्टिंग से भी फायदा पहुंच सकता है। इससे सीसीके इंटरन्यूरॉन्स सामान्य होते हैं और मेमोरी सुधरती है।

# देवी पार्वती का किरदार निभाना मेरे लिए आशीर्वाद है : श्रेनु पारिख



**मुंबई,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री श्रेनु पारिख को 'इस प्यार को क्या नाम दूं? एक बार फिर' में आस्था अग्निहोत्री और ड्रामा सीरीज 'इश्कबाज' में गौरी त्रिवेदी सिंह ओबेरॉय की भूमिका के लिए याद किया जाता है। वह बहुत जल्द टीवी सीरियल 'गाथा शिव परिवार की- गणेश कार्तिकेय' में माता पार्वती का रोल निभाती दिखाई देंगी। इस किरदार का मिलना उन्होंने खुद के लिए ईश्वर का आशीर्वाद बताया है। इस भूमिका को निभाने के बारे में बात करते हुए श्रेनु ने कहा कि गणेश कार्तिकेय में देवी पार्वती का किरदार निभाना एक आशीर्वाद और सम्मान की बात है। पार्वती न केवल शक्ति, संतुलन और शक्ति का अवतार हैं, बल्कि एक मां और एक पत्नी भी हैं, जिनके मन में गहरी भावनाएं हैं।

उन्होंने आगे कहा कि यह शो खूबसूरती से यह दर्शाता है कि कैसे दैवीय कहानियां भी प्रेम, अपराधबोध, दृढ़ता और एकजुटता में निहित होती हैं। मैं दर्शकों के लिए देवी का इतना शक्तिशाली और मानवीय चित्रण प्रस्तुत करने के लिए सचमुच आभारी हूं।

यह शो देवताओं-भगवान शिव, देवी पार्वती, और उनके पुत्रों, भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय की असाधारण यात्रा को दर्शाएगा। बताया जा रहा है कि यह सीरियल माता पार्वती को एक मां के रूप में दिखाएगा। बेटे गणेश के प्रति उनका नि:स्वार्थ प्रेम और कार्तिकेय के साथ उनका जटिल रिश्ता दिखाया जाएगा।

गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय एक नया शो है। इसकी शूटिंग जारी है। यह सोनी सब पर प्रसारित होगा।

शो की शूटिंग से पहले अभिनेत्री श्रेनु पारिख केरल में छुट्टियां मनाती हुई दिखाई दी थीं। उन्होंने फैंस के लिए इसकी कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की थीं।

# नर्वस सिस्टम को संतुलित करता है अश्वगंधा



- मांसपेशियों की मजबूती बढ़ाने, थकावट दूर करने में मदद
- अश्वगंधा शरीर की कोशिकाओं को देता है पोषण

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। आयुर्वेद में अश्वगंधा को एक रसायन औषधि कहा गया है, जो शरीर के सातों धातुओं, रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्त, को पुष्ट करता है। अश्वगंधा का उपयोग शरीर की संपूर्ण शक्ति, प्रतिरोधक क्षमता और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में होता है।

आयुर्वेद के अनुसार, अश्वगंधा एक सर्वश्रेष्ठ मानसिक टॉनिक है। यह मस्तिष्क को शांत करता है, कॉर्टिसोल (तनाव हार्मोन) के स्तर को घटाता है और नर्वस सिस्टम को संतुलित करता है। जिन लोगों को अत्यधिक चिंता या नींद न आने की समस्या हो, उनके लिए अश्वगंधा अत्यंत लाभकारी है।

अश्वगंधा को आयुर्वेद में एक बल्य (शक्ति देने वाली) औषधि माना गया है। यह मांसपेशियों की मजबूती बढ़ाने, थकावट दूर करने और शरीर की सहनशक्ति (स्टैमिना) को बढ़ाने में मदद करता है। व्यायाम करने वालों और एथलीट्स के लिए यह बहुत उपयोगी माना जाता है। आयुर्वेद के अनुसार, अश्वगंधा शरीर की ओज बढ़ाता है, जिससे रोगों से लड़ने की शक्ति बढ़ती है। इसका नियमित रूप से सेवन करने से शरीर को संक्रमण, बैक्टीरिया और वायरल बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है। पुरुषों के लिए अश्वगंधा वीर्यवर्धक और शुक्रधातु को पोषण देने वाली मानी गई है। यह स्पर्म की क्वालिटी और काउंट बढ़ाने में सहायक है। महिलाओं में यह मासिक धर्म की अनियमितता को संतुलित करता है।

अश्वगंधा शरीर की कोशिकाओं को पोषण देता है, एंटीऑक्सीडेंट के रूप में कार्य करता है और बुढ़ापे की प्रक्रिया को धीमा करता है। यह ऊर्जा, याददाश्त और जीवन शक्ति बनाए रखने में मदद करता है। रात को सोने से पहले गुनगुने दूध में अश्वगंधा का पाउडर मिलाकर पीना अच्छा माना जाता है। हालांकि, इसके अत्यधिक सेवन से आलस्य बढ़ता है। गर्भवती महिलाओं को इसका सेवन करने से पहले आयुर्वेदाचार्य की सलाह जरूर लेनी चाहिए। वहीं, बीपी और थायराइड के मरीजों को बिना सलाह के इसका सेवन नहीं करना चाहिए।

# शादी के करीब एक दशक बाद शोबिज में लौटना आसान नहीं था : गीता बसरा

**मुंबई,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री गीता बसरा ने करीब एक दशक के लंबे अंतराल के बाद, पंजाबी फिल्म 'मेहर' से दमदार वापसी की। राकेश मेहता ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। यह फिल्म 5 सितम्बर को रिलीज हो चुकी है। गीता बसरा ने कई सालों बाद फिल्म इंडस्ट्री में अपनी वापसी के बारे में कहा कि सेट पर होना मेरा सपना है, और मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे एक और मौका मिला। यहां आकर मुझे बहुत खुशी मिलती है। पंद्रह साल पहले, शादी के बाद महिलाओं के लिए वापसी करना मुश्किल था, लेकिन अब समय बदल गया है। पीढ़ी बदल गई है, और अब यह कोई मायने नहीं रखता। गीता ने अपने पति और क्रिकेटर हरभजन सिंह के साथ एक मैगजीन के कवर पेज पर आने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि बड़ी हस्तियों के साथ शामिल होना वाकई गर्व की बात है। एंड्रिया जी और उनकी टीम ने बहुत अच्छा काम किया है और यह हमारे लिए सम्मान की बात है। हमें उम्मीद है कि भविष्य में हम और आगे भी साथ काम करेंगे।

हरभजन सिंह को मैगजीन के कवर पेज पर दिखाने का फैसला कैसे लिया गया? इसका जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा कि एंड्रिया, शिवेंद्र और टीम इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि कवर पर किसे दिखाया जाए। शिवेंद्र ने हरभजन का नाम सुझाया और तुरंत सभी को लगा कि यह सही फैसला है। जल्द ही हम दोनों से संपर्क किया गया और सब कुछ बहुत अच्छा हुआ। समय भी बिल्कुल सही था, मेरी फिल्म अभी-अभी रिलीज हुई थी, मैंने प्रोडक्शन में कदम रखा और हम इस खूबसूरत शो का हिस्सा थे, जिसकी लोग सराहना कर रहे हैं।

# मन की एकाग्रता बढ़ाने में मदद करता है प्राणायाम



**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, थकान और स्वास्थ्य समस्याएं आम हो चली हैं। ऐसे में योग और खासकर प्राणायाम एक वरदान की तरह उभरकर सामने आया है। प्राणायाम न केवल शरीर को तंदुरुस्त रखता है, बल्कि मन की शांति और एकाग्रता भी बढ़ाने में मदद करता है। अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अनुसार, यह श्वसन रोगों, जैसे ब्रोंकियल अस्थमा के मरीजों के लिए विशेष फायदेमंद है। कैंसर और हृदय रोगों से जूझ रहे लोगों के लिए भी सहायक साबित हुआ है।

हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इसके प्रभावों को और पुख्ता करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले शोध की आवश्यकता है।

प्राणायाम के नियमित अभ्यास से दिल की धड़कन और रक्तचाप नियंत्रित होता है, जिससे हृदय पर दबाव कम पड़ता है। यह सांस लेने की प्रक्रिया को संतुलित करता है, जिससे शरीर को पर्याप्त विश्राम मिलता है।

फेफड़ों की क्षमता बढ़ाने में भी प्राणायाम अहम भूमिका निभाता है। इससे फेफड़े अधिक ऑक्सीजन ग्रहण करते हैं, जो शरीर के हर कोने तक ऊर्जा पहुंचाती है। प्राणायाम करने से पाचन तंत्र को बेहतर बनाने, इम्यून सिस्टम को मजबूत करने और नींद की क्वालिटी में सुधार करने में भी मदद मिलती है।

वहीं, प्राणायाम करने के लिए सारा ध्यान अपनी सांसों पर लगाना चाहिए। यह एक प्रकार से ध्यान करने का तरीका भी है, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है।

विशेषज्ञ बताते हैं, 'अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका और कपालभाति जैसे प्राणायाम तनाव कम करने और ध्यान बढ़ाने में कारगर हैं।' ये अभ्यास रक्त संचार को बेहतर बनाते हैं, जिससे त्वचा में चमक आती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अनिद्रा जैसी समस्याओं में भी प्राणायाम राहत देता है।

आज के व्यस्त जीवन में, प्राणायाम एक सरल और प्रभावी उपाय है, जो हमें प्रकृति से जोड़ता है। रोजाना 10-15 मिनट का अभ्यास भी जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। आप भी सांसों की इस शक्ति को अपनाकर स्वस्थ, सुखी और संतुलित जीवन की ओर बढ़ें।

# अभिनेता राघव लॉरेंस ने अपने घर को बनाया स्कूल, बच्चों को देंगे नि:शुल्क शिक्षा




**चेन्नई,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। फिल्म अभिनेता और निर्माता राघव लॉरेंस फिल्मों के साथ ही अपनी समाजसेवा के लिए भी जाने जाते हैं। वह अपने 'मातृम' आंदोलन के जरिए गरीबों और वंचितों की मदद करते रहे हैं। अब वह अपने पहले घर को एक स्कूल में बदल रहे हैं। इसमें गरीब बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा दी जाएगी।

अभिनेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर यह जानकारी दी। उन्होंने एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि मुझे आप सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मेरी फिल्म 'कंचना 4' आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है और इसकी शूटिंग लगभग आधी हो गई है। इसके लिए मिली एडवांस राशि से मैं अपने दिल के करीब एक नई सामाजिक पहल शुरू कर रहा हूं। इस बार मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मैं अपने पहले घर को बच्चों के लिए एक नि:शुल्क शिक्षा स्कूल में बदलने जा रहा हूं।

राघव लॉरेंस ने आगे लिखा कि यह मेरा पहला घर था जो मैंने डांस मास्टर के रूप में अपनी मेहनत से की गई बचत से खरीदा था। बाद में मैंने इसे अनाथालय के बच्चों के घर में बदल दिया और मैं और मेरा परिवार किराए के घर में रहने लगे। आज मेरे बच्चे बड़े हो गए हैं और काम कर रहे हैं और मुझे इस घर को एक बार फिर एक नेक काम के लिए समर्पित करने पर गर्व है।

राघव ने लिखा कि मुझे और भी अधिक खुशी और गर्व इस बात पर हो रहा है कि मैं स्कूल में जिस पहले शिक्षक की नियुक्ति कर रहा हूं, वह मेरे घर में पले-बढ़े बच्चों में से एक है। वह बड़ा हो गया है और समाज के लिए कुछ करने के लिए तैयार है। मैं इस नई पहल के लिए आप सभी का आशीर्वाद चाहता हूं और मुझे उम्मीद है कि आप हमेशा की तरह मेरा समर्थन करते रहेंगे।

# वात दोष का असंतुलन, गले को करता है शुष्क



- अधिक ठंडे या गरम पदार्थों के सेवन से गले में खराश की समस्या
- गले की सुरक्षा के लिए गुनगुने पानी से गरारे करना प्रभावी उपाय

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। आयुर्वेद में गले को शरीर का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अंग माना गया है, क्योंकि यह न केवल भोजन और पानी को निगलने का मार्ग है बल्कि वाणी, श्वास और संचार का भी केंद्र है। आयुर्वेद के अनुसार गले में कंठ और स्वर तंत्र स्थित होते हैं, जो बोलने की क्षमता और जीवन ऊर्जा (प्राण) के प्रवाह से जुड़े होते हैं। यही कारण है कि गले की सुरक्षा और देखभाल को स्वास्थ्य का अभिन्न हिस्सा माना गया है।

आयुर्वेद के अनुसार गला वात, पित्त और कफ तीनों दोषों से प्रभावित हो सकता है। यदि इन दोषों का संतुलन बिगड़ जाए तो गले से जुड़ी कई समस्याएं सामने आती हैं। उदाहरण के लिए, अधिक ठंडे या गरम पदार्थों के सेवन से कफ बढ़ जाता है, जिससे गले में खराश, सूजन या बलगम की समस्या उत्पन्न हो सकती है। इसी प्रकार तीखे और खट्टे पदार्थों का अधिक सेवन पित्त को बढ़ाता है, जिससे गले में जलन हो सकती है। वहीं वात दोष का असंतुलन गले को शुष्क कर देता है, जिससे बोलने में मुश्किल और खरखराहट जैसी समस्या हो सकती है। इसलिए आयुर्वेद गले की देखभाल में दोषों के संतुलन पर विशेष ध्यान देने की सलाह देता है। आयुर्वेद में गले की सुरक्षा और सेहत के लिए सरल लेकिन प्रभावी उपाय बताए गए हैं। गुनगुने पानी से गरारे करना सबसे आसान और कारगर उपाय माना जाता है, क्योंकि यह गले की सफाई करता है और संक्रमण से बचाता है। हल्दी और शहद का मिश्रण गले की खराश और सूजन को कम करता है, साथ ही यह प्राकृतिक एंटीसेप्टिक का काम भी करता है। तुलसी और मुलेठी का काढ़ा गले के लिए अमृत समान माना जाता है।

# रूश सिंधु ने जीता 'मिस इंटरनेशनल इंडिया 2025' का ताज

## टोक्यो में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व



**मुंबई,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। नागपुर शहर की होनहार मॉडल रूश सिंधु ने प्रतिभा और मेहनत के दम पर 'मिस इंटरनेशनल इंडिया 2025' का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ वे अब भारत का प्रतिनिधित्व 'मिस इंटरनेशनल 2025' प्रतियोगिता में करेंगी, जो 27 नवम्बर को जापान की राजधानी टोक्यो में आयोजित होगी।

रूश की यह जीत न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे नागपुर और देश के लिए गर्व का पल है। रूश सिंधु ने इससे पहले 'मिस यूनिवर्स इंडिया 2025' में टॉप-6 फाइनलिस्ट में जगह बनाई थी। उनकी मेहनत, आत्मविश्वास और आकर्षक व्यक्तित्व ने उन्हें इस ऊंचाई तक पहुंचाया। नागपुर लौटने पर उनका जोरदार स्वागत हुआ, जिसमें परिवार, दोस्त और प्रशंसक शामिल थे। इस मौके पर रूश ने अपनी खुशी और भावनाएं भी व्यक्त कीं।

उन्होंने कहा कि मैं बहुत खुश और आभारी हूं। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। मुझे देश और दुनिया भर से मिल रहे प्यार और समर्थन ने भावुक कर दिया। आप सभी का साथ मेरे लिए अनमोल है। यह पहली बार है, जब मैं ताज जीतने के बाद अपने परिवार से मिल रही हूं। अपने माता-पिता और अपनों के बीच होना बहुत खास है। भारत का प्रतिनिधित्व करना सपना था। अब मैं इसे जी रही हूं।

रूश ने कहा कि हर प्रतियोगिता में चुनौतियां होती हैं, लेकिन सही तैयारी ही सफलता की कुंजी है। हमें हर पहलू पर ध्यान देना होता है, ताकि हम एक संपूर्ण व्यक्तित्व के रूप में उभर सकें। मेरी कोशिश यही है कि मैं हर चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार रहूं।

उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करना बेहद जरूरी है। कोविड-19 महामारी ने हमें यह सिखाया कि अपनी भावनाओं को समझना और व्यक्त करना कितना महत्वपूर्ण है। मैंने मनोविज्ञान में पांच साल तक अध्ययन किया है, जिससे मुझे भावनात्मक बुद्धिमत्ता की गहराई समझ में आई। अगर हम अपने मन को समझें, तो हम उसका सही उपयोग कर सकते हैं।झ उन्होंने यह भी कहा कि हर उस लड़की को, जो मॉडलिंग या ब्यूटी पेजेंट में हिस्सा लेना चाहती है, मैं यही कहूंगी कि अपने माता-पिता का समर्थन जरूर लें। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना एक अनमोल अनुभव है। खुद पर भरोसा करना सबसे जरूरी है। अगर आप खुद पर यकीन करेंगी, तो आपका परिवार और पूरी दुनिया आपका साथ देगी। रूश केवल ब्यूटी पेजेंट तक सीमित नहीं हैं। वे सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय हैं और खासकर मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए काम कर रही हैं।

## उच्च शिक्षा संस्थानों में दिल्ली एम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग ने रचा इतिहास

# ग्लोबल रैंकिंग विश्व में 11, एशिया में 2 व भारत में नंबर 1





- 183 देशों के 14,131 विश्वविद्यालयों के बीच किया गया आकलन
- आधुनिक सुविधाओं से हर साल 6 हजार से अधिक की जाती है सर्जरी

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली का न्यूरोसर्जरी विभाग वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता का आकलन करने वाली प्रतिष्ठित एजेंसी एडुरैंक ने अपनी 2025 ग्लोबल रैंकिंग में एम्स न्यूरोसर्जरी विभाग को विश्व में 11वां, एशिया में दूसरा और भारत में पहला स्थान प्रदान किया है।

यह आकलन 183 देशों के 14,131 विश्वविद्यालयों के बीच किया गया। इसमें 11.52 करोड़ से अधिक वैज्ञानिक शोध पत्र और लगभग 296 करोड़ उद्धरणों का विश्लेषण किया गया। एडुरैंक ने ओपनएलेक्स डेटाबेस, आधुनिक सर्च इंजन और एलुमनाई स्कोर जैसे मापदंडों का उपयोग कर निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन किया। एम्स का न्यूरोसर्जरी विभाग यूसीएलए लॉस एंजिल्स, यूनिवर्सिटी ऑफ पिट्सबर्ग, जर्मनी की चारिटे-मेडिकल विश्वविद्यालय, फ्रांस की पियरे और मैरी क्यूरी विश्वविद्यालय, स्विट्जरलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ बर्न, नॉर्थवेस्टर्न विश्वविद्यालय और यहां तक कि ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय जैसे विश्वविख्यात संस्थानों से भी आगे निकला है।

विभागाध्यक्ष प्रो. पी सरत चंद्रा ने कहा कि इस विभाग की एक समृद्ध विरासत है। यह विभाग 1 मार्च 1965 को प्रो पीएन टंडन और प्रो. एके बनर्जी ने स्थापित किया था। आज हम उनकी नींव पर खड़े हैं। वर्तमान में यह दुनिया के सबसे बड़े न्यूरोसर्जरी विभागों में से एक है, जहां हर साल 6 हजार से अधिक सर्जरी की जाती हैं। विभाग में 9 अत्याधुनिक ऑपरेटिंग रूम, 24 से अधिक फैकल्टी सदस्य, 38 रेज़िडेंट्स और 7 फेलोज हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि यह विभाग वर्तमान में दुनिया के सबसे बड़े विभागों में से एक है, जहां 9 से ज्यादा ऑपरेटिंग रूम के साथ सालाना 6, 000 से ज्यादा सर्जरी की जाती हैं। इसमें 24 से ज्यादा फैकल्टी, 38 से ज्यादा रेजिडेंट और 7 फेलो हैं। हमारे पास वे सभी आधुनिक सुविधाएं हैं जो एक अत्याधुनिक विभाग में होनी चाहिए, जिनमें अत्याधुनिक ऑपरेटिंग रूम, रोबोटिक्स और एक गामा नाइफ शामिल हैं। हमारे पास एक अत्याधुनिक कौशल प्रशिक्षण प्रयोगशाला भी है जो नवोदित न्यूरोसर्जनों को प्रशिक्षण प्रदान करती है और सिमुलेटर से भी सुसज्जित है।

उन्होंने आगे बताया कि हमारे फेलोशिप कार्यक्रमों में मिर्गी और फंक्शनल न्यूरोसर्जरी, स्कल बेस और सेरेब्रोवास्कुलर सर्जरी, बच्चों की न्यूरोसर्जरी और स्पाइन सर्जरी जैसी उन्नत विशेषताएं भी शामिल हैं। हमारे संस्थापकों की परंपरा का पालन करते हुए, हमारा विभाग इस मायने में अद्वितीय रहा है कि इसमें कनेक्टोमिक्स, इंट्रासेल्युलर-इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी और जीनोमिक्स सहित बुनियादी विज्ञान अनुसंधान की सुविधाएं उपलब्ध हैं। हम नैदानिक और बुनियादी विज्ञान अनुसंधान, दोनों में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में शोधपत्र प्रकाशित करते हैं, जिससे यह शायद दुनिया के ऐसे गिने-चुने विभागों में से एक है।

# अभिमत

**संस्था ने गांवों में देसी बीज बैंक बनाने और जैविक खेती के काम को प्रोत्साहित किया है। कुहरी गांव में श्रीजन सामुदायिक बीज बैंक हैं। इसके अलावा, कई तरह हरी भाजियों की बीज हैं। लाल भाजी, चैंच भाजी, खेड़ा भाजी, पटवा भाजी, अमाड़ी भाजी, पालक भाजी, मखना भाजी, कुसुम भाजी, चौलाई भाजी इत्यादि। बीज बैंक की शुरूआत वर्ष 2016 से हुई है। यहां से किसानों को बीज दिया जाता है, जिसे उन्हें फसल आने पर वापस करना होता है।**

## स्वावलंबी बनने के लिए महिलाओं ने बढ़ाए कदम

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

पिछले कुछ सालों में देश के कई कोनों में महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की राह पकड़ी है। आज इस कॉलम में छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में महिलाओं की पहल के बारे में बताना चाहूंगा। मैं इस इलाके में कई बार गया हूं, महिला समूहों के सदस्यों से बात की है और उनकी लगन व सतत काम को देखा है। महिलाओं ने कई मोर्चों पर कदम बढ़ाए हैं।

इस बदलाव की शुरूआत वर्ष 2016 से हुई है। श्रीजन कल्याण समाजसेवी संस्था का गठन इसी वर्ष हुआ है। कुछ वर्ष पहले संस्था का कार्यालय भी बन गया है। इस कार्यालय की छोटी सी जमीन पर भी जैविक सब्जी बाड़ी है। कुछ फलदार पेड़ भी हैं।

छत्तीसगढ़ का इलाका विविधता के लिए जाना जाता है। यहां पारिस्थितिकीय और सांस्कृतिक विविधता काफी है। यहां विपुल खनिज संपदा के साथ वन संपदा भी बहुतायत में है। मध्य क्षेत्र का मैदानी भाग, जहां से महानदी गुजरती है, वह धान का इलाका है।

महासमुंद जिला, जो श्रीजन कल्याण संस्था का कार्यक्षेत्र है, भी इसी के अंतर्गत आता है। यहां धान की कई किस्में हैं। इसके साथ दलहन, तिलहन, कंद-मूल, फुटू (मशरूम) और फल-फूल, हरी पत्तीदार सब्जियां इत्यादि भी हैं। हालांकि यहां जंगल क्षेत्र भी है, जहां की आबादी की आजीविका जंगल से जुड़ी है। हालांकि धान की संकर (हाईब्रीड) किस्मों के प्रचलन के कारण देसी धान की किस्में लुप्त हो रही हैं।

हेमलता राजपूत बताती हैं कि 'ग्रामीण समाज में महिलाओं के साथ कई तरह भेदभाव देखे जाते हैं। घरेलू हिंसा उनमें एक है। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था ऐसी पीड़ित महिलाओं की मदद के लिए काम करती है। आपस में मामले सुलझाना, कानूनी मदद देना इसमें शामिल है। संस्था द्वारा कानूनी मार्गदर्शन केन्द्र चलाया जाता है, जिसमें लोग समस्याएं लेकर आते हैं।'

इसके अलावा, गांव में बैठक के दौरान भी पीड़िता की पहचान की जाती है। उनको परामर्श दिया जाता है। परिवार से मिलकर पूरे मामले की जानकारी ली जाती है। अगर परिवार व समाज के स्तर पर मामला सुलझाने की कोशिश की जाती है, अगर वहां मामला नहीं सुलझा तो परिवार परामर्श केन्द्र या कोर्ट भेजा जाता है।

भोरिंग गांव की महिला ने बताया कि उनका पति का बीमारी में निधन हो गया। उसके तीन बच्चे थे। उसे ससुराल में प्रताड़ित किया जा रहा था। न तो उसे घर में रहने दिया जा रहा था और न ही परिवार की सम्पत्ति में हिस्सा दिया जा रहा था। यह केस में कानूनी मदद में सहयोग किया गया। अंततः महिला केस जीत गई। उसे जमीन भी मिली और घर भी।

हेमलता राजपूत बताती हैं कि हम ऐसे माहौल बनाने की कोशिश करते हैं कि जिसमें लोगों को सभी तरह के नशीले पदार्थों, शराब और तम्बाकू, गुटखा आदि छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

इसके साथ सब्जी-बाड़ी (किचिन गार्डन), जैविक खेती, और जंगलों को फिर से हरा-भरा करने की कोशिश की जाती है। संस्था ने जैविक खेती को पुनर्जीवित करने का अग्रणी काम किया है। इसने किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती करने, जंगल को हरा-भरा करने, पारंपरिक बीज संरक्षण, जैविक खाद, जैव कीटनाशक बनाने की दिशा में प्रेरित करने का काम किया है। यह ऐसे समय में जब छोटे किसानों को बाजार की मांग को पूरा करने के लिए एकल खेती की ओर धकेला जा रहा है।

यहां की महिला किसान पारंपरिक खेती की ओर लौट रही हैं। देसी बीजों की प्रदर्शनी लगाई जाती है। जिसमें पारंपरिक देसी बीज, पारंपरिक व्यंजन और जंगल से मिलने वाले खाद्य पदार्थ को प्रदर्शित किया जाता है।

संस्था ने गांवों में देसी बीज बैंक बनाने और जैविक खेती के काम को प्रोत्साहित किया है। कुहरी गांव में श्रीजन सामुदायिक बीज बैंक हैं। इसके अलावा, कई तरह हरी भाजियों की बीज हैं। लाल भाजी, चैंच भाजी, खेड़ा भाजी, पटवा भाजी, अमाड़ी भाजी, पालक भाजी, मखना भाजी, कुसुम भाजी, चौलाई भाजी इत्यादि। बीज बैंक की शुरूआत वर्ष 2016 से हुई है। यहां से किसानों को बीज दिया जाता है, जिसे उन्हें फसल आने पर वापस करना होता है।

कोमा आदि गांवों में जैव कीटनाशक व जैव खाद बनाने का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। बोडरा गांव की श्यामा ध्रुव बताती है कि हम देसी बीजों के साथ धान की खेती करते हैं। रासायनिक खाद का इस्तेमाल नहीं करते है, जिससे हमारी लागत भी कम हो जाती है। इससे हमें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिली है।

इसके साथ सब्जी-बाड़ी (किचिन गार्डन), जैविक खेती, और जंगलों को फिर से हरा-भरा करने की कोशिश की जाती है। संस्था ने जैविक खेती को पुनर्जीवित करने का अग्रणी काम किया है। इसने किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती करने, जंगल को हरा-भरा करने, पारंपरिक बीज संरक्षण, जैविक खाद, जैव कीटनाशक बनाने की दिशा में प्रेरित करने का काम किया है। यह ऐसे समय में जब छोटे किसानों को बाजार की मांग को पूरा करने के लिए एकल खेती की ओर धकेला जा रहा है।

कुहरी गांव की कौशल्या बाई कहती हैं कि देसी बीजों में रोग ज्यादा नहीं लगता है, खाने में भी स्वादिष्ट होता है। अगर फसलों में कीट प्रकोप लगता भी है तो जैव कीटनाशक बनाकर छिड़कते हैं। जिसे वे स्थानीय पौधों की पत्तियों से तैयार कर लेते हैं। कर्रा, आक, नीम, कड़वा रोहना, बिरहा आदि की पत्तियों से जीवामृत बनाया जाता है। इसके लिए बोड़रा, बरबसपुर, खैरा, कोमा आदि गांवों में जैव कीटनाशक व जैव खाद बनाने का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। बोडरा गांव की श्यामा ध्रुव बताती है कि हम देसी बीजों के साथ धान की खेती करते हैं। रासायनिक खाद का इस्तेमाल नहीं करते है, जिससे हमारी लागत भी कम हो जाती है। इससे हमें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिली है।

उन्होंने बताया कि जंगल से वनोपज के साथ ताजी पत्तीदार सब्जियां, कंद मूल व फल, फूल पत्तियां व मशरूम भी मिलते हैं। कुझियारी, चरौंटा, बोहार,खेकसी, पीपरी, कोसम, कोलियारी भाजी जंगल से मिलती है। घनबहेर फूल, सेमरा फूल, नीम फूल, अमली फूल इत्यादि। कई तरह के फुटू मिलते हैं- जैसे बियासी फुटू , भिमोरा फुटू , भदेली, घुटुल, दशहरा फुटू , कनकी फुटू इत्यादि।

वे आगे कहती हैं कि भेदभाव से पीड़ित महिलाओं के लिए कानूनी और संवैधानिक अधिकार हैं, पर यह तभी सार्थक होते हैं जब वास्तविक जीवन की स्थिति को बदलने के लिए प्रयास किए जाएं। यही हमारी कोशिश है। महिलाओं को सम्मानजनक तरीके से जीने के लिए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है, और यही कोशिश उनकी संस्था कर रही है।

कुल मिलाकर, घरेलू हिंसा के खिलाफ अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता, किचिन गार्डन, जैविक खेती और महिला नेतृत्व को गांवों में उभारने की कोशिश करना है। हेमलता राजपूत कहती हैं कि अगर आधी आबादी सशक्त बनेगी तो परिवार और समाज भी सशक्त होगा। यह पहल सराहनीय होने के साथ प्रेरणादायक भी है।

**कुल मिलाकर, घरेलू हिंसा के खिलाफ अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता, किचिन गार्डन, जैविक खेती और महिला नेतृत्व को गांवों में उभारने की कोशिश करना है। हेमलता राजपूत कहती हैं कि अगर आधी आबादी सशक्त बनेगी तो परिवार और समाज भी सशक्त होगा। यह पहल सराहनीय होने के साथ प्रेरणादायक भी है।**

## बीता सप्ताह

**6 सितम्बर**

- भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग तोबगे ने रामनगरी अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए।
- वित्तीय अपराधों में बोछत भगोड़े हर्षित बाबूलाल जैन को यूएई से भारत लाया गया।
- अनुतिन चार्नविराकुल थाईलैंड के 32वें प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए है।
- अमेरिका में पेंटागन को युद्ध मंत्रालय व रक्षा मंत्री को युद्ध मंत्री के नाम से जाना जाएगा।

**7 सितम्बर**

- गुजरात के पावागढ़ मंदिर में रोपवे टूटने से 6 लोगों की मौत हो गई।
- जम्मू कश्मीर में हजरत बल दरगाह में अशोक चिन्ह तोड़े जाने के मामले पर हुई एफआईआर।
- दिल्ली के लाल किला परिसर में जैनधर्म के धार्मिक अनुष्ठान के दौरान एक करोड़ की कलश चोरी हो गई।
- पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति हमैनुएल मैक्रो से बात की।

**8 सितम्बर**

- भारत की पुरूष हॉकी टीम ने बिहार के राजगीर में आयोजित हॉकी एशिया कप 2025 के फाइनल में दक्षिण कोरिया को हराकर भारत बना एशियाई चैंपियन।
- विश्व की नं. एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने फलशिंग मीडोज के हार्ड कोर्ट दर पर अमांड अनिसियोवा को हराकर यूएस ओपन का खिताब जीता।
- जम्मू कश्मीर के जरत बल दरगाह पर हुए विवाद में 26 लोग हिरासत में लिए गए।
- भारतीय सेना ने कहा कि समुद्र में दुनिया का चक्कर लगाएंगी 10 महिला अधिकारी।

**9 सितम्बर**

- उपराष्ट्रपति पद के लिए आज नई दिल्ली में मतदान हुआ। एडीए प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन और इंडिया गठबंधन के बी सुदर्शन रेड्डी के बीच मुकाबला है।
- नेपाल में सोशल मीडिया पर बैन से हुआ बवाल, जबरदस्त प्रदर्शन 20 लोगों की मौत हो गई।
- जम्मू कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच हुए मुठभेड़ में 2 जवान शहीद हो गए।
- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिक्स वर्चुअल शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने शामिल हुए।

**10 सितम्बर**

- एडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति बने। उन्होंने इंडिया गठबंधन के बी सुरदर्शन रेड्डी को 152 मतों से हराया।
- हिंसक प्रदर्शन के हालात में नेपाल के पीएम केपी शर्मा ओली ने इस्तीफा दे दिया।
- पीएम मोदी ने पंजाब के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया और सहायता के लिए दिए 1600 करोड़।
- स्विटजरलैंड में अंतरराष्ट्रीय प्रबंधन विकास संस्थान द्वारा जारी 2025 विश्व प्रतिभा रैंकिंग में हांगकांग एशिया में अव्वल।

**11 सितम्बर**

- नेपाल के बाद अब फ्रांस में प्रदर्शन। राष्ट्रपति हमैनुएल मैक्रो के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग।
- गुजरात विधानसभा में संशोधन विधेयक पास हुआ। अब नाइट शिफ्ट में काम कर सकेंगी वहां की महिलाएं।
- फ्रांस के राष्ट्रपति हमैनुएल मैक्रो ने रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू को प्रधानमंत्री नियुक्त किया।
- टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य बना गुजरात।

**12 सितम्बर**

- गरियाबंद (छत्तीसगढ़) में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी नक्सली मोडेम बालकृष्ण सहित 10 नक्सली मारे गए।
- दुनिया में सबसे ज्यादा एडवांस टी 32 को तैयार किया हुआ नौसेना को मिला 3डी एयर सर्विलांस रडार।
- वाराणसी में पीएम नरेन्द्र मोदी ने मारीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात में कहा कि भारत और मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं बल्कि एक परिवार है।
- भारतीय नौसेना, सेना और वायुसेना के महिला अधिकारी पृथ्वी का चक्कर लगाने के लिए यात्रा प्रारंभ की।

## रूस-यूक्रेन संघर्ष ने कई कंपनियों का मुनाफा बढ़ाया

■ नन्तू बनर्जी

किसी का दर्द दूसरे के लिए फ़ायदे का कारण बन सकता है। यह मुहावरा साढ़े तीन साल पुराने रूस-यूक्रेन युद्ध से दुनिया भर में लाभ पाने वाले बड़े व्यवसायों के लिए बिल्कुल उपयुक्त है, जिसमें दोनों पक्षों के अब तक हज़ारों सैनिक और नागरिक मारे गए हैं। ऐसे लाभ पाने वालों की सूची भले ही छोटी हो, लेकिन बेहद प्रभावशाली है। इनमें लॉकहीड मार्टिन, बोइंग और रेथियॉन जैसी कुछ दिग्गज अमेरिकी रक्षा निर्माता कंपनियां और एक्सॉनमोबिल और शेवरॉन जैसी तेल कंपनियाँ; रूस की रोसनेफ्ट, नोवाटेक और सिबुर और रूसी उर्वरक निर्यातक यूरालकेम और फॉसएग्रो; कम्युनिस्ट चीन की प्रमुख रिफाइनरियां; और भारत की अपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) शामिल हैं। माना जा रहा है कि चालू वर्ष के पहले छह महीनों के दौरान, आरआईएल ने रूसी कच्चे तेल की खरीद से लगभग 5710 लाख डॉलर कमाए या बचाए हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध और रूस पर नाटो के व्यापार और वित्तीय प्रतिबंधों के कारण आरआईएल आसानी से सबसे बड़ा भारतीय व्यवसाय लाभार्थी हो सकता है।

व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो का यह कहना पूरी तरह गलत नहीं होगा कि 'ब्राह्मण (अभिजात्य वर्ग का एक रूपक) भारतीय लोगों की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं।' पिछले साल से भारतीय रिफाइनरियों, जिनमें देश की सरकारी तेल कंपनियां भी शामिल हैं, द्वारा रूसी तेल के सस्ते आयात से भारत के लाखों घरेलू पेट्रोल और डीजल उपभोक्ताओं को कोई फायदा नहीं हुआ, हालांकि तेल रिफाइनरियों ने बड़ा मुनाफा कमाया। आरआईएल ने वित्त वर्ष 2024 में अपने लगभग 35 प्रतिशत उत्पाद, जिनमें रिफाइंड तेल भी शामिल है, भारतीय बाजार में बेचे। हालिया रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि आरआईएल की जामनगर रिफाइनरी ने अपने उत्पादन का 33 प्रतिशत घरेलू बाजार में बेचा। भारत की एक अन्य प्रमुख निजी रिफाइनर, नायरा एनर्जी, जिसमें रूसी निवेशकों की एकल बहुमत हिस्सेदारी है, अपने लगभग 70-75 प्रतिशत रिफाइंड तेल उत्पाद भारतीय बाजार में बेचती है। बाकी निर्यात किया जाता है। नायरा का घरेलू फोकस देश भर में 6,500 से अधिक ईंधन स्टेशनों के अपने नेटवर्क द्वारा समर्थित है।

**वास्तव में, नवीनतम रिपोर्टों से पता चलता है कि रूसी कच्चा तेल और भी सस्ता हो गया है क्योंकि भारत सरकार पर ट्रम्प प्रशासन द्वारा रूस के साथ तेल व्यापार में कटौती करने का लगातार दबाव है। हाल ही में, रूसी यूराल कच्चे तेल की कीमत डिलीवरी के आधार पर ब्रेंट के मुकाबले 3 से 4 डॉलर प्रति बैरल की छूट पर आ गई है। मुख्य रूप से दो निजी रिफाइनर, आरआईएल और नायरा द्वारा यूराल कच्चे तेल की खरीद महत्वपूर्ण और निरंतर है।**

जबकि दो निजी पेट्रोलियम क्रूडरिफाइनर भारत के रूसी तेल के कुल आयात का एक महत्वपूर्ण हिस्सा खपत करते हैं, देश के सरकारी स्वामित्व वाले रिफाइनर जैसे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (बीपीसीएल), और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (एचपीसीएल) उसी बाजार से रूसी तेल खरीदते हैं। उन्हें भी रूसी तेल की रियायती कीमत का लाभ मिला। भारत ने, कुल मिलाकर, अकेले चालू वर्ष के दौरान रूसी तेल खरीद से लगभग 3.8अरब डॉलर की बचत की। हालांकि, सरकार की ओर से तेल रिफाइनरियों को देश के उपभोक्ताओं को आंशिक रूप से भी लाभ पहुंचाने के लिए प्रेरित करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। भारत ने पिछली बार ईंधन की खुदरा कीमत में कमी 14 मार्च, 2024 को लोकसभा चुनावों से ठीक पहले की थी। कीमतों में केवल 2 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई थी। यह 22 मई, 2022 से शुरू हुई कीमतों में स्थिरता के दौर के बाद आया है। स्पष्ट रूप से, आरआईएल के नेतृत्व में कुछ भारतीय तेल रिफाइनरियां रियायती रूसी तेल की खरीद से भारी मुनाफा कमा रही हैं।

वास्तव में, नवीनतम रिपोर्टों से पता चलता है कि रूसी कच्चा तेल और भी सस्ता हो गया है क्योंकि भारत सरकार पर ट्रम्प प्रशासन द्वारा रूस के साथ तेल व्यापार में कटौती करने का लगातार दबाव है। हाल ही में, रूसी यूराल कच्चे तेल की कीमत डिलीवरी के आधार पर ब्रेंट के मुकाबले 3 से 4 डॉलर प्रति बैरल की छूट पर आ गई है। मुख्य रूप से दो निजी रिफाइनर, आरआईएल और नायरा द्वारा यूराल कच्चे तेल की खरीद महत्वपूर्ण और निरंतर है। चालू वर्ष के पहले छह महीनों के दौरान, भारत ने 2310 लाख बैरल से अधिक कच्चे तेल का आयात किया। दोनों निजी रिफाइनरों ने रूसी उत्पादकों के साथ एक दीर्घकालिक समझौता किया है और अब यूराल के सबसे बड़े खरीदार हैं। भारत ने इस वर्ष रूस के समुद्री यूराल निर्यात का लगभग 80 प्रतिशत खरीदा, यह नीति पश्चिमी दबाव के बीच वाणिज्यिक व्यवहार्यता और राष्ट्रीय हित से प्रेरित है। आरआईएल और नायरा एनर्जी का भारत के यूराल आयात में 45 प्रतिशत हिस्सा है, जिसमें रिलायंस का यूराल हिस्सा उसकी कुल कच्चे तेल की खरीद में 36 प्रतिशत और नायरा का 72 प्रतिशत हो गया है। संयोग से, अमेरिकी ब्रेंटक्रूड की कीमतें बढ़ रही हैं क्योंकि अमेरिकी कच्चे तेल का भंडार घट रहा है।

इस साल की शुरुआत में, आरआईएल ने रोसनेफ्ट के साथ 10 साल का समझौता किया था ताकि रूसी कच्चे तेल की खरीद को बढ़ाकर 5,00,000 बैरल प्रतिदिन किया जा सके, जिससे भारतीय कंपनी यूराल की दुनिया की सबसे बड़ी खरीदार बन गई। दोनों के बीच 10 साल का समझौता वैश्विक तेल आपूर्ति का 0.5 प्रतिशत है और मौजूदा कीमतों पर इसका मूल्य लगभग 13 अरब डॉलर प्रति वर्ष है। इस समझौते से कच्चे तेल के प्रवाह में स्थिरता सुनिश्चित होने की उम्मीद है। रोसनेफ्ट के लिए, इसका मतलब भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने का एक बड़ा प्रयास है।

सस्ते कच्चे तेल की उपलब्धता ने आरआईएल के सकल रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) को बढ़ावा दिया है, जो रिफाइनिंग व्यवसाय में लाभप्रदता का एक प्रमुख संकेतक है। वित्त वर्ष 2025 में आरआईएल का जीआरएम8.5 डॉलर प्रति बैरल रहा, जो उसके घरेलू प्रतिस्पर्धियों से बेहतर प्रदर्शन था। यह स्पष्ट नहीं है कि भारत के सरकारी तेल रिफाइनर, आरआईएल की तरह आक्रामक तरीके से रूसी कच्चा तेल खरीदने में पहल क्यों नहीं कर रहे हैं। भारत के सरकारी नियंत्रण वाले रिफाइनरों की सामूहिक रिफाइनिंग क्षमता कहीं अधिक है। आरआईएल, जो दुनिया की सबसे बड़ी एकल-साइट रिफाइनरी संचालित करती है, से भी आगे है। नौ रिफाइनरियों के साथ, सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन एक प्रमुख खिलाड़ी है, जो देश की कुल रिफाइनिंग क्षमता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा संभालती है।

जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, रूस-यूक्रेन युद्ध के कई वैश्विक व्यावसायिक लाभार्थी हैं, जिनमें भारत की आरआईएल भी एक है। इस संघर्ष ने एशिया और पश्चिमी दुनिया भर में महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अवसर पैदा किए हैं। एक्सॉनमोबिल, शेवरॉन, बीपी और शेल जैसी वैश्विक तेल और गैस की बड़ी कंपनियों ने रूसी आक्रमण के बाद से भारी मुनाफा कमाया है। रूसी ऊर्जा पर निर्भरता कम करने के यूरोपीय प्रयास ने अमेरिका (तरलीकृत प्राकृतिक गैस या एलएनजी की आपूर्ति), कतर और नॉर्वे जैसे देशों के अन्य आपूर्तिकर्ताओं की ओर मांग को पुनर्निर्देशित किया है। लॉकहीड मार्टिन, रेथियॉन, नॉरथ्रॉपग्रुम्मन और जनरल डायनेमिक्स जैसी कंपनियों ने जैवलिन मिसाइलों और हिमार्सजैसे हथियारों और युद्ध सामग्री की उच्च मांग से लाभ कमाया है। दुनिया के कुछ शीर्ष कृषि जिंस व्यापारी, जैसे एडीएम, बंज, कारगिल और लुईड्रेफस – जिन्हें 'एबीसीडी' चौकड़ी के रूप में जाना जाता है – वैश्विक अनाज प्रवाह को पुनर्निर्देशित और प्रबंधित करके भारी लाभ कमा रहे हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध ने रूसी व्यवसायों को भी लाभ पहुंचाया है, आयात प्रतिस्थापन से लेकर अत्यधिक रियायती विदेशी संपत्तियों के अधिग्रहण तक, क्योंकि पश्चिमी संचालक रूसी बाजार से बाहर निकल गए थे। रूसी अरबपतियों ने ऊर्जा, खुदरा और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में पश्चिमी कंपनियों द्वारा छोड़ी गई ऐसी संपत्तियों को हासिल करके लाभ कमाया। फार्मास्यूटिकल्स, खुदरा और विनिर्माण सहित रूसी उद्योग, विदेशी प्रतिस्पर्धियों के बाहर निकलने से पैदा हुए बाजार के खालीपन को भरकर विकसित हुए हैं। साइबर सुरक्षा फर्मकैस्परस्की लैब ने मौजूदा विदेशी कंपनियों से सॉफ्टवेयर अवसंरचना विकास का कार्यभार संभाला।

रूसी खुदरा विक्रेता ग्लोरियाजीन्स ने एचएंडएम और ज़ारा जैसी कंपनियों द्वारा खाली किए गए प्रमुख खुदरा स्थानों का अधिग्रहण करके विस्तार किया। व्यापार प्रवाह के पुनर्गठन ने कई देशों के लिए अवसर भी पैदा किए हैं। पश्चिम एशियाई ऊर्जा उत्पादकों के निर्यात राजस्व और आर्थिक लाभ में वृद्धि देखी जा रही है। तुर्की यूरोपीय आयातों के लिए एक संभावित ऊर्जा केंद्र और रूसी ऊर्जा के पुनर्निर्यात का केंद्र बन गया है। रूसी तेल की अपनी खरीद बढ़ाने के अलावा, चीन ने यूरोप को तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की अपनी खेप भी मुनाफे पर बेची है। ज़ाहिर है, ये व्यापारिक प्रतिष्ठान अपने व्यावसायिक लाभ के लिए रूस-यूक्रेन युद्ध को यथासंभव लंबे समय तक जारी रखना चाहेंगे।

## अमेरिका की तरफ झुकाव से भारत को नुकसान



जगदीश रत्तनानी

**तथ्य यह है कि ट्रम्प के प्रति तमाम प्रकार की सहनशीलता दिखाने के बावजूद भारत को दंडित किया गया तब यह स्पष्ट होना चाहिए कि अति उत्साह का प्रदर्शन कभी भी अच्छा नहीं होता है, यहां तक कि कई बार प्रतिकूल भी होता है। खासकर उन परिस्थितियों में जब इसे किसी दी गई वैश्विक व्यवस्था में शामिल होने की हताशा के रूप में देखा जाता है। यह मानता है कि झुकाव एक तरफ है या दूसरी ओर।**

यह कहना-सुनना असामान्य नहीं है विदेश नीति नैतिक सिद्धांतों के बारे में नहीं बल्कि राष्ट्रीय हितों के बारे में होती है। डोनाल्ड ट्रम्प ने जिस तरह से सावधानीपूर्वक पोषित वैश्विक समझौतों को देखते हुए- व्यापार से लेकर जलवायु परिवर्तन तक को अमेरिकी विदेश नीति में प्रधानता दी है, यह स्पष्ट हो जाना चाहिए कि अल्पकालिकता को, जिसे सबसे संकीर्ण तरीके से परिभाषित किया गया है, आज अमेरिकी विदेश नीति का प्रधान बिंदु है। यह जरूरी नही है कि उपद्रवी और अक्सर अशालीन ट्रम्प की नीतियां अमेरिकी परंपराओं के साथ ताल-मेल बिठाती हों। यह बात इससे स्पष्ट हो जाती है कि 1970 के दशक में पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर की टिप्पणी (निक्सन युग के राजनयिक अलेक्जेंडर हैग ने कहा कि 'मैंने किसिंजर से यह कहते सुना था कि कि अमेरिका का कोई स्थायी मित्र या स्थायी दुश्मन नहीं है, केवल उसके हित हैं।' दूसरे, प्रशासन अलग स्वर में बोल सकते हैं लेकिन उनके कार्यों का आशय या प्रभाव अलग नहीं रहा है। यहां हम नोबेल शांति पुरस्कार विजेता बराक ओबामा पर विचार करें जिन्होंने ड्रोन हमलों में किसी भी अन्य राष्ट्रपति की तुलना में अफगानिस्तान में अधिक लोगों को मार डाला। 1939 में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर परिभाषित अपनी पुस्तक ('द ट्वेंटी इयर्स क्राइसिस: 1919-1939') में ईएच कैर ने 'नैतिक सिद्धांतों की आड़ में हितों को छिपाने' की राजनीतिक आवश्यकता के बारे में बात की। यह एक सदी पुराना अवलोकन है जो अमेरिकी विदेश नीति परिचालन वास्तविकताओं में एक स्थायी अंतर्दृष्टि बनी हुई है।

वर्तमान संदर्भ में अमेरिकी नीति का अचानक लबादा हटने और उसके नंगेपन को देखते हुए सवाल यह है कि भारत कैसे प्रतिक्रिया देता है? यह एक सकारात्मक संकेत है कि भारत अमेरिकी मांगों के आगे नहीं झुका है। ये ऐसी मांगें हैं जिन्हें देश पूरा नहीं कर सकता है; न ही करना चाहिए। अमेरिका लंबे समय से, खास तौर पर कृषि और डेयरी आयात पर नियंत्रण हटाने के संदर्भ में दबाव डाल रहा है। भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल के आयात को लेकर अमेरिका हमेशा भुनभुनाता रहा है। यह भुनभुनाहट भारत को अपने बाजारों को अमेरिका के लिए और भी अधिक खोलने के लिए प्रेरित करने के लिए है। अब जब उसे दिख रहा है कि भारत झुकता नहीं है, तो उसने 50 प्रतिशत टैरिफ का हमला किया है जो सभी देशों के मुकाबले सबसे खराब व्यवहार में से एक है। ऐसे में यह सवाल जरूरी है वे कौन से सबक हैं जो सबसे अलग हैं? अमेरिका से उभरने वाले नए और बुरे खतरों को देखते हुए कि आईटी और अन्य सेवाओं को जल्द ही टैरिफ का सामना करना पड़ेगा।

इसके अलावा, जैसे-जैसे भारत महत्वपूर्ण प्रति-संतुलन का प्रयास करता है और नए गठबंधनों पर काम करता है एवं साझेदारियों पर फिर से विचार करता है, इससे संबंधित प्रश्न और भी महत्वपूर्ण हो जाते हैं कि देश इस मजबूत जकड़ से छूटने का प्रबंधन कैसे करता है। सबसे महत्वपूर्ण घटना 1 सितंबर को तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की 25वीं बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बहुत ही स्पष्ट भागीदारी थी। चीन के प्रधानमंत्री शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ तस्वीर में क्या भारत ने अमेरिका को कोई महत्वपूर्ण संदेश नहीं दिया? क्या यह अमेरिकी राष्ट्रपति की दुविधापूर्ण मनस्थिति का प्रतीक नहीं है जहां वे किसी व्यक्ति, किसी स्थिति, विचार के प्रति अनिर्णायक और अस्थिर रहे हैं? एक पल में हां करने और अगले ही पल मना करने जैसी प्रतिक्रिया तुरंत नहीं दी थी? पहले उन्होंने शिकायत की थी कि भारत और रूस चीन से हार गए हैं और फिर अमेरिका और भारत के बीच एक विशेष संबंध पर जोर दिया जिसका मोदी ने तुरंत स्वागत किया। लेकिन जैसा कि शशि थरूर ने बिल्कुल सही पूछा है- 'क्या भारत ट्रम्प द्वारा किए अपमान और टैरिफ को भूल सकता है?'

तथ्य यह है कि ट्रम्प के प्रति तमाम प्रकार की सहनशीलता दिखाने के बावजूद भारत को दंडित किया गया तब यह स्पष्ट होना चाहिए कि अति उत्साह का प्रदर्शन कभी भी अच्छा नहीं होता है, यहां तक कि कई बार प्रतिकूल भी होता है। खासकर उन परिस्थितियों में जब इसे किसी दी गई वैश्विक व्यवस्था में शामिल होने की हताशा के रूप में देखा जाता है। यह मानता है कि झुकाव एक तरफ है या दूसरी ओर। भारत पहले ही एक तरफ अति उत्साही होकर अपनी उंगलियां जला चुका है।

'नमस्ते ट्रम्प' या 'हाउडी मोदी' जैसी बातों को व्यक्तिगत केमिस्ट्री कहना और फिर उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना, उस पर अधिक जोर देना या पूरे दिल से अमेरिका के साथ जुड़ने की घटनाओं ने भारत पर दोहरी मार की है। उदाहरण के लिए जिस तरह से भारत ने जून 2025 में गाजा में युद्धविराम का आह्वान करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव से परहेज किया वह भारत के पक्ष में नहीं रही। उसने भारतीय हितों की रक्षा नहीं की और भारत को सिद्धांत पर खड़ा नहीं किया- न तो यथार्थवादी और न ही आदर्शवादी के रूप में दिखाया। नुकसान भारत का ही ज्यादा हुआ है। संयोग से एससीओ के पूरे समूह ने जून के प्रस्ताव के लिए मतदान किया जिसका शीर्षक था- 'नागरिकों की सुरक्षा तथा कानूनी और मानवीय दायित्वों को बनाए रखना'। ब्रिक्स देशों, एससीओ ब्लॉक या वास्तव में दक्षिण एशिया (भारत के अलावा) में से किसी ने भी भाग नहीं लिया जो एससीओ देशों के प्रति भारतीय अभिविन्यास में एक असंयोजन की ओर इशारा करता है।

कुछ हलकों का यह तर्क सीमित अपील करने वाला है कि टैरिफ के मामले में भारत दुनिया का ध्यान आकर्षित करेगा और भारत की बात स्वीकार की जाएगी क्योंकि वह एक आर्थिक महाशक्ति है जो जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। बेशक भारत में सबकी रुचि है लेकिन इस बात पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है कि पश्चिमी व्यवसायों के लिए इसका बाजार कैसे उपलब्ध कराया जा सकता है। निर्यात के मामले में भारत के पास विविधता भरा एक अच्छा पोर्टफोलियो नहीं है और वह अमेरिका पर अत्यधिक निर्भर है जिसके कारण वह भारत को निचोड़ सकता है और धमकी दे रहा है।

यह दिलचस्प है कि भारत ने ट्रम्प की हरकतों के जवाब में 'रणनीतिक स्वायत्तता' की नीति पर निर्माण करने के लिए महात्मा गांधी का उपयोग किया है। ट्रम्प के प्रति भारत की प्रतिक्रिया को एक अनाम शीर्ष सरकारी प्रवक्ता के हवाले से इन शब्दों में समझाते हुए कहा गया है- 'हमने गांधीवादी सत्याग्रह मॉडल का पालन किया है .., तुमने हमें मारा। निश्चित रूप से यह हमें दर्द देता है लेकिन हम पलटवार नहीं करेंगे। न ही हम आदेश का पालन करेंगे या किसी बिंदीदार रेखा पर हस्ताक्षर करेंगे। इसमें उच्च नैतिक आधार तक पहुंचने के संकेत हैं लेकिन गांधीवादी सत्याग्रह भारत से और भी बहुत कुछ मांगेगा। जब इजरायल गज़ा में खून बहा रहा है तब यह भारत को इजरायल के साथ गठबंधन करने के बारे में चुनौती देगा। यह कई अन्य कठिन सवाल उठाएगा जिनका अगर पालन किया जाए तो अभी भी गांधी के सामने झुकने वाली दुनिया में भारत को साहस और गर्व के साथ खड़ा होने में मदद मिलेगी।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट:द बिलियन प्रेस )**

# देश विदेश

## पेइचिंग में 2025 विश्व पर्यटन सहयोग व विकास सम्मेलन आयोजित

**बीजिंग,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। 2025 विश्व पर्यटन सहयोग और विकास सम्मेलन 11 सितंबर को चीन की राजधानी पेइचिंग स्थित शोकांग पार्क में आयोजित किया गया, जो इस वर्ष चीन अंतर्राष्ट्रीय सेवा व्यापार मेले के थीम मंचों में से एक था। सम्मेलन में 66 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिन्होंने डिजिटलीकरण के माध्यम से इनबाउंड पर्यटन के उच्च गुणवत्ता वाले विकास को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर चर्चा की। डिजिटल पर्यटन, भविष्य में जीत-जीत विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में भाग लेने वाले अतिथियों ने कहा कि चीन का पर्यटन उद्योग तेज़ी से बढ़ रहा है और लगातार फल-फूल रहा है।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इजरायल ने पाकिस्तान को लताड़ा

# लादेन के खात्मे वाले अभियान का दिया हवाला

- पाकिस्तान ने की दोहा अटैक को लेकर इजरायल को घेरने की कोशिश
- इजरायल के पलटवार से पाकिस्तान का दांव पड़ा उल्टा



**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान ने दोहा अटैक को लेकर इजरायल को घेरने की कोशिश की, लेकिन दांव उल्टा पड़ गया। जवाब में इजरायल के राजदूत ने पाकिस्तान को ओसामा बिन लादेन की याद दिला दी।

गुरुवार को यह तीखी बहस यूएनएससी की एक आपातकालीन बैठक में हुई, जिसका एजेंडा मध्य पूर्व की स्थिति पर चर्चा था। इस बैठक का अनुरोध अल्जीरिया, पाकिस्तान और सोमालिया ने किया था और इसे फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम का समर्थन प्राप्त है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने अपने संबोधन की शुरुआत इजरायली हमले की कड़ी निंदा से की। हमले को गैर गैरकानूनी और कतर की संप्रभुता के खिलाफ बताया। कहा कि यह गैरकानूनी हमला कोई अकेली घटना नहीं है, बल्कि इजरायल की आक्रामकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन का हिस्सा है जो क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को कमजोर करता है।

वहीं, पाकिस्तान के निंदा प्रस्ताव का इजरायल ने सधा हुआ जवाब दिया। संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के स्थायी प्रतिनिधि डैनी डैनॉन ने शुरुआत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को संबोधित करते हुए पाकिस्तान में ओसामा बिन लादेन के खात्मे वाले अमेरिकी अभियान का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान में बिन लादेन का सफाया हुआ था, तो सवाल यह नहीं पूछा गया था कि विदेशी धरती पर एक आतंकवादी को क्यों निशाना बनाया गया। सवाल यह था कि एक आतंकवादी को पनाह क्यों दी गई? आज भी यही सवाल पूछा जाना चाहिए। बिन लादेन को कोई छूट नहीं है और हमास को भी कोई छूट नहीं मिल सकती। इस पर, पाकिस्तान ने तुरंत अपने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल किया और राजदूत अहमद ने इस तुलना को अस्वीकार्य, वास्तव में हास्यास्पद बताते हुए खारिज किया।

पाकिस्तान की प्रतिक्रिया के बाद, इजरायली राजदूत सदन में वापस आए और पाकिस्तान समेत अन्य सहयोगी देशों पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि उन्हें मेरे शब्दों से ठेस पहुंची हो, लेकिन मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि मेरे भाषण तथ्यों पर आधारित हैं। और सच तो यह है कि ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में मारा गया था, और किसी ने भी इसके लिए अमेरिका की निंदा नहीं की। जब दूसरे देश आतंकवादियों पर हमला करते हैं, तो भी कोई उनकी निंदा नहीं करता। उन्होंने आगे कहा कि आप इस तथ्य को नहीं बदल सकते कि 9/11 हुआ था।

### यमन पर इजरायली हमलों में 46 लोगों की मौत

**सना।** यमन के हूती-कब्जे वाली राजधानी सना और अल-जौफ प्रांत पर बुधवार को इजरायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है जबकि 165 लोग घायल हुए हैं। हूती-संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार देर रात यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मृतकों में 11 महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं जबकि घायलों में 29 महिलाएं और 31 बच्चे शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि घायलों में से कई की हालत गंभीर बनी हुई है। इससे पहले इजरायल ने कहा कि उसकी वायु सेना ने हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया के मिसाइल लांचरों, शिविरों और मीडिया मुख्यालय पर हमला किया। इसके जवाब में श्री सरिया ने कहा कि मीडिया मुख्यालय और नागरिक ठिकानों पर कोई मिसाइल लांचर नहीं हुये थे। उन्होंने इजरायल पर नागरिक सुविधाओं और आवासीय घरों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उत्तरी यमन के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण रखने वाले इस समूह ने जवाबी कार्रवाई में इजरायल पर हमले जारी रखने और युद्ध समाप्त करने तथा गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों पर नाकेबंदी लगाने के लिए दबाव बनाने की कसम खाई है।

## ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो को 27 साल जेल की सजा



- तख्तापलट की कोशिश का दोषी पाया गया

**ब्रासीलिया,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को 27 साल और तीन महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। सुप्रीम कोर्ट के 5 में से 4 जजों ने उन्हें देश में तख्तापलट की कोशिश का दोषी माना। इसके बाद कोर्ट ने जेयर बोल्सोनारो को जेल की सजा सुनाई। बोल्सोनारो को पांच मामलों में दोषी पाया गया है, जिनमें तख्तापलट की साजिश रचने, लोकतांत्रिक कानून व्यवस्था को हिंसक रूप से खत्म करने का प्रयास, एक सशस्त्र आपराधिक संगठन में भागीदारी, गंभीर क्षति पहुंचाने और सूचीबद्ध विरासत स्थलों की दुर्दशा जैसे आरोप शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 2 सितंबर को मामले की सुनवाई शुरू की, जिसमें दोषसिद्धि के लिए मामले की समीक्षा कर रहे 5 जजों की बेंच के बहुमत की जरूरत थी। जस्टिस एलेक्जेंडर डी मोरेस और फ्लेवियो डिनो ने बोल्सोनारो को संबंधित आरोपों में दोषी पाया, जबकि न्यायाधीश लुईज फक्स ने बुधवार को उन्हें बरी करने के पक्ष में मतदान किया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, जस्टिस कारमेन लूसिया और क्रिस्टियानो जानिन ने गुरुवार को उन्हें दोषी ठहराने के लिए अपने वोट डाले।

## सुडोकू 7033


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 2 | 3 | | 7 | | | |
| 3 | | 5 | | 9 | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| | 7 | 9 | | | | | 3 | 5 |
| | 2 | | 7 | | 4 | | 9 | |
| 5 | 4 | | | | | 2 | 8 | |
| | | | | | 3 | | | |
| | | | | 6 | | 7 | | 1 |
| | | | 5 | | 9 | 8 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 7033



**बायें से दायें:-**

१. अनुपस्थिति,गैर हाजिरी
४. नामुमकिन
६. रक्तपान करने वाला
७. जिसके नेत्र लाल रंग के हों
८. रूपवती, कोमलांगी (उर्दू)
१०. पराजित होना
११ प्रशासन, राजा, हुकूमत
१३. एक खट्टे-मीठे स्वाद वाला फल
१४. आदेश, हुक्म
१५. किसी आकृति तल के ठीक ऊपरी भाग में बना कोण
१७. अनाथ (उर्दू)
१९. ऊपर उठना, उन्नति, युद्ध सेना
२१. मशविरा, राय (उर्दू)
२२. केसर (उर्दू)
२४. लकड़ियां काट कर जीवन यापन करने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. प्रेमी, आसक्त, संतुष्ट, लाल
२. अप्रत्यक्ष कर
३. कत्लेआम
४. स्वीकार करना, अपना बनाना
५. बहन
९. शहर में प्रवेश करना
११. खुशी के साथ, प्रसन्नता पूर्वक
१२. वजह
१३. बहस, भ्रम, शंका
१४. नि:सस्त्र, जिसके हाथ में कुछ न हो
१५. सिर के बल खड़े होने का आसन
१६. शोरगुल
१८. तृतीय
१९. वीरान, जनशून्य
२०. दृश्य (उर्दू)
२३. पर्वत

### वर्ग पहेली-7032

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ श | नैः | २ श | नैः | ■ | ■ | ३ वि | घ्न | ४ ह | र्ता |
| शि | ■ | शि | ■ | ५ प | थि | क | ■ | त्या | ■ |
| ६ क | टु | व | च | न | ■ | ७ ल | ह | रा | ८ ना |
| ला | ■ | द | ■ | ९ प | त | न | ■ | ■ | ज |
| ■ | १० आ | ना | ११ जा | ना | ■ | ■ | १२ ईं | ध | न |
| ■ | ज्ञा | ■ | र | ■ | १३ नि | प | ट | ■ | ख |
| १४ प | द | १५ र | ज | ■ | वि | ■ | ■ | १७ सा | रा |
| ल्ल | ■ | स | ■ | १८ आ | दा | १९ ता | ■ | ह | ■ |
| वि | द्रो | ही | ■ | २० विं | ■ | २१ मी | मां | स | २२ क |
| त | ■ | २३ न | र | क | पा | ल | ■ | ■ | ष्ट |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 13 सितम्बर, 2025 क्वांर कृष्ण पक्ष 6

### राशिफल

मेष - शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ स्वादिष्ट भोजन करने तथा आनंदपूर्वक समय व्यतीत करने का योग बनेगा। भविष्य के लिए आप बेहतर आर्थिक योजना बना सकेंगे। आपकी आय में वृद्धि होगी।

वृषभ - आज का दिन उत्साह और प्रसन्नतापूर्ण रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहने से सुख और आनंद की अनुभूति होगी। सगे-संबंधियों या मित्रों से उपहार मिलेगा। कहीं घूमने जाना और स्वादिष्ट भोजन आपके दिन को खुशहाल बनाएगा।

मिथुन - आज का दिन कष्टदायी होने से हर काम में सावधानी बरतें। परिजनों एवं संतान से अनबन हो सकती है। उग्रता एवं आवेग को अंकुश में रखें, ताकि बात ना बिगड़ें।

कर्क - आप का दिन आनंद और उल्लास में गुजरेगा। व्यापार में लाभ होगा। आय के स्रोत में बढ़ोतरी हो सकती है। मित्रों से हुई मुलाकात से आनंद का अहसास होगा। विवाह योग्य जातकों के विवाह के योग हैं।

सिंह - आज कार्यक्षेत्र में आप प्रभावी होंगे। उच्च अधिकारियों पर आपके काम का सकारात्मक असर होगा, इससे वे आप पर प्रसन्न रहेंगे। आज आप दृढ़ मनोबल और पूर्ण आत्मविश्वास के साथ अपना काम पूरा करेंगे।

कन्या - आज आप का दिन बहुत शुभ है। धार्मिक कार्य एवं यात्रा के लिए समय अनुकूल है। मित्रों एवं सम्बंधियों से हुई मुलाकात के कारण आनंद होगा। मित्रों से लाभ होगा।

तुला - आज किसी के साथ वाद-विवाद हो सकता है। क्रोध पर कंट्रोल करें। वाणी और व्यवहार पर संयम बरतना आपके लिए हितकारी होगा। हितशत्रुओं से भी सावधान रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए मनोरंजन का दिन है। मित्रों के साथ पार्टी या पिकनिक में दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। वस्त्राभूषण, वाहन तथा भोजन का अच्छा सुख प्राप्त होगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

धनु - आज आपके लिए आर्थिक लाभ का दिन है। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। इससे आपका मन प्रसन्न रखेगा। नौकरी करने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा।

मकर - आज आपका मन चिंताग्रस्त और दुविधायुक्त रहेगा। ऐसी मनोदशा में आप किसी भी कार्य में दृढ़ निश्चय नहीं रह पाएंगे। आज के दिन कोई भी महत्वपूर्ण कार्य न करें, क्योंकि आज भाग्य साथ नहीं देगा।

कुंभ - आज आप के स्वभाव में प्रेम छलकेगा। इस कारण मानसिक रूप से व्यग्रता का अनुभव होगा। धन कमाने की नई योजना बन सकती है। महिलाएं आभूषण, वस्त्र, सौंदर्य-प्रसाधन खरीदने में पैसा खर्च करेंगी।

मीन - आज आपका दिन शुभ फलदायी है। आपकी सृजनात्मक और कलात्मक शक्तियों में वृद्धि होगी। वैचारिक स्थिरता के कारण आपके काम आज अच्छी तरह से पूरे हो पाएंगे। महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए आज का दिन शुभ है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अमेरिका से लौटे दक्षिण कोरियाई कामगार, परिवार संग मनाया जश्न

**सोल,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। पिछले सप्ताह अमेरिकी आव्रजन छापे में कई दिनों तक हिरासत में रहने के बाद शुक्रवार को अधिकांश कोरियाई कामगारों ने खुशी मनाई। कुछ अपने परिजनों से लंबे समय बाद मिल फूट-फूट कर रो पड़े। इंचियोन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद एक मजदूर ने चिल्लाकर कहा कि मैं वापस आ गया हूं! ये मेरे लिए आजादी के समान है। यह मजदूर उन 316 दक्षिण कोरियाई और 14 विदेशियों में शामिल था जो पिछले दिन नजरबंदी से रिहा होने के बाद जॉर्जिया से एक चार्टर्ड विमान से सोल पहुंचे थे। ब्रायन काउंटी में हुंडई मोटर ग्रुप और एलजी एनर्जी सॉल्यूशन द्वारा संयुक्त रूप से संचालित एक इलेक्ट्रिक कार बैटरी प्लांट निर्माण स्थल पर पिछले गुरुवार को हुई छापेमारी में मजदूरों को हिरासत में लिया गया था। साउथ कोरिया ने इनकी घर वापसी का प्रबंध किया। एक हफ्ते से चल रहे अभियान के बाद यह मजदूर वापस लौट पाए।



मजदूरों के अराइवल हॉल में दाखिल होते ही तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल भावुक हो उठा। जैसे ही वे परिवार के सदस्यों के लिए प्रतीक्षालय में पहुंचे, वहां इंतजार कर रही एक महिला अपने पति के गले मिलने से पहले जोर से चिल्लाई, हनी!

## भारत-फ्रांस के बीच 17वीं जेडब्ल्यूजी की बैठक आयोजित



- बैठक में की गई पहलगाम हमले की निंदा

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत और फ्रांस के बीच आतंकवाद-निरोध पर संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की 17वीं बैठक हुई है। गुरुवार को पेरिस में आयोजित बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (आतंकवाद-निरोध) केडी देवल ने किया, जबकि फ्रांसीसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व फ्रांस के आतंकवाद-निरोध राजदूत ओलिवर कैरन ने किया। इस संबंध में विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को जानकारी दी।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत और फ्रांस के प्रतिनिधिमंडल ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए नृशंस आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। बैठक में दोनों पक्षों ने संबंधित देशों में वर्तमान खतरे के आकलन पर विचार-विमर्श किया, जिसमें राज्य प्रायोजित सीमापार आतंकवाद, संबंधित क्षेत्रों में आतंकवादियों की गतिविधियां और मध्य पूर्व में आतंकवादी खतरे शामिल हैं।

दोनों पक्षों ने आतंकवाद से निपटने की चुनौतियों, विशेष रूप से चरमपंथ, कट्टरपंथ और आतंकवादियों की ओर से नई तकनीकों के उपयोग से उत्पन्न खतरों पर भी चर्चा की। द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग पर जोर देते हुए प्रशिक्षण और अभ्यास के माध्यम से क्षमता निर्माण को मजबूत करने पर विचार हुआ। संयुक्त राष्ट्र, वित्तीय कार्रवाई कार्य बल और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (एनएमएफटी) में सहयोग पर भी बातचीत हुई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने संगठित अपराधों को शामिल करने के लिए भारत-फ्रांस संयुक्त कार्य समूह वार्ता के दायरे को व्यापक बनाने, एक केंद्रित द्विपक्षीय प्रयास के रूप में ऑनलाइन दुष्प्रचार का मुकाबला करने, साइबर-संबंधी खतरों सहित पारस्परिक चिंता और हित के मामलों पर सूचनाओं का आदान-प्रदान व अनुभव साझा करने पर भी चर्चा की।

## अमेरिका में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं : रॉस

**वाशिंगटन,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। यूटा के एक विश्वविद्यालय में कार्यक्रम के दौरान रूढ़िवादी विचारक और कार्यकर्ता चार्ली किर्क की गोली मारकर हत्या के एक दिन बाद, अमेरिकी कांग्रेस सदस्य डेबोरा रॉस ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि हमारे देश में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। वाशिंगटन में गुरुवार को बातचीत के दौरान उत्तरी कैरोलिना से डेमोक्रेटिक प्रतिनिधि रॉस ने कहा कि एक निर्वाचित अधिकारी के रूप में उन्हें और कांग्रेस में उनके सहयोगियों को राजनीतिक बयानबाजी को कम करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने एक साल से अधिक समय पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हत्या का प्रयास किया था। हमने मिनेसोटा के विधायकों की हत्या भी देखी। हमें, निर्वाचित अधिकारियों को इस उत्तेजक भाषण को कम करने और अमेरिकी लोगों के लिए बेहतर उदाहरण स्थापित करने की जिम्मेदारी लेनी होगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**सुशीला कार्की बनीं ...**

राजनीति शास्त्र में पोस्ट ग्रेजुएशन किया। इसके अलावा उन्होंने कानून की पढ़ाई नेपाल की त्रिभुवन यूनिवर्सिटी से की। इसके बाद वकालत और कानूनी सुधारों के क्षेत्र में अपने करियर की शुरुआत की। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रह चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई ऐतिहासिक मामलों की सुनवाई की, जिनमें चुनावी विवाद भी शामिल थे। नेपाल में भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध के खिलाफ हाल में हुए 'जेन जेड' प्रदर्शन में एक भारतीय नागरिक सहित कम से कम 51 लोगों की मौत हुई है।

**सीपी राधाकृष्णन ने ली ...**

दीं। राधाकृष्णन अब तक महाराष्ट्र के राज्यपाल थे। चार मई, 1957 को तमिलनाडु के तिरुप्पुर में जन्मे राधाकृष्णन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक हैं। उन्होंने अपना सार्वजनिक जीवन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवक के रूप में शुरु किया और अब वह देश के उप राष्ट्रपति चुने गये हैं। राधाकृष्णन ने सार्वजनिक जीवन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवक के रूप में शुरु किया और सन 1974 में भारतीय जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी के सदस्य बने। उन्हें 1996 में तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सचिव नियुक्त किया गया। वे 1998 में कोयंबटूर से पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए। वर्ष 1999 में वे पुन: लोकसभा के लिए चुने गए। सांसद के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने कपड़ा संबंधी संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) संबंधी संसदीय समिति और वित्त संबंधी परामर्शदात्री समिति के भी सदस्य रहे। वह स्टॉक एक्सचेंज घोटाले की जांच करने वाली संसदीय विशेष समिति के सदस्य भी थे। राधाकृष्णन ने 2004 में, संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। वह भारत से ताइवान गए पहले संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भी थे। राधाकृष्णन 2004 से 2007 के बीच, तमिलनाडु में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे। इस पद पर रहते हुए, उन्होंने 93 दिनों तक चली 19,000 किलोमीटर की रथ यात्रा की। यह यात्रा सभी भारतीय नदियों को जोड़ने, आतंकवाद के उन्मूलन, समान नागरिक संहिता लागू करने, अस्पृश्यता निवारण और मादक पदार्थों की समस्या से निपटने की उनकी मांगों को उजागर करने के लिए आयोजित की गई थी। उन्होंने विभिन्न उद्देश्यों के लिए दो और पदयात्राओं का भी नेतृत्व किया। राधाकृष्णन को 2016 में, कोच्चि के कॉयर बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, इस पद पर वह चार वर्षों तक रहे। उनके नेतृत्व में, भारत से कॉयर निर्यात 2532 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। वह 2020 से 2022 तक, भाजपा की केरल इकाई के प्रभारी रहे। उन्हें प्रशासनिक क्षेत्र का भी अच्छा अनुभव है। उन्हें 18 फरवरी, 2023 को, झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया। अपने पहले चार महीनों के दौरान, उन्होंने झारखंड के सभी 24 ज़िलों की यात्रा की और नागरिकों और ज़िला अधिकारियों से बातचीत की।

**बस्तर दशहरा में शामिल ...**

है। मुरिया दरबार में आमजन अपनी समस्याओं को सीधे नेताओं और अधिकारियों के सामने रखते हैं। अमित शाह की मौजूदगी से इस बार यह आयोजन और भी खास होने जा रहा है।

**सभी स्कूलों की ...**

और कलेक्टरों को भेजे गए हैं। सरकार ने कहा है कि बच्चों के भोजन की सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जो भी जिम्मेदार होंगे उन पर कड़ी कार्रवाई होगी।

**दो लोगों की जिन्दा ...**

बाहर निकल गए। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। आग के बुझने पर 2 कंकाल भी बरामद किये गये हैं। इस घटना में बचे युवकों को मेकाज रेफर किया गया है।

**लोस अध्यक्ष बिरला ने...**

निकायों में जनता के दृढ़ विश्वास और सत्ता में बैठे लोगों की जवाबदेही की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने डॉ. बी.आर. अम्बेडकर और संविधान सभा के अन्य सदस्यों के योगदान को याद करते हुए चर्चा और आम सहमति के महत्व पर बल दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक राष्ट्र एक मंच जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए पारदर्शिता और सुगमता बढ़ाने के लिए विधान मंडलों और समितियों में प्रौद्योगिकी के अधिक उपयोग पर बल दिया। उन्होंने डिजिटल संसद जैसी पहलों पर प्रकाश डाला जिसका उद्देश्य संसद और विधान मंडलों को एक ही मंच पर लाया जा सकें।

सम्मेलन में छत्तीसढ़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह विधायी संस्थानों में संवाद और चर्चा-जन विश्वास का आधार जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम विषय अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। उनके संबोधन में लोकमंच की नींव माने जाने वाले संवाद बहस और सहमति की प्रक्रिया को जन अकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम कैसे बनाया जा सकता है, इस पर विशेष प्रकाश डाला जायेगा।

**कांकेर सांसद भोजराज नाग को ...**

सवाल उठाए। लेकिन कोर्ट ने इन तर्कों को खारिज करते हुए साफ कहा कि याचिका में ईवीएम में खराबी, वोट डेटा भेजने में देरी और मतगणना की गड़बड़ियों जैसे ठोस सबूत मौजूद हैं जो पूर्ण जांच के हकदार हैं।

यह मामला 18 जुलाई 2024 को कांकेर के निवासी बिरेश ठाकुर द्वारा शुरू हुआ जब उन्होंने सांसद नाग की जीत को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की। ठाकुर ने मांग की है कि चुनाव नतीजों को रद्द किया जाए, कई मतदान बूथों पर वोटों की दोबारा गिनती हो और 15 केंद्रों पर फिर से वोटिंग कराई जाए। उन्होंने गुण्डरदेही, डोंडी लोहारा जैसे इलाकों में वोटों के अंतर और डेटा में छेड़छाड़ की आशंका जताई है। कोर्ट ने पाया कि याचिका सभी जरूरी नियमों के अनुरूप है, ठाकुर के हस्ताक्षर हर पेज पर हैं और चुनाव आयोग को जोड़ने की कोई बाध्यता नहीं। अदालत ने सांसद नाग की आपत्तियों को कमजोर बताते हुए मामले को मेरिट पर चलने लायक ठहराया। अब इसकी अगली सुनवाई 3 नवंबर 2025 को तय की गई है। यह फैसला लोकसभा चुनावों की पारदर्शिता पर सवाल उठाता है और दिखाता है कि अदालतें ऐसी शिकायतों को हल्के में नहीं ले रही। कांकेर क्षेत्र के वोटरों के बीच यह मुद्दा अब और गरमाता नजर आ रहा है।

**कवासी लखमा की जमानत याचिका ...**

सह-अभियुक्तों जैसे अरुणपति त्रिपाठी, त्रिलोक सिंह ढिल्लन, अनिल टुटेजा व अरविंद सिंह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। ईडी ने जमानत का सख्त विरोध किया और बताया कि लखमा मामले में मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं, उनकी रिहाई से जांच बाधित हो सकती है। कोर्ट ने ईडी के तर्क से सहमत होते हुए याचिका नामंजूर की। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के समय 3200 करोड़ रुपये के आबकारी घोटाले में ईडी ने पूर्व मंत्री लखमा, भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल, पूर्व आईएएस अधिकारी और कई व्यापारियों को गिरफ्तार किया है। मामला अभी भी जांच के दायरे में है।

## आज का इतिहास

1791-फ्रांस के राजा लुई14वें ने नया संविधान अंगीकार किया।
1882-एंग्लो-मिस्र युद्ध- तेल अल केबिर की लड़ाई लड़ी गई।
1914-प्रथम विश्व युद्ध- जर्मनी और फ्रांस के बीच एस्ने की लड़ाई शुरू हुई।
1922-पोलैंड की संसद ने जिडायनिया बंदरगाह निर्माण अधिनियम पारित कर दिया गया।
1923-स्पेन में सैन्य तख्ता पलट। मिगेल डे प्रिमो रिवेरा ने सत्ता संभाली और तानाशाह सरकार की स्थापना की। ट्रेड यूनियनों को 10 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया।
1926-भारत की महिला क्रांतिकारी नगेन्द्र बाला का जन्म।
1947-प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने 40 लाख हिंदुओं और मुसलमानों के पारस्परिक स्थानांतरण का सुझाव दिया।
1948-उप प्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल ने सेना को हैदराबाद में घुस कर कार्रवाई करने और उसे भारतीय संघ के साथ एकीकृत करने का आदेश दिया।
1968-अल्बानिया वारसॉ संधि से अलग हुआ।
1969-ऑस्ट्रेलिया के ख्याति प्राप्त क्रिकेट खिलाड़ी शेन वॉर्न का जन्म।
1973-भारतीय अभिनेत्री महिमा चौधरी का जन्म।
1997-भारतीय हिन्दी फ़िल्मों के मशहूर गीतकार, शायर अंजान का निधन।
2000-भारत के विश्वनाथन आनन्द ने शेनयांन में पहला फ़िडे शतरंज विश्व कप जीता।
2001-ओसामा बिन लादेन को पकड़ने हेतु अमेरिका द्वारा पाकिस्तान पर दबाव डाला गया।
2002-इस्रायल ने फ़िलिस्तीन अधिकृत गाजा पट्टी पर हमला किया।

## दुनिया को जानें

### अल्बानिया ने दुनिया का पहला एआई-जेनरेटेड मंत्री किया नियुक्त

**तिराने,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। अल्बानिया ने देश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के उद्देश्य से बड़ा प्रयोग किया है। देश ने दुनिया का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जेनरेटेड मंत्री नियुक्त किया है। अल्बानिया के प्रधानमंत्री एडी रामा ने अपने मंत्रिमंडल में डिजिटल मंत्री को शामिल किए जाने की घोषणा की। इस डिजिटल सहायक का नाम 'डिएला' है। जिसका अर्थ 'सूरज' होता है। यह जनवरी से ही लोगों से ऑनलाइन सरकारी सेवाओं का उपयोग करने का तरीका पूछ रहा है। यूरो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को एडी रामा ने कहा कि डिएला पहली [सरकारी] सदस्य हैं जो शारीरिक रूप से मौजूद नहीं हैं, बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा आभासी रूप से इन्हें रचा गया है। उन्होंने कहा कि डिएला को सार्वजनिक निविदाओं से संबंधित सभी निर्णय लेने की जिम्मेदारी दी गई है, ताकि उन्हें 100 प्रतिशत भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि निविदा प्रक्रिया में जमा किया गया प्रत्येक सार्वजनिक धन पूरी तरह से पारदर्शी होगा।



# खेल जगत

## भारत-पाकिस्तान मुकाबले में मानसिक दबाव दोनों टीमों पर होगा : चंचल भट्टाचार्य

**रांची।** एशिया कप 2025 में भारत-पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को हाई-वोल्टेज मैच खेला जाना है। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के बचपन के कोच चंचल भट्टाचार्य मानते हैं कि मुकाबले को लेकर दोनों ही टीमों पर मानसिक दबाव होगा। हालांकि, इस हाई-वोल्टेज मैच में उन्होंने भारत के पलड़े को भारी बताया है। चंचल भट्टाचार्य ने आईएएनएस से कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच लंबे अंतराल के बाद क्रिकेट मुकाबला खेला जाएगा। यह मुकाबला न्यूट्रल वेन्यू पर होगा। ऐसे में इस मुकाबले का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। जहां तक टीम का सवाल है, आपने देखा ही होगा कि पहले मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम में कुछ अनुभवी और कुछ युवा खिलाड़ियों का मिश्रण है।



# सुपर-4 में भारत का सामना जापान से

## भारत की कोशिश महिला हॉकी एशिया कप फाइनल में स्थान बनाने की



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। आक्रामक मिडफील्डर सलीमा टेटे की अगुआई वाली भारतीय टीम को हांगजू (चीन) में चल रहे महिला हॉकी एशिया कप के फाइनल में चीन से भिड़ने का हक हासिल करने के लिए जापान के खिलाफ हांगजू(चीन) में शनिवार को अपना मैच ड्रॉ कराना ही काफी होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम की कोशिश जापान से अपना आखिरी सुपर 4 मैच जीत दूसरी जीत के साथ दूसरे स्थान पर रह कर फाइनल में पहुंचने की होगी। भारत ने जापान से अपना पूल मैच दो दो से ड्रॉ खेला था। भारत के लिए सबसे ज्यादा छह गोल दागने वाली नौजवान स्ट्राइकर मुमताज खान और अनुभवी पांच गोल कर गोल कर दूसरे स्थान पर चल रही अनुभवी नवनीत कौर,

■ **भारत को जीत है तो मुमताज, नवनीत व संगीता को आक्रामक खेल दिखाना होगा**

संगीता कुमारी के साथ आक्रामक सेंटर हाफ ललरेमसियामी और शर्मिला कुमारी के साथ आक्रामक खेल दिखाना होगा।

भारत के चीफ कोच हरेन्द्र सिंह का अपनी टीम को लेकर दर्शन ही यही है कि आक्रमण ही सर्वश्रेष्ठ रक्षण है। दरअसल भारत की गोलरक्षक बिच्छू देवी खरीबम को अनुभवी गोलरक्षक सविता का चोट के चलते बाहर होना बुरी तरह अखर रहा है। अनुभवी गोलरक्षक सविता की गैरमौजूदगी में गोलरक्षक की जिम्मेदारी संभाल रही बिच्छू देवी का खेल उनसे बेहद कमजोर रहा है। बिच्छू देवी भारत के लिए सुपर 4 में दक्षिण कोरिया और चीन के खिलाफ ने जिस तरह आसान गोल खाए और उनसे जरूर जापान के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन की भारत आस करेगा।भारत की रक्षापंक्ति में उदिता, निकी प्रधान और इशिका चौधरी की कोशिश चीन की स्ट्राइकर हिरोका मूरियामा , कप्तान अमीरू शिमादा के साथ चिको फुजीबियाशी को अपनी डी के बाहर ही रोकना होगा।

ऑलराउंडर दीपिका, सुशीला चानू और गोलरक्षक सविता के चोट के चलते एशिया कप से बाहर होने से भारत के चीफ कोच हरेन्द्र सामने एशिया कप के लिए एक संतुलित टीम का चयन बड़ी चुनौती था। भारत की रक्षापंक्ति में खासतौर पर उदिता को जापान के खिलाफ उसकी स्ट्राइकर को अपने गोल तक पहुंचने से रोकने के लिए मुस्तैदी दिखाने के साथ बेवजह कार्ड लेने से बचना होगा। भारत ने सुपर 4 में अपना अभियान दक्षिण कोरिया पर 4-2 से जीत के साथ शुरू किया लेकिन अपने दूसरे मैच में मेजबान चीन से 1-4 से हार गया। भारत सुपर 4 में एक जीत और एक हार के साथ तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि मेजबान चीन की महिला टीम अपने दोनों मैच जीत छह अंको के साथ सबसे पहले फाइनल में स्थान पहुंच चुकी। अब चीन की टीम दक्षिण कोरिया से अपना तीसरा और आखिरी सुपर 4 मैच भी अजेय रहने की कोशिश मे होगी। जापान और दक्षिण कोरिया ने अपना सुपर 4 मैच एक एक गोल से ड्रॉ खेल अंक बांटे हैं।

# नीरज चोपड़ा टोक्यो में खिताब बचाने उतरेंगे

## विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप



**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा शनिवार से जापान की राजधानी टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे। भारतीय दल में अन्नू रानी, अनिमेष कुजूर जैसे एथलीट शामिल हैं। नीरज चोपड़ा गत चैंपियन हैं। दो साल पहले बुडापेस्ट में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में उन्होंने गोल्ड जीता था। नीरज पुरुषों की विश्व भाला फेंक स्पर्धा में गोल्ड जीतने वाले पहले एशियाई एथलीट बने थे।

चोपड़ा ने साल की शुरुआत में दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर भाला फेंक राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। इस सीजन में टोक्यो में जर्मनी के जूलियन वेबर और ब्राजील के लुईज दा सिल्वा के बाद वह तीसरे स्थान पर हैं। वेबर ने दोहा में 91.51 मीटर दूर भाला फेंककर नीरज को हराया था। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव भी भाग ले रहे हैं। यह पहली बार होगा जब भारत विश्व चैंपियनशिप में एक ही स्पर्धा में चार एथलीट उतारेगा। भारत के एथलेटिक्स दल में 14 पुरुष और पांच महिलाएं शामिल हैं, जो 15 स्पर्धाओं में पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। उभरते हुए धावक अनिमेष कुजूर पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में भाग लेकर इस वैश्विक प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय धावक बनेंगे।

इस युवा धावक ने इस साल 100 और 200 मीटर, दोनों के राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े हैं। लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर और एशियाई खेलों की महिला भाला फेंक चैंपियन अन्नू रानी से भी जापान में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। त्रिकूद के खिलाड़ी अब्दुल्ला अबूबकर, प्रवीण चित्रवेल और सर्वेश कुशारे, स्टीपलचेजर पारुल चौधरी, बाधा दौड़ के एथलीट तेजस शिरसे, लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह गुलवीर टोक्यो जाने वाले दल के अन्य प्रमुख नामों में शामिल हैं। भारतीय एथलीटों ने अब तक विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में केवल तीन पदक जीते हैं। अंजू बॉबी जॉर्ज ने पेरिस में 2003 में लंबी कूद में कांस्य पदक जीता। इसके बाद नीरज चोपड़ा ने ओरेगन 2022 में भाला फेंक में रजत पदक और फिर बुडापेस्ट में स्वर्ण जीता था।




## हॉकी दिग्गजों ने पंजाब हॉकी लीग को सराहा

**मोहाली।** राउंडग्लास और हॉकी पंजाब के संयुक्त आयोजन में चल रही पंजाब हॉकी लीग (पीएचएल) को भारत के महान हॉकी खिलाड़ियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उनका मानना है कि यह लीग देश में खेल का भविष्य बदल रही है। 30 लाख रुपये की इनामी राशि जो भारत में जूनियर हॉकी के लिए अब तक की सबसे बड़ी रकम है, और देशभर की टीमों की भागीदारी के साथ, पीएचएल ने जमीनी स्तर के विकास में नए मानक स्थापित कर दिए हैं। भारत के पूर्व फॉरवर्ड और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित प्रभजोत सिंह ने टूर्नामेंट के पैमाने और दृष्टिकोण की सराहना करते हुए इसे ''युवाओं के लिए सबसे बड़ा मंच बताया। उन्होंने कहा,''यह लीग, जो राउंडग्लास और हॉकी पंजाब ने शुरू की है, शानदार पहल है। जब ऐसी लीग होती है, तो सभी जूनियर्स को मौका मिलता है। साथ ही इसमें 30 लाख रुपये की बड़ी इनामी राशि भी है। यह खिलाड़ियों के लिए बड़े टूर्नामेंट की तैयारी का शानदार प्लेटफॉर्म है।2001 जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप विजेता और दो बार एशिया कप जीत चुके प्रभजोत ने यह भी जोर दिया कि लीग के हर साल आयोजित होने से युवाओं को स्पष्टता और प्रेरणा मिलती है।उन्होंने कहा कि पहले खिलाड़ियों को यह नहीं पता होता था कि कौन-सा टूर्नामेंट खेलना है।

## आईसीसी महिला वन डे क्रिकेट विश्व कप 2025

# भारत और श्रीलंका के मैच 5 स्थानों पर

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। भारत 30 सितंबर से 2 नवंबर तक श्रीलंका के साथ मिल कर 13 वें आईसीसी महिला वन डे क्रिकेट विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा। भारत चौथी बार इसकी मेजबानी करेगा। आईसीसी महिला वन डे क्रिकेट विश्व कप का उदघाटन मेजबान भारत और सह मेजबान श्रीलंका के बीच बरसापाड़ा स्टेडियम, गुवाहाटी में 30 सितंबर को खेला जाएगा। फाइनल 2 नवंबर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान यदि फाइनल मे पहुंचते हैं तो फिर फाइनल कोलंबो में खेला जाए। पांच हफ्तों तक चलने वाले आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट के मैच पांच स्थानों- भारत में -डीवाई पाटील स्टेडियम (नवी मुंबई), असम क्रिकेट एसोसिएशन( गुवाहाटी),एसीए वीडीसीए स्टेडियम(विशाखापट्टनम), होल्कर स्टेडियम (इंदौर) तथा श्रीलंका में कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जाएंगे। इसके 31 मैच भारत और श्रीलंका में पांच स्थानों पर खेले जाएंगे।

■ **भारत-श्रीलंका के बीच उदघाटन मैच 30 को गुवाहाटी में**




**एक सेमीफाइनल सहित 5 मैच डी वाई पाटील स्टेडियम, नवी मुंबई में**

डी वाई पाटील स्टेडियम, नवी मुंबई : देश के पश्चिम में स्थित डीवाई पाटील स्टेडियम, नवी मुंबई में 2008 से मैच हो रहे हैं। इसमें 45300 दर्शक बैठ सकते हैं और भारत का नौंवा सबसे बड़ा स्टेडियम है और यह कई बड़े टूर्नामेंटों की मेजबानी कर चुका है। नवी मुंबई स्थित इस मैदान पर आईपीएल 2008 का फाइनल आयोजित किया गया था। इस मैदान पर2022 में तब पहली बार महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच आयोजित किया गया जब भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी 20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला। इस मैदान पर अगले बरस भारत और इंग्लैंड के बीच महिला टेस्ट मैच भी खेला गया। डीवाई पाटील स्टेडियम, नवी मुंबई 2022 के आईसीसी महिला क्रिकेट वन डे विश्व कप 2025 के एक सेमीफाइनल सहित पांच मैचों की मेजबानी करेगा।

**उदघाटन मैच व संभवत: एक सेमीफाइनल सहित 5 मैच गुवाहाटी में**

असम क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, गुवाहाटी : आईसीसी महिला वन डे क्रिकेट विश्व कप 2025 में इस्तेमाल किया जाना सबसे बड़ी 46 हजार के दर्शक क्षमता वाला मैदान है असम क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम , गुवाहाटी। भारत के पूर्वोत्तर असम स्थित इस मैदान में 2012 में पहली बार पुरुष और महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों के साथ आईपीएल मैच भी आयोजित किए गए। यह 2017 में तब भारत में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच आयोजित करने वाला 49 वां मैदान बन गया जब भारत की पुरुष टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी की।

## आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी टूर का विशाखापत्तनम दौरा पूरा हुआ

**विशाखापत्तनम।** डीपी वर्ल्ड के साथ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 ट्रॉफी टूर का विशाखापत्तनम दौरा पूरा हुआ, जिसमें महिला क्रिकेट की भावना का जश्न मनाया गया और आगामी वैश्विक आयोजन के लिए उत्सुकता पैदा की गई। यह दौरा 7 सितंबर को एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में शुरू हुआ, जो विश्व कप के पांच आयोजन स्थलों में से एक है, जहां आंध्र क्रिकेट संघ के वरिष्ठ अधिकारियों - जिनमें सचिव सना सतीश बाबू और संयुक्त सचिव बोयाला विजय कुमार शामिल थे-ने प्रतिष्ठित ट्रॉफी का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में राज्य की 70 महिला क्रिकेटरों ने एक साथ आकर अगली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का एक क्षण प्रदान किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के लिए मीडिया से बातचीत और तस्वीरें खिंचवाने के अवसर भी शामिल थे। एक विशेष आकर्षण में, स्टेडियम की 12 ग्राउंडवुमैन ने ट्रॉफी के साथ पोज दिया और उसे करीब से देखा। ट्रॉफी को अपने छह दिवसीय दौरे के दौरान विशाखापत्तनम के कुछ सबसे प्रतिष्ठित स्थलों पर प्रदर्शित किया गया, जिनमें आईएनएस कुरुसुरा पनडुब्बी संग्रहालय, विशाखापत्तनम बंदरगाह, पुराना शहर, वीएमआरडीए पार्क, जगदम्बा जंक्शन और आरके बीच शामिल हैं। इसका एक उल्लेखनीय क्षण कैलासगिरी स्थित ग्लास ब्रिज-भारत का सबसे लंबा ग्लास स्काईवॉक-का दौरा था। डीपी वर्ल्ड के साथ ट्रॉफी टूर ने टिम्पनी स्कूल, भारतीय विद्या भवन पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय और श्री बसारा लीड्स इंटरनेशनल स्कूल सहित स्थानीय स्कूलों का भी दौरा किया।

## सार संक्षेप

### त्राब्जोंसपोर में शामिल हुए आंद्रे ओनाना

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड के गोलकीपर आंद्रे ओनाना 2025/26 सीजन के लिए तुर्की के फुटबॉल क्लब त्राब्जोंसपोर में लोन पर शामिल हो गए हैं, जो अंतरराष्ट्रीय क्लीयरेंस और रजिस्ट्रेशन पर निर्भर है। यह डील शुक्रवार को तुर्की की ट्रांसफर विंडो बंद होने से पहले पूरी कर ली गई। त्राब्जोंसपोर ने प्रेस रिलीज में कहा कि मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ समझौता हो गया, जिसके तहत पेशेवर फुटबॉलर आंद्रे ओनाना का 2025-26 सीजन के लिए फ्री टेंपरेरी ट्रांसफर हमारे क्लब में किया गया है। कैमरून के 29 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने जुलाई 2023 में इटली के दिग्गज क्लब इंटर से जुड़ने के बाद रेड्स की ओर से 102 मैच खेले हैं। ओनाना ने मैनचेस्टर में अपने पहले सीजन के दौरान सिर्फ एक मैच को छोड़कर शेष सभी मुकाबलों में हिस्सा लिया। उन्होंने वेम्बली में मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ फाइनल में शानदार टीम प्रदर्शन के दम पर एफए कप जीतकर सीजन का अंत किया। 2024/25 सीजन में भी वह पहली पसंद के गोलकीपर बने रहे।

### मूसलाधार बारिश से जम्मू-कश्मीर क्रिकेट ग्राउंड प्रभावित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में 26 अगस्त को हुई मूसलाधार बारिश से जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन का ग्राउंड प्रभावित हो गया, जिसके बाद यहां खेले जाने वाले रणजी ट्रॉफी और सीके नायडू ट्रॉफी मुकाबले प्रभावित हो सकते हैं। बाढ़ से बर्बाद हुए ग्राउंड को एक बार फिर बेहतर बनाने की कोशिश की जा रही है। इस बीच खिलाड़ियों के कैंप को श्रीनगर शिफ्ट करना पड़ा। खिलाड़ियों की तैयारी प्रभावित न हो, इसके लिए कुछ ग्राउंड्स किराए पर लिए गए हैं। जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य ब्रिगेडियर अनिल गुप्ता ने आईएएनएस को बताया कि काफी मेहनत से इसका पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया था। नई घास लगाई गई थी, लेकिन कुदरत के कहर के सामने किसी की नहीं चलती। 26 सितंबर को यहां बाढ़ आई, जिसके चलते ग्राउंड के दोनों तरफ नाले टूट गए और मलबे के साथ पानी मैदान में आ गया। अनिल गुप्ता ने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि हम कुदरत की मार का सामना करते हुए इसे फिर से बेहतर स्थिति में लाने की कोशिश करेंगे, ताकि किसी भी खिलाड़ी को मुश्किलों का सामना न करना पड़े।

## हांगकांग ओपन : सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची

**हांगकांग,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विक रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने हांगकांग ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार को मलेशिया के आरिफ जुनैदी और रॉय किंग याप पर जीत के साथ भारतीय जोड़ी ने हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल जगह बनाई। हाल ही में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली दुनिया की आठवें नंबर की भारतीय जोड़ी ने 64 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 21-14, 20-22, 21-16 से जीत हासिल की। भारतीय जोड़ी ने मैच की शुरुआत सतर्कता से की और बड़े स्मैश, तेज इंटरसेप्शन के साथ पहला गेम 21-14 से अपने नाम कर लिया। मलेशियाई जोड़ी ने दूसरे गेम में प्रभावशाली रक्षात्मक कौशल का प्रदर्शन करते हुए भारतीय जोड़ी पर दबाव बनाया। रोमांचक रहे दूसरे गेम को मलेशियाई जोड़ी ने 22-20 से अपने नाम किया। तीसरे गेम में सात्विक और चिराग ने आक्रामक खेल दिखाया और 21-16 से जीत हासिल करते हुए मैच अपने पक्ष में कर लिया। इस जीत के साथ, भारतीय जोड़ी ने लगातार दूसरे सुपर 500 सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



■ **भारतीय जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 21-14, 20-22, 21-16 से जीत हासिल की**

### दलीप ट्रॉफी फाइनल

## पाटीदार का शतक

**बेंगलुरु,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। सेंट्रल जोन के कप्तान रजत पाटीदार ने दलीप ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में शतक जड़ते हुए टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया है। यश राठौड़ के साथ शानदार साझेदारी करते हुए उन्होंने टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया है।

रजत पाटीदार 115 गेंदों में 101 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने इस पारी में दो छक्के और 12 चौके लगाए। बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर जारी इस खिताबी मुकाबले में टॉस हारकर बल्लेबाजी के लिए उतरी साउथ जोन की टीम महज 149 रन पर सिमट गई। इस टीम को 27 के स्कोर पर मोहित काले (9) के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद टीम के लिए संभलना मुश्किल हो गया। साउथ जोन यहां से लगातार विकेट गंवाती गई। टीम के लिए तन्मय अग्रवाल ने 76 गेंदों में तीन चौकों की मदद से सर्वाधिक 31 रन बनाए। सलमान निजार ने 24 रन टीम के खाते में जोड़े, जबकि अंकित शर्मा ने 20 रन जुटाए।

## पाकिस्तान भारत की चुनौती के लिए तैयार है : हेसन

**दुबई,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। क्रिकेट में, भारत बनाम पाकिस्तान से बड़ा कोई मुकाबला नहीं है। कोई भी मुकाबला ज्यादा लोगों का ध्यान आकर्षित नहीं करता, कोई भी ज्यादा चर्चा पैदा नहीं करता और कोई भी ज्यादा गहरी भावनाओं को नहीं जगाता। इसलिए ओमान के खिलाफ एशिया कप के अपने पहले मुकाबले की पूर्व संध्या पर, यह स्वाभाविक ही था कि प्रचलित चर्चा उनके आगामी मैच के बारे में नहीं, बल्कि उसके बाद होने वाले मैच के बारे में थी। वास्तव में, यह बात तब स्पष्ट हो गई जब पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन ने पाकिस्तान के पहले मैच से पूर्व मीडिया को संबोधित किया। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि मौजूदा विश्व चैंपियन और नंबर 1 टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीम भारत, जीत की प्रबल दावेदार है, लेकिन हेसन ने आगे की चुनौती को स्वीकार किया और कहा कि उनकी टीम इसके लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि भारत अपने प्रदर्शन को देखते हुए बेहद आत्मविश्वास से भरा हुआ है, और यह सही भी है।



## मुकाबला जल्द खत्म करने से ज्यादा जरूरी उसे जीतना : तौहीद

**आबू धाबी।** बांग्लादेश ने हांगकांग के खिलाफ एशिया कप 2025 के तीसरे मुकाबले को सात विकेट से जीता। मध्यक्रम के बल्लेबाज तौहीद हृदोय ने हांगकांग के विरुद्ध लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की धीमी बल्लेबाजी का बचाव किया है। तौहीद के मुताबिक उनकी टीम नेट रन-रेट पर ध्यान देने के बजाय मैच जीतने पर ज्यादा केंद्रित थी। बांग्लादेश की टीम को हांगकांग के खिलाफ जीत के लिए 144 रन का आसान टारगेट मिला था। टीम ने 14 गेंदें शेष रहते मुकाबला अपने नाम किया। ग्रुप-बी की प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर मौजूद अफगानिस्तान (4.70 नेट रन रेट) से आगे निकलने के लिए, बांग्लादेश को 12 से कम ओवरों में जीत दर्ज करनी थी।

# रैपिड फायर पिस्टल : भावेश शेखावत ने बनाई मजबूत पकड़

**निंगबो,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत के भावेश शेखावत ने चीन के निंगबो में जारी आईएसएसएफ वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल के चौथे दिन शानदार प्रदर्शन किया और पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल (आरपीएफ) क्वालिफिकेशन के पहले चरण में तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने हुए हैं। हालांकि, महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन्स में भारत की चुनौती खत्म हो गई, क्योंकि कोई भी भारतीय निशानेबाज फाइनल राउंड तक नहीं पहुंच सका। आरपीएफ इवेंट में भावेश ने 97, 99 और 97 की सीरीज के साथ कुल 293-93 का स्कोर किया और तीसरे स्थान पर रहे। जर्मनी के इमैनुएल मुलर 295-123 के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि फ्रांस के क्लेमेंट बेसागुए 294-113 के साथ दूसरे स्थान पर हैं। अन्य भारतीयों में प्रदीप सिंह शेखावत 288-83 (98, 95, 95) के साथ 24वें और मनदीप सिंह 272-53 (93, 91, 88) के साथ 43वें स्थान पर हैं।

महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन्स फाइनल में विश्व नंबर-1 नॉर्वे की जेनेट हेग डुएस्टाड ने 466.2 अंक के साथ प्रतियोगिता का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक जीता था।



■ **जर्मनी के इमैनुएल मुलर 295-123 के स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं**

## विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में दो पदकों के साथ भारत का अभियान हुआ समाप्त



**ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया)।** विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 में शुक्रवार को भारत की गाथा खडके रिकर्व के प्री क्वार्टर फाइनल में तीन बार की ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया की लिम सी-ह्योन से हार गई। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत का अभियान दो पदकों के साथ समाप्त हो गया। भारत ने टूर्नामेंट में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। 15 वर्षीय किशोरी गाथा खडके का रिकर्व के प्री-क्वार्टर फाइनल में विश्व की नंबर वन और तीन बार की ओलंपिक चैंपियन घरेलू पसंदीदा लिम सी-ह्योन से 6-0 से हराया। विश्व चैंपियनशिप में यह तीसरी बार है जब भारत रिकर्व में पदक नहीं जीत पाया। रिकर्व में तीरंदाजी का आखिरी पदक 2019 में आया था जब तरुणदीप राय, अतनु दास और प्रवीण जाधव की पुरुष टीम डेन बॉश में फाइनल में पहुंची थी। विश्व चैंपियनशिप में छठी बार खेल रही चार बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी कल महिला व्यक्तिगत रिकर्व तीरंदाजी के तीसरे दौर में इंडोनेशिया की दियानंदा चोइरुनिसा से 6-4 से हार गईं।

## 19 से 22 सितम्बर के बीच हल्द्वानी में एशियन कैडेट कप फेंसिंग चैम्पियनशिप

**हल्द्वानी,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। हल्द्वानी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 19 से 22 सितंबर तक एशियन कैडिट कप तलवारबाजी (फेंसिंग) प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें भारत सहित 18 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस खेल प्रतियोगिता के मद्देनजर ऑल इंडिया फेंसिंग एसोसिएशन तैयारी में जुटा हुआ है। उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी के बीच नेशनल गेम्स 2025 का आयोजन हुआ था। नेशनल गेम्स के सफल आयोजन के बाद अब उत्तराखंड के प्रति खिलाड़ियों और खेल आयोजकों की रुचि देखी जा रही है। उत्तराखंड की खेल व्यवस्थाओं को देखते हुए अब यहां पर कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता एशियाई फेंसिंग परिसंघ (एफसीए) की ओर से आयोजित की जा रही है, जिसमें एशिया के विभिन्न देशों के तलवारबाज हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता में भारत सहित मंगोलिया, ईरान, बहरीन, इराक, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, मलेशिया, फिलीपींस, उज्बेकिस्तान, थाईलैंड, ब्रुनेई दारुस्सलाम, सीरिया, ऑस्ट्रेलिया, तुर्कमेनिस्तान, लेबनान, ताजिकिस्तान और श्रीलंका हिस्सा लेंगे।

## सुडोकू 7033 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 3 | 8 | 5 | 2 | 9 | 1 | 6 | 7 | 4 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 8 |
| 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 3 | 6 | 2 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 |

## सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बीईएल | 3.67 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 3.41 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.38 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.64 प्रतिशत |
| मारुति सुजुकी | 1.51 प्रतिशत |

## सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इटरनल | 2.01 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलिवर | 1.43 प्रतिशत |
| ट्रेंट | 0.79 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.61 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.51 प्रतिशत |

## सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,09,097 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,24,499 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7965.22 |
| मसूर काली | 8170.57 |
| उड़द दाल | 10438.89 |
| मूंग दाल | 10095.60 |
| अरहर दाल | 10644.93 |

**नई दिल्ली।** फोनपे पेमेंट गेटवे ने वाधवानी फाउंडेशन के दो प्रमुख कार्यक्रमों लिफ्टऑफ और एक्सेलरेट को अपने डिजिटल भुगतान समाधानों और इंडस ऐप स्टोर के साथ जोड़ने के लिए एक करार किया है।

# [ अर्थ जगत ]

### अमेरिकी शुल्क की घोषणा से एमएसएमई पर बढ़ा खतरा

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क की घोषणा से खतरा मंडराने लगा है। देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक योगदान करने वाले इस क्षेत्र के सामने बड़ी आफत आ खड़ी हुई है। एमएसएमई उद्योग संगठनों ने अमेरिकी कदम का बड़ा असर होने की चिंता जताई है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष ने कहा कि शुल्क बढ़ने से सालाना 30 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार खटाई में पड़ने की आशंका है।



# वित्त वर्ष 26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान : क्रिसिल

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वित्त वर्ष 26 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। साथ ही इस दौरान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) रेपो रेट में भी कटौती कर सकता है। यह जानकारी क्रिसिल की रिपोर्ट में दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका द्वारा भारत पर वर्तमान में लगाया गया 50 प्रतिशत टैरिफ निर्यात और जीडीपी वृद्धि पर दबाव डालेगा। हालांकि, ब्याज दरों में कटौती, अच्छी बारिश, कम मुद्रास्फीति और कर राहत से उपभोग को बढ़ावा मिलेगा। रिपोर्ट में कहा गया कि रेपो रेट में कटौती और कैश रिजर्व रेश्यो में 100 आधार अंक की कटौती (जो कि सितंबर और दिसंबर में लागू होगी) चालू वित्त वर्ष में मौजूदा वित्तीय परिस्थितियों में समर्थन प्रदान कर सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक उथल-पुथल को देखते हुए पूंजी प्रवाह में अस्थिरता हो सकती है, जिससे अल्पावधि में रुपया दबाव में रह सकता है। क्रिसिल ने उम्मीद जताई कि आरबीआई मौद्रिक नीति कमेटी (एमपीसी) चालू वित्त वर्ष में एक बार फिर ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले छह महीनों (फरवरी-जुलाई) से महंगाई आरबीआई के 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे बनी हुई है। अच्छे कृषि उत्पादन से खाद्य मुद्रास्फीति के कम रहने की उम्मीद है। 29 अगस्त तक, खरीफ की बुवाई पिछले साल की तुलना में 2.9 प्रतिशत अधिक रही।

ज्यादा बारिश के कारण कुछ फसलों की पैदावार पर दबाव पड़ सकता है। कमोडिटी की कम कीमतों का मतलब गैर-खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी होगी। कम जीएसटी दरों के कारण भी इस वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति में गिरावट आने की संभावना है।




- आरबीआई एक बार फिर कर सकता है रेपो रेट में कटौती
- जीएसटी दरों से इस वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति में गिरावट आने की संभावना

## ईईपीसी इंडिया ने की किफायती एक्सपोर्ट फाइनेंस की मांग

**नई दिल्ली।** ईईपीसी इंडिया ने केंद्र सरकार से ब्याज समानीकरण योजना (आईईएस) को बहाल करने, किफायती एक्सपोर्ट फाइनेंस सुनिश्चित करने और भारत से इंजीनियरिंग निर्यात पर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के एक हिस्से को वहन करने के लिए सहायता प्रदान करने का आग्रह किया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा के साथ एक बैठक में, ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष पंकज चड्ढा ने हाल ही में अमेरिकी टैरिफ के मद्देनजर इंजीनियरिंग क्षेत्र की कमजोरियों पर प्रकाश डाला और निर्यातकों के लिए उधारी लागत कम करने में सहायता की मांग रखी। चड्ढा ने कहा कि अमेरिका को भारत का इंजीनियरिंग निर्यात औसतन लगभग 20 अरब अमेरिकी डॉलर का है, जो अमेरिकी टैरिफ के अधीन भारत के कुल निर्यात का लगभग 45 प्रतिशत है। यह हमारे क्षेत्र की कमजोरियों और सरकारी समर्थन की तत्काल आवश्यकता को दर्शाता है। इस नुकसान को कम करने के लिए, उद्योग को कुछ क्षेत्रों में तत्काल सरकारी हस्तक्षेप की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ईईपीसी इंडिया सरकार से खासकर एमएसएमई के लिए या कम से कम इंजीनियरिंग क्षेत्र की एसएमई विनिर्माण इकाइयों के लिए आईईएस को बहाल करने का आग्रह करती है।




ईईपीसी इंडिया ने की आरबीआई के गवर्नर से मुलाकात

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर नौ सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5 सितम्बर को समाप्त में 4.038 अरब डॉलर बढ़कर नौ सप्ताह के उच्चतम स्तर 698.268 अरब डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे सप्ताह वृद्धि हुई है। इससे पहले, 29 अगस्त को समाप्त सप्ताह में यह 3.51 अरब डॉलर बढ़कर 694.23 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा योगदान विदेशी मुद्रा का रहा। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 5 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 3.53 अरब डॉलर बढ़कर 90.299 अरब डॉलर हो गया। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 54 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 584.477 अरब डॉलर पर रहा। विदेशी मुद्रा भंडार के अन्य घटकों में विशेष आहरण अधिकार 3.4 करोड़ डॉलर घटकर 18.742 अरब डॉलर रह गया जबकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 20 लाख डॉलर बढ़कर 4.751 अरब डॉलर हो गई।

## सिएट ने जीएसटी कटौती का फायदा ग्राहकों को देने का किया ऐलान

**नई दिल्ली,** 12 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत की दिग्गज टायर कंपनी सिएट लिमिटेड ने शुक्रवार को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों को ट्रांसफर करने का ऐलान किया। सिएट ने प्रेस रिलीज में कहा कि कंपनी जीएसटी का 100 प्रतिशत फायदा ग्राहकों को ट्रांसफर करेगी। कंपनी की ओर से अपने सभी उत्पादों पर जीएसटी में कटौती की गई है और नई कीमतें 22 सितंबर से लागू होंगी।

सरकार ने नए न्यूमेटिक टायरों पर जीएसटी को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि अब ट्रैक्टर टायरों और ट्यूबों पर पांच प्रतिशत जीएसटी दर लागू होगी।

सिएट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ अर्नब बनर्जी ने जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने को एक समयोचित और प्रगतिशील निर्णय बताया। बनर्जी ने कहा कि जीएसटी की कम दरों से टायर उद्योग और उपभोक्ताओं, दोनों को बहुत लाभ होगा। इससे विभिन्न क्षेत्रों के ग्राहकों के लिए वाहन के स्वामित्व और संचालन की लागत कम होगी और टायरों को बदलना अधिक किफायती हो जाएगा। उन्होंने कहा कि टायरों को समय पर बदलने से हमारी सड़कें भी सुरक्षित होंगी। इस कदम से इस क्षेत्र में सतत विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

प्रतिस्थापन मांग के चलते इस वित्तीय वर्ष में घरेलू टायर उद्योग में 7-8 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। शहरी मांग कम होने के बावजूद, प्रतिस्थापन मांग को अनुकूल ग्रामीण रुझान, त्योहारी मांग और उपभोग पर अपेक्षित ब्याज दरों में कटौती जैसे कारकों से समर्थन मिलने की संभावना है।




सभी सेगमेंट के टायरों की कीमतें कम होंगी


### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, GAYOOR MOHD KHAN S/O ZAHOOR MOHAMMAD KHAN resident of 186, SANJAY GANDHI WARD NO.-34, MAIN ROAD, BODHGHAT COLONY, JAGDALPUR, TEHSIL-JAGDALPUR, DISTRICT-BASTAR, (C.G.) 494001 have changed my old name GAYOOR MOHD KHAN S/O ZAHOOR MOHAMMAD KHAN so in future I should be recognized by my new name that is GAYOOR MOHAMMAD KHAN S/O ZAHOOR MOHAMMAD KHAN in all Government and other documents.

**GAYOOR MOHAMMAD KHAN**
186, SANJAY GANDHI WARD NO.-34, MAIN ROAD, BODHGHAT COLONY, JAGDALPUR, TEHSIL-JAGDALPUR, DISTRICT-BASTAR, (C.G.) 494001

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, POOJA D/O LAKHAN LAL resident of JAGANNATH NAGAR, PANDRI, RAIPUR, (C.G.) 492001 have changed my old name POOJA D/O LAKHAN LAL so in future I should be recognized by my new name that is POOJA NETAM D/O LAKHAN LAL in all Government and other documents.

**POOJA NETAM**
JAGANNATH NAGAR, PANDRI, RAIPUR, (C.G.) 492001

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MUKESH KUMAR CHANDRAVANSHI S/O CHANDRIKA PRASAD CHANDRAVANSHI resident of WARD NO 1,RAM NAGAR, KAWARDHA, KABIRDHAM, (C.G.) 491995 have changed my old name MUKESH KUMAR CHANDRAVANSHI S/O CHANDRIKA PRASAD CHANDRAVANSHI so in future I should be recognized by my new name that is MUKESH CHANDRAVANSHI S/O CHANDRIKA PRASAD CHANDRAVANSHI in all Government and other documents.

**MUKESH CHANDRAVANSHI**
WARD NO 1,RAM NAGAR, KAWARDHA, KABIRDHAM, (C.G.) 491995

### न्यायालय कु. रिद्धी बुरड, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

व्य.वा.क्रमांक 200 अ/2023 प्रोसेस क्रमांक 127/25
पेशी दिनांक 01.10.2025
मोहनी बाई वगैरह .......... वादीगण
विरूद्ध
छ.ग.शासन वगैरह .......... प्रतिवादीगण
बनाम,

श्रीमती प्रिया सिंह पति मनीष सिंह निवासी कबीर नगर, फेस-04, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)

वादीगण ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध दावा वास्ते घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा, कब्जा एवं हर्जाना प्राप्ति बाबत् प्रस्तुत किया है। जिसकी इस न्यायालय में पेशी तारीख 01.10.2025 नियत है। अत: आपको इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो इस न्यायालय में स्वय या ऐसे वकील द्वारा नियत पेशी दिनांक 01.10.2025 को उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत्त दित्त है. इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोट- यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो, प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 11 माह 09 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया ।

मुहर **( कु. रिद्धि बुरड )**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश, रायपुर ( छ.ग. )**

### NOTICE
### आम सूचना
**Notice hereby given that!**

MANAV PARKASH S/O OM PARKASH R/o. FLAT NO.: A- 103 , DOLPHIN PREMIUM PLAZA DALDAL SEONI-MOWA, RAIPUR (C.G.)

We are apply Indian Citizenship Under Section 6 (1) of Citizenship Act 1955. At Collector Raipur (C.G.) for Nuturalization should not be Granted Should send a written signed statement of the fact to collector Raipur within 15 days from the date of notice published in news paper.

मैं भारत में स्थाई रूप से निवास करना चाहता /चाहती हूँ। नागरिकता अधिनियम 1955 का पालन करूंगा/ करूंगी ।भारतीय नागरिकता मिलने के बाद भारत को अपना घर मानूंगा / मानूंगी ।

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 9696/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 12.09.25**

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर योजना के अन्तर्गत श्री फारूख खान पिता श्री मुन्ने खान को जनता मकान क्रमांक 61/3 क्षेत्रफल 430 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती की ओर से मुख्तयार आम श्री अरशद खान पिता श्री नन्हे खान द्वारा उक्त भूखण्ड/मकान को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड/मकान को फ्री- होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक ....... को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

### आम सूचना

(वाके मौजा ग्राम मोतीपुर, प.ह.नं. -06 रा.नि.मं. भिलाई-3 तहसील-पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित खसरा नंबर 812/2, 816/3, 856/15 का भाग, रकबा लगभग 36,000 वर्गफुट भूमि के संबंध में।

इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण एवं हर आम वो खास, बैंक, वित्तीय संस्थाएं, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्थाएं, महाजन, व्यक्ति, साहूकार इत्यादि समस्त को सूचित करता हूँ कि, मेरे पक्षकार संचय डेवलपर्स एण्ड प्रमोटर्स प्राय. लिमि., पता डी/12, गणेश मंदिर के पास, अनुपम नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा श्री पर्पीकू घोष, पता न्यू-शांतिनगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने एकमात्र स्वामित्व, हक, हित, आधिपत्य एवं कब्जे की वाके मौजा ग्राम मोतीपुर, प.ह.नं. 06, रा.नि.मं.-भिलाई-3, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित खसरा नंबर 812/2, 816/3, 856/15 का भाग, रकबा लगभग 36,000 वर्गफुट भूमि के संबंध में मेरे उपरोक्त पक्षकार ने क्रेता श्री राकेश चौधरी, पिता श्री जोगिन्द्र चौधरी, निवासी म.नं. 13-बी, स्ट्रीट नंबर 18, सेक्टर-07, सिविक सेन्टर, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) के पास विक्रय करने के संबंध में सौदा तय कर दिनांक 02.07.2025 को एक विक्रय इकरारनामा का निष्पादन किया गया था। जिसके विक्रय विलेख के निष्पादन व पंजीयन की कार्यवाही को निष्पादित, सम्पादित एवं पूर्ण रूप से क्रियान्वित करने हेतु मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि से संबंधित समस्त प्रकार के वांछित दस्तावेजों को प्राप्त कर एकत्रित कर लिया गया है किन्तु क्रेता श्री राकेश चौधरी के द्वारा उपरोक्त विक्रय इकरारनामा की शर्तों के अनुसार सौदे के विक्रय प्रतिफल की शेष रकम का भुगतान मेरे पक्षकार को किया जाकर विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन की कार्यवाही अपने पक्ष एवं नाम पर नहीं करवाया जा रहा है, अतः इस अंतिम आम सूचना के माध्यम से क्रेता श्री राकेश चौधरी, पिता श्री जोगिन्द्र चौधरी, निवासी म.नं. 13-बी, स्ट्रीट नंबर 18, सेक्टर-07, सिविक सेन्टर, भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) को 07 (सात दिवस) तक का समय प्रदान किया जा रहा है कि, वह उपरोक्त 07 (दिवस) तक की निर्धारित समय सीमा में इकरारशुदा भूमि के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन व सम्पादन अपने नाम से करवा लेवे अन्य दशा में मेरा उपरोक्त पक्षकार उक्त विक्रय इकरारनामा को निरस्त एवं शून्य घोषित करके इकरारशुदा भूमि को अन्य व्यक्ति, संस्था इत्यादि के पास विक्रय करने हेतु स्वतंत्र होगा । उपरोक्त विक्रय इकरारनामा दिनांक 02.07.2025 में खसरा नंबर 852/2 के स्थान पर टंकण त्रुटिवश खसरा नंबर 812/2 तथा खसरा नंबर 856/3 के स्थान पर खसरा नंबर 816/3 टाईप हो गया था, अतः उपरोक्त टंकण त्रुटि को सुधार कर खसरा नंबर 812/2 को सुधार कर उसे खसरा नंबर 852/2 2 तथा खसरा नंबर 816/3 को सुधार कर उसे खसरा नंबर 856/3 पढा, समझा व माना जावे ।

तद्नुसार सूचित हो ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक- 12.09.2025

**भवदीय**
**(बी. केशरवानी) अधिवक्ता**
**कार्यालय-वी.वी. विहार, गली नं. 3**
**मोवा, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.-97540 02330**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10
### आम सूचना

जारी दिनांक 20.12.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राखिल भगत पिता/पति राजेन्द्र प्रसाद भगत निवासी अरविंद दीक्षित वार्ड रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम टिकरापारा पटवारी हल्का नंबर 70 राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 196/2 रकबा 0.0940 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 11.04.2025 के परिपालन में दिनांक 24.09.2025 को समय 12 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 70 के टिकरापारा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-10**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10
### आम सूचना

जारी दिनांक 20.12.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राखिल भगत पिता/पति राजेन्द्र प्रसाद भगत निवासी सी-126 वल्लभ नगर वार्ड रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम टिकरापारा पटवारी हल्का नंबर 70 राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 369/55 रकबा 0.0140 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 11.04.2025 के परिपालन में दिनांक 24.09.2025 को समय 12 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 70 के टिकरापारा में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-10**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 13 भाठागांव, तह. जिला रायपुर छ.ग.
### आम सूचना

जारी दिनांक 12.09.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामप्रसाद कोहारे पिता पतिराम कोहारे निवासी सत्यम विहार रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम चंगोराभाठा प.ह.नं. 59 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-13 स्थित भूमि खसरा नंबर 198/4 रकबा 0.0110 हे. कुल खसरा क्रमांक 1 रकबा 0.0110 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 19.08.2025 के परिपालन में दिनांक 19.09.2025 को समय 12 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 59 के चंगोराभाठा स्थित पटवारी/राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-13 भाठागांव**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
### आम सूचना

जारी दिनांक 11.09.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका तिलचंद यादव पिता निदधु यादव निवासी मेट्रो ग्रीन सिटी 146 सड्डू रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम तुलसी प.ह.नं. 75 राजस्व निरीक्षक मंडल सेरीखेड़ी स्थित भूमि खसरा नंबर 305/2, 373/2 रकबा 0.024, 0.112 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. रायपुर के आदेश दिनांक 19.08.2025 के परिपालन में दिनांक 18.09.2025 को समय 11 बजे पश्चात किया जाना है। अत: उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो वह उक्त दिनांक समय तक पटवारी हल्का नंबर 75 के तुलसी स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**सेरीखेड़ी**

### न्यायालय तहसील धरसींवा जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.मा.क्र./अ/6 वर्ष 2024-2025
ग्राम बेन्दरी प.ह.नं. 30
रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली
तहसील धरसींवा, जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 11.09.2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा आयरन एण्ड प्रोफाईल एल.एल.पी. द्वारा पार्टनर सुरेश कुमार अग्रवाल पिता कृष्णा अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल पिता सुरेश कुमार अग्रवाल निवासी कृष्णाकुज मेन रोड, समता कालोनी रायपुर (छ.ग.) द्वारा त्रुटि सुधार बाबत् आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम बेन्दरी, प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली, तहसील धरसींवा जिला रायपुर में स्थित भूमि खाता क्रमांक 607 ख.नं. 95/27 रकबा 0.0250 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में भूमि स्वामी कंपनी का नाम श्री-कृष्णा आयरन एण्ड प्रोफाईल एल.एल.पी. द्वारा पार्टनर सुरेश कुमार अग्रवाल पिता कृष्णा अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल पिता सुरेश कुमार अग्रवाल दर्ज है। जिसे दिनांक 19.08.2025 को संशोधन पंजीयन के आधार पर श्री कृष्णा आयरन एण्ड प्रोफाईल एल.एल.पी. द्वारा पार्टनर सुरेश कुमार अग्रवाल पिता कृष्णा अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल पिता सुरेश कुमार अग्रवाल का संशोधन कर श्री शब्द को विलोपित कर कृष्णा आयरन एण्ड प्रोफाईल एल.एल.पी. द्वारा पार्टनर सुरेश कुमार अग्रवाल पिता कृष्णा अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल पिता सुरेश कुमार अग्रवाल निवासी कृष्णाकुंज मेन रोड, समता कालोनी रायपुर (छ.ग.) कर अभिलेख सुधार किये जाने का निवेदन किया गया है। अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख सुधार बाबत् आवेदन के संबध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 26.09.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 11.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार धरसींवा**

### न्यायालय नायब तहसील रायपुर तहसील व जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202509114900001/
अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम पुरैना प.ह.नं. 67
रायपुर, दिनांक 11.09.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती श्रद्धा उल्लास कोपुलवार पति श्री उल्लास कोपुलवार निवासी श्याम नगर पो.आ. रविग्राम रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम पुरैना प.ह. नं. 67 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि भूखण्ड क्रमांक 15 खसरा नंबर 263/1 रकबा 1500 वर्गफुट भूमि आवेदिका के द्वारा धारित किया जाता है। उक्त भूमि के संबंध में आवेदिका की सास रजनी कोपुलवार पति स्व. रामराव कोपुलवार के द्वारा निष्पादित पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 11.08.2016 के माध्यम से आवेदित प्रश्नाधीन भूमि को आवेदिका के पक्ष में वसीयत प्रदान किया है। आवेदिका की सास रजनी कोपुलवार पति स्व. रामराव कोपुलवार की मृत्यु दिनांक 01.04.2020 को हो गई है। अत: उक्त वसीयतनामा के आधार पर आवेदित प्रश्नाधीन भूमि को आवेदिका के नाम पर दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 26.09.2025 को इस न्यायालय में पेश करें । नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 11.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर**

### शपथ-पत्र

मैं, श्रीमती रंजना संघी (Ranjana Sanghi) उम्र-56 वर्ष पति श्री संजय कुमार संघी (Sanjay Kumar Sanghi) निवासी 160 क्रिस्ट ग्रीन कालोनी, दिशा कालेज के बाजू, कोटा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूँ:-

1. यह कि, मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य एवं सही है।
2 यह कि, विवाह के पूर्व मेरा नाम रंजना बजाज (Ranjana Bajaj ) आत्मजा आर.बी. बजाज (R.B.Bajaj) के नाम से जानी पहचानी एवं पुकारी जाती रही हूँ, तथा मेरा यहीं नाम मेरे समस्त शैक्षणिक रिकार्ड एवं बैंक ऑफ इंडिया के खाता में दर्ज है।
3 यह कि, मेरा विवाह श्री संजय कुमार संघी के साथ सम्पन्न होने के पश्चात् मेरा विवाह उपरांत नाम श्रीमती रंजना संघी (Ranjana Sanghi) पति श्री संजय कुमार संघी (Sanjay Kumar Sanghi) हो गया है जिसके कारण मेरे नाम से जारी आधार कार्ड क्र.-5957 4461 0659 एवं पेन कार्ड में मेरा यही नाम दर्ज है तथा अब मेरा यही नाम मेरे भविष्य के समस्त दस्तावेजो में दर्ज किये जाने तथा लिखे पढे, समझे एवं मान्य किये जाने हेतु नाम परिवर्तन की सूचना प्रकाशित किये जाने हेतु संपादित कर रही हूँ।

**शपथकर्ता**

### आम सूचना

मौजा - तेलीबांधा स्थित सृष्टि गार्डन आवासीय परिसर के चतुर्थ तल में स्थित फ्लैट ई-4 की रजिस्ट्री गुम हो जाने के सम्बन्ध में।

सर्वविदित हो कि मेरी पक्षकार श्रीमती चंद्रा गुहा पति श्री तपन कुमार गुहा निवासी रायपुर द्वारा तेलीबांधा स्थित बहुमंजिला इमारत सृष्टि गार्डन के चतुर्थ तल में स्थित फ्लैट ई -4 भूस्वामी हक में धारित किया जाता है । उक्त फ्लैट की रजिस्ट्री जो कि मेरे पक्षकार के नाम से है दिनांक 31.08.2025 को घर के सामान शिफ्टिंग में तेलीबांधा जाने वाले मार्ग में कहीं गिर गई है जिसका रजिस्ट्री दिनांक 7.12.2009 दस्तावेज क्रमांक 45572 है । उक्त रजिस्ट्री बहुत ढूंढने से भी नहीं मिल रही है। जिस किसी सज्जन को मिले उक्त फोन नंबर पर संपर्क करके दे देवे अत: उपरोक्त संपति के स्वत्व आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में कोई भी व्यक्ति / संस्था / बैंक / वित्तीय संस्थान इत्यादि से कोई भी व्यक्ति कोई भी संविदा / अबीमन्ट इत्यादि करता है वो सभी शून्य समझे जाएंगे । जो कि अवैध एवं शून्य होने से हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होंगे ।

सो सूचना जाने ।

**भुवनेश्वर मिश्रा ( अधिवक्ता )**
**मो.- 9407694023**

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**आवेदन क्रमांक 6497**
**क्रमांक 9734/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 12.09.25**

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व्यावसायिक परिसर (महालक्ष्मी मार्केट) योजनांतर्गत श्री रमेश कुमार अग्रवाल (एच.यू.एफ.) कर्ता श्री रमेश कुमार अग्रवाल पिता श्री रतीराम अग्रवाल को भूखण्ड क्रमांक 142 रकबा 968.40 वर्गफुट तीस वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती श्री रमेश कुमार अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 07.12.2024 को हो जाने के कारण एच.यू.एफ. कर्ता अर्थात् उनके पुत्र श्री सावरिया अग्रवाल पिता श्री रमेश कुमार अग्रवाल निवासी डी-218 सेक्टर 04, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) उक्त भूखण्ड के उत्तराधिकारी नामांतरण बाबत् द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड / मकान की नामांतरण अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर प्राधिकरण के प्रचलित नियमो के अनुसार आवेदन का निराकरण कर दिया जायेगा जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

जारी दिनांक 12.09.25

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 9735/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 12.09.25**

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व्यावसायिक परिसर (महालक्ष्मी मार्केट) योजनांतर्गत श्री रमेश कुमार अग्रवाल पिता श्री रतीराम अग्रवाल को भूखण्ड क्रमांक 156 क्षेत्रफल 968.40 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती श्री रमेश कुमार अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 07.12.2024 हो जाने के कारण उक्त भूखण्ड को अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 18.02.2024 के आधार पर पुत्र श्री सावरिया अग्रवाल पिता श्री रमेश कुमार अग्रवाल निवासी डी-218 सेक्टर 04, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड की नामांतरण अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर प्राधिकरण के प्रचलित नियमो के अनुसार आवेदन का निराकरण कर दिया जायेगा जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

जारी दिनांक 12.09.2025

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

### न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा, जिला रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.मा.क्र./अ/6 वर्ष 2024-2025
ग्राम तेन्दुआ प.ह.नं. 32
रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा दिनांक 04.09.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती माधुरी पटेल पति स्व. प्रेमसागर पटेल निवासी प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम तेन्दुआ प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर में स्थित भूमि ख.नं. 342/18 रकबा 0.2290 हे. भूमि श्रीमती माधुरी पटेल पति प्रेमसागर पटेल के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका द्वारा आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका प्राप्त हुआ था जो कहीं गुम हो गया है। आवेदिका द्वारा आवेदित भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: आवेदिका द्वारा प्रस्तुत ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 19.09.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 04.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार धरसींवा**

### न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला
### मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

क्रमांक: 202509112800005/292
विषय-अ- 20 (3) सन् 2024-2025
रायपुर प.ह.नं. 00062 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-अल्पना कुम्बलकर पति धीरेन्द्र कुम्बलकर, अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा पारस नगर फाफाडीह रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अल्पना कुम्बलकर पति धीरेन्द्र कुम्बलकर, निवासी-पारस नगर, मुक्तिधाम के पास, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत् नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया है कि मौजा पारस नगर, फाफाडीह स्थित भूखण्ड क्रमांक-1005, ब्लॉक नंबर/शीट नंबर-131, रकबा 567 वर्गफुट भूमि आवेदका एवं उनकी माता के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है। उक्त भूमि में से अपनी हिस्से की भूमि को पंजीकृत हकत्याग दिनांक 03.09.2025 के माध्यम से आवेदिका के पक्ष में हकत्याग किया है। अतएव आवेदिका द्वारा हकत्याग के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ हकत्याग विलेख की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 30.09.2025 तक न्यायलयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.09.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **नजूल अधिकारी रायपुर**

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, DURGAWATI DEVI W/O VINDHYACHAL PANDEY resident of L I G 2/2204 VEER SAWRAKAR NAGAR HIRAPUR BEHIND SHUBHAM FANCY STORE HOUSING BOARD COLONY TATIBANDH RAIPUR, (C.G.) 492099 have changed my old name DURGAWATI DEVI W/O VINDHYACHAL PANDEY so in future I should be recognized by my new name that is DURGAWATI PANDEY W/O VINDHYACHAL PANDEY in all Government and other documents.

**DURGAWATI PANDEY**
L I G 2/2204 VEER SAWRAKAR NAGAR HIRAPUR BEHIND SHUBHAM FANCY STORE HOUSING BOARD COLONY TATIBANDH RAIPUR, (C.G.) 492099

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, NEETU AGRAWAL W/O MOHAN LAL AGRAWAL resident of VILLA NO 107, RAMKRISHNA PARAMHANS WARD 20, MARUTI LIFE STYLE, KOTA ROAD, KOTA, RAIPUR, (C.G.) 492010 have changed my old name NEETU AGRAWAL W/O MOHAN LAL AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is NITU AGRAWAL W/O MOHAN LAL AGRAWAL in all Government and other documents.

**NITU AGRAWAL**
VILLA NO 107, RAMKRISHNA PARAMHANS WARD 20, MARUTI LIFE STYLE, KOTA ROAD, KOTA, RAIPUR, (C.G.) 492010

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SHUBHAM KUMAR AGRAWAL S/O MOHAN LAL AGRAWAL resident of VILLA NO 107, RAMKRISHNA PARAMHANS WARD 20, MARUTI LIFE STYLE, KOTA ROAD, KOTA, RAIPUR, (C.G.) 492010 have changed my old name SHUBHAM KUMAR AGRAWAL S/O MOHAN LAL AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is SHUBHAM AGRAWAL S/O MOHAN LAL AGRAWAL in all Government and other documents.

**SHUBHAM AGRAWAL**
VILLA NO 107, RAMKRISHNA PARAMHANS WARD 20, MARUTI LIFE STYLE, KOTA ROAD, KOTA, RAIPUR, (C.G.) 492010

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MOHAMMED AIHTESHAM AHMED S/O SHAKIL AHMED resident of H.NO. 25/42 SHITAL GALI GOUSIYA CHOWK WARD 39 RAIPUR 492001 (C.G.) have changed my old name MOHAMMED AIHTESHAM AHMED S/O SHAKIL AHMED so in future I should be recognized by my new name that is MD AHTESHAM AHMED S/O SHAKIL AHMED in all Government and other documents.

**MD AHTESHAM AHMED**
H.NO. 25/42 SHITAL GALI GOUSIYA CHOWK WARD 39 RAIPUR 492001 (C.G.)

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव एल्युमनी मीट कार्यक्रम में शामिल हुए 40 छात्राएं



## शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में हुआ आयोजन

**बलौदाबाजार,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 11 सितम्बर 2025 को 12 बजे छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती के अवसर पर प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय के मार्गदर्शन में एल्युमनी मीट का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम भूतपूर्व छात्राओं का स्वागत तिलक एवं बैच लगाकर किया गया। तत्पश्चात एल्युमनी प्रभारी डॉ. सुलेखा राउत के निर्देशन में भूतपूर्व छात्राओं में अध्यक्ष कुमारी ख्याति मांडले, उपाध्यक्ष कुमारी ममता ध्रुव, सचिव कुमारी आशा बंजारे, सह सचिव दीपमाला साहू एवं सांस्कृतिक सचिव कुमारी अंजुली साहू को मनोनीत किया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त कार्यक्रम में 40 पूर्व छात्राऐं शामिल हुए।

दीप प्रज्वलन प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय, एल्युमनी प्रभारी डॉ. सुलेखा राउत, श्रीमती रोशनी लता जगत, डॉ. तुलाराम साहू एवं चारों पदाधिकारी के द्वारा किया गया एवं सरस्वती वंदना कुमारी ममता ध्रुव के द्वारा किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य, समस्त सहायक प्राध्यापक, क्रीड़ा अधिकारी, अतिथि प्राध्यापक एवं ग्रंथापाल का स्वागत बैच एवं पुष्प गुच्छ से छात्राओं के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम कुमारी ममता ध्रुव जो 2024-25 में बी.ए. भाग की नियमित छात्रा थीं वर्तमान में छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर एम.ए भूगोल की छात्रा द्वारा एकल नृत्य ऐ गिरिनंदनी में अपनी शानदार प्रस्तुति दी। पूर्व में यह क्रीड़ा एवं एन.सी.सी की सर्वश्रेष्ठ छात्रा थीं। कुमारी ख्याति मांडले पूर्व में बी एस सी भाग की छात्रा थीं वर्तमान में एम एस सी शासकीय दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार के द्वारा अपने अनुभव साझा किया कि हमारे कॉलेज के एल्युमनी मीट का दिन बेहद यादगार रहा। पुराने दोस्तों से मिलना शिक्षकों के साथ फिर वही आत्मीय माहौल महसूस करना शिक्षकों का सहयोग खेलों के माध्यम से एल्युमनी मीट का आनंद लिया गया। कुमारी अंजुली साहू पूर्व में बीए भाग की नियमित छात्रा थी वर्तमान में शासकीय दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार एल एल बी की छात्रा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में रहकर मैंने बहुत कुछ सीखा मैं इस महाविद्यालय से हमेशा जुड़ी रहूँगी यह एन एस एस की छात्रा थीं। श्रीमती रोशनी लता जगत भूतपूर्व छात्राओं का महाविद्यालय में स्वागत करते हुए सभी छात्राओं से कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए हमसे सम्पर्क कर सकते हैं। इसके अलावा आपके निजी जीवन में कोई भी परेशानी हो तो भी हम हमेशा आपके लिए उपलब्ध हैं। डॉ. तुलाराम साहू महाविद्यालय के एलुमनी छात्राओं को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन करने और उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए। डॉ. सुनीता त्यागी ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय ने छत्तीसगढ़ के रजत जयंती समारोह में एल्युमनी छात्राओं को आहवान करते हुए कहा की युवा शक्ति को अपनी कार्यक्षमता एवं सामर्थ्य का अधिकतम प्रयोग करते हुए अपना एवं राज्य के विकास में बहुमूल्य योगदान देना होगा तभी हम विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण कर सकते है। एल्युमनी प्रभारी डॉ. सुलेखा राउत ने समस्त भूतपूर्व छात्राओं का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि आज का एल्युमनी मीट हमारे लिए एक यादगार पल रहेगा और भविष्य में कभी भी हमारी आवश्यकता महसूस होगी तो आप लोग निःसंकोच हमसे मिल सकते है हम सदैव आप लोगों को मार्गदर्शन करते रहेंगे मेरी यही शुभकामनाएं है। अंत में भूतपूर्व छात्राओं का कुर्सी दौड़ एवं बलून रेस कराया गया। कुर्सी दौड़ में प्रथम मोनिका पटेल द्वितीय दीपमाला साहू बलून रेस में प्रथम कुमारी ममता ध्रुव द्वितीय खुशबू पटेल रही। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा छात्राओं मोमेंटों से पुरस्कृत किया गया। चारों पदाधिकारियों को अध्यक्ष कुमारी ख्याति मांडले, उपाध्यक्ष कुमारी ममता ध्रुव, सचिव कुमारी आशा बंजारे, कुमारी सह सचिव दीपमाला साहू एवं सांस्कृतिक सचिव कुमारी अंजुली साहू को प्राचार्य द्वारा मोमेंटों से सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम का शानदार संचालन कुमारी सानिया कोसरिया बी एस भाग गृहविज्ञान द्वारा किया गया।

# समोदा बैराज से शराब फैक्ट्री को पानी देने के विरोध में कांग्रेस व ग्रामीणों का प्रदर्शन



## पूर्व विधायक विनोद के नेतृत्व में ग्रामीणों व कांग्रेसियों ने बोला हल्ला

**महासमुंद,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। पिकाडिली शराब फैक्ट्री को महानदी समोदा बैराज से पानी दिए जाने से नाराज ग्राम अछोली के ग्रामीणों तथा सैकड़ों कांग्रेस जनों ने पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर के नेतृत्व में शुक्रवार को पिकाडिली फैक्टी के खिलाफजमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने फैक्ट्री को बैराज से पानी देने से नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुबंध निरस्त करने की मांग की। पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर कहा कि इसी बैराज से महासमुंद विधानसभा के 48 गांवों को पानी देने समूह जल प्रदाय योजना के तहत इंटेकवेल बन चुका है। बैराज से पहले ही खरोरा के समीप स्थित अडानी के पावर प्लांट को क्षमता के 80 फीसदी पानी दिया जा रहा है। साथ ही नगर पंचायत खरोरा को भी नल जल योजना के तहत इसी बैराज से पानी की आपूर्ति हो रही है। शेष पानी को महासमुंद विधान सभा के 48 गांवों को समूह जल प्रदाय के तहत पानी देने की योजना है। अब यदि शराब फैक्ट्री को यहां से पानी दिया गया तो क्षेत्र के 48 गांवों तक पानी पहुंच पाना मुश्किल है। गांवों की प्यास बुझाने के लिए जन कल्याण की भावना से पूर्ववर्ती भूपेश सरकार द्वारा यह योजना बनाई गई थी। जिसे भाजपा की सरकार द्वारा उद्योगों को पानी देने की स्वीकृति देकर इस महत्व पूर्ण योजना पर पानी फेरा जा रहा है। यदि बैराज का पानी शराब फैक्ट्री को दी गई तो क्षेत्र के गांवों तक पानी नहीं पहुंचेगा। करोड़ों रुपए की इस योजना पर पानी फिर जाएगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्राम अछोली से हुकेश्वर साहू, लोकेश जांगड़े, तेजा जांगड़े, सुशील निषाद, कलेश्वर, सतराम साहू, उपसरपंच प्रतिनिधि सन्नी निषाद, जुम्मन साहू, कुलेश्वर साहू, गजेंद साहू पंच, भोरिंग भेख राम साहू उपसंरच, वेदप्रकाश साहू पंच, पराग आवडे पंच, चम्मन साहू पंच, अभिषेक नेहरू, पंच प्रतिनिधि चैटिश चेलक, पंच प्रतिनिधि बोधन सोनवानी, पंच प्रतिनिधि प्रीतम साहू, पंच प्रतिनिधि आनंद टंडन, पंच तरुण साहू, बेल्टुकरी से चम्मन मार्कण्डेय उपसरपंच, डागेश्वर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# मंजिल तक पहुंचने दृढ़निश्चय व ईमानदारी से मेहनत करें : टंकराम वर्मा



## प्रार्थना शेड व किचन शेड का किया भूमिपूजन, छात्राओं को बांटी साईकिल

**बलौदाबाजार,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने शुक्रवार को जिला प्रवास के दौरान बलौदाबाजार विकासखंड के शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय चांपा में आयोजित भूमिपूजन एवं सायकल वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होने स्कूल में प्रार्थना शेड, किचन शेड निर्माण हेतु भूमिपूजन तथा सरस्वती सायकिल योजना अंतर्गत 57 छात्राओं को साईकिल वितरित किया। इसके साथ ही 10 वीं एवं 12 में मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि जो दृढ निश्चय कर मेहनत करते है उनको मंजिल और सफलता जरूर मिलती है। अभी से अपना लक्ष्य तय करें और उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया है। युक्तियुक्तकरण से शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय शालाओं में शिक्षक की व्यवस्था कर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रदेश में राष्ट्रीय महत्व के कई संस्थान संचालित है। इंजिनियरिंग व मेडिकल शिक्षा में भी बेहतर प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही खेल को बढ़ावा देने संसाधन उलब्ध कराए जा रहे है। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षित महिला घर संवारने के साथ ही भविष्य भी संवारती है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनीता वर्मा, पवन वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।


**न्यायालय तहसीलदार देवकर**
**जिला-बेमेतरा ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आदिल बेग पिता नियाज बेग जाति मुसलमान निवासी ग्राम देवकर तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम देवकर में दिनांक 04.10.2008 को आवेदक के दादी मोहर्रम बी की जन्म/मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपेक्ष दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 12.09.2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार देवकर

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक/4075/प्र.तह./2025**
**गुरूर, दिनांक 28.08.2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी गुरूर प.ह.नं. 21 एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक नागेश आ. दसरू राम जाति महार निवासी गुरूर तहसील गुरूर जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के मामा दुरदेशीराम आ. श्रीराम की मृत्यु दिनांक 03/03/1998 को ग्राम नगर पंचायत गुरूर में हुई है। मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आदेशित किया जावे।

अतएव उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 15/09/2025 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/08/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।

सील — तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद ( छ.ग. )

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
**संभाग-03 रायपुर (छ.ग.)**
**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**
**विज्ञापन क्र . 355**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,संभाग-03 मौलश्री विहार रायपुर के अंतर्गत थोक बाजार डूमरतराई फेस-01 रायपुर का शेष विकास कार्य हेतु द्वितीय बार ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत राक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की गयी है। कार्य की विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल की वेबसाईट www.cghb.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालय सभाग-03, मौलश्री विहार रायपुर में संपर्क करें।

**कार्यपालन अभियंता**
**संवाद-45215 मो.नं.9753266721**

**कार्यालय नगर पंचायत गुरुर, जिला-बालोद छ.ग**

क्रं./809/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 — गुरुर दिनांक 11.09.2025

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्म से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि ( लाख में ) | कोरा निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य की कुल संख्या 12 नग | 21.60 | 22.09.2025 |

टीप- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत गुरुर**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार गुरूर,**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
**पृ.क्र./1535/प्र.तह./2025**
**गुरूर, दिनांक 01.09.2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुविभागीय अधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग (लो.नि.वि.) अनुविभाग कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 30 (पुराना रा.रा.क्र. 43) के कि.मी. 81.500 से कि.मी. 298.000 (धमतरी-जगदलपुर खण्ड) का चार लेन मय पेव्हड शोल्डर सहित चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य क्र लिए भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही में नामांतरण हेतु पत्र एवं सूची प्राप्त होने पर प्रकरण की कार्यवाही प्रारंभ किया गया। हल्का पटवारी ह.प.नं. 29 व प.ह.नं. 37 से जांच प्रतिवेदन प्राप्त। प्रतिवेदन अनुसार ग्राम बालोदगहन स्थित भूमि ख.नं. 391 रकबा 1.02 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख के अनुसार ख.नं. 391 विक्रय होने से तीन भाग में बटांकन हो गया है। ख.नं. 391/1 रकबा 0.62 हे. भूमि सनसाईन कंपनी रोमन लाल पिता हरिराम, जाति तेली, धर्मेन्द्र कुमार पिता बिसाहूराम देवांगन पता धमतरी के नाम पर दर्ज है। ख.नं. 391/2 रकबा 0.07 हे. भूमि औद्योगिक इकाई मेसर्स आदित्य इंडस्ट्रीय प्रा. शत्रुघन मिश्रा पिता लल्लन मिश्रा निवासी धमतरी का नाम दर्ज है। एवं ख.नं. 391/3 रकबा 0.33 हे. परिवर्तित भूमि (पेट्रोल पंप) है। जो कि औद्योगिक इकाई मेसर्स आदित्य इंडस्ट्रीज प्रो. शत्रुघन मिश्रा पिता लल्लन मिश्रा निवासी धमतरी का नाम दर्ज है। ख.नं. 391 के रकबा में से 0.004 हे. का राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग द्वारा जमीन अधीग्रहण किया गया है। बटांकन होने से अभिलेख दुरूस्ती में समस्या आ रही है। ग्राम कोचवाही स्थित भूमि ख.नं. 634 रकबा 0.06 हे. की भूमि का वर्तमान में बटांकन हो गया है और ख.नं. क्रमशः 634/1, 634/2, 634/3 रकबा क्रमशः 0.01, 0.03, 0.02 हे. है जिससे अभिलेख दुरूस्ती करने में परेशानी हो रही है। इसी प्रकार ग्राम पेटेचुवा उर्फ कंकालीन में स्थित भूमि ख.नं. 467 रकबा 0.08 हे. का वर्तमान बी-1 में तीन टुकड़े हो गये हैं जो क्रमशः ख.नं. 447/1, 447/2, 447/3 रकबा क्रमशः 0.03.0.03, 0.02 हे. भूमिस्वामी क्रमशः तेजप्रकाश पिता भागवतराम, तेजप्रकाश पिता भागवतराम, चन्द्रहास वगैरह पिता संतराम के नाम पर दर्ज है। मूल ख.नं. के बटांकन होने से अभिलेख दुरूस्ती करने में कठिनाई हो रही है। पेटेचुवा उर्फ कंकालीन में स्थित भूमि ख.नं. 416/1, 445/3 रकबा क्रमशः 0.66, 0.20 तथा मुजालगोंदी स्थित भूमि ख.नं. 72/3 रकबा 0.10 हे. भूमि का अभिलेख दुरूस्ती राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग द्वारा नक्शा उपलब्ध होने पश्चात दुरूस्ती की कार्यवाही किया जा सकेगा, प्रतिवेदित किया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 16/09/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद ( छ.ग. )

**कार्यालय वन परिक्षेत्राधिकारी, वन परिक्षेत्र रेंगाखार (सा.) (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष कुमार पिता स्व. तिसर सिंह गोड़ निवासी ग्राम सुतिया ने आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सुतिया में खातेदार संतोष कुमार, सोनारिन बाई पति स्व. तिसर सिंह गोड़ के फौत होने पर सोनारिन बाई पति स्व. तिसर सिंह गोड के नाम में धारित भूमि पर वारिसान हक में नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वाद भूमि ग्राम सुतिया में स्थित है कक्ष क्रमांक 133 बी रकबा 1.084 हे. है। उक्त भूमि वारिसान हक में नाम दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से आज दिनांक 11.09.2025 के 07 दिवस के भीतर दावा/आपत्ति इस कार्यालय में पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नामांतरण हेतु वारिसानों की सूची**

| | |
|---|---|
| 1. | श्रीमती सोनारिन बाई पति स्व. तिसर सिंह गोड, ग्राम सुतिया |
| 2. | श्री संतोष कुमार पिता स्व. तिसर सिंह गोड़, ग्राम सुतिया |

**जी-252603467** — **वन परिक्षेत्र अधिकारी रेंगाखार (सा.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली**
**रिसाली सेक्टर बी.एस.पी. स्कूल नं.-35, पिन-490006**
**Website:-risali.urbanecg.gov.in**

क्रं./लो.क.वि./2025/1082 — रिसाली, दिनांक 11/09/25

**// निविदा सूचना //**

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु एनीमल वेलफेयर बोर्ड में पंजीकृत एनजीओ/ फर्म/एजेंसी से निम्न कार्य हेतु निविदा आमांत्रित की जाती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | निविदा लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रं. 01 से 40 अंतर्गत आवार कुत्ते को पकड़कर बधियाकरण करने का कार्य। (पुनः निविदा) | 9.50 |

नियम एवं शर्तें तथा कार्यों का विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम, रिसाली**

**न्यायालय-आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम सह श्रम न्यायालय बलौदाबाजार छ.ग.**
**पीठासीन अधिकारी राजेश कुमार वर्मा**
**सूचना पत्र**
**प्रकरण क्रमांक 11/ई.सी.एक्ट/2025**
**मैकमेट इंजीनियरिंग लिमिटेड**
**बनाम**
**संतोषी बाई पटेल**

उपरोक्त प्रकरण में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण क्रमांक 11/ई.सी.एक्ट/2025 पक्षकार मैकमेट कम्पनी लिमिटेड बनाम संतोषी पटेल वगैरह में मृतक श्रमिक विनोद पटेल पिता स्व. राघव पटेल निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार का नियोजन के दौरान मृत्यु हो जाने से कंपनी के द्वारा मृत्यु उपरांत देय क्षतिपूर्ति रूपये 10,07,539 (अक्षरी दस लाख सात हजार पांच सौ उनतालीस रूपये मात्र) मृतक के आश्रित को प्रदान करने बाबत इस न्यायालय में जमा किया गया है। उक्त क्षतिपूर्ति राशि का वितरण मृतक विनोद के वास्तविक आश्रितों के मध्य किए जाने हेतु उपरोक्त प्रकरण की सुनवाई तिथि दिनांक 15.10.2025 को नियत किया गया है।

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जो कोई अपने आप कोई कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम के तहत आश्रित की श्रेणी में मानता है। वह दिनांक 15.10.2025 को प्रात: 11 बजे श्रम न्यायालय बलौदाबाजार सुनवाई स्थान प्रथम जिला व अपर सत्र न्यायालय बलौदाबाजार छ.ग. में उपस्थित होकर अपने या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रार्थना पत्र राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित कर तथा स्वयं के फोटोग्राफ्स सहित दो स्वतंत्र गवाह प्रस्तुत करें। आज दिनांक 10.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

( राकेश कुमार वर्मा )
सील — आयुक्त, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम श्रम न्यायालय बलौदाबाजार छ.ग.

**न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

क्रमांकः 202508101600027
विषय-अ-6अ — सन् 2024-2025
परसदा प.ह.नं. 00013 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-आदिनाथ प्रापर्टीज द्वारा भागीदार रश्मि पारख, अनावेदक पक्षकार-राजस्व विभाग

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक आदिनाथ प्रापर्टीज द्वारा भागीदार रश्मि पारख पता-कुंदन पैलेस, बैरन बाजार रायपुर, के द्वारा मौजा ग्राम परसदा, प.ह.नं. 13, रा.नि.मं. कुम्हारी, तह. भिलाई 03, जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम परसदा, तह. भिलाई 03, जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 1236 का भाग रकबा 0.05 हे. एवं खसरा 1237/2 का भाग रकबा 0.05 हे. खसरा 1246 रकबा 0-08 हें कुल रकबा 0.18 हे. भूमि के भूस्वामी आवेदक द्वारा राजस्व अभिलेख में त्रुटि पूर्वक मेसर्स ग्रीन गोल्ड खारून भागीदार श्री महावीर गोलछा पिता स्व. मानमल गोलछा, पुष्पा गोलछा पति प्रकाश गोलछा, आभा गोलछा पति महेन्द्र गोलछा रश्मि जैन पति विमल जैन द्वारा मैनेजिंग पार्टनर श्री महावीर गोलछा पिता श्री मानमल गोलछा का नाम दर्ज गया हैं, जिसे सुधार कर नामांतरण पंजी क्रं. 110 आदेश दिनांक 30.08.2010 के आदेशानुसार आवेदक का नाम दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं।

उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता/अधिवक्ता के माध्यम से लिखित रूप में नियत दिनांक 19.09.2025 तक इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक उपरांत प्राप्त आपत्ति पर किसी भी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.09.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार भिलाई-3

**न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

क्रमांकः 202508101600028
विषय-अ-6अ — सन् 2024-2025
परसदा प.ह.नं. 00013 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-आदिनाथ प्रापर्टीज द्वारा भागीदार रश्मि पारख, अनावेदक पक्षकार-राजस्व विभाग

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक आदिनाथ प्रापर्टीज द्वारा भागीदार रश्मि पारख पता-कुंदन पैलेस, बैरन बाजार रायपुर, के द्वारा मौजा ग्राम परसदा, प.ह.नं. 13, रा.नि.मं. कुम्हारी, तह. भिलाई 03, जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम परसदा, तह. भिलाई 03, जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 1238, 1247, 1251/1 कुल रकबा 0.07, 0.04, 0.15, 0.01 हे. भूमि के भूस्वामी आवेदक द्वारा राजस्व अभिलेख में त्रुटि पूर्वक रामरतन साहू पिता गुनारी लाल साहू का नाम दर्ज हो गया है, जिसे सुधार कर नामांतरण पंजी क्रं. 09 आदेश दिनांक 16.11.2009 के आदेशानुसार आवेदक का नाम दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता/अधिवक्ता के माध्यम से लिखित रूप में नियत दिनांक 19.09.2025 तक इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक उपरांत प्राप्त आपत्ति पर किसी भी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.09.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार भिलाई-3

**न्यायालय तहसीलदार महासमुंद**
**जिला-महासमुंद ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. अ-6 अ वर्ष 2024-2025
ग्राम महासमुंद प.ह.नं. 42
तहसील व जिला महासमुंद

एतद द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक परमेश्वर गिरी पिता जीवन गिरी गोस्वामी के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है, ग्राम-महासमुंद में स्थित भूमि खसरा नंबर 706/19, 706/20 रकबा 0.010हे. 0.011 हे. कुल ख.नं. 2 कुल रकबा 0.021 हे. भूमि राजस्व रिकार्ड में परमेश्वर गिरी पिता जीवन गिरी गोस्वामी के नाम पर दर्ज चला आ रहा है। किन्तु उक्त जमीन मेरे नाम पर ऑनलाईन नहीं हो पाया है। अत: उक्त जमीन को परमेश्वर गिरी पिता जीवन गिरी गोस्वामी मेरे नाम पर ऑनलाईन रिकार्ड में दर्ज करने की कृपा करें।

उपरोक्त संबंध में किसी को कोई दावा, आपत्ति हो तो वह दिनांक 24.09.25 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है, उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.09.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार महासमुंद

**समक्ष नोटरी महोदय, बागबाहरा,**
**जिला महासमुंद ( छ.ग. )**
**शपथ पत्र**

मैं, कमलेश कुमार पारीक, उम्र 40 वर्ष, पिता घनश्याम पारीक, निवासी दुर्गा मंदिर के पास, बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.) शपथपूर्वक निम्नानुसार कथन करता हूं -

1. यह कि मेरी पुत्री के शैक्षणिक दस्तावेजों में उसका नाम DIVIJA KAMLESH KUMAR PAREEK दर्ज है।
2. यह कि मेरी पुत्री का सत्य एवं वास्तविक पूरा नाम DIVIJA PAREEK है, जोकि उसके जन्म प्रमाण पत्र में भी दर्ज है।
3. यह कि मेरी पुत्री के शैक्षणिक दस्तावेजों में उसका पूरा नाम DIVIJA PAREEK दर्ज किये जाने हेतु मेरे द्वारा यह शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।
4. यह कि मैनें इस शपथ-पत्र में समस्त सारवान तथ्यों का सत्य उल्लेख किया है, इसमें से किसी तथ्य के गलत पाये जाने पर उसकी सारी जिम्मेदारी मुझ पर होगी।

**शपथकर्ता**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा,**
**जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)**
**ईश्तहार**
**रा.प्र.क्र...ब/121**
**वर्ष 2024-2025**
**ग्राम का नाम हथनी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनेश्वर साहू पिता श्री घनाराम साहू जाति तेली निवासी मोहल्ला श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा अपने जीजा सरजू साहू पिता श्री बजरंग साहू की मृत्यु दिनांक 15.07.2015 (स्थान) नगर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु नगरपालिका परिषद भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ0ग0 जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं पार्षद प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 15/09/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 15/09/25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया ।

सील — कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा ( छत्तीसगढ़ )

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा,**
**जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)**
**ईश्तहार**
**रा.प्र.क्र.....ब/121**
**वर्ष 2024-2025**
**ग्राम का नाम हथनी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनेश्वर साहू पिता श्री घनाराम साहू जाति तेली निवासी मोहल्ला श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा अपने बहन सावित्री बाई साहू पति श्री सरजू साहू माता का नाम श्रीमती भुकन बाई साहू की मृत्यु दिनांक 19.05.2019 (स्थान) नगर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु नगरपालिका परिषद भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ0ग0 जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं पार्षद प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 15/09/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख ..तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त 15/09/25 दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08/08/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया ।

सील — कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा ( छत्तीसगढ़ )

**न्यायालय अनविभागीय अधिकारी, (रा.)**
**भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
**रा.प्र.क्र.....अ/2**
**वर्ष 2024-25**

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल पिता बिरंचीनारायण अग्रवाल एवं अन्य 01 निवासी गांधी मंदिर वार्ड आटापारा, तहसील-भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम- हथनी प.ह.न. 40 तहसील-भाटापारा जिला-बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 674/5 रकबा 0.0320 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुननिर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथपत्र, खसरा, नक्शा, बी-1 प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत 23/09/2025 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है । नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी ( रा ) भाटापारा

**न्यायालय तहसीलदार/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट**
**भाटापारा (छत्तीसगढ)**
**ईश्तहार**
**रा.प्र.क्र....ब/ 121 वर्ष 2023-24**
**ग्राम सूमा प.ह.नं. 02 तह. भाटापारा**

एतद व्दारा सर्व साधारण को ईश्तहार के व्दारा सुचित किया जाता है कि आवेदक राजेश यादव पिता गैंदू यादव निवासी ग्राम सूमा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के द्वारा अपने पुत्र हिनेश यादव (पिता का नाम-राजेश यादव, माता का नाम-सुशीला यादव) का जन्म दिनांक 19/04/2021 को (स्थान) ग्राम सूमा तहसील भाटापारा का जन्म पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत सचिव सूमा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9(3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा 15/09/25 दिनांक को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त सबंध में जिस पेष करना हो तो नियत पेशी तारीख किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति ..तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध 15/09/25 प्रतिनिधि के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पष्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 01/09/25 को न्यायालय के पद मुहर सहित जारी किया गया ।

सील — तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा ( छत्तीसगढ )

CIN-U40108CT2003SGC015820 — GSTIN-22AADCC5773E1ZX
CSPTCL
**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
( छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम )
कार्या. कार्यपालन यंत्री अ.उ.दा. ( निर्माण ) संभाग बिजली नगर,
भिलाई-3. जिला दुर्ग ( छ.ग. ), पिनकोड 490021
वेबसाईट-www.cspc.co.in, ईमेल- EEEHTConst.Bhilai@cspc.co.in,टेलीफोन न.- 0788.2281954

क्र. काव्य0/अ0उ0दा0/निर्माण/901 — भिलाई, दिनांक 12.09.2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा 132 के.व्ही. डोंगरगांव मोहला द्वितीय सर्किट ट्रांसमिशन लाईन का निर्माण कार्य किया गया है, जिसकी कुल लम्बाई 60.291 किलोमीटर है, जो कि राजनांदगांव जिले के तहसील डोंगरगांव के अंतर्गत ग्राम अमलीडीह, कोनारी, साल्हे, गटिया, डोंगरगांव, सेक्काटोला, गाथलडबरी, मोहड़, तहसील छुरिया के अंतर्गत ग्राम आमगांव, अछोली, सोमाझिटिया, भेजराटोला, नरेटीटोला, घुपसाल, कुमरदा एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़चौकी जिले के तहसील अम्बागढ़चौकी के अंतर्गत ग्राम सांगली, केसला, सिर्राभाटा, सिरमुन्दा, डोंगाघाट, बिहरीकला, आडेझर, गुण्डरदेही, किलारगोंदी, ब्राम्हणभेड़ी, गेरेगांव, अम्बागढ़ चौकी, बाघनारा, कुम्हली, गोपलीनचुआ एवं तहसील मोहला के अंर्तगत ग्राम-करमतरा, साल्हेजलहल, कोड़ेमरा, पुत्तरगोंदीकला, कट्टापार, डुमरटोला, रायसिंग साल्हे, हलामीटोला, गुहाटोला, विजयपुर, रेंगाकठेरा, देवरसुर, कोर्रामटोला, एकटकन्हार से होकर गुजर रही है। उक्त पारेषण लाईन को दिनांक 13.09.2025 को या उसके बाद किसी भी दिन ऊर्जीकृत (चालू) कर दिया जायेगा।

अतः इस सूचना के माध्यम से उपरोक्त ग्रामों व आस-पास के ग्रामवासीयों, जनसामान्य को आगाह किया जाता है कि उक्त लाईन एवं टावरों से आवश्यक दूरी बनाये रखते हुए किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करते हुए विद्युत दुर्घटना का बचाव करते हुए छ.स्टेट.पा.ट्रांस.कं. लिमिटेड को सहयोग प्रदान करें।

''विद्युत की बचत कीजिए''

**कार्यपालन अभियंता**
**अति उच्च दाब ( निर्माण ) संभाग**
**छ. स्टेट पा. ट्रांस. कं. लिमिटेड भिलाई**
**संवाद-45209 टेलीफोन नं.. 0788-2281954**

**कार्यालय वन परिक्षेत्राधिकारी, वन परिक्षेत्र रेंगाखार (सा.) (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष कुमार पिता स्व. तिसर सिंह गोड़ निवासी ग्राम सुतिया ने आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सुतिया में खातेदार संतोष कुमार, संतोषी बाई, सोनारिन बाई पति स्व. तिसर सिंह गोड़ के फौत होने पर सोनारिन बाई पति स्व. तिसर सिंह गोड के नाम में धारित भूमि पर वारिसान हक में नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वाद भूमि ग्राम सुतिया में स्थित है कक्ष क्रमांक 133 बी में वन अधिकार पत्र क्रमांक 0569258 रकबा 1.084 हे. है। उक्त भूमि वारिसान हक में नाम दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से आज दिनांक 11.09.2025 के 07 दिवस के भीतर दावा/आपत्ति इस कार्यालय में पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नामांतरण हेतु वारिसानों की सूची**

| | |
|---|---|
| 1. | श्रीमती सोनारिन बाई पति स्व. तिसर सिंह गोड, ग्राम सुतिया |
| 2. | श्री संतोष कुमार पिता स्व. तिसर सिंह गोड़, ग्राम सुतिया |
| 3. | संतोषी बाई पिता स्व. तिसर सिंह गोड़, ग्राम सुतिया |

**जी-252603448** — **वन परिक्षेत्र अधिकारी रेंगाखार (सा.)**

# खेलेगा बस्तर जीतेगा बस्तर

- उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव और विजय शर्मा ने बस्तर ओलंपिक की तैयारियों की समीक्षा की
- 40 हजार से अधिक खिलाड़ी लेंगे भाग, 11 खेलों में दिखाएंगे कौशल




**रायपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव और विजय शर्मा ने बस्तर ओलंपिक की तैयारियों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री साव के नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में आज आयोजित बैठक में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी बस्तर ओलंपिक का वृहद आयोजन करने इसकी रुपरेखा और व्यवस्थागत तैयारियों पर गहन चर्चा की गई। आगामी अक्टूबर-नवम्बर में होने वाले बस्तर ओलंपिक में तीन स्तरों विकासखंड, जिला और संभाग स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें बस्तर संभाग के सातों जिलों और 32 विकासखंडों के 40 हजार से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल और युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार, संयुक्त सचिव सुखनाथ अहिरवार और संचालक श्रीमती तनूजा सलाम भी बैठक में शामिल हुईं।

उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने बैठक में कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल खेलों का आयोजन नहीं है, बल्कि विकास और खेल का संगम है। यह संगठित रूप से बस्तर के युवाओं के सशक्तीकरण और उनमें नेतृत्व के विकास की पहल है। राज्य सरकार इन रचनात्मक पहलों से बस्तर में भयमुक्त वातावरण बनाकर युवाओं को खेल और उत्सव से जोड़ना चाहती है। उन्होंने बस्तर ओलंपिक के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर पुख्ता कार्ययोजना तैयार करते हुए आयोजन के ध्येय वाक्य 'करसाय ता बस्तर बरसाय ता बस्तर' (खेलेगा बस्तर जीतेगा बस्तर) को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। साव ने यूथ आइकॉन घोषित किए गए पिछले वर्ष के विजेता खिलाड़ियों, बस्तर संभाग के सभी खेल अधिकारियों, पी.टी.आई., पंचायत सचिवों, 'बिहान' की महिलाओं और खेल संघों को सक्रियता से जोड़कर बस्तर ओलंपिक को जन-जन तक पहुंचाने को कहा।

उप मुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री विजय शर्मा ने बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों से कहा कि बस्तर ओलंपिक को यादगार बनाने सभी विभाग अपनी-अपनी भूमिका और कार्यों के अनुरूप जिम्मेदारियों का वहन करें। बस्तर के ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों की भागीदारी उनका आत्मविश्वास बढ़ाएगी और सकारात्मक वातावरण तैयार करेगी। उन्होंने बस्तर ओलंपिक के आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए इसमें बस्तर के सभी गांवों के सभी बच्चों की भागीदारी सुनिश्चत करने को कहा। शर्मा ने आयोजन की तैयारियों को मूर्त रूप देने जल्दी ही इससे जुड़े विभागों, अधिकारियों और संस्थाओं की बस्तर में भी बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए जिससे की तैयारियों को और गति दी जा सके।

### 11 खेलों की स्पर्धाएं होंगी, नक्सल हिंसा के दिव्यांग और आत्मसमर्पित नक्सली भी दिखाएंगे अपना दमखम

विकासखंड, जिला और संभाग स्तर पर करीब डेढ़ महीने तक चलने वाले बस्तर ओलंपिक में 11 खेलों को शामिल किया गया है। जूनियर वर्ग में बालक और बालिकाओं तथा सीनियर वर्ग में महिला और पुरूषों के लिए प्रतियोगिताएं होंगी। नक्सल हिंसा के दिव्यांगों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए भी संभाग स्तर पर पुरूषों और महिलाओं के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। बस्तर ओलंपिक के दौरान एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराटे, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और रस्साखींच में पूरे बस्तर के खिलाड़ी अपना खेल कौशल दिखाएंगे।

# कोण्डागांव जिला अस्पताल ने रचा इतिहास

**कोण्डागांव,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कोण्डागांव जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने पहली बार लेप्रोस्कोपिक पद्धति से किडनी का सफल ऑपरेशन किया।



- पहली बार लेप्रोस्कोपिक पद्धति से सफल किडनी ऑपरेशन
- आर्थिक तंगी झेल रही महिला को मिला नया जीवन

कोण्डागांव के बाजारपारा की 35 वर्षीय सावित्री कोर्राम घर चलाने के लिए दूसरों के घरों में झाड़ूपोछा और बर्तन धोने का काम करके अपने दो बेटे और दो बेटियों का पालनपोषण कर रही थी। लेकिन तकदीर ने फिर करवट बदली। दो वर्ष पहले उन्हें गंभीर किडनी रोग की पुष्टि हुई। डॉक्टरों ने तत्काल ऑपरेशन की सलाह दी, लेकिन निजी अस्पताल का खर्च सुनते ही सावित्री की दुनिया जैसे थम गई। आर्थिक स्थिति ने उन्हें मजबूर किया कि वह अधूरे इलाज के साथ घर लौट आएँ। चार बच्चों की परवरिश और घर की जिम्मेदारियों के बीच सावित्री को लगा कि उनकी जिंदगी धीरे-धीरे खत्म हो रही है।

हताशा और निराशा के बीच उन्होंने जिला अस्पताल कोण्डागांव का दरवाजा खटखटाया। अस्पताल के सर्जन डॉ. एस. नगुलन व उनकी टीम ने जांच की और स्पष्ट किया कि उनकी एक किडनी पूरी तरह खराब हो चुकी है, जिसे निकालना ही एकमात्र विकल्प है।

सामान्य ऑपरेशन में बड़े चीरे और संक्रमण का खतरा अधिक था। यह जोखिम उठाना सावित्री के लिए कठिन था। तब डॉक्टर नगुलन ने साहसिक निर्णय लिया ऑपरेशन लेप्रोस्कोपिक तकनीक से किया जाएगा।

जिला अस्पताल से प्राप्त जानकारी अनुसार 4 सितंबर को जिला अस्पताल कोण्डागांव में सावित्री का ऑपरेशन हुआ। ऑपरेशन थिएटर में डॉ. एस. नगुलन के साथ डॉ. शैलेश कुमार, डॉ. अनिल देवांगन, डॉ. कृष्णा मरकाम मौजूद थे। ओटी हेड नर्स स्वप्नप्रिया, स्टाफ नर्स पुष्पलता कुंवर, हेमंत मंडावी, संजना जैन, रामेश्वरी, अर्चना, साधना और रीना ने भी अहम भूमिका निभाई। करीब तीन घंटे चले इस ऑपरेशन में सावित्री की खराब किडनी को सफलतापूर्वक निकाला गया। यह ऑपरेशन पूर्णतः सफल रहा और अब सावित्री तेजी से स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं। किडनी के सफलतापूर्वक इलाज के बाद सावित्री ने कहा्ज्पहले लगा कि गरीबी और बीमारी ने मेरी जिंदगी खत्म कर दी है। लेकिन जिला अस्पताल और आयुष्मान कार्ड ने मुझे नया जीवन दिया है।

### प्रशासन की दूरदर्शिता और टीमवर्क

इस सफलता के पीछे जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की योजनाबद्ध मेहनत भी है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दे रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी और सिविल सर्जन डॉ. प्रेम मंडावी के मार्गदर्शन में यह ऐतिहासिक ऑपरेशन संभव हुआ।

## रायपुर मेडिकल कॉलेज में आवासीय भवन और छात्रावास निर्माण के लिए 61.39 करोड़ की पुनरीक्षित राशि स्वीकृत

**रायपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य शासन ने पं. जे.एन. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर परिसर में आवासीय गृह (2क्वाय एवं 3क्वाय) तथा छात्र-छात्रावास भवन निर्माण के लिए पुनरीक्षित राशि स्वीकृत की है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार प्रकट किया है।

- वित्त विभाग से मिली सहमति

इस आशय के संबंध में चिकित्सा शिक्षा विभाग ने आदेश जारी करते हुए 61.39 करोड़ रुपए की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। विभागीय जानकारी के अनुसार यह स्वीकृति चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधित व्यय मद से दी गई है और वित्त विभाग ने भी अपनी सहमति प्रदान कर दी है।

# भू-अर्जन की कार्यवाहियों में लाएं तेजी: अरुण साव

- उप मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की
- कार्यों की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी




**रायपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने आज विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में आयोजित बैठक में शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त सड़क निर्माण के कार्यों के लिए जरूरी भू-अर्जन की कार्यवाहियों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस संबंध में जिला कलेक्टर के साथ मिलकर त्वरित कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ ही उन्हें निर्धारित समय पर पूरा करने पर जोर दिया। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह और प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सड़क, सेतु और भवन निर्माण की सभी परियोजनाओं के कार्यों को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाते हुए समय-सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को फील्ड में सक्रियता व गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त सभी कार्यों में तेजी से भू-अर्जन कर निविदा की कार्यवाही पूर्ण करने और यथाशीघ्र कार्यारंभ करने को कहा।

उप मुख्यमंत्री साव ने बैठक में मौजूद सेतु बंध तथा सभी परिक्षेत्रों के मुख्य अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए प्रस्तावित कार्यों के लिए जरूरी मंजूरी तत्परता से प्रदान करें। उन्होंने डीपीआर बनाते समय ही परियोजना का अच्छे से मूल्यांकन करने को कहा ताकि बजट और कार्य पूर्णता के लिए निर्धारित समय के पुनरीक्षण की जरूरत न पड़े। उन्होंने बरसात के तुरंत बाद प्रदेशभर में सड़कों की मरम्मत का काम युद्धस्तर पर प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने दिसम्बर तक सभी जिलों में मरम्मत का काम पूर्ण करने को कहा।

साव ने सभी मुख्य अभियंताओं को अगली समीक्षा बैठक के पहले भू-अर्जन, प्राक्कलन, निविदा, कार्य अनुबंध और कार्यादेश से संबंधित सभी कार्यवाहियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में सड़कों पर पेच रिपेयर के लिए कार्ययोजना के अनुसार अनुबंध एवं कार्यादेश की स्थिति, राष्ट्रीय राजमार्ग तथा ए.डी.बी. के अपूर्ण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की।

# हाथी के हमले से महिला की मौत

**प्रतापपुर-सूरजपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। हाथी और मानव द्वंद को लेकर सुर्खियों मे रहने वाला सूरजपुर जिले का वन परिक्षेत्र प्रतापपुर फिर से सुर्खियों में आ गया है, जहां प्रतापपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गौरा निवासी सुबासो जाती पनिका 50 वर्षीय महिला को हाथियों ने कुचलकर मौत के घाट उतार दिया है और शव को छत विक्षत कर दिया है।



- छत विक्षत मिली लाश, ग्रामीणों का वन विभाग पर फूटा गुस्सा

स्थानीय ग्रामीणों की माने तो रात के लगभग 2:00 बजे के आसपास हाथियों का दल ग्राम पंचायत गौरा के बीच बस्ती में घुसे और अचानक दहाड़ने लगे, जिसकी आवाज सुनकर घर में सो रही मां और मानसिक रूप से कमजोर बेटे ने भागने का प्रयास किया लेकिन महिला हाथियों के चपेट में आ गई और घर से महज 20 कदम दूर हाथियों कुचलकर महिला को दर्दनाक मौत के घाट उतार दिया। जिससे गांव मे अफरा तफरी का माहौल हो गया। महिला की मौत से गांव में दहशत का माहौल है। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई है।

## बीजापुर मुठभेड़ में 2 नक्सली ढेर शव और 303 रायफल बरामद



**बीजापुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर से बड़ी खबर सामने आ रही है, मुठभेड़ में जवानों ने 2 नक्सलियों को मार गिराया है. बताया जा रहा है कि, बासागुड़ा थाना और गंगालूर थाना की सीमा पर रुक-रुककर फायरिंग जारी है. जवानों ने मौके से मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार 303 रायफल बरामद किया है. इस मुठभेड़ की पुष्टि बीजापुर एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना ने की है.

# अब निजी और सहायता प्राप्त स्कूलों पर भी लागू होगा ईएस आई एक्ट

**रायपुर,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्य के निजी, सहायता प्राप्त और आंशिक सहायता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों पर भी कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 (ईएसआई एक्ट) लागू होगा। यह फैसला छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने प्रदेश के विभिन्न स्कूलों द्वारा ईएसआई अंशदान से बचने के लिए दायर याचिकाओं को खारिज करते हुए दिया है।

- हाईकोर्ट का फैसला

स्कूलों की ओर से दायर याचिका पर जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई, जिसमें आए फैसले के बाद अब प्रदेश के 8 हजार से अधिक स्कूलों को ईएसआई एक्ट का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा।

राज्य सरकार ने 27 अक्टूबर 2005 को एक अधिसूचना जारी कर शिक्षा संस्थानों को भी ईएसआई एक्ट के दायरे में लाने का फैसला किया था। इसके तहत जिन स्कूलों में 20 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, उन्हें 1 अप्रैल 2006 से इस अधिनियम के तहत अंशदान देना अनिवार्य किया गया था।

कई स्कूलों ने इसे चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल की थीं।लेकिन अब कोर्ट के फैसले के बाद इन याचिकाओं को निरस्त कर दिया गया है, और सभी संबंधित संस्थानों को ईएसआई में पंजीकरण और अंशदान देना होगा।

छत्तीसगढ़ में सत्र 2024-25 की स्थिति में कुल 56802 स्कूल हैं, जिनमें से 7382 निजी, 413 अनुदान प्राप्त और 180 अन्य स्कूल हैं।ल इस फैसले से प्रदेश के करीब 7975 निजी और अनुदान प्राप्त शैक्षणिक संस्थान ईएसआई के दायरे में आ जाएंगे, जिससे इन संस्थानों में कार्यरत 96,500 से अधिक शिक्षण कर्मचारी और 50 हजार से ज्यादा गैर-शिक्षण कर्मचारी को बीमारी, मातृत्व और दुर्घटना की स्थिति में कानूनी सुरक्षा प्राप्त होगी।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और ईएसआईसी की तरफ से दलील दी गई कि अधिनियम का उद्देश्य श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देना है, न कि केवल औद्योगिक संस्थानों तक सीमित रहना। 20 से अधिक कर्मचारियों वाले किसी भी प्रतिष्ठान पर यह कानून लागू किया जा सकता है। सरकार का तर्क था कि यदि इस अधिनियम को शिक्षा संस्थानों से बाहर रखा गया, तो हजारों कर्मचारी अपने कानूनी अधिकारों और लाभों से वंचित रह जाएंगे।

## सरकारी स्कूल के बाबू ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जांजगीर चांपा,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। पूरा मामला जांजगीर चांपा जिले के पामगढ़ चंडीपारा का मामला है, जहाँ आज रात को महाराष्ट्र के रवि अम्बेडारे अपने किराये के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, बताया जा था है कि मृतक भिलोनी हाई सेकेंडरी स्कूल में बाबू पद पर कार्यरत था जो शराब का आदि था।

- पंखे से लटका मिला शव

जानकारी के अनुसार, मृतक रवि अम्बेडारे का परिवार महाराष्ट्र में रहते हैं जो सन 2016- 2017 से पामगढ के ग्राम भिलौनी हाई सेकेंडरी में पदस्त था। आज सबेरे उसका दोस्त सिदार मारकंडे जब मृतक के घर पहुंचे तो उनके होश ही उड़ गए।

रवि अम्बेडारे का शव मोटा रस्सी से पंखे लटक रहा है, तब दोस्त ने तत्काल पामगढ़ पुलिस को सूचना दी। पामगढ़ पुलिस आत्महत्या कारणों का पता लगाने में जुट गई है। पामगढ़ पुलिस बारीकी से छानबीन कर रही है। पुलिस ने मृतक के परिवार वालों को सूचना दे दिया है।

## आंगनबाड़ी केंद्र में बच्ची की मृत्यु पर हटाए गए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पर्यवेक्षक निलंबित

**कोण्डागांव,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार आगनबाड़ी केंद्र पदेली स्कूलपारा, सेक्टर-मर्दापाल-02 परियोजना कोण्डागांव-03 में करेंट लगने से एक बच्ची की मृत्यु की घटना पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को बर्खास्त किया गया है। वहीं पर्यवेक्षक को निलंबित किया गया है

परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोंडागांव 3 द्वारा जारी आदेश के अनुसार उक्त घटना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति धसनी बाई एवं आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमति ममता कोर्राम के घोर लापरवाही प्रदर्शित होने के कारण आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को तत्काल प्रभाव से पद से पृथक किया गया है।

साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार पर्यवेक्षक द्वारा पर्यवेक्षण कार्य में लापरवाही तथा स्वेच्छाचारी आचरण पाये जाने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत संबंधित श्रीमती मनीषा कतलाम, पर्यवेक्षक, सेक्टर मर्दापाल-02 को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्रीमती मनीषा कतलाम, पर्यवेक्षक का मुख्यालय कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मबावि जिला-कोण्डागांव में निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

कलेक्टर के निर्देशानुसार एसडीएम अजय उरांव ने विभागीय अधिकारियों के साथ घटना स्थल पहुंचकर मृतक बच्ची के परिजनों से मुलाकात की और प्रशासन की ओर सहायता के रूप में 20 हजार रुपए की राशि दी गई।

## शिक्षा संभाग दुर्ग के प्रभारी संयुक्त संचालक शिक्षा हेमन्त उपाध्याय निलंबित

**दुर्ग,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा संभाग दुर्ग के प्रभारी संयुक्त संचालक हेमन्त उपाध्याय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके स्थान पर आर.एल. ठाकुर उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को संभागीय संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है। इस संबंध में आज स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार हेमंत उपाध्याय द्वारा सरगुजा संभाग में प्रभारी संयुक्त संचालक के पद पर रहते हुए किए गए अनियमतताओं की पुष्टि होने तथा उनके द्वारा अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में स्वेच्छाचारीता एवं अनुशासनहीनता की गई है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने की चूककर्ता संस्थानों की सूची

**रायपुर,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर ने भविष्य निधि अधिनियम का अनुपालन न करने वाले छत्तीसगढ राज्य के चूककर्ता संस्थानों की सूची जारी की है सूची में बीएसआर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स लिमिटेड, आइडियाक इंक मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड रायपुर, किरोडीमल प्रौद्योगिकी संस्थान रायगढ, प्रतिभा फ्लोकॉन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड दुर्ग, नवभारत फ्यूज कंपनी प्राइवेट लिमिटेड रायपुर, डीवी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड रायपुर, भिलाई बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड रायपुर, आसिया फैब्रिकेटर्स दुर्ग और कैनेलाइट फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विसेज (प्रा.) लिमिटेड रायगढ़ का नाम शामिल है।

कुल 11 करोड़ 24 लाख 90 हजार आठ सौ पचहत्तकर रूपये की चूक इन संस्थाढनों द्वारा की गई है जिसे वसूलने के लिए कर्मचारी भविष्यड निधि संगठन द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि एंव विविध प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 के प्रावधानों के अनुसार बैंक खातों को अटैच करना, संपत्ति कुर्क करना जैसा कि अधिनियम में उर्ल्लेखित है जो कि संस्थाान के नियोक्तात को गिरफ्तार करने तक हो सकती है किया प्रस्तावित है। इस वर्ष अब तक बकाया राशि में से 49 करोड़ की वसूली की जा चुकी है जिसके लिए 65 संस्थांनों के बैंक खाते अटैच किए गए। क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर द्वारा ऐसे संस्थानों के विरूद्ध भी कार्रवाई की जा रही है जिन्होंने कर्मचारियों के भ.नि. अंशदान को विलंब से जमा किया है । कार्यालय प्रभारी, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, जयवदन इंगले ने बताया कि अब तक विभिन्न संस्थानों से लगभग 49 करोड़ रू. की वसूली की जा चुकी है और बाकी संस्थानों के विरूद्ध वसूली कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के बडे चूककर्ता संस्थानों की सूची जारी की गयी है तथा उनके विरूद्ध कार्रवाई हेतु प्रवर्तन अधिकारियों की टीम का गठन किया गया है तथा उन्हीं गहन जांच एंव वसूली के आदेश दिए गए हैं । जयवदन इंगले ने बाताया कि भ.नि. आंचलिक कार्यालय (म.प्र. एवं छ.ग.) के अपर केंद्रीय भ.नि.आयुक्त, रंगनाथ के नेतृत्व में डिफाल्टर संस्थानों के विरूद्ध यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# शासकीय स्कूल में तोड़फोड़

- शिक्षकों में दहशत, कक्षाएं बंद
- स्कूल प्रबंधन ने दर्ज कराई एफआईआर

**रायगढ़,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर के प्रतिष्ठित पीएम शासकीय नटवर स्कूल में हाल ही में हुई तोड़फोड़ की घटना से शिक्षकों और छात्रों में दहशत का माहौल बन गया है। इस गंभीर मामले में स्कूल प्रबंधन ने कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। स्कूल में हुई तोड़फोड़ के बाद शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर स्कूल की स्थिति का जायजा लिया और शिक्षकों से चर्चा की।



इस दौरान शिक्षकों ने अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई और कक्षाएं संचालित करने से साफ इनकार कर दिया। शिक्षकों का कहना है कि जब तक स्कूल परिसर में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होती, तब तक वे पढ़ाने में असमर्थ हैं। इसी मांग को लेकर शुक्रवार को स्कूल की प्राचार्या समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं और प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई।

स्थिति इतनी संवेदनशील हो गई कि शुक्रवार को प्राथमिक अंग्रेजी माध्यम की सभी कक्षाएं बंद रखी गईं। कलेक्टर कार्यालय पहुंची प्राचार्या ने मीडिया के सामने किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। वहीं एसडीओपी सुशांतो बनर्जी ने पुष्टि करते हुए बताया कि शासकीय कार्यालय में तोड़फोड़ की घटना को गंभीरता से लिया गया है और कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

मामले की जांच जारी है और जल्द ही दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। स्कूल प्रबंधन, शिक्षक अब प्रशासन से स्थायी सुरक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे हैं ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके और बच्चों की पढ़ाई बिना किसी डर के सुचारू रूप से चल सके।

**NECC**

| 13.09.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 542 | 92 | 190 |
| चिल्हर | 7.00 | 125 | 205 |

डिलीवरी 565 सैकड़ा
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

संता ने बंता से पूछा- तुम्हारी बेटी की सगाई 2 साल पहले हुई थी,शादी क्यों नहीं की अब तक?
बंता ने कहा- यह सब लड़के की वजह से है। लड़का एक वकील है, तो जैसे ही शादी की तारीख पास आती है, वह कोई ना कोई बहाना करके तारीख आगे बढ़ा देता है।

# वन आधारित रोजगार सृजन एवं वनों के संरक्षण हेतु कार्ययोजना के अनुरूप करें पहल : केदार कश्यप

## वन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में वन विभाग की कार्यों की हुई समीक्षा



**जगदलपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में शुक्रवार को जगदलपुर स्थित वन विद्यालय के सभाकक्ष में वन विभाग के विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में वृक्षारोपण, कूप कटाई, निर्माण कार्य, राजस्व संग्रहण, वनों के संरक्षण तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही, ग्रामीणों की आय में वृद्धि के लिए विभाग द्वारा संचालित प्रयासों की गहन पड़ताल की गई। वन मंत्री ने बैठक में कहा कि वनों के संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों विशेषकर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने पर विशेष जोर दिया जाए। इस दिशा में कार्ययोजना के अनुरूप वृक्षारोपण, सयुंक्त वन प्रबंधन और समुदाय की सहभागिता से वनों की देखभाल और प्रबंधन के लिए व्यापक प्रयास किया जाए। साथ ही लाख पालन, वनोत्पाद पर आधारित प्रसंस्करण एवं ईको टूरिज्म के जरिए रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया जाए। बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। वृक्षारोपण अभियान के तहत लाखों पौधे रोपे जा चुके हैं, जबकि कूप कटाई और निर्माण कार्यों में भी तेजी आई है। राजस्व संग्रहण में वृद्धि दर्ज की गई है, और मालिक मकबूजा योजना के माध्यम से वनवासियों को उनके अधिकार सुनिश्चित किए जा रहे हैं। जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लघु वनोपज संग्रहण और वैकल्पिक आजीविका स्रोतों पर फोकस किया गया, ताकि ग्रामीणों की आय दोगुनी हो सके। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हमारी आजीविका का आधार वनोपज है। इको टूरिज्म और वनोपज प्रसंस्करण के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को रोजगार दें। बस्तर कई दशकों से माओवाद से पीड़ित रहा है, किंतु अब माओवाद के साए से बाहर आ रहा है। नई पीढ़ी को अब रोजगार प्रदान करें। बस्तर के विभिन्न पर्यटन स्थानों पर सुविधाएं प्रदान करते हुए स्थानीय युवाओं को रोजगार दें। पर्यटन स्थानों के विकास में स्थानीय परंपराओं का ध्यान रखें। लघु वनोपज के प्रसंस्करण का लाभ स्थानीय युवाओं को मिले। नीलगिरी और अकेशिया के विदोहन के लिए आवश्यक नीति निर्माण हेतु तत्परता से कार्य करें। वन भूमि से अतिक्रमण हटाने के पश्चात तत्काल वृक्षारोपण करें। वृक्षों की कटाई और अवैध परिवहन पर नजर रखें और कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। वन भूमि पर अतिक्रमण पर त्वरित कार्रवाई करें। वनौषधि के संरक्षण के साथ ही वैद्यों के परंपरागत ज्ञान का उपयोग करें। उनकी भूमि में वनौषधियों का रोपण करें। वन भूमि के तालाबों का उपयोग मछली पालन हेतु करें और स्थानीय युवाओं को रोजगार दें। वृक्षारोपण के साथ ही पौधों की देखभाल और वृक्षों का संरक्षण हमारा दायित्व है। इस दायित्व का निर्वहन भली भांति करें। योजना बनाकर कार्य को पूर्ण करें। वन मंत्री ने जोर देकर कहा कि बस्तर क्षेत्र में माओवाद के खात्मे के बाद विकास की नई लहर चल रही है, और वन विभाग को इसमें अग्रणी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने तथा मॉनिटरिंग मजबूत करने के निर्देश दिए। वन मंत्री ने बस्तर के नियद नेल्लानार योजना क्षेत्रों में वन विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में विशेष तौर पर ध्यान केंद्रित करने सहित नियमित रूप से मॉनिटरिंग किए जाने कहा। बैठक में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ अनिल साहू, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी एवं मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक अरुण पाण्डे, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी कैंपा ओपी यादव, मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर आरसी दुग्गा, मुख्य वन संरक्षक कांकेर दिलराज प्रभाकर, मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी जगदलपुर स्टाइलो मंडावी, तीनों वन वृत्त के सभी वन मंडलाधिकारी एवं उप वन मंडलाधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा में रथ परिक्रमा मार्ग में भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने के कार्य का विधायक व महापौर ने किया निरीक्षण



## भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने का कार्य तय समय सीमा में होगा पूर्ण : किरण देव

**जगदलपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। बस्तर के विश्व प्रसिद्ध दशहरा पर्व पर रथ परिक्रमा मार्ग पर भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने के कार्य का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने निरीक्षण कर चल रहे कार्य की संबंधित अधिकारियों से जानकारी लिया। 716 लाख की लागत से विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व में भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने का कार्य का विगत दिनों भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री देव के द्वारा विधिवत भूमिपूजन किया गया था। भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री देव ने बस्तर दशहरा के बहुप्रतीक्षित कार्य को दशहरा पर्व के पूर्व भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने का निर्देश दिया था। भूमिपूजन के पश्चात भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने का कार्य तेजी गति से चल रहा है। जिसका गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री देव ने भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने कार्य का निरीक्षण कर संबंधित विभाग के अधिकारी व ठेकेदार को निर्देश दिया। भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने कार्य को तय समय सीमा में पूर्ण करें। साथ ही जिन मार्गों में विधुत लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है उन मार्गों में ही सी सी कांक्रीटीकरण करनें का निर्देश दिया। जिससे रथ परिक्रमा के दौरान किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा बस्तरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व पर रथ परिक्रमा मार्ग में भूमिगत विद्युत लाईन बिछाने के लिए 716 लाख की लागत से कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। बस्तर की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने के लिए हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी का सहृदय धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हैं। भूमिगत विद्युत लाईन >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर वन मंत्री ने किया रवाना



**जगदलपुर,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। जगदलपुर में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ पावर हाउस चैक स्थित सब स्टेशन से अपनी यात्रा पर निकला है। इस अवसर पर मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि यह योजना लोगों को बिजली के बिल से राहत दिलाने में सहायक होगी। यह केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य देशभर में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत सरकार द्वारा 78,000 रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है, इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा भी 30 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जा रही है। इससे लोगों के लिए अपने घरों में सौर पैनल लगाना आसान हो गया है। इस कार्यक्रम में जगदलपुर विधायक किरण देव और महापौर संजय पांडे सहित कई जनप्रतिनिधि और ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। इस रथ का उद्देश्य शहर और आसपास के गांवों में घूमकर लोगों को इस योजना के लाभों और आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी देना है।

# सांसद खेल महोत्सव के संबंध में जगदलपुर निगम के महापौर व पार्षदों के साथ हुई बैठक



**जगदलपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। बस्तर की युवा शक्ति को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने की दिशा में सांसद खेल महोत्सव एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। सांसद खेल महोत्सव के विमोचन के बाद सांसद कार्यालय जगदलपुर में जगदलपुर नगर निगम के महापौर संजय पांडे के नेतृत्व में समस्त जगदलपुर नगर निगम के सभी विभाग के सभापति व पार्षदों की बैठक बस्तर सांसद महेश कश्यप के साथ हुई द्य इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि खेल समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं और यह आयोजन च्फिट इंडियाज्ज के संदेश को हर घर तक पहुँचाने का संकल्प है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस महोत्सव से जुड़ें और अपनी प्रतिभा को सामने लाएँ। सांसद ने सभी इच्छुक प्रतिभागियों से www.sansadkhelmahotsav.in पर जाकर ऑनलाइन पंजीयन करने की अपील भी की है।

महापौर संजय पांडे ने सांसद खेल महोत्सव की तैयारी के बारे में अवगत कराया और उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव बस्तर के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जहाँ वे अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं और देश-दुनिया के सामने अपनी पहचान बना सकते हैं। महापौर ने नागरिकों, युवाओं और छात्र-छात्राओं से इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से ही च्फिट युवा, विकसित भारतज्ज की संकल्पना साकार होगी। आयोजन की रूपरेखा के अनुसार प्रतियोगिताएँ चार चरणों में होंगी। ग्राम पंचायत स्तर पर मुकाबले 21 सितम्बर से 20 अक्टूबर तक होंगे। इसके बाद विकासखंड स्तर की प्रतियोगिताएँ 21 अक्टूबर से 20 नवम्बर तक आयोजित होंगी। विधानसभा स्तर की प्रतिस्पर्धाएँ 21 नवम्बर से 20 दिसम्बर तक चलेंगी और अंत में लोकसभा स्तर की प्रतियोगिताएँ 23 से 25 दिसम्बर को होंगी। इस भव्य महोत्सव का समापन समारोह 25 दिसम्बर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर आयोजित किया जाएगा, जो पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण होगा।

इस महोत्सव में विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी जिनमें फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स की 100 मीटर और 400 मीटर दौड़, खो-खो, कबड्डी, रस्साकशी और बैडमिंटन शामिल हैं। विशेष आकर्षण के रूप में वरिष्ठ नागरिकों के लिए कुर्सी दौड़ और दिव्यांगजन के लिए संगीत बॉल पास प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। प्रतियोगिता तीन आयु वर्गों 08 से 18 वर्ष, 19 से 40 वर्ष और 40 वर्ष से अधिक में सम्पन्न होगी। ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया 29 अगस्त से प्रारंभ हो चुकी है और 20 सितम्बर 2025 तक जारी रहेगी।

# छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष पर दंतेश्वरी महाविद्यालय में रोजगार मेला व मार्गदर्शन का आयोजन



**जगदलपुर,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय, जगदलपुर में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे के मार्गदर्शन में रोज़गार मेला एवं मार्गदर्शन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अजीत सुन्दर बिलुंग, मुख्य महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्वेता वर्मा, जिला रोजगार अधिकारी, जिला रोजगार कार्यालय बस्तर; जितेंद्र कुमार कावड़े, प्रबंधक, जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र,के. मोनिका, सीईओ, बस्तर पर्ल फिश फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी एवं महाविद्यालय की पूर्व छात्रा तथा रजिया शेख, बस्तर फूड फर्म एवं कंसलटेंसी सर्विसेज शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। छात्रा नेहा कश्यप ने राजकीय गीत प्रस्तुत किया, तत्पश्चात अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य से भुवनेश्वर कुमार, सहायक प्राध्यापक, मानवविज्ञान ने अवगत कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए छात्राओं को कौशल संवर्धन, सकारात्मक सोच एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया।

**अतिथियों ने छात्राओं को विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया:** अजीत सुन्दर बिलुंग ने शिक्षा, रोजगार एवं व्यापार के आपसी संबंध तथा व्यापार हेतु पूंजी उत्पन्न करने के विकल्पों पर प्रकाश डाला। श्वेता वर्मा ने करियर एवं जॉब के अंतर को स्पष्ट किया और प्रतियोगी परीक्षाओं (यूपीएससी, सीजी पीएससी ,व्यापम , आईबीपीएस, एसएससी आदि) तथा रोजगार पोर्टल्स की जानकारी दी। के. मोनिका ने पर्ल फार्मिंग एवं स्वरोजगार को महिला सशक्तिकरण से जोड़ते हुए छात्राओं को प्रेरित किया। रजिया शेख ने अपने संघर्षमय जीवन की कहानी साझा कर छात्राओं को आत्मविश्वास एवं दृढ़ इच्छाशक्ति से आगे बढ़ने का संदेश दिया। जितेंद्र कुमार कावड़े ने आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना एवं अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतिम चरण में डॉ. श्यामा चरण, सहायक प्राध्यापक, मानवविज्ञान ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन तहसीन सुल्ताना द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण— डॉ. रंजना नाथ, डॉ. योगेंद्र मोतीवाला, डॉ. प्रिंसी दुग्गा, बबीता दीवान, वैष्णवी मंडावी, डॉ. प्रियंका शुक्ला, डॉ. बिंदु साहू, डॉ. हेमलता मिंज, डॉ. बृजेश गौतम, डॉ. तृप्ति खनंग, डॉ. पूनम सोनी, डॉ. आकांक्षा मिश्रा, सुश्री जीविदा कोसले, शबाना बेगम के साथ बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति थी।

# भाजपा बस्तर मंडल ने किया सेवा सप्ताह पखवाड़ा कार्यशाला आयोजित



**जगदलपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी बस्तर मंडल ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की। भारतीय जनता पार्टी बस्तर मंडल द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की कार्यशाला में प्रभारी विजय पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाड़ा के उद्देश्य और इसकी रूपरेखा से अवगत कराया ।यह कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें समाज सेवा, स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक चलेगा। मंडल अध्यक्ष सुखदेव मंडावी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को सेवा प्रदान करना और उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के बारे में जागरूक करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित करेगी और उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के बारे में जागरूक करेगी। इससे समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ होगा और वे अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक होंगे। इस अवसर पर भाजपा बस्तर मंडल अध्यक्ष सुखदेव मंडावी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामानंद मिश्रा ,बस्तर मंडल प्रभारी विजय पाण्डेय, मंडल उपाध्यक्ष दयाराम बघेल ,मंडल >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# 10 लाख रुपए से अधिक 66 गुम और चोरी हुए मोबाइल को पुलिस ने मालिकों को दिलाया



## छत्तीसगढ़, उडीसा, आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना राज्यों से की गई गुम हुए मोबाईलों की बरामदगी

**सुकमा,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। जिला सुकमा के विभिन्न थाना क्षेत्रान्तर्गत गुम/चोरी हुए 66 मोबाईल फोन किया गया बरामद। बरामद गुम/चोरी हुए मोबाईल की अनुमानित कीमत दस लाख रूपये है जिसे गुरुवार को एसपी किरण चव्हाण द्वारा मोबाइल मालिकों को उनका मोबाइल दिया गया। गुम हुए मोबाईल मालिकों के चेहरे में मुस्कान आयी। मोबाईल पुनः मिलने से लोगो ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यवाही में जिला सुकमा के सायबर सेल नोडल मोनिका श्याम, प्रधान आरक्षक महेन्द्र बहादुर कंवर, आरक्षक नेमपाल दिवाकर, मीना गावड़े, रूखमणी यादव, आरक्षक सुब्बाराव पोडियाम, लीलाराम पटेल का विशेष योगदान रहा है। पुलिस ने बताया कि जिला सुकमा में एसपी किरण चव्हाण पुलिस के मार्ग-दर्शन एवं एएसपी रोहित शाह व एएसपी अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा मोनिका श्याम उप पुलिस अधीक्षक सुकमा के पर्यवेक्षण में जिला सुकमा के विभिन्न थाना में गुम व चोरी हुए मोबाईल बरामदगी हेतु सायबर सेल प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित किया गया। उक्त टीम द्वारा उचित कार्यवाही करते हुए छत्तीसगढ़ व सीमावर्ती राज्यों आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, उडिसा एवं जिलें के अंदरूनी क्षेत्रों से गुम व चोरी हुए मोबाईल नंबर/आईएमईआई >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन से आरम्भ होगा भाजपा का सेवा पखवाड़ा : वेदप्रकाश



## जगदलपुर पश्चिम व पूर्वी नगर मण्डल की कार्यशाला आयोजित

**जगदलपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन 17 सितम्बर से राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आरंभ किया जायेगा। जिसकी तैयारियों व कार्ययोजना को लेकर भाजपा जिले के सभी तेरह मण्डलों में मण्डलवार कार्यशाला आयोजित कर रही है। बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में जगदलपुर पूर्वी मण्डल और जगदलपुर पश्चिम मण्डल की कार्यशाला संपन्न हुई, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता को संपूर्ण समर्पण भाव से सेवा पखवाड़ा में सक्रियता से कार्य करने कहा गया है। कार्यशाला को संबोधित करते हुये भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से आरम्भ होकर 2 अक्टूबर गाँधी जयंती तक मनाया जायेगा। भाजपा के सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाड़ा में अपना योगदान सुनिश्चित करना है। प्रदेश कार्य समिति सदस्य विद्याशरण तिवारी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के सभी कार्यक्रमों को जनता के बीच पहुँच कर कार्यरूप देना है। बूथ स्तर तक कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन किया जाना है। पूर्व जिला अध्यक्ष रूप सिंह मण्डावी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान, एक पेड़ माँ के नाम अभियान में वृक्षारोपण, संगोष्ठी आदि कार्यक्रमों की रुपरेखा बनी है। प्रत्येक कार्यक्रम महत्वपूर्ण है। महापौर संजय पाण्डेय ने कहा कि शक्ति केन्द्र प्रभारी, संयोजक, बूथ अध्यक्ष, सचिव, बूथ स्तर के एक एक कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक पूरा करें। आमजन का सहयोग लेकर जोड़ने का प्रयास करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा व पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने की। कार्यशाला का संचालन दिगम्बर राव, संजय चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन विक्रम सिंह यादव, शशिनाथ पाठक ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व संगठन मंत्री विधान चंद्र कर, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीधर ओझा,आनंद मोहन मिश्रा,सफीरा साहू, दीप्ति पाण्डेय, ललिता बघेल, गोदावरी साहू, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, सुरेश गुप्ता, राजेन्द्र बाजपेयी, अतुल सिम्हा, संतोष बाजपेयी, सुधा मिश्रा, योगेश शुक्ला, दशरथ गुप्ता, मीना साहू, गीता नाग, आशा साहू, शेखर शर्मा, रितेश सोनी, अविनाश गौतम, मायारानी बरई, गायत्री कश्यप, राजा यादव, योगेश मिश्रा, किरण दीवान, राधा बघेल, ब्रिजेश शर्मा, शैलेष श्रीवास्तव, संतोष पाण्डेय, केतन महानंदी, दिलीप सुन्दरानी आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सिकलिन पीड़ित बालिका के स्वजनों ने कहा- मेरी बेटी को बचा लो साहब

- **अस्पताल परिसर में मीडियाकर्मी को देख भड़का डॉक्टर**



**कोण्डागांव** 12 सितंबर (देशबन्धु)। मेरी बेटी को बचा लो साहब हमको अब यहां नहीं रहना है, डबडबाई आंखों से ग्राम बोटीकनेरा निवासी देवकी नेताम और उसके पति सनत नेताम ने कहा। सिकलिन से पीड़ित बच्ची का इलाज कराने के लिए सोमवार को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन ने प्रेस को जानकारी देते बताया कि जिला अस्पताल के डाक्टरों ने उनकी बच्ची का ऑपरेशन करने की बात बताया ऑपरेषन की प्रक्रिया के दौरान बेहोश किया, जिसे आज तक होष नहीं आया है। जहां दो से तीन दिनों में सुधार होने का दावा डॉक्टर कर रहे थे, वहीं आज षुक्रवार तक कुल 05 दिन बित चुका है, बच्ची को होष नहीं आया है। परिजन बच्ची के बेहोष होने की स्थिति में देखकर चिंतित हैं। देवकी नेताम पति सनत नेताम ने दावा किया उसकी बेटी गंगा नेताम साढ़े छह साल की है, जिसे अपने पैरों पर चलाकर सोमवार को सिकलिन जांच कराने जिला अस्पताल लेकर आए थे। उसे हर महीने ब्लड चढ़ता है। डॉक्टर बेटी को ब्लड चढ़ाने बोले। बेटी को सिकलिन था और पेट के किनारे में तिल था, डाक्टरों ने कहा ऑपरेशन करना पड़ेगा और ऑपरेशन की तैयारी किया गया, ऑपरेशन से पहले बेटी को बेहोश किया गया। बेटी आज तक होष में नहीं आई है। उसका ऑपरेशन नहीं हुआ है। हमें अब डर लगने लगा है, हमारे पास कुछ नहीं है। पति ठेला लगाकर परिवार का गुजरा चलाते हैं। अस्पताल में रहने के चलते वह भी बंद होने से इलाज के लिए हाथ में पैसे तक नहीं है। हमारी बेटी को किसी तरह बचा लो। डॉ.प्रेम कुमार मंडावी सिविल सर्जन जिला अस्पताल ने कहा मैने बालिका को देखा है, आठ या नौ तारीख को उसे लाया गया है, उपचार में लगे डॉक्टर ने बताया हमसे जितना हो पा रहा कर रहे हैं, बच्ची को नार्मल कंडीशन में लाएंगे, बच्ची के हाथों का मूवमेंट हो रहा है, उसे सिकलिन बीमारी था, अब उसका आपरेशन ठीक होने के बाद ही होगा, सुधार होने में अभी दो से तीन दिन लग सकते हैं।

**अस्पताल परिसर में मीडियाकर्मी को देख भड़का डॉक्टर**

जानकारी मिलने पर कवरेज के लिए शुक्रवार को अस्पताल परिसर में पहुंचे मीडिया कर्मियों को देखकर एक डाक्टर भड़क गए। बंद वार्ड के बाहर से तस्वीर लेते देखकर चिकित्सक शैलेश कुमार ने कहा कि अस्पताल परिसर में कवरेज के लिए विभाग से अनुमति मांगे हो क्या ? पत्रकारों को अस्पताल परिसर में कवरेज नहीं करने की नसीहत दने लगे। इस मामले में सिविल सर्जन प्रेम मंडावी ने कहा डॉक्टर को ऐसा नहीं करना था, आगे से ऐसी स्थिति पैदा नहीं होगी डॉक्टर को समझाईश दी जाएगी।

# किरण देव ने शिक्षा मंत्री से की बात, हटाये जायेंगे बीईओ रफीक

- **आश्वासन के बाद शिक्षकों ने स्थगित किया आंदोलन**
- **कमिश्नर और जेडी से भी मिला प्रतिनिधि मंडल**
- **निलंबन बहाली के बाद गीदम में ही पोस्टिंग को लेकर विरोध**



**दंतेवाड़ा,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गीदम शेख रफीक के निलम्बन उपरांत पुन: गीदम में ही पदस्थापना को लेकर गीदम विकासखण्ड के समस्त शिक्षक ने विरोध का बिगुल फूंक दिया है। इस मुद्दे पर शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव से मुलाकात की। इसके बाद श्री देव ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से दूरभाष पर इस मामले को लेकर चर्चा की और शिक्षकों के विरोध की जानकारी दी। शिक्षा मंत्री ने आश्वस्त किया कि शेख रफीक गीदम में बीईओ के पद पर नहीं रहेंगे। इस आश्वासन के बाद शिक्षकों ने अपनी हड़ताल फिलहाल स्थगित कर दी है। बीईओ श्री रफीक की पदस्थापना के विरोध में विकासखण्ड के शिक्षकों द्वारा कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद 9 सितम्बर से समस्त शिक्षकों द्वारा अपने कार्य स्थल पर काली पट्टी लगा कर लगातार विरोध प्रर्दशन किया जा रहा है। 10 सितम्बर को शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल द्वारा सभांग आयुक्त एवं संयुक्त संचालक शिक्षा बस्तर को ज्ञापन दिया गया। संयुक्त संचालक शिक्षा राकेश पाण्डे द्वारा प्रकरण पर संज्ञान लेते हुए दूरभाष पर जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा एसके अम्बस्ट से बात कर शेख रफीक को गीदम विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के पद पर ज्वाईनिंग देने से मना किया। पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव प्रदेश से भी चर्चा की गई एवं ज्ञापन सौंपा गया। चर्चा में शेख रफीक के 7 वर्षों के कार्यकाल के दौरान शिक्षकों से की गई आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना एवं युक्तियुक्तकरण में की गई कूटरचना इत्यादि विषयों जानकारी दी गई। शिक्षकों की समस्या पर त्वरित संज्ञान लेते हुए किरण देव ने शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से टेलिफोनिक चर्चा करते हुए प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि शेख रफीक विकाखण्ड शिक्षा अधिकारी गीदम के पद पर नहीं रहेंगे। इस मामले में शिक्षकों को सुखद परिणाम शीघ्र ही मिलेगा। प्रदेश अध्यक्ष श्री देव से मिले आश्वासन उपरांत विकासखण्ड स्तरीय आंदोलन समिति ने बैठक कर संपूर्ण घटनाक्रम पर चर्चा कर यह निर्णय लिया कि शेख रफीक खण्ड शिक्षा अधिकारी के रूप में पदस्थ करने के विरोध में जारी आंदोलन को शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम की अपेक्षा एवं छात्र हित के कारण स्थगित किया जाता है। यदि शेख रफीक खण्ड शिक्षा अधिकारी गीदम के पद पर अपनी ज्वाईनिंग देते हैं या इनकी पदस्थापना अन्यत्र नहीं की जाती तो यह आंदोलन पुन: प्रारंभ कर दिया जावेगा।

# योजनाओं से लाभान्वित करने का संकल्प आदि सेवा पर्व का जनपद में आयोजन

- **हितग्राहियों को मिलेगा योजनाओं का लाभ**



**दंतेवाड़ा,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत दंतेवाड़ा में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आदि सेवा पर्व का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में संचालित समस्त योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुँचाना रहा।

इस अवसर पर जनपद पंचायत के सभाकक्ष में सरपंच, सचिव, महिला एवं स्व सहायता समूहों के सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को योजनाओं के क्रियान्वयन, निगरानी एवं हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक कल्याण सहित विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। जनपद पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि आदि सेवा पर्व न केवल सेवा प्रदाय की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, बल्कि यह शासन की जन हितैषी सोच को धरातल पर साकार करने का एक सार्थक प्रयास भी है। इस आयोजन से ग्रामीण स्तर पर योजना क्रियान्वयन में पारदर्शिता, सहभागिता और प्रभावशीलता को बढ़ावा मिलेगा, जिससे आदिवासी अंचल के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी समुचित लाभ मिल सकेगा।

# सरकारी खरीदी जेम पोर्टल से करना अनिवार्य

## अपर कलेक्टर ने कार्यशाला में दी हिदायत

- **प्रशिक्षक राकेश तिवारी ने बतायी बारीकियां**

दंतेवाड़ा, 12 सितंबर (देशबन्धु)। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र दंतेवाड़ा के द्वारा गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) पोर्टल पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर कलेक्टर राजेश पात्रे ने की। कार्यशाला में जेम प्रशिक्षक राकेश तिवारी ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को सरकारी खरीद की प्रक्रिया, पोर्टल पर पंजीयन, निविदाओं में भागीदारी, उत्पाद कैटलॉग विकास तथा एमएसएमई इकाइयों को मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी।



इस संबंध में अपर कलेक्टर श्री पात्रे ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी विभागों द्वारा सरकारी खरीदी जेम पोर्टल के माध्यम से ही अनिवार्य रूप से की जानी है। उन्होंने उपस्थित जनों से आग्रह किया कि वे पोर्टल की बारीकियों को अच्छी तरह समझें तथा किसी भी संशय की स्थिति में प्रशिक्षक से अवश्य मार्गदर्शन प्राप्त करें। इस अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के प्रबंधक रविशंकर नेताम, विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रमुख, अधीनस्थ कर्मचारी, जिले के विक्रेता एवं आपूर्तिकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मुश्किल घड़ी में अन्न दाताओं के साथ खड़ा प्रशासन

- **बाढ़ से फसल क्षति पर किसानों के खाते में आएगा मुआवजा**
- **फसल बीमा योजना के तहत बीमा करेगी भुगतान**
- **क्षति से डेढ़ हजार किसान प्रभावित, गीदम में ज्यादा नुकसान**



**दंतेवाड़ा,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा में हुई अत्यधिक वर्षा, बाढ़ एवं प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों के कारण जिले के विभिन्न विकासखण्डों में बोई गई खरीफ फसल विशेषकर धान को आंशिक क्षति पहुँची है। इस विषम परिस्थिति में शासन, जिला प्रशासन और कृषि विभाग किसानों के साथ खड़ी है और उन्हें राहत पहुंचाने पूरी कोशिश हो रही है।कृषि विभाग द्वारा त्वरित सर्वेक्षण एवं प्रारंभिक आकलन के आधार पर यह पाया गया कि जिले में कुल 67 हजार 380 हेक्टेयर क्षेत्र में धान बोया गया था, जिसमें से लगभग 1 हजार 233 हेक्टेयर 8 एकड़ क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इस क्षति से कुल 1 हजार 594 किसान परिवार प्रभावित हुए हैं। विकासखण्ड वार प्रभावित क्षेत्र की स्थिति औरआँकड़े दर्शाते हैं कि गीदम विकासखण्ड में सर्वाधिक क्षेत्र (633 हे.) और 771 किसानों को क्षति पहुँची है, जबकि कुआकोंडा ब्लॉक अपेक्षाकृत कम प्रभावित हुआ है। फसल क्षति की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग ने तुरंत फील्ड सर्वे दल गठित कर ग्राम स्तर पर किसानों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया। इसके आधार पर विभिन्न राहत कदम उठाए जा रहे हैं। प्रत्येक प्रभावित किसान का नाम, क्षेत्र एवं क्षति विवरण दर्ज कर सूचीबद्ध प्रकरण तैयार कर लिया गया है। यह सूची कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के संयुक्त सत्यापन से तैयार की गई है। प्रभावित किसानों को शीघ्र ही नि:शुल्क बीज मिनीकिट प्रदान किए जाएंगे ताकि वे रबी सीजन या वैकल्पिक खरीफ फसल की बोवाई कर सकें। इसके साथ ही लघु कृषि यंत्र भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उनकी कृषि लागत कम हो और उत्पादकता बढ़े। जिन किसानों ने खरीफ वर्ष 2025 हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएम एफ बीवाय) में पंजीयन कराया है, उन्हें उनकी क्षति की भरपाई के लिए बीमा दावा राशि सीधे बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी। यह प्रक्रिया बीमा कंपनियों एवं जिला स्तरीय समितियों की देख रेख में पारदर्शी ढंग से की जाएगी। प्रभावित किसानों को आरबीसी 64 के प्रावधानों के तहत मुआवजा राशि राजस्व विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे उन किसानों को भी तत्काल राहत मिलेगी जो बीमा योजना से बाहर हैं। कृषि विभाग के वैज्ञानिक एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, किसानों को वैकल्पिक फसलें लगाने एवं जैविक इनपुट्स के प्रयोग हेतु मार्गदर्शन देंगे। विशेषकर प्रभावित किसानों को कोदो-कुटकी, तिलहन, दलहन जैसी कम अवधि की फसलों की ओर प्रेरित किया जा रहा है।

जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक प्रभावित किसान को त्वरित राहत उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी किसान को बिना सहायता के नहीं छोड़ा जाएगा। कृषि एवं राजस्व विभाग मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि किसानों को बीज, खाद, यंत्र एवं वित्तीय सहायता समय पर प्राप्त हो। कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं उप संचालक कृषि सूरज पंसारी ने कहा है कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। विपरीत परिस्थितियों में उनकी सुरक्षा और सहायता हमारा दायित्व है। जिला प्रशासन हर किसान के साथ खड़ा है और उन्हें जल्द से जल्द राहत पहुँचाने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

# कमेला में बिटिया के जन्मदिन पर, पिता ने कराया न्यौता भोज

**कोण्डागांव** 12 सितंबर (देशबन्धु)। कोंडागांव विकास खंड के अंतर्गत संकुल केंद्र कमेला के हाई स्कूल व उच्च प्राथमिक शाला कमेला में 11 सितम्बर को न्यौता भोज का आयोजन किया गया। संकुल प्राचार्य तिलक मंडावी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत बालिका कु.कोकिला पांडे के जन्मदिन के अवसर पर पालकों द्वारा हाई स्कूल व उच्च प्राथमिक शाला के समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्व सहायता समूह के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पालकों द्वारा बच्चो के लिए खीर, पूड़ी, दाल, चावल व सब्जी का वितरण किया गया। इस आयोजन में संकुल समन्वयक गौतम राम पांडे, होरी लाल चंद्रवंशी, टिकेश्वर प्रसाद साहू, मदन कोर्राम, अमृत देवांगन, बीरेंद्र ठाकुर, दीपक, अविनाश बनर्जी, तुलसी, अरुणा सिन्हा पालक फड़ींद्र पांडे, साधना पांडे, हरीश पांडे, लालकृष्ण पांडे, लीना पांडे, डालेश्वरी पांडे, शाला के समस्त कर्मचारी समस्त छात्र छात्राएं, शिक्षक, स्व सहायता समूह सदस्य व पालक उपस्थित रहे।



# प्रोसेस लैब के तहत एक दिवसीय कार्यशाला

**कोण्डागांव** 12 सितंबर (देशबन्धु)। आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत बुनागांव ग्राम पंचायत में प्रोसेस लैब के तहत एक दिवसीय क्लस्टर स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कुल 13 ग्रामों किबईबोलेंगा, पाला, मालाकोट, बनजुगानी, बांसगांव, चिचडोंगरी, बुनागांव, मसोंरा, केवटी, भीरागांव (ब), देवखरगांव, चीमड़ी तथा चलका की सक्रिय भागीदारी रही।



लगभग 120 से अधिक च्च्आदि साथीज्ज इस अवसर पर उपस्थित हुए। इसके साथ ही सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, पंच तथा विभिन्न स्थानीय शासन प्रतिनिधि और सामुदायिक नागरिक भी कार्यशाला का हिस्सा बने। कार्यक्रम का संचालन मुख्य कार्यपालन अधिकारी कोंडागांव राधेश्याम साहू की अध्यक्षता एवं अनुविभागीय अधिकारी उत्तम महोबुया की उपस्थिति में हुआ। प्रशिक्षण सत्र में ब्लॉक मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉ.जयंती कश्यप (महिला एवं बाल विकास विभाग) और यासमीन मेमन (पिरामल फाउंडेशन) ने प्रतिभागियों को विभिन्न योजनाओं एवं अभियान की बारीकियों से अवगत कराया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समाज को मुख्यधारा से जोड़ना और सरकारी योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुँचाना है। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, ग्राम विकास में उनकी सहभागिता और समाज के सर्वांगीण उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया।

# ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण

- **उप निर्वाचन अधिकारी के साथ राजनीतिक दल के प्रतिनिधि मौजूद**

**दंतेवाड़ा,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार ईवीएम, वीवीपैट मशीनों का त्रैमासिक निरीक्षण किये जाने के निर्देश दिए गए है। इस तारतम्य में उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा कलेक्टोरेट परिसर में स्थित ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का आज निरीक्षण किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयर हाउस की सुरक्षा, वहां स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के रख रखाव, बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्ही व्ही पीएटी मशीन, सीसी टीवी कैमरे, अग्नि से सुरक्षा परिसर की सुरक्षा सहित अन्य बिंदुओं के बारे मे जानकारी लेते अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं निर्वाचन सुपरवाइजर अजय नायक सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



## निधन

### श्रीमती प्रमिला अग्रवाल

**थान खम्हरिया,** 12 सितम्बर। समीप ग्राम गुवारा में श्रीमती प्रमिला अग्रवाल का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। आसपास ग्रामीण अंचल में ख्याति प्राप्त महिला थी। मिलनसार व्यवहारिक थी। आज सुबह 10ः00 बजे मुक्तिधाम में दास संस्कार किया जाएगा। अपने पीछे पुत्र काशी अग्रवाल, रामावतार, हर गोपाल, लोकेश अग्रवाल, अरविंद, अभिषेक, प्रिया, सुरभि जागृति को छोड़कर गई है।



### भोरे लाल यादव

**बागबाहरा,** 12 सितम्बर। नगर के वार्ड नंबर 2 व्यापारी तालाब निवासी वरिष्ठ नागरिक भोरेलाल यादव का बीती रात्रि में निधन हो गया। वे लगभग 80 वर्ष के थे। वे कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे मुन्ना लाल यादव एवं राकेश यादव के पिता थे। तथा वे अभिषेक यादव एवं राहुल यादव के दादा थे। स्व. गोरेलाल यादव का अंतिम संस्कार नगर के मंडी तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जहाँ बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।



### राजेश बुडू देवांगन

**बागबाहरा,** 12 सितम्बर। नगर के वार्ड नंबर 3 थानापारा निवासी युवक राजेश बुडू देवांगन का बीती रात्रि में आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 45 वर्ष के थे। तथा आशीष देवांगन के पिता थे। जिनका अंतिम संस्कार आज शुक्रवार को नगर के मंडी तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित



## प्रादेशिकी का शेष...

**विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा में रथ...**

बिछाने का कार्य तय समय सीमा में पूर्ण होगा। इस दौरान महापौर संजय पांडे, अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,एम आई सी सदस्य निर्मल पानीग्राही, संग्राम सिंह राणा, लक्ष्मण झा, शशि रथ, आशुतोष पांडेय, गोविंद ईनाणी,सीएसपीडीसीएल के अधिकारी श्री खान व पीडब्ल्यूडी के अधिकारी श्री सिन्हा व अन्य उपस्थित थे।

**भाजपा बस्तर मंडल ने किया...**

महामंत्री हेमराज कश्यप, चमरू यादव ,मंडल मंत्री सुष्मिता मिस्त्री, बसंती पटेल, जनपद उपाध्यक्ष जयबती बघेल,अनिल जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप जिला पंचायत सदस्य शंकुतला कश्यप, पूर्व बस्तर जनपद उपाध्यक्ष मोहन मौर्य, पूर्व जनपद सदस्य फुलसिंग मौर्य ,नगर पंचायत बस्तर नेता प्रतिपक्ष समीर कुमार मिश्रा,विरसिंह मौर्य, बंशी कश्यप,मंगल बघेल, अनिता बघेल, जनपद सदस्य निलेन्द्री बघेल,गणेश बघेल,योगेश चंदेल सहित अन्य भाजपा कार्यकता उपस्थित थे।

**10 लाख रुपये से अधिक...**

नबरों को ट्रेस करते हुये मोबाईल सेट कुल 66 नग अनुमानित कीमत लगभग 10, 00,000 (दस लाख रूपये ) बरामद की गयी है। बरामद किये गये मोबाईलों को गुरुवार को संबंधित मोबाईल मालिकों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय एसपी किरण चव्हाण के हाथों से मोबाईल धारको को वापस किया गया, जिससे मोबाईल धारकों के चेहरे में मुस्कान आयी तथा गुम हुए मोबाईल पाकर पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# जुमलो, झूठे वादों और लोकतंत्र के अपमान पर टिकी भाजपा- कांग्रेस

- **वोट चोरी शब्द को असंसदीय बताना भाजपा की बौखलाहट**
- **कांग्रेस ने दिखाया आईना तो तिलमिला गई भाजपा**
- **राजनीति और लोकतंत्र की शुचिता को खण्डित करने में माहिर भाजपाई**
- **कांग्रेस मीडिया प्रभारी ने सिलसिलेवार दिया जवाब**

**दंतेवाड़ा,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा मीडिया प्रभारी द्वारा कांग्रेस पर लगाए गए आरोप को लेकर जिला कांग्रेस मिडिया प्रभारी मनीष ठाकुर ने तीखा पलटवार किया है। मनीष ने कहा है कि भाजपा के पास आज जनता को बताने के लिए कोई कामकाज व उपलब्धि नहीं बचा है, इसलिए वह शब्दों के मायाजाल में उलझाकर जनता को गुमराह करने की नाकाम कोशिश कर रही है जो कि हास्यास्पद है और तथ्यों से परे हैं।

मनीष ने आगे कहा कि दरअसल भाजपा नेताओं की बौखलाहट ही यह साबित करती है कि वोट चोरी का मुद्दा सीधे उनकी राजनीतिक अंतरात्मा को चोट पहुँचा रहा है। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि वोट चोरी कोई असंसदीय शब्द नहीं, बल्कि भाजपा की कार्यप्रणाली और चुनावी धांधलियों को लेकर जनता की पीड़ा की सच्ची अभिव्यक्ति है। आज हर नागरिक जानता है कि भाजपा लोकतंत्र की मर्यादाओं का उल्लंघन कर सत्ता में बने रहने के लिए किस तरह से शासन-प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है। भाजपा लोकतंत्र की दुहाई जरूर देती है, लेकिन व्यवहार में उसकी राजनीति खरीद-फरोख्त, दबाव, तोड़फोड़ और हेरा-फेरी पर आधारित है। यही कारण है कि जब कांग्रेस ने जनता की आवाज़ को सामने रखा तो भाजपा को अपनी असलियत का आईना दिखना नागवार गुजरा। कांग्रेस मीडिया प्रभारी ने कहा कि भाजपा को लोकतंत्र और भाषा की गरिमा का पाठ पढ़ाने का कोई अधिकार नहीं है। जिस पार्टी ने लोकतंत्र की आत्मा - संविधान और चुनावी प्रक्रिया - को बार-बार ठगा है, वही आज वोट चोरी शब्द पर आपत्ति दर्ज कर रही है। मनीष ने कहा कि भाजपा की पूरी राजनीति जुमलों, झूठे वादों और लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग पर टिकी हुई है। जब-जब भाजपा हार के डर से घबराती है, तब-तब संवैधानिक संस्थाओं और चुनावी प्रक्रिया को अपने पक्ष में मोड़ने का प्रयास करती है। यही कारण है कि जनता, भाजपा पर भरोसा खो चुकी है। कांग्रेस मीडिया प्रभारी ने आगे कहा कि भाजपा नेताओं को शब्दों की मर्यादा की चिंता तब नहीं होती जब उनके ही बड़े नेता संसद व सार्वजनिक मंचों से अमर्यादित, असंसदीय और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं। भाजपा नेताओं का इतिहास भाषा की गरिमा और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ खिलवाड़ करने का रहा है। दरअसल वोट चोरी शब्द कांग्रेस की वैचारिक दरिद्रता नहीं, बल्कि भाजपा की लोकतांत्रिक दरिद्रता का आईना है। मनीष ने आगे कहा कि भाजपा, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर जनता का भरोसा तोड़ चुकी है और अब केवल झूठे नैरेटिव व सस्ते आरोपों के सहारे जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। कांग्रेस स्पष्ट करती है कि लोकतंत्र की रक्षा और जनता की आवाज़ बुलंद करना उसका कर्तव्य है और इसी जिम्मेदारी के तहत भाजपा की जनविरोधी राजनीति का पर्दाफाश किया जा रहा है। भाजपा की भाषा और आचरण ही असंसदीय हैं, क्योंकि उन्होंने विपक्ष की आवाज दबाने का काम किया। भाजपा की वैचारिक दरिद्रता यह है कि वह हर आलोचना को ओछी राजनीति बताकर खारिज कर देती है। वास्तविकता यह है कि भाजपा जनता का विश्वास खो चुकी है और आगामी चुनावों में हार सुनिश्चित देखकर अब कांग्रेस पर निराधार आरोप लगा रही है। मनीष ने कहा कि वोट चोरी शब्द भाजपा के काले कारनामों की पहचान बन चुका है और यह जनता की जुबान पर है। भाजपा लाख सफाई दे, लेकिन सत्य यह है कि भाजपा ने लोकतंत्र की जड़ों को खोखला किया है।



# सरकारी लापरवाही की भेंट चढ़ीं फरसगांव ब्लाक की राशन दुकानें



**फरसगांव,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। विकासखंड फरसगांव में उचित मूल्य की कई दुकानें जर्जर भवनों में संचालित हो रही हैं, जिससे गरीब उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में इन दुकानों की छतें टपकने लगती हैं, और नमी के कारण राशन खराब हो रहा है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि प्रशासन की अनदेखी की वजह से उन्हें गुणवत्ताहीन अनाज लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यह स्थिति नागरिक आपूर्ति निगम और स्थानीय प्रशासन की घोर लापरवाही को उजागर करती है, जिसका खामियाजा सीधे तौर पर गरीब परिवार भुगत रहे हैं।

**सामुदायिक और पंचायत भवनों पर राशन दुकानों का कब्जा**

## बारिश में भीग रहा गरीबों का अनाज

राशन दुकानों की बदहाली का आलम यह है कि कई जगहों पर वितरण का कार्य अन्य सरकारी इमारतों में किया जा रहा है, जिससे उन जगहों के मूल कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। उदाहरण के लिए, बोरगांव में जर्जर दुकान की वजह से वितरण सामुदायिक केंद्र में हो रहा है, जबकि कुल्हड़गांव में पंचायत भवन को राशन के भंडारण और वितरण के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे पंचायत के काम में बाधा आ रही है और ग्रामीणों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं भंडार सिवनी, मोहलई की स्थिति और दयनीय है। छत से पानी सीपेज होकर खाद्यान्न की गुणवत्ता खराब हो रही है जो यह दिखाता है कि जब सरकारी एजेंसियां अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लेती हैं, तो आम लोगों की मुश्किलें कितनी बढ़ जाती हैं।

**जिम्मेदारी किसकी ?— प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा भुगतते ग्रामीण—**

इस अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार कौन है? यह एक बड़ा सवाल है। क्या राशन दुकानों की मरम्मत या नई दुकानें बनाने की जिम्मेदारी नागरिक आपूर्ति निगम की नहीं है? या फिर यह स्थानीय प्रशासन का दायित्व है कि वे सुनिश्चित करें कि गरीबों को सुरक्षित और स्वच्छ खाद्यान्न मिले? ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकाला गया, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

वहीं, जब इस संबंध में खाद्य विभाग के जिलाधिकारी नवीन श्रीवास्तव से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन का काम जिला पंचायत के अधिकार क्षेत्र में आता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि पिछली बार पूरे जिले में 186 जगहों पर काम की स्वीकृति मिली थी, लेकिन कितनी जगहों पर काम चल रहा है, इसका पता लगाना पड़ेगा। यह बयान साफ करता है कि एक विभाग दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहा है, और इस आपसी खींचतान में आम जनता पिस रही है। फरसगांव ब्लाक में राशन दुकानों की यह दयनीय स्थिति खाद्य सुरक्षा के दावों पर सवाल उठाती है और दर्शाती है कि सरकारी लापरवाही कैसे गरीबों के हक पर भारी पड़ रही है।

# पुल के क्षतिग्रस्त से आने जाने वाले परेशान



**चारामा,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। हाराडूला चारामा मार्ग पर स्थित महानदी घाट पर बने पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण क्षेत्र वासियों को आवागमन में हो रही परेशानी को लेकर भाजपा नेता नंद कुमार ओझा, रघुनंदन साहू के नेतृत्व में परमानंद साहू, बिरसिंह कोर्राम, टाकेश्वर मरकाम, केशव साहू, दीपांकर सिन्हा, महेंद्र गावड़े, रामू सिन्हा, पवन जुर्री, कार्तिक सिन्हा, रामनारायण नेताम, भागी राम साहू आदि ग्रामीणों ने नया रायपुर स्थित निवास कार्यालय में उपमुख्यमंत्री एवंलोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव से मुलाक़ात कर समस्या से अवगत कराया।

हाराडुला के महानदी घाट पर बना पुल नरहरपुर से चारामा राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाला प्रमुख पुल है आने वाले दिनों में चारामा राष्ट्रीय राजमार्ग से भारत माला सड़क को जोड़ने वाला यह प्रमुख मार्ग है द्य इस पुल के क्षतिग्रस्त होने से आवागमन पुरी तरह से प्रभावित है। इस मार्ग से जाने वाली सभी गाड़ियां चारामा शहर के व्यस्त मार्ग से होकर गुज़रने पर मजबूर हैं द्य उपमुख्यमंत्री अरुण साव को इस समस्या से अवगत कराने पर तत्काल उन्होंने प्रदेश स्तर के अधिकारियों से चर्चा की एवम जल्द आवागमन कैसे बहाल हो इसके लिये आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अचानक इतने बड़े पुल के क्षतिग्रस्त होने पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने पूरे प्रदेश के पुल पुलिया के सतत् निगरानी हेतु अधिकारियों को जिम्मेदारी तय करने कहा एवम भविष्य में ऐसी घटना न हो इसके लिये अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये द्य पुल क्षतिग्रस्त होने का प्रमुख कारण रेत खनन का होना बताते हुए ग्रामीणों ने बताया की लगभग 25 साल पुराने इस का निर्माण उच्च तकनीक से नहीं हुवा है द्य रेत खनन के कारण नदी का पानी पुल के नींव के नीचे से बह रहा है जिसके कारण पुल धस गया। अचानक पुल धसने से जानमाल की हानि तो नहीं हुई मगर पूरे क्षेत्र में रेत माफियाओं में चर्चा एवम चिंता का विषय बना हुआ है कि आने वाले सत्र में कैसे किधर से परिवहन किया जाएगा। वैसे जिला प्रशासन भी आनेवाले दिनों में रेत खनन को लेकर सख्त रवैया अपनाने वाले हैं द्य रेत खनन के कारण इतना बड़ा नुक़सान हुआ पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय है।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत



**चारामा,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल राजयोगी टिकरिया का प्रथम बस्तर आगमन पर बस्तर के प्रवेश द्वार चारामा में भारतीय जनता पार्टी मण्डल द्वारा भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्व प्रथम प्रदेश अध्यक्ष द्वारा भारत माता, संविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर ,शहीद हेमंत दास मानिकपुरी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया ।और उनका काफिला कांकेर के लिए रवाना हुआ स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप में नन्द कुमार ओझा ,भाजपा मण्डल अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, विजय मंडावी,मण्डल महामंत्री संतोष नाहर खुशी जोतवानी दीपांकर सिन्हा महामंत्री, नेता प्रतिपक्ष संतोष ओझा पार्षद जगदीश साहू संदीप मेश्राम, उत्तम साहू,लोकेश सोनकर धर्मेन्द्र कुंजाम ,रजनी यादव, भागी राम साहू , अजय जगवानी, भोज राज सोनी, जागेश्वर सिन्हा, स्वपन बोस, पम्मी यादव, राजू सोनी, हनी श्रीवास्तव, करण निर्मलकर,गोपाल साहू, अशोक देवांगन, तामेश्वर साहू,कुमार देवांगन, गोपाल दुर्गाशी, राम भरोसा साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कल फाइनल में भिड़ेंगे जयगुरु वन बोरगांव टीम व वीर गुंडाधुर क्लब बनियागांव

**फरसगांव.** 12 सितंबर (देशबन्धु)। स्वर्गीय सुशांत सज्जल की स्मृति में बोरगांव पूर्वी में आयोजित फुटबॉल क्लब बोरगांव द्वारा संचालित फुटबॉल प्रतियोगिता में रोमांचक मैचों का सिलसिला जारी है। कई वर्षों के बाद गांव में फुटबॉल प्रतियोगिता का पुनरागमन होने से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है, और बारिश के बावजूद भी दर्शक बड़ी संख्या में मैच देखने पहुंच रहे हैं। जिले भर की 12 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया।



बोरगांव फुटबॉल प्रतियोगिता

आज प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में, जयगुरु वन बोरगांव और कोंडागांव साहा के बीच एक कड़ा मुकाबला हुआ। दोनों टीमों ने अंत तक अपनी पूरी ताकत लगाई, जिससे मैच ड्रॉ रहा। आखिरकार, पेनल्टी शूटआउट से मैच का फैसला हुआ, जिसमें जयगुरु वन बोरगांव की टीम ने 1-0 से जीत हासिल की। वहीं, पहले सेमीफाइनल में वीर गुंडाधुर क्लब बनियागांव और एमबी बोरगांव टीम के बीच मुकाबला हुआ। बनियागांव की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एमबी बोरगांव को 1-0 से मात दी और फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

अब इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच 14 सितंबर, रविवार को जयगुरु वन बोरगांव और वीर गुंडाधुर क्लब बनियागांव के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा, और दर्शकों को एक और रोमांचक मैच देखने की उम्मीद है।

# केशकाल में बालयोगी सूरजदास का आगमन



**केशकाल,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। अयोध्या हनुमान गढ़ी एवं रायगंज मिश्रौली के हनुमंत कुटी से वामन अवतार बालयोगी सूरजदास बाबा जी का शुक्रवार शाम 6बजे केशकाल आगमन हुआ। देश के प्रतिष्ठित संत महात्माओं और राजनेताओं एवं श्रद्धालु भक्तों के परमप्रिय बालयोगी सूरजदास बाबा शनिवार शाम को पुन- वापस अयोध्या के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। स्नेही शिष्यों एवं धर्म प्रेमियों के आग्रह पर मात्र कुछ घंटों के लिए उनका केशकाल आगमन हुआ है । गोरखपुर पीठ के महंत एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी एवं राष्ट्रीय स्तर के राजनेताओं के प्रिय और स्वामी रामभद्राचार्य बागेश्वर धाम के अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री तथा महान संत महात्माओं शंकराचार्य के स्नेह एवं आशीष पात्र बाबा सूरजदास का केशकाल दूसरी बार आगमन हुआ है ।बाबा सूरजदास ब्लाक कालोनी में उपाध्याय निवास में पधारे हुए हैं।

## सार-संक्षेप

### हितग्राहियों के खाते में भेजी गई पेंशन राशि

**दंतेवाड़ा,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। कार्यालय समाज कल्याण विभाग द्वारा मिली जानकारी अनुसार सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा योजना, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन तथा मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हितग्राहियों को माह अगस्त तक की पेंशन राशि का भुगतान कर दिया गया है। यह भुगतान 5 सितम्बर को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से किया गया। इससे जिले के हजारों हितग्राही सीधे लाभान्वित हुए हैं। विभाग के उप संचालक संतोष टोप्पो ने बताया कि पेंशन भुगतान से जुड़ी किसी भी समस्या या कठिनाई के समाधान के लिए हितग्राही जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग अथवा संबंधित जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों की पेंशन शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मर्दापाल का जनरेटर हुआ दुरुस्त

**कोण्डागांव,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मर्दापाल द्वारा यह जानकारी दी गई है कि खराब जनरेटर को ठीक करने हेतु कम्पनी के टोल फ्री नम्बर में कॉल करके सुधारने हेतु शिकायत दर्ज की थी, जिसे कम्पनी के इंजीनियर ने 25 जुलाई 2025 को सामु.स्वा.केन्द्र मर्दापाल में आकर जनरेटर को सुधारने का कार्य किया गया है एवं उसके रख रखाव के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जनरेटर आज की स्थिति में कार्य कर रहा है।

# संविदा मामले में मोदी की गारंटी को भूल गई सरकार


**दंतेवाड़ा,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेश के समस्त संविदा कर्मचारी वर्तमान में एनएचएम के संविदा कर्मचारियों के सेवा समाप्ति की कार्यवाही को शून्य घोषित किये जाने एवं नियमितिकरण की मांग को लेकर आज हड़ताल में रहे।



इसके लिए कर्मचारियों ने आज एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लिया था। इस हड़ताल में दंतेवाड़ा जिले से लगभग 530 कर्मचारी सम्मिलित रहे। उल्लेखनीय है कि एनएचएम के संविदा कर्मचारी अपने परिवार की आजीविका रोजी-रोटी को बचाने के लिए नौकरी की सुरक्षा (नियमितिकरण) की मांग प्रमुखता से करते रहे हैं। वर्तमान सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा प्रत्येक मंच से विपक्ष में रहते हुए आश्वस्त किया गया था। विधानसभा चुनाव 2023 के घोषणा पत्र मोदी की गारंटी में सरकार बनते ही 100 दिवस के भीतर कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु कमेटी गठन की बात हुई थी। आज भी संविदा कर्मचारी स्थायीकरण, ग्रेड-पे, वेतन वृद्धि, ग्रेच्युटी, पेंशन, अनुकम्पा,जीपीएफ-ई पीएफ, स्थानान्तरण, सीधी भर्ती में प्राथमिकता, स्वास्थ्य सुविधा अवकाश जैसी मूल सुविधाओं से वंचित हैं, जबकि मातृत्व राज्य में 22 जुलाई 2023 को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं। ऐसी स्थिति में समस्याओं से व्यथित होकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 18 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल का आज 26वां दिवस रहा। इनकी समस्याओं पर सकारात्मक पहल न करते हुए उल्टा उन्हें सेवा से पृथक किया गया है, जिससे संविदा कर्मचारी और ज्यादा व्यथित और आक्रोशित हैं। संविदा कर्मचारी महासंघ के जिला संयोजक सूरज सिंग ठाकुर ने बताया कि शासन की इस दमनकारी नीति का हम पुरजोर विरोध करते है और ये हड़ताल अनवरत जब तक हमारी मांगे नही मानी जाती तब तक जारी रहेगा। जिला महासचिव मनीष साहू ने कहा कि हम वो मांगते है जो सत्ताधारी दल ने विपक्ष में रहते हुए संविदा कर्मचारियों की मांगों को जायज बताते हुए सरकार में आने पर मांगो को पूर्ण करने का वायदा किया, लेकिन आज पर्यन्त तक हमारी जायज मांगों को पूरा नही किया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कहा कि एनएचएम के बर्खास्त साथियों को तत्काल बहाल किया जावें एवं 10 सूत्रीय मांगों को पूर्ण किया जावें। इसके उपरांत सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले जिले के 530 कर्मचारियों ने विधायक के नाम ज्ञापन सौंपा। रैली से वापसी उपरांत सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

- एनएचएम कर्मियों के आंदोलन में सर्व विभागीय संविदा कर्मियों का साथ
- एक दिन की छुट्टी लेकर हड़ताल में शामिल

# शासकीय महाविद्यालय, फरसगांव में रजत जयंती समारोह का शुभारंभ



**फरसगांव,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। चैतूगायता शासकीय महाविद्यालय, फरसगांव में गुरुवार, 11 सितंबर, 2025 को महाविद्यालय के 25वें वर्ष के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह की शुरुआत हुई। इस दो दिवसीय समारोह का पहला दिन च्एल्यूमिनी मीटज्ज कार्यक्रम के रूप में मनाया गया, जिसका संचालन श्रीमती चंपा मरकाम ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर वर्ष 2024 तक के सभी पूर्व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें विशेष रूप से सब-इंस्पेक्टर दयाराम वट्टी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

पूर्व छात्रों ने नए विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव और विचार साझा किए, जिससे वर्तमान छात्रों को प्रेरणा मिली। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सिद्धार्थ चौधरी का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने इस समारोह के माध्यम से महाविद्यालय की प्रगति और गौरव को उजागर किया।रजत जयंती समारोह के प्रथम दिवसीय आयोजन का आभार श्रीमती सीमा बघेल ने व्यक्त किया। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। यह समारोह न केवल महाविद्यालय की 25 वर्ष की यात्रा का जश्न है, बल्कि यह पूर्व और वर्तमान छात्रों के बीच एक मजबूत संबंध स्थापित करने का भी मंच है।

# राष्ट्रीय विज्ञान अनुसंधान यात्रा क्विज में अंतरा प्रथम




**दंतेवाड़ा,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विज्ञान अनुसंधान यात्रा क्विज प्रतियोगिता में छात्रा अंतरा कश्यप को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। दंतेवाड़ा जिले का नाम रोशन करने वाली इस होनहार छात्रा ने स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल, ब्लॉक कुआकोंडा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

अंतरा कश्यप की इस उपलब्धि पर स्कूल के शिक्षकों और प्रधानाचार्य की भूमिका भी प्रशंसनीय है, जिन्होंने उन्हें विज्ञान के प्रति प्रोत्साहित किया और उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद की। अंतरा को जिले के विजयी छात्रों में से एक के रूप में कोलकाता शैक्षणिक यात्रा पर जाने का अवसर मिला है, जहां वे अपने ज्ञान और अनुभव को और भी विस्तार से बढ़ा सकेंगी। इस यात्रा में उसकी प्रतिभागी साथी किरंदुल से और अन्य जिलों के 54 विजेता भी शामिल होंगे। स्वामी आत्मानंद की प्राचार्या सुश्री प्रिंसी एक्का एवं समस्त शिक्षकों ने छात्रा अंतरा कश्यप के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ उम्मीद जताई कि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होंगी। साथ ही, प्रशासन के प्रति भी आभार माना कि उन्होंने इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन करके छात्रों को विज्ञान के प्रति प्रोत्साहित करने का एक शानदार अवसर प्रदान किया है। कुआकोंडा जैसे अंचल से जब प्रतिभाएं निकलती है तो सचमुच पूरा समाज गौरवान्वित होता है। बीईओ प्रमोद भदौरिया सहित समूचे नगर की शुभकामनाएं छात्रा के साथ है।

- दंतेवाड़ा का नाम रोशन, कोलकाता में होंगी शामिल
- कुआकोंडा ब्लाक में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया

# कश्मीर से कन्याकुमारी राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा बीजापुर पहुंची

**बीजापुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। जय स्वर्वेद कथा की रसधारा से सरस हुआ बीजापुर, दिव्य वाणी ने अंतर्मन को शांति, प्रेम और आत्मजागरण से आलोकित कर दिया।

सत्संगति हमारे जीवन को निखारती है। शरीर की पुष्टि और इन्द्रियों की तृप्ति मानव जीवन का उद्देश्य नहीं हो सकता। मानव जीवन केवल अर्थ और काम तक सीमित नहीं है। यह लोककल्याण, आत्म-ईश्वर-साक्षात्कार के लिए मिला है।

उक्त उद्गार स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक सुपूज्य संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने स्वर्वेद सन्देश यात्रा के क्रम में शहर के इंद्रामार्किट के सांस्कृतिक भवन में आयोजित जय स्वर्वेद कथा एवं ध्यान साधना सत्र में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के मध्य व्यक्त किये।

संत प्रवर जी ने कहा कि मन को साधें , तो जीवन अपने आप सरल हो जाएगा।

बाहर की लड़ाइयांभीतर की हार से जन्म लेती हैं। आंतरिक शांति के अभाव से ही आज विश्व मे अशांति है।

दिव्यवाणी के दौरान श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि विहंगम योग के प्रणेता अमर हिमालय योग अनन्त श्री सद्गुरु सदाफलदेव जी महाराज ने अपनी गहन साधना द्वारा ईश्वर से योग की प्राप्ति की एवं इस अतिदुर्लभ विज्ञान को स्वर्वेद नामक अद्वितीय आध्यात्मिक सद्ग्रंथ द्वारा जनमानस को सुलभ कर दिया।

संत प्रवर जी ने कहा कि अध्यात्म का महाशास्त्र है स्वर्वेद। स्वर्वेद आध्यात्मिक ज्ञान का चेतन प्रकाश है। जिसके आलोक में अविद्या, अंधकार, मिथ्याज्ञान नष्ट होते हैं। यह हमारी आध्यात्मिक यात्रा को सदैव जागृत रखता है।

संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को विहंगम योग के क्रियात्मक योग साधना को सिखाया। कहा कि *यह साधना खुद से खुद की दूरी मिटाने के लिए है।*

महाराज जी ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा- जिसमें वायु के समान वेग है, उत्साह है, उमंग है, उल्लास है, वह ही युवा है। जो हताश नहीं है, जो निराश नहीं है, जो परिस्थितियों का दास नहीं है, बल्कि उनका स्वामी है, जो लक्ष्य के साथ जीता है, वही युवा है। जो सबके लिए उपयोगी है, जो लक्ष्य से भटकता नहीं है, वही युवा हैज्। युवा देश का भविष्य ही नहीं, वह वर्तमान भी है।




## आत्म जागरण से राष्ट्र जागरण का है उद्देश्य

आयोजकों ने बताया कि 25 एवं 26 नवम्बर 2025 को, विशालतम ध्यान-साधना केंद्र — स्वर्वेद महामंदिर, वाराणसी के पावन परिसर में 25,000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ एवं विहंगम योग संत समाज का 102वाँ वार्षिकोत्सव च्समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सवज्ज के रूप में भव्यता से सम्पन्न होना है।

इसी महाआयोजन के निमित्त संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज द्वारा 29 जून को कश्मीर के श्रीनगर की पावन धरती से स्वर्वेद सन्देश यात्रा का शुभारंभ किया गया था। यह यात्रा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, उड़ीसा की यात्रा पूरी करने के उपरांत अब छत्तीसगढ़ में गतिमान है।

इसी क्रम में यह राष्ट्व्यापी स्वर्वेद संदेश यात्रा बीजापुर पहुँच चुकी है।

इस यात्रा का उद्देश्य है कि महायज्ञ एवं महोत्सव का आध्यात्मिक लाभ अधिक से अधिक जन-जन तक पहुँचे और देशभर में सेवा, भक्ति एवं आत्मजागरण की भावना जाग्रत हो।

उपरोक्त कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी, बीजापुर विधायक विक्रम शाह मंडावी, बब्बन सिंह निदेशक-छत्तीसगढ़, कोटेश्वर चापड़ी उपाध्यक्ष, सुश्री श्यामा कुमार उसेंडी, कृष्ण राव पात्रो, जंगम कन्ना, सत्येंद्र कुमार स्वर्वेदी, महेश चापड़ी, उमेश पांडेय, सुनील पिल्लै, वीरेंद्र निषाद, प्रदीप कुमार, योगेश्वरानंद नेताम, अनिकेत, एकांत, लच्छू राम लेकम, जानकी कोरसा, सोमारू राम कश्यप, लच्छू राम, पप्पू चौहान, घासी राम नाग, शंकर माड़वी, गीता सोम, नीना रावतिया मोहन कुड़ियाम, मन्हैया, अशोक, बामन, रामदेव, पोरिया, विमल दहिया के साथ अत्याधिक संख्या में श्रद्धालुगण इस कार्यक्रम के साक्षी बने व संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज का दर्शन लाभ लिया।

**उल्टा पुल्टा**

पापा - बेटा 5 के बाद क्या आता है...?.बेटा - 6 और 7 पापा....पापा - शाबाश
बेटा मेरा तो बहुत इंटेलीजेंट है अच्छा तो 6, 7 के बाद.
बेटा - 8, 9, 10.
पापा- और उसके बाद...?
बेटा - और उसके बादगुलाम, बेगम और बादशाह...!

# जीएसटी में सुधार से 90 फीसदी सामान सस्ता : साय

## कांग्रेस के समय 17 तरह के टैक्स, 13 प्रकार के सेस थे

**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जीएसटी और टैक्सेशन में सुधारों का समर्थन करते हुए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर बड़ा हमला बोला है। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित पत्रकार में श्री साय ने कहा कि देश में 101 वें संविधान संशोधन द्वारा 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से पहले तक भारत में 17 प्रकार के टैक्स और 13 प्रकार के सेस लागू थे। प्रत्यक्ष कर की बातें करें तो आयकर की दर तो एक समय अधिकतम 97.5 प्रतिशत तक पहुँच गई थी। पिछले वर्ष 12 लाख सालाना की आय को टैक्स फ्री किया गया। अब जीएसटी में चार स्लैब के बदले दो ही स्लैब रखने, सभी उपयोगी वस्तुओं पर कर शून्य करने और अनेक उत्पादों में कर 10 प्रतिशत तक कम कर दिया गया है। श्री साय ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में जीएसटी में सुधार से 90 फीसदी सामान सस्ता हुआ है। यह देश के डेढ़ सौ करोड़ लोगों के जीवन में खुशियां लेकर आया है।उन्होंने कहा कि



जीएसटी सुधार से न सिर्फ लोगों की बचत में ऐतिहासिक वृद्धि होगी, बल्कि कानूनों के सरलीकरण से व्यापारियों को भी आसानी होगी। मां शक्ति की अराधना के पावन पर्व 'नवरात्रि' से लागू होने वाले यह नए प्रावधान देश को आर्थिक रूप से और शक्तिशाली बनाएंगे। इससे सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। रोजमर्रा की अनेक वस्तुएँ जैसे तेल, शैम्पू, टूथपेस्ट, मक्खन, पनीर, सिलाई मशीन से लेकर ट्रैक्टर व उसके कलपुर्जे व अन्य कृषि उपकरण तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा, शैक्षणिक वस्तुओं के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक व ऑटोमोबाइल उत्पादों को किफायती बनाया गया है। जीएसटी कम होने का लाभ वस्त्र उद्योग को विशेष रूप से निर्यात के लिए होगा। एक परिवार जो अपने जीवन यापन के लिए 3 से 3.5 लाख प्रत्येक वर्ष खर्च करता है, उन्हें काफी फायदा हो जाएगा।श्री साय ने कहा कि कि जीएसटी सुधार से सबसे अधिक लाभान्वित हमारे देश के गरीब और मध्य वर्ग के लोग होंगे। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह एक नए सुनहरे युग में प्रवेश करने जैसा है।

**स्वास्थ्य जीवन बीमा पूरी तरह टैक्स फ्री**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कर छूट में एक सबसे उल्लेखनीय बिन्दु जो हमारे लिए निजी तौर पर भी संतोष देने वाला है, वह है स्वास्थ्य बीमा में जीएसटी को शून्य कर देना। स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा उत्पादों पर कर समाप्त करने का लाभ सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक है।

**तेन्दूपत्ता संग्राहकों को होगा बड़ा लाभ**

मुख्यमंत्री ने कहा कि तेंदूपत्ता और लघु वनोपजों की प्रोसेसिंग मशीन में जीएसटी दर कम करने से हमारे बस्तर-सरगुजा अंचल के संग्राहकों को बड़ा लाभ होगा। जनजातीय क्षेत्र में तेंदूपत्ता जैसे लघु वन्य उत्पादों की मांग अधिक बढ़ेगी, इससे प्रदेश को भी काफी लाभ होगा। इसी तरह कोयले पर सेस हटाना भी महत्वपूर्ण है। छत्तीसगढ़ को आर्थिक सुधार और शानदार प्रबंधन के लिए केवल प्रोत्साहन राशि के मद में 6200 करोड़ रुपए मिले हैं।

इस दौरान पत्रकार वार्ता में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, डॉ.नवीन मार्कण्डेय, भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ अब अपराध का गढ़ बन गया : भूपेश



**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ अब अपराध का गढ़ बन गया है और कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। बघेल ने आरोप लगाया कि राज्य के अधिकांश शहरों में हत्या, बलात्कार, लूट, डकैती और नशे के मामलों ने लोगों को भयभीत कर दिया है। नशे के मामले में सरकार ने एक टीआई को सस्पेंड भी किया है और यही सरकार की स्वीकारोक्ति है।

भूपेश बघेल ने कहा कि राजनांदगांव में हाल ही में हुई तीन हत्याओं और गैंगवार के बाद कार्रवाई केवल औपचारिक रूप में दिखाई दी। उनका आरोप है कि गृहमंत्री विजय शर्मा के संरक्षण में सूखे नशे का व्यापार तेजी से बढ़ रहा है और गृहमंत्री इस पर कोई प्रभावी कदम नहीं उठा पा रहे हैं। बघेल ने यह भी कहा कि सेंसस इन रियलिटी करवाना निर्वाचन आयोग का काम है, इसे जनता पर नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने विजय शर्मा से कहा कि मैं बार-बार पूछता हूं कि पाकिस्तानी नागरिक कितने हैं। संपत्ति कर के नोटिस पर उन्होंने कहा कि केवल उन्हें ही नोटिस भेजा गया, जबकि शासकीय आवास में अन्य नेता और अधिकारी रहते हैं, उन्हें कोई नोटिस नहीं मिला। उन्होंने सवाल उठाया कि यह भेदभाव क्यों किया गया।

बघेल ने नक्सल मुठभेड़ को लेकर कहा कि नक्सलवाद समाप्त होना अच्छी बात है, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि गरीब आदिवासी इसके शिकार न बनें।

# बस्तर इंवेस्टर कनेक्ट कागजी न साबित हो जाए : बैज

**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार ने करोड़ों रू. खर्च करके बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट का आयोजन किया। सरकार का दावा है कि 967 करोड़ रू. का निवेश आया है। सरकार बताये कि इस प्रस्ताव में कितनी कंपनियों के साथ एम.ओ.यू. किया गया? इन कंपनियों के द्वारा कितने दिनों में निवेश प्रक्रिया पूरा कर लिया जायेगा?

निवेश के लिए एम.ओ.यू. करने वाली कंपनियों का प्रोफाईल भी सरकार सार्वजनिक करे। सरकार के द्वारा एक दर्जन से अधिक शेल कंपनियों से एमओयू करने की तैयारी है। यह उवन शासकीय जमीन हड़पने का षड़यंत्र भी हो सकता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि इन्वेस्टर कनेक्ट में एनएमडीसी और भारत सरकार की रेल तथा सड़क परियोजनाओं को छोड़ दिया जाए तो कोई भी ठोस प्रस्ताव नहीं है। एनएमडीसी और भारत सरकार के रेल और सड़क परियोजनाएं तो पहले से प्रस्तावित है। इनमें इन्वेस्टर कनेक्ट की क्या उपलब्धि है?



**प्रदेश में कानून का राज समाप्त हो गया**

श्री बैज ने कहा कि प्रदेश में रोज-रोज हो रही हत्यायें अब डराने लगी है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद राज्य में अपराध और अपराधी दोनों बेलगाम हो गये है।

दुर्भाग्यजनक है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार को बने अभी दो साल नहीं हुये है प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हो गये है अपराधी बेलगाम हो चुके है। सरेआम लोगो की हत्याएं की जा रही है।

**कहां है 50 हजार मीट्रिक टन यूरिया?**

केंद्रीय उर्वरक मंत्री नड्डा से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने दावा किया था कि सितंबर महीने में 50 हजार मीट्रिक टन यूरिया केन्द्र के द्वारा भेजा जाएगा, जिसमें से सरकार ने कहा था सितंबर के पहले और दूसरे सप्ताह तक 30 हजार मीट्रिक टन यूरिया सोसायटियों में पहुंच जायेगा। 12 सितंबर हो गया है अभी तक यह यूरिया न सोसायटियों में पहुंचा है और न ही किसानों तक पहुंचा है। सरकार का दावा यहां भी झूठा साबित हुआ। आज भी किसान यूरिया के लिए परेशान है, ब्लेक में यूरिया खरीद रहे है।

# बिजली दर में बढ़ोत्तरी के खिलाफ युकांइयो ने किया प्रदर्शन, पुतला फूंका

**रायपुर,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ती बिजली दरों ने आम नागरिकों की परेशानी को और अधिक बढ़ा दिया है। महंगाई के इस दौर में बिजली दर में हुई बेतहाशा बढ़ोतरी बेहद चिंताजनक है।

इसी के विरोध में वार्ड कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में छाया पार्षद गावेश साहू द्वारा विधानसभा रोड ओवर ब्रिज के पास मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर गावेश साहू ने कहा कि अगर बिजली दरों की बढ़ोतरी पर रोक नहीं लगाई गई और आम नागरिकों को राहत नहीं मिली, तो आने वाले समय में



और भी बड़े स्तर पर जन आंदोलन किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे मुकुंद साहू, शैलेंद्र साहू, तरुण दुबे, संतोष साहू, फिरोज खान, सुनील वर्मा, सुमित मंडल, संजय वर्मा, अनुज शुक्ला, अर्सलान, नरेश साहू, विक्की खालसा, मुकेश साहू, पंकज साहू, तरुण साहू, रोमन साहू, महेंद्र साहू, घनश्याम यादव, रूपेश साहू, नेहाल, कुणाल, ओमकार निषाद, सतीश निषाद, पियूष साहू, विक्की साहू, रुपेश वर्मा, भोला विश्वकर्मा, तारण दास मानिकपुरी तथा कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# मनोरंजन के साथ ही कार्टून समाज को जागरूक करने वाली कला : मुख्यमंत्री

**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में कार्टून वॉच पत्रिका द्वारा आयोजित कार्टून फेस्टिवल-2025 में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कार्टून केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज का दर्पण भी है, जो हास्य और व्यंग्य के माध्यम से गंभीर मुद्दों को सरलता से प्रस्तुत करता है। कार्टून मनोरंजन के साथ ही समाज को जागरूक करने और सोचने के लिए प्रेरित करने वाली कला है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने जम्मू-कश्मीर के प्रख्यात कार्टूनिस्ट मनोज चोपड़ा को कार्टून वॉच पत्रिका का लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया। उन्होंने कार्टून फेस्टिवल में हिस्सा ले रहे कार्टूनिस्टों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वयं भी कार्टून बनाया।

कार्टून वॉच फेस्टिवल को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह गर्व की बात है कि कार्टून वॉच पत्रिका ने 29 वर्षों का सफल सफर तय कर लिया है और अब अपने 30वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। मैं कार्टून वॉच की पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ कि वे आगे भी कार्टून की इस विधा में उत्कृष्ट कार्य करते रहें। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यदि अगले वर्ष कार्टून वॉच फेस्टिवल बस्तर में आयोजित हो तो यह अत्यंत हर्ष का विषय होगा। बस्तर में अब शांति स्थापित हो रही है और जल्द ही यह क्षेत्र पूर्णत: नक्सलमुक्त होगा। नियद नेल्ला नार योजना (जिसका अर्थ है ङ्क आपका अच्छा गाँव) के माध्यम से सरकार की योजनाएँ बस्तर के लोगों तक पहुँच रही हैं। 300 से अधिक गाँवों में अब




तक सड़क, बिजली, पानी और राशन कार्ड जैसी सभी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। जहाँ पहले बंदूक की आवाज गूंजती थी, वहाँ अब स्कूल की घंटी बज रही है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर ओलंपिक में 1 लाख 65 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। इसी तरह बस्तर की सांस्कृतिक पहचान का उत्सव बस्तर पंडुम आयोजित किया गया, जिसमें 47 हजार लोग शामिल हुए। यह इस बात का प्रमाण है कि बस्तर के लोग अब मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। कल ही मैं बस्तर में इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में शामिल हुआ। अब बस्तर में बड़े पैमाने पर निवेश के साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के रोडमैप के रूप में हमने विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है। छत्तीसगढ़ में सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा सेंटर और टेक्सटाइल सहित अनेक क्षेत्रों में निवेश हो रहा है। हाल ही में जापान और कोरिया की यात्रा के दौरान भी हमने उद्योगों के साथ कई एमओयू किए हैं। छत्तीसगढ़ का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है।

उन्होंने कहा कि कार्टून एक बेहद सशक्त माध्यम है। कार्टून वॉच की टीम सरकार की योजनाओं को भी कार्टून के जरिए आमजन तक पहुँचाए। कार्टून वॉच का यह प्रयास कार्टूनिस्टों को मंच प्रदान करता है, जो उनकी रचनात्मकता को और निखारने में सहायक है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कार्टून की विधा मीडिया और साहित्य का अद्भुत संगम है। यह विधा चुटीलेपन के साथ गागर में सागर भरने का सामर्थ्य रखती है। मैं स्वयं जब भी समाचार पत्र पढ़ता हूँ, कार्टून अवश्य देखता हूँ। त्रयम्बक शर्मा ने कार्टून की इस विधा को जीवंत बनाए रखने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि कार्टून वॉच देश की एकमात्र कार्टून पत्रिका है। 30 वर्षों की यह यात्रा इसके संपादक त्रयम्बक शर्मा के जज़्बे को दर्शाती है। उनका यह सफर सभी कलाकारों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने अपने कार्य से यह साबित किया है कि किसी भी क्षेत्र में पूरे समर्पण और निष्ठा से कार्य करने पर सफलता अवश्य प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी : साय

**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। भारत के नए उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण में शामिल होकर मुख्यमंत्री साय दिल्ली से वापस लौट आए हैं रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने गरियाबंद मुठभेड़ में नक्सलियों के खिलाफ मिली बड़ी सफलता को लेकर बड़ा बयान दिया है।

गरियाबंद नक्सली मुठभेड़ को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद केंद्रीय सुरक्षा बल और छत्तीसगढ़ पुलिस बल के जवान साहस के साथ नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं नक्सलियों के खिलाफ लगातार ऑपरेशन हो रहे हैं, जिसमें जवानों को सफलता मिल रही है।इसी कड़ी में गुरुवार को गरियाबंद में हुए नक्सली मुठभेड़ में जवानों ने भारी सफलता हासिल की है. उन्होंने जवानों के साहस को नमन किया।

# राजधानी में 'न्यूड पार्टी' का आयोजन

**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में अश्लीलता को बढ़ावा देने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर न्यूड पार्टी का पोस्टर वायरल हो रहा है, जिससे हड़कंप मच गया है। इस संबंध में इंस्टाग्राम पर जारी पोस्टर में बिना कपड़ों के युवक-युवतियों को पार्टी में शामिल होने का इनविटेशन दिया गया है।

**सोशल मीडिया पर वायरल पोस्टर** - इंस्टाग्राम पर @sinful_writerv नामक अकाउंट से न्यूड पार्टी का आपत्तिजनक विज्ञापन जारी किया गया है। इसमें बताया गया है कि न्यूड पार्टी शनिवार को आयोजित होने वाली है। हालांकि, पोस्टर में पार्टी स्थल का कोई भी पता या लोकेशन साझा नहीं किया गया है। राजधानी में अब इस तरह के पार्टी आयोजित कर समाज में अश्लीलता परोसने की तैयारी की जा रही है।




न्यूड पार्टी के साथ-साथ स्ट्रेंजर हाउस पार्टी का भी पोस्टर वायरल हो रहा है। इस पार्टी का आयोजन अपरिचित क्लब द्वारा 21 सितंबर को किया जा रहा है। इस पार्टी में यवाओं से अपनी शराब खुद लाने को कहा गया है। इस मामले को लेकर रायपुर एसएसपी लाल उमेद सिंह ने कहा कि वायरल पोस्ट की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई है। सभी पोस्ट की तकनीकी स्तर पर जांच की जा रही है। इस तरह के आयोजनों की अनुमति नहीं दी जाएगी। पूरे मामले की जांच कर इस पार्टी के आयोजकों पर कार्रवाई की जाएगी।

# आज सुबह 32 टंकियों से नहीं मिलेगा पानी

**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर की 32 पानी टंकियों से 13 की सुबह जल आपूर्ति नहीं होगी।

शनिवार की सुबह पानी बंद करके निगम का जलप्रदाय विभाग भाठागांव मेन रोड किनारे से जा रही सात में से 5 पाइपलाइन में लीकेज खोजने के बाद उसकी मरम्मत करेगा।

इसके लिए शुक्रवार की शाम पानी सप्लाई के बाद 10 घंटे शटडाउन करने के कारण शनिवार की सुबह सप्लाई के लिए टंकियां नहीं भर पाएंगी।

निगम में जलकार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने बताया कि 150 एमएलडी फिल्टरप्लांट



**मरम्मत के लिए 10 घंटे का होगा शटडाउन**

के रॉ वाटर 1400 एमएम व्यास की एचएस राइजिंग पाइपलाइन में भाठागांव चौक के पास लीकेज का पता चला है।। इसकी मरम्मत के लिए 10 घंटे का यह शटडाउन शुक्रवार को रात्रि में लिया जाना है।

उन्होंने बताया कि उक्त मरम्मत कार्य करने के कारण 150 एमएलडी फिल्टरप्लांट से भरने वाली टंकियों भाठागांव, चंगोराभाठा, कुशालपुर, डीडीनगर, ईदगाहभाठा, सरोना, टाटीबंध, कोटा, कबीर नगर, जरवाय, गोगांव, मठपुरैना, लालपुर, अमलीडीह, अवंति विहार, मण्डी, मोवा, सड्डू, दलदलसिवनी, रामनगर, कचना, आमासिवनी, देवपुरी, बोरियाखुर्द, जोरा, भनपुरी नया, रायपुरा, कुकुरबेड़ा और नया 80 एमएलडी प्लांट से भरने वाली टंकियों बैरनबाजार नया, देवेन्द्र नगर नया, संजय नगर और मोतीबाग टंकी से शुक्रवार को शाम जलप्रदाय होने के बाद शनिवार की सुबह जलप्रदाय नहीं होगा। शनिवार शाम से पानी सप्लाई

# देश का प्रथम डिजिटली जीवंत संग्रहालय लगभग बनकर तैयार

**रायपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। नवा रायपुर में शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय लगभग बनकर तैयार हो गया है। देश का पहला डिजिटली संग्रहालय होगा, जहां छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के गौरव गाथा एवं योगदान की जीवंत झांकी देखने को मिलेगी। यह संग्रहालय आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, परिसर में तैयार हो रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज्योत्सव के मौके पर छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान इस संग्रहालय के उद्घाटन के मद्देनजर प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने संग्रहालय की निर्माण की प्रगति की समीक्षा की और 30 सितम्बर तक सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा एवं रानी गाइडल्यू की मूर्ति लगाने और संग्रहालय के फर्श पर ट्राईबल कलाकारों की आर्ट्स को अंकित करने के साथ ही संग्रहालय की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में भी अधिकारियों





को निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर, छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी निगम के संचालक डॉ. जगदीश कुमार सोनकर, संचालक टीआरटीआई श्रीमती हीना अनिमेष नेताम सहित निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारी और निविदाकार उपस्थित थे।

- **छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के गौरव गाथा पर आधारित है संग्रहालय**
- **प्रधानमंत्री राज्योत्सव पर करेंगे संग्रहालय का शुभारंभ**
- **संग्रहालय निर्माण का कार्य 30 सितम्बर तक पूर्ण करने का लक्ष्य**

**डिजिटल स्क्रीन पर मिलेगी जनजातीय विद्रोहों की झलक** – शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय में स्वतंत्रता आंदोलन के समय छत्तीसगढ़ में हुए विभिन्न आदिवासी विद्रोहों जैसे हल्बा विद्रोह, सरगुजा विद्रोह, भोपालपट्टनम विद्रोह, परलकोट विद्रोह, तारापुर विद्रोह, लिंगागिरी विद्रोह, कोई विद्रोह, मेरिया विद्रोह, मुरिया विद्रोह, रानी चौरिस विद्रोह, भूमकाल विद्रोह, सोनाखान विद्रोह, झण्डा सत्याग्रह एवं जंगल सत्याग्रह के वीर आदिवासी नायकों के संघर्ष (1923, 1920) एवं शौर्य के दृश्य का जीवंत प्रदर्शन होगा। शहीद वीरनारायण सिंह स्मारक सह आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित यह संग्रहालय पूरी तरह से डिजिटली रूप से तैयार किया जा रहा है। आगंतुक डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से आदिवासी विद्रोहों की जानकारी ले सकेंगे। इसके अलावा मोबाइल फोन के जरिए भी क्यू आर कोड स्कैन के जरिए देखी जा सकेगी। स्वतंत्रता सेनानियों की जानकारी हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषाओं में उपलब्ध रहेगी।

**सेल्फी प्वाइंट और दिव्यांग जनों के लिए भी विशेष इंतजाम**– संग्रहालय में पर्यटकों एवं आगंतुको के लिए आदिवासी विद्रोहों से संबंधित कॉफी टेबल बुक भी उपलब्ध रहेगा। इसके अलावा संग्रहालय में आगंतुकों के लिए भी सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जा रहा है। यहां आने वाले सीनियर सिटीजन और दिव्यांग जनों के लिए भी विशेष सुविधाओं का भी इंतजाम किया जा रहा है।

# ऑल इंडिया बैडमिंटन टूर्नामेंट में केरल का दबदबा

- 10 राज्यों के विद्युत कर्मियों के बीच हुई स्पर्धा
- पॉवर कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने किया पुरस्कृत



**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। 47वीं ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी शटल बैडमिंटन टूर्नामेंट के टीम इवेंट में केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड विजेता रही। उपविजेता तमिलनाडु पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कार्पोरेशन लिमिटेड रही। कल 13 सितंबर को ओपन सिंगल और ओपन डबल के सेमीफाइनल और फाइनल मैच के साथ शाम 4 बजे पुरस्कार वितरण समारोह मोवा स्थित आई स्पोर्ट्स कोर्ट में रखा गया है, जिसमें मुख्य अतिथि ऊर्जा सचिव व पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन व जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव होंगे। समापन समारोह की अध्यक्षता उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला एवं वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीम सिंह कंवर के साथ ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष व कार्यपालक निदेशक श्री केएस मनोठिया व निदेशक श्री आरए पाठक एवं कार्यपालक निदेशक-मुख्य अभियंतागण उपस्थित रहेंगे। ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी शटल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के सेंट्रल स्पोर्ट्स एंड कल्चरल कमेटी कर रहा है, इसमें 10 राज्यों के 65 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। कमेटी के महासचिव व कार्यपालक निदेशक (वित्त) श्री एमएस चौहान ने बताया कि आज दूसरे दिन सुबह टीम इवेंट का फाइनल मैच केरल और तमिलनाडु के बीच खेला गया। टूर्नामेंट के नियमानुसार दोनों टीम के बीच सिंगल के तीन और डबल के दो मैच होने थे। जो टीम इन पांच मैच में अधिक बार जीतेगी, वही विजेता होगा। इस तरह केरल के खिलाड़ियों ने एकतरफा खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले दो सिंगल और एक डबल मैच में जीत दर्ज कर ली। केरल टीम के अजय सतीश ने तमिलनाडु के ए चंद्रशेखर को 21-4 और 21-6 से हराया। दूसरे मैच में केरल के अजय सतीश ने तमिलनाडु के वी सुंदरेश्वर को 21-10 और 21-8 से परास्त किया। तीसरे मैच में केरल के श्याम प्रसाद एम और विष्णु राजेंद्रन की जोड़ी ने तमिलनाडु के के श्रीधर व वी सुंदरेश्वर को 21-4, 21-13 से पराजित किया। इस तरह तीन मैच जीतकर केरल ने फाइनल का कप अपने नाम कर लिया। टीम इवेंट में उपविजेता तमिलनाडु की टीम रही। तीसरे स्थान पर कर्नाटक और चौथे स्थान पर आंध्रप्रदेश की टीम रही।

ओपन सिंगल के मुकाबले में दिनभर कड़े मुकाबले हुए, जिसमें सभी खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया और बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। कल 13 सितंबर को सुबह ओपन सिंगल का सेमीफाइनल मैच होगा, जिसमें केरल के अजय सतीश और तेलंगाना के बी कृष्णाकांत तथा छत्तीसगढ़ के अविनेश पाठक व केरल के श्याम प्रसाद एम के बीच मुकाबला होगा। इन दोनों मैच के दोपहर तीन बजे विजेता फाइनल मैच खेलेंगे। ओपन डबल के सेमीफाइनल मैच में तेलंगाना और आंध्रप्रदेश तथा केरल और तेलंगाना के बीच भिंडत होगी। इसमें तेलंगाना के बी हरीश, के प्रवीण, आंध्रप्रदेश के बी उदय भास्कर, के संतोष, केरल के श्याम प्रसाद एम, विष्णु राजेंद्रन, तेलंगाना के बी कृष्णाकांत, के दिनश रेड्डी के बीच रोचक मुकाबले होंगे। पूरे टूर्नामेंट में चीफ रेफरी प्रताप भट्टाचार्य व मैच कंट्रोलर गुरदीप सिंह हैं। साथ ही हेम पांडेय, घनश्याम सोनी, आदित्य भट्टाचार्य, अनुराग डे व श्रीराम यादव निर्णायक की भूमिका निभा रहे हैं।

देशभर के विद्युत कंपनियों के अधिकारी-कर्मचारियों के बीच खेल को प्रोत्साहित करने के लिए ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड विभिन्न टूर्नामेंट का आयोजन करती है, जिसमें इस बार छत्तीसगढ़ को आल इंडिया बैडमिंटन टूर्नामेंट की जिम्मेदारी मिली हुई है। इसमें कर्नाटका पॉवर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, कर्नाटका पॉवर कार्पोरेशन, तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कार्पोरेशन लिमिटेड, यूपी पावर कार्पोरेशन लिमिटेड, केरल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, आंध्रप्रदेश ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, तेलंगाना ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड, असम स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड की टीम हिस्सा ले रही है। 01

# पेंशनरों को एरियर सहित दो फीसदी डीआर देने आदेश जारी करें सरकार:नामदेव



**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने सोशल मीडिया के माध्यम से संदेश भेजकर मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री से आग्रह किया है कि राज्य में पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को केन्द्र के समान केन्द्र के देय तिथि से बकाया 55 प्रतिशत डीआर की राशि भुगतान करने हेतु राज्य सरकार को तुरंत मध्यप्रदेश सरकार एरियर देने के पूर्व प्रस्ताव के आधार पर सहमति देने मांग की है। ब्यूरोक्रेट मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) के पेंशनरों को डीआर देने में दोनों राज्य की सहमति की बाध्यता मानते है, इसलिए छत्तीसगढ़ सरकार कर्मचारियों के लिए 25 अगस्त 25 को डीए के आदेश जारी करने के बाद भी पेंशनरों के लिए 15 दिन से अधिक समय होने बाद भी डीआर के आदेश को मध्यप्रदेश से सहमति नहीं मिलने के नाम लंबित रखा हुआ है और मध्यप्रदेश सरकार भी कर्मचारियों के लिए एरियर सहित 2 फीसदी के आदेश जारी करने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार से सहमति नहीं मिलने के कारण पेंशनरों के लिए एरियर सहित 2 फीसदी महंगाई राहत के आदेश जारी कर पाने में असमर्थ है। परंतु छत्तीसगढ़ सरकार में डीआर के आदेश जारी करने के मामले में खामोशी कायम है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में भी कर्मचारियों के लिए बिना एरियर जनवरी 25 से जारी 2 फीसद महंगाई भत्ता के आदेश जारी कर दिए हैं जबकि पेंशनरों के मामले में सरकार की चुप्पी नहीं टूट रही है जिसके कारण पेंशनरों में भाजपा सरकार के प्रति असंतोष है। पेंशनरों ने सरकार पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने एक ही राज्य में बिजली कर्मचारियों और पेंशनरों को केन्द्र के समान, केन्द्र के देय तिथि से एरियर सहित डीए डीआर देने और सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को बिना एरियर डीए डीआर के आदेश जारी करने की जारी परम्परा पर रोष जताया है। जबकि मध्यप्रदेश सरकार एरियर सहित कर्मचारियों के आदेश करने के बाद पेंशनरों को भी एरियर देना चाहती है परंतु छत्तीसगढ़ सरकार से एरियर या बिना एरियर महंगाई राहत देने के लिए सहमति नहीं मिलने कारण मध्यप्रदेश सरकार भी अपने राज्य के पेंशनर्स के लिए आदेश जारी नहीं कर पा रहे हैं। इसे लेकर दोनों राज्य के पेंशनर्स और परिवार पेंशनरों में दोनों ही सरकार के प्रति असंतोष गहरा रहा है और बुजुर्ग पेंशनर्स तरह तरह से सरकार से डीआर आदेश जारी करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

# बच्चों को मोबाइल से दूर रखने रोटरी क्लब चला रही अभियान

**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ऑफ़ रायपुर क्वीन्स ने अपने सिग्नेचर प्रोजेक्ट नन्हे सपने का तीसरा सत्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमलीडीह में किया।

यह सत्र उलझकर वास्तविक जीवन, खेल-कूद और पढ़ाई से दूर हो रहे हैं। इसीलिए यह आयोजित किया गया ताकि बच्चों को प्रेरित किया जा सके कि वे

सच्ची दोस्ती और रिश्तों की अहमियत समझें, खेल और शौक को अपनाएँ, पढ़ाई और आत्म-विकास पर ध्यान दें प्रेसिडेंट रोटेरियन दीपिंदर कौर रेहल का मानना है कि बच्चों के भविष्य को सँवारना ही समाज की असली प्रगति का आधार है। उनकी इसी सोच को साकार करने में कदम से कदम मिलाकर सहयोग दिया।

इस दौरान सभी बच्चों को रस्सी कूद (स्किपिंग रोप) भेंट की गई, ताकि वे मोबाइल स्क्रीन से दूरी बनाकर खेल-कूद और सक्रिय जीवन की ओर प्रेरित हों। कार्यक्रम में200 से अधिक छात्र-छात्राएँ (कक्षा 5वीं) शामिल हुए। बच्चों ने पूरे उत्साह से वचन दिया कि वे मोबाइल पर कम समय देंगे, वास्तविक जीवन में अधिक जुड़ेंगे, खेलों और रुचियों में भाग लेंगे तथा पढ़ाई पर ध्यान देंगे।



रायपुर क्वीन्स ने अमलीडीह स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया

# सेवानिवृत कर्मचारियों के भुगतान रोकने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

**रायपुर**, 12 सितम्बर (देशबन्धु)। कार्य परिषद में स्वीकृति उपरांत 30 दिनों में भी रवि वि वि के सेवानिवृत कर्मचारियों के भुगतान को रोके रखने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्य वाही करने की मांग मुख्यमंत्री और राज्यपाल एवं कुलाधिपति और उच्च शिक्षा मंत्री से करेंगे।

छत्तिसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र एवं सचिव शिरीष त्रिवेदी ने बताया कि पंडित रवि शंकर शुक्ल वि वि से सेवानिवृत हुए पूर्व कुलपति, डा यस के पांडे जी का 1115640/ रु कुलसचिव श्रीमती इंदु अनंत जी का सी पी एफ 7063013/ रु दो माह और विभागाध्यक्ष डा ब्यास दुबे जी 4283142/ रु और पवन यादव सी पी एफ का पांच माह के साथ साथ उप कुलसचिव अंता राम चौरे जी का सी पी एफ 508937 / रु और अर्जित अवकाश नगदीकरण 1167696/ रु डेढ माह से रोक कर रखा गया है ऐसे अधिकारी वि वि में अहम पदों में कार्य करते हुए वि वि से सेवानिवृत हुए हैं ऐसे लोगों ने अपने वेतन से अपने और अपने परिवार के लिए सी पी एफ की राशि प्रत्येक माह कटवा कर जमा करते हैं कि सेवानिवृत्ति के उपरांत उन्हे उसके द्वारा जमा किये गए पैसे एक मुश्त और एक साथ सेवानिवृत्ति माह में ही मिलेंगे ।

ऐसा ही प्रकरण डा मीता झा सेवानिवृत विभागाध्यक्ष को आज लगभग दस माह हो रहे हैं ना सी पी एफ मिला और ना ही अर्जित अवकाश नगदीकरण मिला है जबकि ये वि वि का मकान भी खाली कर दी हैं इसके बाद भी भुगतान वि वि रोके रखा है यह समझ से परे है सेवानिवृत कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति तिथि / माह में उनको उनका सी पी एफ और अर्जित अवकाश नगदीकरण की राशि मिलने में चार से दस दस माह तक रोके रखने के लिए संबंधित जिम्मेदार कुलपति / कुलसचिव / वित्त नियंत्रक जी से भविष्य निधि के लिए मिलने वाले ब्याज दर से ब्याज वसूल कर सेवानिवृत कर्मचारियों को दिया जाय इसकी मांग करते हैं। वर्तमान में 13 अगस्त को कार्य परिषद की स्वीकृति मिलने के बाद भी एक एक माह तक भुगतान रोके रखने के लिए जिम्मेदार कुलपति / कुलसचिव / वित्त नियंत्रक पर कड़ी कार्य वाही करने की मांग मुख्यमंत्री और राज्यपाल एवं कुलाधिपति के साथ साथ उच्च शिक्षा मंत्री और कार्य परिषद के समस्त सदस्यों से सेवानिवृत कर्मचारियों का प्रतिनिधि मंडल मिलकर अपनी समस्या रखते हुए शिकायत पत्र सौपेंगा ।

## निधन

### लीला बाई साहू



**कसडोल/बलौदाबाजार**, 12 सितम्बर। समीपस्थ ग्राम सिंघारी की लीला बाई साहू पति भागीरथी साहू का गत दिवस निधन हो गया है। जिसका दाह संस्कार गृहग्राम सिंघारी में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिवारजन मौजूद रहें। वे लोकनाथ साहू और सुरेंद्र साहू की दादी थी। ज्ञात हो कि वे 105 वर्ष की थी।

### भोरे लाल यादव



**बागबाहरा**, 12 सितम्बर। नगर के वार्ड नंबर 2 व्यापारी तालाब निवासी वरिष्ठ नागरिक भोरेलाल यादव का बीती रात्रि में निधन हो गया। वे लगभग 80 वर्ष के थे। वे कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे मुन्ना लाल यादव एवं राकेश यादव के पिता थे। तथा वे अभिषेक यादव एवं राहुल यादव के दादा थे। स्व. गोरेलाल यादव का अंतिम संस्कार नगर के मंडी तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

### राजेश बुडू देवांगन



**बागबाहरा**, 12 सितम्बर। नगर के वार्ड नंबर 3 थानापारा निवासी युवक राजेश बुडू देवांगन का बीती रात्रि में आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 45 वर्ष के थे। तथा आशीष देवांगन के पिता थे। जिनका अंतिम संस्कार आज शुक्रवार को नगर के मंडी तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

### पुन्नी बाई यादव



**खरोरा**, 12 सितंबर। ग्राम मुड़पार निवासी श्रीमती पुन्नी बाई यादव (आयु 65 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। स्व. पुन्नी बाई यादव, पंचम राम यादव की धर्मपत्नी थीं। वे तुलसीराम, रीखी राम, हीरामती एवं तुलसा बाई यादव की माताजी थीं। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अंचल के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं गांव के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### प्रमिला अग्रवाल



**थान खम्हरिया**, 12 सितम्बर। समीप ग्राम गुवारा में श्रीमती प्रमिला अग्रवाल का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। आसपास ग्रामीण अंचल में ख्याति प्राप्त महिला थी। मिलनसार व्यवहारिक थी। आज सुबह 10 बजे मुक्तिधाम में दास संस्कार किया जाएगा। अपने पीछे पुत्र काशी अग्रवाल, रामावतार, हर गोपाल, लोकेश अग्रवाल, अरविंद, अभिषेक, प्रिया, सुरभि जागृति को छोड़कर गई है।

# विद्युत कर्मियों के लिए नि:शुल्क न्यूरो एवं ऑर्थो शिविर

**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के डंगनिया औषधालय द्वारा विद्युत कर्मियों के लिए नि:शुल्क न्यूरो एवं ऑर्थो शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे तीनों कंपनियों जनरेशन, ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन के कर्मियों ने न्यूरो एवं ऑर्थो के विशेषज्ञों से परामर्श एवं चिकित्सा के संबंध मे जानकारी प्राप्त की। लगभग 100 कर्मियों ने इस शिविर का लाभ उठाया।

डंगनिया औषधालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एच एल पंचारी ने बताया कि शिविर में बीपी, शुगर, हाईट, एसपीओटू एवं बीएमडी टेस्ट किये गए। विद्युत कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी, पेंशनर्स एवं आश्रित परिवारजनों को नि:शुल्क परीक्षण की सुविधा प्राप्त हुई। परीक्षण एवं जॉच में आस्टियोपोरोसिस से ग्रस्त पीड़ितों की संख्य अधिकतम



थी। यह शिविर ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल रायपुर से आए डॉ प्रकाश अग्रवाल एमएस (ऑर्थो) एवं डॉ संजीव गुप्ता एमसीएच (न्यूरो सर्जन) के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ इंदु साहू एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ श्वेता जैन उपस्थित थी। 02

# देवी लक्ष्मी हॉस्पिटल में पोषण पर्व का आयोजन

**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। पोषण माह के अवसर पर देवी लक्ष्मी हॉस्पिटल टैगोर नगर में पोषण पर्व का आयोजन 13 सितंबर को सुबह 11:00 से किया जा रहा है इसका मुख्य आकर्षण हेल्थ टॉक जिसमें मिलेट मां डॉक्टर रचना सक्सेना शेफ महक तरंग हेल्थ से संबंधित जानकारी देंगे साथ ही डॉ मोनिका अग्रवाल, मृणालिनी अग्रवाल एवं डॉ सुभाष अग्रवाल निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं के बारे में परामर्श देंगे स्थल पर निशुल्क बीएमआई जांच एवं एचपीवी वैक्सीन, एचपीवी टेस्ट, पैप स्मीयर, रक्त जांच आदि कम दरों पर किया जावेगा ।

# 69 सोसायटियों में कृषक रजत संवाद का आयोजन

- किसानों को मिल रहे नवीन तकनीकी जानकारी



**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। किसानों को नवाचार और तकनीकी ज्ञान से अद्यतन कराने के लिए कृषक रजत संवाद आयोजित हो रहे हैं, जो अब तक 69 सोसायटियों में हुए हैं। उसमें 2339 कृषक, 525 प्रगतिशील कृषक एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। यह शिविर 3 सितंबर को प्रारंभ हुआ है जो 16 सितम्बर 2025 तक संचालित किए जाएंगे। शिविर में प्रगतिशील कृषकों ने अपने अनुभव साझा कर अन्य कृषकों को प्रेरित किया। अब तक प्राप्त आवेदनों में से 164 नवीन केसीसी, 155 निष्क्रिय केसीसी को सक्रिय करने हेतु, पीएम किसान सम्मान निधि के 124 एवं एग्रीस्टैक पंजीयन के 283 आवेदन शामिल हैं। इसके साथ ही योजनाओं की जानकारी देने हेतु कृषकों को व्हाट्सएप्प चैनल से भी जोड़ा जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि च्जिले के कृषक आर्थिक विकास की रीढ़ हैं। शासन की सभी योजनाएँ तभी सफल होंगी जब कृषक इनसे सीधे लाभान्वित हों। इस प्रकार के संवाद शिविर कृषकों को जागरूक करने और योजनाओं तक उनकी पहुँच सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम हैं। उप संचालक कृषि ने बताया कि आगामी दिनों में विकासखंड-धरसींवा में सड्डू, मांढर, पंडरभट्ठा, मोहदी, कुंरा, भाठागांव, उरला, सिलतरा, टाटीबंध, टेकारी, विकासखंड-आरंग में चिखली, भंडारपुरी, फरफौद, लखौली, भलेरा, गोईन्दा, बाना, गुल्लू, चपरीद, पंधी, जरौद, गोढ़ी, खमतराई, टेकारी, गनौद, मुनरेठी, खोरसी, कोरासी, अमसेना, देवर तिल्दा, सेमरिया, विकासखंड-अभनपुर में मानिकचौरी, परसदा, सारखी, सुन्दरकेरा, बंजारी, तोरला, टीला, पटेवा, जामगांव, बेन्द्री, सकरी, पिपरौद एवं विकासखंड-तिल्दा में टोहड़ा, सरोरा, देवरी, बिलाड़ी, सांकरा, किरना, बरतौरी, रायखेड़ा, खैरखुटा, बुडेरा, छड़िया, असौंदा, मांठ, भिंभौरी, अड़सेना में आयोजित होंगे। कृषि विभाग ने कृषकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में शामिल होकर विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# स्मृति पुस्तकालय योजना, रायपुर में शिक्षा को बढ़ावा

## व्याख्याता डॉ. गीता तनवानी ने दान की पुस्तकें

**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिले में स्मृति पुस्तकालय योजना का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत सेजेस निवेदिता स्कूल रायपुर की व्याख्याता डॉ. गीता तनवानी ने जेईई मैन्स, गणित, भौतिक विज्ञान सहित अन्य पुस्तकें दान की। इस पुनीत कार्य के लिए कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने पुस्तकें ग्रहण कर दानदाता को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

डॉ. तनवानी ने कहा की जिन बच्चों को पढ़ने के लिए पुस्तक नहीं मिल पाता ऐसे बच्चों के लिए जिला प्रशासन की अनोखी पहल है। मैं स्वयं व्याख्याता हूं तो मुझे पता बच्चें कितनी कड़ी मेहनत के बाद एक अच्छे स्थान पर पहुंचते हैं।



जिले में 15 जुलाई से प्रारंभ इस योजना के तहत दानदाताओं द्वारा 3500 से अधिक पुस्तकें दान में दी जा चुकी है। ये पुस्तकें जरूरतमंदों के भविष्य निर्माण में लाभकारी साबित होंगी जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे आगे आकर पुस्तकें और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट दान करें और ज्ञान के इस अभियान में सहभागी बनें। दान करने के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री प्रभात सक्सेना, रोजगार अधिकारी श्री केदार पटेल से मोबाइल नंबर 9406049000 पर संपर्क किया जा सकता है इस अवसर पर एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह, निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, जिला शिक्षा अधिकारी श्री हिमांशु भारती सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हिंदू हाई स्कूल में आत्महत्या रोकथाम पर व्याख्यान, साइकोलॉजिस्ट दीप्ती दुबे ने छात्रों को दिया जीवन जीने का मंत्र

**रायपुर**, 12 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी के हिंदू हाई स्कूल में आत्महत्या रोकथाम विषय पर एक जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम दोपहर 2:30 बजे से शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता साइकोलॉजिस्ट एवं स्वामी विवेकानंद उत्कर्ष परिषद रायपुर की अध्यक्ष दीप्ती दुबे रहीं। उन्होंने आत्महत्या जैसे गंभीर और संवेदनशील विषय पर विद्यार्थियों से संवाद करते हुए मानसिक स्वास्थ्य को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। दीप्ती दुबे ने कहा कि जीवन में उतार-चढ़ाव आना स्वाभाविक है, लेकिन समस्याओं से भागना नहीं, बल्कि उनका सामना करना चाहिए।



उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच और कठिन परिस्थितियों में धैर्य रखने के तरीके बताए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि कभी जीवन में कठिनाई अधिक महसूस हो तो परिवार, मित्रों और विशेषज्ञों से खुलकर बातचीत करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों का मानना है कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ेगी और वे जीवन के प्रति अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर पाएंगे। हिंदू हाई स्कूल प्रशासन ने दीप्ती दुबे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस तरह के उपयोगी और सार्थक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। उक्त अवसर पर, शिक्षिका अर्चना शर्मा, शिक्षिका रेखा साहू, मनोवैज्ञानिक डेविड , मनोवैज्ञानिक विकास गोयल , मनोवैज्ञानिक प्रियंका उपस्थित थी।

# सुयश हॉस्पिटल को 16 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश

**रायपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य उपभोक्ता आयोग ने रायपुर के गुढ़ियारी रोड कोटा स्थित सुयश हॉस्पिटल को चिकित्सकीय लापरवाही के मामले में 15 लाख रुपये मुआवजा, 6 फीसदी वार्षिक ब्याज सहित, 1 लाख रुपये मानसिक क्षतिपूर्ति और 10 हजार रुपये वाद व्यय के रूप में भुगतान करने का आदेश दिया है। यह निर्णय परिवादिनी हिना सोनी द्वारा अपने पति हिमांशु सोनी की मृत्यु के मामले में दायर परिवाद के बाद आया, जिसमें अस्पताल पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया गया था।

हिमांशु सोनी, 2008 में एक वाहन दुर्घटना में घायल होने के बाद पैरों में शून्यता और पेशाब नली की समस्या से पीड़ित थे। उन्हें 18 दिसंबर 2010 से 24 दिसंबर 2010 तक सुयश हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। वहां उनकी पेशाब नली का लेजर ऑपरेशन किया गया और 24 दिसंबर 2010 को उन्हें ठीक बताकर डिस्चार्ज कर दिया गया। हालांकि, 26 दिसंबर 2010 को हिमांशु को असहनीय दर्द होने पर फिर से अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें इंजेक्शन लगाया। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई और उनकी मृत्यु हो गई।




**चिकित्सकीय लापरवाही से हुई मरीज की मौत**

हिना सोनी ने जिला उपभोक्ता आयोग रायपुर में परिवाद दायर कर सुयश हॉस्पिटल पर चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि अस्पताल के चिकित्सकों की लापरवाही के कारण उनके पति की मृत्यु हुई।

सुयश हॉस्पिटल ने अपने बचाव में कहा कि हिमांशु को 26 दिसंबर 2010 को मृत अवस्था में लाया गया था और उन्हें कोई इंजेक्शन नहीं दिया गया। हालांकि, जिला उपभोक्ता आयोग में चिकित्सकों ने प्रतिपरीक्षण के दौरान स्वीकार किया कि मृत मरीज को पुनर्जनन के प्रयास में इंजेक्शन दिया गया था। यह विरोधाभासी बयान अस्पताल की विश्वसनीयता पर सवाल उठाता है।

जिला उपभोक्ता आयोग रायपुर ने पाया कि अस्पताल के चिकित्सकों ने विरोधाभासी बयान दिए और न तो सीसीटीवी फुटेज और न ही विजिटर रजिस्टर जैसे साक्ष्य प्रस्तुत किए। इसके अलावा, हिमांशु के पिता अरविंद भाई सोनी को चिकित्सकीय दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए, जिसके कारण विशेषज्ञ राय नहीं ली जा सकी। इन तथ्यों के आधार पर आयोग ने अस्पताल की चिकित्सकीय लापरवाही को प्रमाणित माना और परिवादिनी के पक्ष में फैसला सुनाया।

सुयश हॉस्पिटल द्वारा जिला आयोग के आदेश के खिलाफ दायर अपील को छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग ने खारिज कर दिया। अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरडिया और सदस्य प्रमोद कुमार वर्मा की पीठ ने जिला आयोग के आदेश को यथावत रखते हुए अस्पताल को 15 लाख रुपये 26 नवंबर 2012 से भुगतान तक 6 फीसदी ब्याज सहित, 1 लाख रुपये मानसिक क्षतिपूर्ति और 10 हजार रुपये वाद व्यय का भुगतान करने का आदेश दिया।

# मोबाइल दुकान में चोरी 3 आरोपी युवक गिरफ्तार

**रायपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी में मोबाइल दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस आरोपी युवकों को हिरासत में ले लिया हैं बताया गया कि प्रार्थी यशवंत साहू ने थाना आरंग में रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरंग क्षेत्रांतर्गत बस स्टैण्ड पास स्थित हनुमान मंदिर के पीछे उसका शुभकामना नाम से मोबाईल दुकान है कि कोई अज्ञात चोर 4 मई की दरम्यानी रात्रि कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के मोबाईल दुकान के शटर में लगे ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर दुकान में रखें विभिन्न कंपनियों के मोबाईल फोन चोरी कर ले गया थाए कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी विरूद्ध थाना आरंग मेंधारा 331;4 305 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। चोरी की उक्त घटना को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी आरंग को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आरंग पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर लगाये गये। हाल ही में जेल से रिहा हुये चोरी के आरोपियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र करने के साथ ही चोरी के पुराने आरोपियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर उनकी गतिविधियों पर निगाह रखीं जा रहीं थी।

तकनीकी विश्लेषण सहित अन्य माध्यमों से भी लगातार अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी में लगी टीम के सदस्यों को प्रकरण में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में मंदिर हसौद रायपुर निवासी आरोपी नवीन बंजारे एवं अश्वनी बंजारे उर्फ़ बंटी सहित विधि के साथ संघर्षरत 01 बालक को पकड़ा गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर तीनों से कड़ाई से पूछताछ करने पर तीनों के द्वारा उक्त मोबाईल दुकान में चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। तीनों आरोपी अपचारी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की विभिन्न कंपनियों के कुल 14 नग मोबाईल फोन तथा घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटर सायकल जुमला कीमती लगभग 2 ,20,000 रूपये जप्त कर आरोपी अपचारी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है।

# 112 के पुलिसकर्मी से मारपीट

**रायपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। 112 के पुलिसकर्मी से मारपीट हुई है। आरोपियों ने पुलिसकर्मियों को 112 की गाड़ी जला देंगे कहते हुए धमकी भी दी है। पुलिसकर्मी सार्वजनिक जगह पर शराब पीने की सूचना पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पहुंचे थे। इसके बाद पूरा विवाद हुआ है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर् दर्ज किया गया है। यह पूरा मामला अमलीडीह के जोसेफकॉलोनी रोड का है।

**वर्दी फाड़कर जीप को जला देने की दी धमकी**

तुलेश मनहरें ने बताया कि बट डायल 112 में जुलाई 2023 से कार्यरत है। 11 सितंबर को 112 को इवेंट मिला कि कुछ लोग शराब भट्टी के पास सार्वजनिक जगह पर शराब पी रहे हैं। मौके पर डायल 112 के पुलिसकर्मी पहुंचे तो वहां पर मौजूद चार लड़के शराब के नशे में विवाद करने लगे। उन्होंने गाली गलौज करते हुए पुलिस कर्मी के साथ धक्का मुक्की और मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने अपना नाम अरुण चौहान राजेश यादव राहुल दीवान रविंद्र भगत बताया। आरोपियों ने इस दौरान पुलिस जीप को जला देने की भी बात कही। इसके बाद अन्य पुलिस कर्मियों ने आरोपियों को थाने लाया। आरोपियों के खिलाफएफआईआर दर्ज की गई है।

# सुहिणी सोच महिला मंडल आज 101 प्रतिभाओं का करेगा सम्मान

**रायपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। सुहिणी सोच महिला मंडल द्वारा शनिवार 13 सितंबर को शाम 5 बजे से मैक ऑडोटोरियम में एक भव्य सम्मान समारोह समाज की शाम हमारा अभिमान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विगत 3 वर्षों में सीए, डॉक्टर और सरकारी नौकरी में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले 101 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर विशिष्ट व्यक्तित्व में अतिथिगण संतयुधिष्ठिर लाल, साई लाल दास, बृजमोहन अग्रवाल सासंद रायपुर, मोतीलाल साहू विधायक रायपुर ग्रामीण, श्रीचंद सुंदरानी पूर्व विधायक, सतीश थौरानी अध्यक्ष, चेंबर ऑफ कॉमर्स, लधाराम नैनवानी, राजू भाई तारवानी अमर गिदवानी, सचिन मेंघानी, ललित जैसिंग, हेमलता बंटी भी उपस्थित रहेंगे। मुख्य वक्ता के रूप हिमांशु द्विवेदी तथा सी ए चेतन तारवानी भी उपस्थित रहेंगे।

सुहिणी सोच ने इस सम्मान के लिए 120 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से सावधानीपूर्वक चयन प्रक्रिया के बाद 101 उत्कृष्ट व्यक्तियों का चयन किया गया है। ये सभी सम्मानित व्यक्ति अपने-अपने क्षेत्र में अद्वितीय योगदान के लिए जाने जाते हैं और आज के इस समारोह में उन्हें सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन न केवल इन व्यक्तियों की उपलब्धियों का सम्मान करेगा, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगा।

इस अवसर पर प्रेस के सदस्यों का हार्दिक स्वागत है। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि इस महत्वपूर्ण समारोह में उपस्थित होकर उत्कृष्टता का जश्न मनाने में हमारे साथ शामिल हों। संस्था के फाउंडर मनीषा तारवानी, अध्यक्ष दीक्षा बुधवानी एवं सचिव पूनम बजाज के सानिध्य में कार्यक्रम का पूरा संचालन किया जाएगा।

संस्था की अध्यक्ष दीक्षा बुधवानी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत इष्टदेव भगवान झूलेलाल की आरती से की जाएगी तो वही सचिव पूनम बजाज ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। इस प्रोग्राम की प्रोग्राम डायरेक्टर माही बुलानी, महक होतवानी, कविता नारा, सोनिया गंगवानी एवं टीम की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। ष्ट चेतन तारवानी सभी कैंडिडेट्स को मोमेंटो प्रदान करके उनका हौसला अफजाई करेंग।

पूर्व अध्यक्ष करिश्मा कमलानी ने यह जानकारी साझा की, की प्रोग्राम के पश्चात डिनर की भी व्यवस्था की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए मीडिया प्रभारी कविता नारा (7067964800) से संपर्क कर सकते हैं।

आइए, हम सब मिलकर इन उत्कृष्ट व्यक्तियों की उपलब्धियों का जश्न मनाएं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक और कदम बढ़ाएं। सुहिनी सोच का यह प्रयास न केवल समाज के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान होगा, बल्कि हमारे युवाओं के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

## छठ महापर्व आयोजन समिति महादेव घाट की कल बैठक

**रायपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। छठ महापर्व आयोजन समिति महादेव घाट रायपुर की बैठक विप चौक के पास बेबिलोन टावर रायपुर में रविवार 14 सितम्बर को आयोजित की गयी है। छठ महापर्व आयोजन समिति महादेव घाट रायपुर के उप प्रमुख कन्हैया सिंह, संतोष सिंह और प्रचार-प्रसार सचिव ब्रजेश सिंह ने बताया कि आगामी छठ पूजा की तैयारियों को लेकर इस बैठक में चर्चा की जाएगी। यह बैठक छठ महापर्व आयोजन समिति महादेव घाट रायपुर के आयोजन प्रमुख राजेश सिंह के निर्देशानुसार आहूत की गयी है। बैठक में कोषाध्यक्ष सुनील सिंह, संरक्षक रविंद्र सिंह, परमानन्द सिंह, शशि सिंह, मुक्तिनाथ पांडेय और अन्य वरिष्ठ सदस्य बैठक में शामिल होंगे।

# दो महिलाओं ने ट्रांसपोर्टर को उलझाकर 72 लाख वसूले

**रायपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। एक महिला ठग ने दूसरे महिला ठग को धोखेबाज कहते हुए ट्रांसपोर्टर को अपने फ्रॉड का शिकार बनाया है। दोनों महिला ठगों ने मिलकर वॉट्सऐप के माध्यम से ट्रांसपोर्टर से 15.20 दिनों तक चैटिंग की। फिर उसे चार गुना प्रॉफिट का लालच देकर करीब 71 लाख 50 हजार रुपए वसूल कर लिए। इस दौरान ठग महिला ने ट्रांसपोर्टर को विश्वास दिलाने के लिए 1 लाख रुपए मुनाफा बताकर बैंक खाते में भी भेजें। इस मामले में ट्रांसपोर्टर ने सरस्वती नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है।डाकेश्वर सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि वह बजरंग चौक कोटा रायपुर में रहता है और ट्रांसपोर्ट का बिजनेस करता है। जून 2025 में फेसबुक के माध्यम से श्रेया अग्रवाल नाम की एक महिला का फ्रेंड रिचेस्ट आया। फ्रेंड रिचेस्ट स्वीकार करने पर उसने वॉट्सऐप के माध्यम से बातचीत शुरू की। 15.20 दिनों तक बातचीत करने के दौरान उसने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ट्रेडिंग कंपनी में चार गुना फायदा होता है। इसमें आपको भी पैसा इन्वेस्ट करना चाहिए।

**15 दिनों तक चैटिंग करके फंसाया**

**पहली महिला ने साढ़े 19 लाख रुपए हड़पे :** महिला ने ट्रांसपोर्टर को अधिक मुनाफे का लालच देकर एक ऐप डाउनलोड करवाया। उसके बाद महिला के बताएं मुताबिक ट्रांसपोर्टर ने अलग.अलग बैंक खातों से 2 जुलाई से 15 जुलाई के बीच 19 लाख 50 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। जब उसने प्रॉफिट के पैसे निकालने की बात कही तो महिला ने टैक्स पेमेंट करना होगा बोलकर मना कर दिया। इसके बाद व्यापारी को शक हुआ और उसने ऑनलाइन साइबर क्राइम में शिकायत कर दी।

**दूसरी महिला बोली- पहली वाली धोखेबाज है :** कुछ दिन बाद एक दूसरी लड़की आराध्या अग्रवाल ट्रांसपोर्टर से इस पैटर्न से फेसबुक के माध्यम से जुड़ी। फिर वॉट्सऐप में चैट करने के दौरान ट्रांसपोर्टर में ऑनलाइन धोखाधड़ी की बात बताई। तब महिला ने कहा कि वह कंपनी और लड़की पूरी तरह फ्रॉड है। मैं जिस ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म पर पैसे इन्वेस्ट करती हूं आप भी उसमें इन्वेस्ट करिए। महिला की बात से डाकेश्वर सिंह ने 5 लाख इन्वेस्ट किए। इसके बाद ठग महिला ने उसे 1 लाख प्रॉफिट के साथ 6 लाख रुपए बैंक अकाउंट में दिए।

**दोनों महिलाओं ने मिलकर 71 लाख 50 हजार वसूले :** डाकेश्वर को दूसरी महिला पर विश्वास हो गया। इसके बाद उसके कहे मुताबिक उसने 2 अगस्त से 21 अगस्त के बीच में अलग.अलग बैंक खातों में 52 लाख रुपए भेज दिए। लेकिन वापस मुनाफा नहीं मिला। जब उसने पैसे निकालना चाहा तो पेनल्टी की बात बोलकर और पैसे मांग किए गए। जिससे उसे ठगी का अंदाजा हो गया। उसने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई। इस तरह दोनों महिलाओं ने मिलकर ट्रांसपोर्टर से 71 लाख 50 हजार रुपए वसूल कर लिए। फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

## गाड़ी की हेडलाइट पड़ने पर ब्लेड से किया हमला

**रायपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। गाड़ी की हेडलाइट पड़ने पर आरोपी ने ब्लेड से हमला कर दिया। इस घटना में एक युवक बुरी तरह घायल हुआ है। युवक के गाल सीने और हाथों में चोट आई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला अभनपुर थाना क्षेत्र का है। शिकायत के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिकए पीड़ित दिलीप साहू भटगांव में रहता है। 11 सितंबर को वह अपने दोस्त मोहन यादव और राहुल साहू के साथ खोरपा गांव गया था। इस दौरान रात 8. 30 बजे की है 11 सितंबर को वह अपने दोस्त मोहन यादव और राहुल साहू के साथ खोरपा गांव गया था। इस दौरान रात 8रू30 बजे जब घर जाने के लिए निकला। तब उनकी गाड़ी की हेडलाइट दूसरी बाइक के सामने बैठे नरेंद्र साहू और उसके दोस्तों के ऊपर पड़ गई इस बात से नरेंद्र साहू और उसके दोस्त नाराज हो गए उन्होंने गाली गलौज देनी शुरू कर दी। फिर नरेंद्र साहू और उसके दोस्तों ने दिलीप की पिटाई शुरू कर दी। मारपीट के बाद नरेंद्र साहू ने अपने पास रखे रेजर ब्लेड से दिलीप पर हमला कर दिया।

# नीट यूजी की द्वितीय चरण की काउंसलिंग आज से होगी शुरू

**रायपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में नीट यूजी 2025 के अंतर्गत एमबीबीएस और बीडीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया कल 13 सितंबर से शुरू हो रही है। इस चरण में पात्र अभ्यर्थियों के लिए नवीन पंजीयन की अंतिम तिथि 17 सितंबर निर्धारित की गई है।

**17 तक पंजीयन का मौका**

राज्य के शासकीय एवं निजी चिकित्सा तथा दंत महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए संस्था चयन की अंतिम तिथि 18 सितंबर रखी गई है। यह सुविधा पूर्व से पंजीकृत पात्र अभ्यर्थियों के लिए भी उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त, पहले से प्रवेशित छात्रों को अपग्रेडेशन का विकल्प भी प्रदान किया गया है। अभ्यर्थी काउंसलिंग से संबंधित समस्त जानकारी, रिक्त सीटों की सूची और अन्य विवरण निदेशालय की आधिकारिक वेबसाइट www.cgdme.in पर देख सकते हैं। विस्तृत समय-सारिणी एवं सीट आवंटन की प्रक्रिया, राष्ट्रीय चिकित्सा परामर्श समिति द्वारा नवीन कार्यक्रम जारी करने के पश्चात प्रकाशित की जाएगी। सीटों का आवंटन पूरी तरह प्रावीण्यता के आधार पर राज्य स्तरीय काउंसलिंग समिति द्वारा किया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने सभी अभ्यर्थियों से आग्रह है कि वे काउंसलिंग प्रक्रिया में किसी अनाधिकृत व्यक्ति, एजेंट या संस्था के माध्यम से भाग न लें।

# रायपुर रेलवे स्टेशन में जनरल टिकट मिलने की जगह बदलेगी

**रायपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। रेलवे स्टेशन पर अनारक्षित टिकट काउंटर को रेलवे आरक्षण केंद्र में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है यानी अब कुछ दिनों बाद यात्रियों को मिलने वाली जनरल टिकट आरक्षण केंद्र के अंदर से ही मिलेगी तब तक यात्रियों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े इसके लिए रेलवे के वाणिज्य विभाग ने व्यापक व्यवस्था की ह वाणिज्य विभाग के अधिकारियोंए निरीक्षकों और सुपरवाइजरों द्वारा भीड़ की लगातार निगरानी की जा रही है जानकारी के मुताबिक अब तक एक काउंटर को शिफ्ट किया गया है जिसके बदले तीन अतिरिक्त ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन एटीवीएम और चार मोबाइल टिकट सुविधा प्रदान करने वाले कर्मचारियों को तैनात किया गया है अगले 24 घंटों में एक और एटीवीएम शिफ्ट किया जाएगा जबकि 48 घंटों में दूसरा एटीवीएम और 48 से 72 घंटों के भीतर सभी अनारक्षित टिकट काउंटर रेलवे आरक्षण केंद्र में पूरी तरह स्थानांतरित हो जाएंगे

**आरक्षण केन्द्र से मिलेगी टिकट**




यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए वाणिज्य विभाग के कंट्रोल रूम में हर घंटे मॉनिटरिंग की जा रही हैण् इसके अलावाए 24,7 मुख्य वाणिज्य निरीक्षक और चीफसुपरवाइजर तैनात किए गए हैं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी स्वयं स्थिति का जायजा ले रहे हैं और अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ हर घंटे समीक्षा कर रहे है

## रायपुर में हाई प्रोफाइल ड्रग्स रैकेट बिल्डर और युवती पक्ष में मारपीट

**रायपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। हाईप्रोफाइल ड्रग्स रैकेट में नेताओं और कारोबारियों के बाद अब एक बड़े बिल्डर की भी एंट्री हो गई है। हाल ही में बिल्डर और आरोपी युवती के पक्ष वालों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। तेलीबांधा इलाके में हुईए इस घटना की शिकायत थाने में नहीं की गई है।

**पुलिस ने एक युवक को किया गिरफ्तार**

दूसरी ओर पुलिस ने ड्रग्स रैकेट में शामिल एक और युवक को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। युवक का आरोपी युवती से दोस्ती थी। ड्रग्स रैकेट से जुड़ी नव्या मलिक और विधि अग्रवाल को पुलिस ने जेल भेज दिया है। विधि एक बड़े बिल्डर के लिए इवेंट आयोजित करती थी। विधि के जेल जाने से नाराज बिल्डर और नव्या के समर्थकों के बीच एक.दूसरे पर फंसाने का आरोप लगाकर जमकर मारपीट की गई। मामले की शिकायत थाने में नहीं की गई। पुलिस ने एक और युवक को हिरासत में लिया है। भावेश नामक युवक का नव्या से करीबी संबंध था। भावेश नव्या से ड्रग्स लेकर दूसरों को बेचता था। फिलहाल पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

पिछले दिनों पुलिस ने कटोरा तालाब निवासी हर्ष आहुजा और उसके साथियों को ड्रग्स तस्करी में गिरतार किया गया। इसके बाद नव्या मलिकए विधि अग्रवालए अयान परवेज सहित 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पस 1000 से अधिक ड्रग्स कंज्यूमरों के वाट्सऐप चैटए मोबाइल नंबर मिले हैं। कंज्यूमरों को ड्रग्स सप्लाई की जाती है। पुलिस कंज्यूमरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। रायपुर एसएसपी डॉक्टर लाल उमेद सिंह ने कहा की पुलिस ड्रग्स कंज्यूमरों के खिलाफभी कार्रवाई करेगी।

# सेवा पखवाड़ा, भाजपा सिविल लाइन मंडल में कार्यशाला



**रायपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा सिविल लाइन मंडल रायपुर दक्षिण विधानसभा में सेवा पखवाड़ा पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने अपने उद्बबोधन में कहा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। सभी कार्यकर्ता इसमें सक्रिय रूप से भाग ले और अंतिम व्यक्ति तक केंद्र और प्रदेश की लाभ दायक योजना को विस्तार से जानकारी दे सभी कार्यक्रम पर विस्तार से बताया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा सेवा पखवाड़ा में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा साथ में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। पार्षद सचिन मेघानी ने कहा सभी कार्यकर्ता पखवाड़ा में तन मन से भाग ले। पार्षद अमर गिदवानी ने कहा लोकल फोर वोकल पर स्वदेशी वस्तु अभियान चलाया जाएगा। मंडल अध्यक्ष सुनील कुकरेजा ने पखवाड़ा में सिविल लाइन मंडल सभी कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। पार्षद स्वप्निल मिश्रा ने कहा सेवा पखवाड़ा पर महिला मोर्चा बड़ी संख्या में हिस्सा लेगा। तेजकुमार बजाज को रक्तदान शिविर का प्रभारी बनाया गया है।

**रक्तदान शिविर सहित होंगे विविध कार्यक्रम**

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ जितेंद्र गोलछा, सचिन मेघानी अमर गिदवानी स्वप्निल मिश्रा महेश ध्रुव मंडल अध्यक्ष सुनील कुकरेजा तेजकुमार बजाज धनेश मटलानी रितेश वाधवा शैलेन्द्र सोमवंशी थानुराम पटेल गायत्री देवांगन बबला होतवानी उपस्थित थे।

# 50 हजार की रोटी बनाने की मशीन 8 लाख में खरीदा गया

**रायपुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जेम पोर्टल के माध्यम से राज्य के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग ने 50 हजार की रोटी बनाने की मशीन को 7 लाख 95 हजार में खरीदा है। इसके पहले भी 200 के जग को 32000 हजार में खरीदा गया था। 1 लाख की टीवी को 10 लाख में खरीदी हुई थी। इसी भ्रष्टाचार के कारण कांग्रेस की सरकार ने जेम पोर्टल के माध्यम से खरीदी बंद किया था, ताकि प्रदेश के बाहर के दलाल किस्म के सप्लायर राज्य के खजाने पर डाका न डाल सके। भाजपा की सरकार बनने के बाद जेम पोर्टल से शासकीय खरीदी फिर से शुरू किया गया उसका दुष्परिणाम सामने है।



**जेम पोर्टल भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है : कांग्रेस**

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ियों से रोजगार छीनने के लिये जेम पोर्टल से खरीदी शुरू करने का निर्णय लिया था। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राज्य के छोटे उद्योगों व्यापारियों और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये सीएसआईडीसी के माध्यम से रेट कॉन्ट्रैक्ट निर्धारित कर सरकारी खरीदी करने का निर्णय लिया था इससे राज्य के स्थानीय व्यवसायियों, युवाओं को रोजगार मिलता था और पारदर्शिता से खरीदी होती थी।

श्री शुक्ला ने कहा कि सरकार ने जेम पोर्टल लागू करते समय झूठा दावा किया था, सीएसआईडीसी के रेट कांट्रैक्ट के माध्यम से सप्लाई में भ्रष्टाचार होता था जबकि यह पूरी तरह पारदर्शी व्यवस्था थी तथा इसमें राज्य के व्यवसायियों को संरक्षण मिलता था। स्थानीय बेरोजगारों का रोजगार छीनने के लिये तथा मोटा कमीशन वसूल करने के लिये सरकार ने जेम पोर्टल व्यवस्था शुरू करने का निर्णय लिया था जो अब साबित हो रहा है।

उल्टा पुल्टा

पापा - बेटा 5 के बाद क्या आता है...?.बेटा - 6 और 7 पापा....पापा - शाबाश बेटा मेरा तो बहुत इंटेलीजेंट है अच्छा तो 6, 7 के बाद.
बेटा - 8, 9, 10.
पापा- और उसके बाद...?
बेटा - और उसके बादगुलाम, बेगम और बादशाह...!

# मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से जिले के 15 शिक्षक-शिक्षिकाओं को किया गया अलंकृत




**दुर्ग,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षकीय ज्ञान प्रदान करने से बड़ा पुण्य कार्य कोई दूसरा नहीं हो सकता। यह बात मंत्री गजेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शिक्षक का सम्मान वास्तव में जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है, क्योंकि गुरु से बड़ा कोई नहीं होता। संत कबीरदास के दोहे गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पांय में बताया गया है कि भारतीय परंपरा में गुरु को ईश्वर से पहले स्थान दिया गया है।

मंत्री श्री यादव ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में उन्हें शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि विभाग का

## शिक्षकीय सेवा सबसे सम्मानीय कार्य : शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव

कार्यभार ग्रहण करते ही उन्होंने सबसे पहले 1122 शिक्षकों के पदोन्नति आदेश जारी किए। इसके साथ ही प्रदेश में सरकारी स्कूल अब शनिवार को सुबह संचालित होंगे, जिसका आदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में उच्च न्यायालय के आदेश प्राप्त होते ही प्राचार्य और व्याख्याता पदों पर पदोन्नति को भी तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जाएगी। मंत्री श्री यादव ने कहा कि उनका जीवन ग्रामीण परिवेश में बीता है, इसलिए वे गांव और वहां के बच्चों की जरूरतों को भलीभांति समझते हैं। उन्होंने शिक्षकों को कहा कि पढ़ाई.लिखाई में कोताही और अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मंत्री श्री यादव ने कई उदाहरणों के माध्यम से बताया कि हमें शिक्षा के क्षेत्र में ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के कई शीर्ष अधिकारी और नेता सरकारी स्कूलों में पड़े हैं। अगर वे आगे बढ़ सकते हैं, तो आज के शिक्षक और विद्यार्थी भी पीछे न रहे। सांसद विजय बघेल ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में आयोजन की सराहना की। शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए गुरूजनों का सम्मान जरूरी है। उन्होंने सभी शिक्षकों का आव्हान किया कि वे विद्यार्थियों के प्राथमिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देवें।

इस दौरान अतिथियों ने मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना अंतर्गत ज्ञानदीप एवं शिक्षा दूत हेतु कुल 15 शिक्षक शिक्षिकाओं को अंलकृत किया। शासकीय पू.माध्यमिक विद्यालय टेमरी के पुष्पेन्द्र कुमार साहू, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चीचा के संतोष कुमार, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अण्डा के प्रधानपाठक विजय लक्ष्मी राव, शासकीय प्राथमिक शाला मरोदा टैंक भिलाई के सहा शिक्षक कु.वर्षा यादव, शासकीय प्राथमिक शाला खोपली संकुल के दीपक कुमार साहू, शा.प्रा.

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# पार्षद व एमआईसी सदस्य तथा दवा प्रतिनिधि हुए ऑनलाईन ठगी का शिकार, मामला दर्ज

**पार्षद बंजारे के खाते से 90 हजार, देवांगन दवा प्रतिनिधि के खाते से 1 लाख 50 हजार निकले**

**दुर्ग,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। सिटी कोतवाली दुर्ग थाना क्षेत्र के अंतर्गत पार्षद एवं एमआईसी सदस्य के बैंक खाते से 90 हजार रू. तथा दवा प्रतिनिधि के बैंक खाते से करीब डेढ़ लाख रुपए बिना जानकारी के निकाल लिए गए। ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए दोनों ही प्रार्थी को बैंक खाते से लिंक मोबाइल पर मैसेज प्राप्त होता रहा। दोनों ही की शिकायत पर से सिटी कोतवाली पुलिस के द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफअपराध पंजीबद कर विवेचना में लिया है।

दुर्ग पुलिस ने बताया कि देवराज देवांगन पिता भागवत प्रसाद देवांगन उम्र 26 वर्ष साकिन वार्ड नं 6 ठेठवार पारा गया नगर परेतिन चौरा के सामने दुर्ग में रहता है। मेडिकल रिप्रेजेटिव का कार्य करता है। देवराज देवांगन का सेलरी एकाउंट एचडीएफसी बैंक स्टेशन रोड दुर्ग में है। सेलरी एकाउंट से लिंक मोबाईल नंबर में 9 सितंबर को मोबाईल चेक किया तो बैंक से आये ट्राजक्शन मैसेज द्वारा पता चला कि सेलरी एकाउंट से 8 सितंबर को 10 हजार के 6 ट्राजक्शन कुल 60 हजार एवं सिपिग फिक्स डिपाजिट को तोडकर एकांउट से 4 बार में 34 हजार रु एवं एचडीएफसी बैंक के ही क्रेडिट कार्ड से लोन लेकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा 9 सितंबर को 6 बार ट्राजक्शन कर देवराज देवांगन के एकाउंट से कुल 56 हजार रु इस तरह उक्त अज्ञात व्यक्ति द्वारा यूपीआई ट्राजक्शन के माध्यम से कुल रकम 1 लाख 50 हजार रुपये का धोखाधड़ी किया गया है। बैंक द्वारा उक्त मैसेज दिखाने पर सायबर फ्राड होना बताया। जिसका सायबर पोर्टल में 10 सितंबर को देवराज देवांगन ने शिकायत दर्ज कराई। दूसरे दिन सिटी कोतवाली थाने में शिकायत की गई। इस पर सिटी कोतवाली पुलिस के द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफधारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मिली है।

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## डाक्टर से अपाइंटमेंट के नाम पर महिला से ऑनलाईन लाखों की ठगी

**दुर्ग।** दुर्ग में एक महिला के साथ ऑनलाईन ठगी का एक अनूठा मामला सामने आया है जिसमें अज्ञात ठगों ने उस महिला से लाखों रूपये ठग लिये। महिला ने शहर के एक अग्रणी डाक्टर से इलाज हेतु अपाइंटमेंट लेने के लिये उसका नंबर गूगल पर सर्च किया। गूगल में उक्त महिला को जो नंबर पता चला उस पर विश्वास करके महिला ने वाट्सएप पर चैट किया और बातचीत कर अज्ञात व्यक्ति के कहने पर एक ऐप डाउन लोड किया। इसके साथ ही अज्ञात ठग ने उक्त महिला कमलेश साहू और उसकी बेटी डाली साहू के खाते से 7 लाख 68 हजार 178 रूपये धोकाधड़ी कर निकाल लिये। इस मामले के उजागर होने के बाद उसे ठगी होने का एहसास हुआ। तब मोहन नगर थाने पहुंचकर उसने ठगी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला श्रीमती साहू की शिकायत पर मोहन नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस 2023 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

मोहन नगर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी कमलेश साहु पति कृष्ण कुमार साहु उम्र 56 पता निवासी प्लाट नं 10, वार्ड नं 59 सांकेत कालोनी कातुलबोर्ड एसएएफ लाईन थाना मोहन नगर में रहती हैं। 29 अगस्त को डां आलोक दिक्षित से भेट /अपाईनमेंट लेने हेतु गूगल पर सर्च कर मोबाईल नंबर निकाला। इसके बाद उस नंबर से व्हाट्स अप पर चैट किया और उनके द्वारा एपीके फाईल डाउनलोड करवाई एवं अपाईनमेंट डीटेल्स मांगी गई। जिसके बाद 2 सितंबर को लगभग 12 बजे से 3 सितंबर के 12.01 बजे के मध्य कमलेश साहू के बैंक आफ बरोडा के खाता से विभिन्न ट्रांसेक्शन कर 6 लाख 83 हजार 178 रू. रुपये एवं

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# भाजपा से जुड़कर समर्पित भाव से राष्ट्रहित में कार्य करें : पवन साय




**दुर्ग,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। भाजयुमो की संभागीय बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय सहित सभी वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि वे पार्टी से जुड़कर राष्ट्रहित में समर्पित भाव से कार्य करें। देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठा से निर्वाह करें। मंचस्थ अतिथियों में सांसद संतोष पाण्डेय, छ.ग. अक्षय ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष, दुर्ग संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी, प्रदेश भाजपा मंत्री जितेन्द्र वर्मा, विधायकगण ललित चंद्राकर, डी.एल.कोर्सेवाड़ा, रिकेश सेन, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया, तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, महापौर अलका बाघमार, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक दुर्ग जिला भाजयुमो अध्यक्ष जीत यादव उपस्थित थे।

- **भाजयुमो की संभागीय बैठक का समापन**

प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय ने दुर्ग संभाग के 8 जिलों में चल रहे भाजयुमो के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने भाजयुमो कार्यकर्ताओं को भाजपा की रीढ़ की हड्डी निरूपित करते हुए राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करना है। उन्होंने सेवा पखवाड़ा में किये जाने योग्य कार्यो

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# इवेंट मैनेजमेंट कोर्स को पाठ्यक्रम में करेंगे शामिल : मंत्री गजेन्द्र यादव

## साइंस कालेज में रोजगार मेला, 650 विद्यार्थी पंजीकृत, 30 से अधिक प्रतिष्ठानों के लिए साक्षात्कार



**दुर्ग,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से इवेंट मैनेजमेंट को पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने का प्रस्ताव किया जायेगा। इससे सांस्कृतिक कार्यों में रूचि रखने वाले युवाओं को रोजगार प्राप्ति में सहायता होती है। इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, लोक गीत, लोक परंपरा के महत्व को विशेष रूप से प्रदर्षित किया जायेगा। ये उद्गार छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग तथा विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव ने आज शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में व्यक्त किये। श्री यादव आज महाविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ के स्थापना के रजत जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित जॉब फेयर अर्थात् रोजगार मेला, एलुमनी मीट तथा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों महाविद्यालय के एलुमनी तथा शहर के गणमान्य नागरिकों को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर आयोजित एलुमनी मीट कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत, दुर्ग के सभापति जितेन्द्र यादव ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से आव्हान किया कि महाविद्यालय में आने से पूर्व अपना लक्ष्य निर्धारित कर लेना चाहिए। लक्ष्य आधारित षिक्षा ही हमें जीवन में आगे बढ़ाती है। महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह परिहार ने भूतपूर्व विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे संस्था ऋण के रूप में महाविद्यालय के विकास हेतु कुछ न कुछ अवश्य देवें, जिससे आने वाले पीढ़ी हमारा अनुसरण कर सकें। महाविद्यालय की प्लेसमेंट सेल की संयोजक डॉ. पद्मावती ने बताया कि दुर्ग जिले के कलेक्टर अभिजीत सिंह ने रोजगार मेला का अवलोकन किया तथा मेले में 30 से अधिक प्रतिष्ठिनों की सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त की। डॉ. पद्मावती के अनुसार आज आयोजित रोजगार मेला 30 से अधिक प्रतिष्ठिनों के स्टॉल लगे थे, प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित रोजगार मेले में 650 से अधिक विद्यार्थी पंजीकृत हुए। मुख्य अतिथि ने मेले के प्रथम घण्टे में चयनित 10 विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन महाविद्यालय के इतिहास में मील का पत्थर सिध्द होगा, क्योंकि आज आयोजित एलुमनी मीट, रोजगार मेला तथा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थी अपनी दक्षता का परिचय दे रहे है। एलुमनी मीट कार्यक्रम का संचालन प्रो. प्रशांत श्रीवास्तव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनुपमा कश्यप ने किया। इस अवसर पर एमएससी भूगर्भशास्त्र की छात्राएं छवि परमार, लोकेश्वरी तथा जयंती ने सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। एलुमनी विद्यार्थियों में अपने प्रस्तुति देने वालों में नरोत्तम साहू, श्रीमती दिलिमा मजूमदार, कु. पारूल पाण्डेय तथा आषीष देवांगन शामिल थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी नृत्य एवं संगीत की छठा देखते ही बनती थी। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्योति धारकर ने किया। दुर्ग साईंस कालेज के साथ-साथ नवीन संगीत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पंडवानी, भरथरी, कर्मा आदि नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी। संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रिचा ठाकुर के नेतृत्व में संगीत महाविद्यालय के विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता रही।

# भारत में नारी का जैसा सम्मान, वैसा विश्व के किसी देश में नहीं : चंद्राकर




**दुर्ग,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंजोरा (ख) में छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला दुर्ग के तत्वावधान में आयोजित महतारी वंदन सम्मेलन एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर नारी शक्ति को नमन किया तथा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर सुपोषण अभियान अंतर्गत अन्न प्रसन्न संस्कार एवं गोद भराई की रस्म संपन्न की गई। साथ ही नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया तथा प्रदर्शित स्टालों का अवलोकन किया।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि हमारे देश में नारी को जैसा सम्मान मिलता है वैसा विश्व अन्य देशों में नहीं मिलता। यहां नारी को आदिशक्ति के रूप में पूजा जाता है। मां के रूप में पहचाना जाता है। आज का यह कार्यक्रम समस्त नारियों को समर्पित है। महतारी को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 1 हजार रुपए डायरेक्ट खाता में हर माह प्रदान कर रही है विधायक ललित चंद्राकर ने महिला बाल विकास द्वारा संचालित स्व सहायता समूह के माध्यम से लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने स्टाल में स्व सहायता समूह के माध्यम से तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुफ्त उठाया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन जनपद सदस्य संगीता साहू, सरपंच संतोष सारथी, उपसरपंच माखन साहू, सुखदेव देवांगन, एडवोकेट बाल मुकुंद चंद्राकर, भाग्यश्री ठाकुर संतोष कसार परियोजना अधिकारी उषा झा सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# भारतीय ज्ञान परंपरा का आधार वैदिक साहित्य और रामायण : डॉ. शर्मा

**दुर्ग,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान-विज्ञान परम्परा के आधार ग्रन्थ वैदिक साहित्य और रामायण आदि संस्कृत में निहित हैं।पुराण साहित्य और गीता आदि भी इसके भण्डार हैं। कालिदास और तुलसीदास आदि के साहित्य में भी ज्ञानगंगा प्रवाहित है। वर्षों पूर्व हमार युवा संन्यासी स्वामी विवेकानन्द ने अमेरिकी शहर शिकागो में ग्यारह सितंबर को विश्व विद्वानों की धर्मसभा में इसी पृष्ठभूमि पर सिंहनाद किया। संस्कृत की इसमें महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। ये उद्गार हैं संस्कृत . संस्कृति मर्मज्ञडॉ. महेशचन्द्र शर्मा ने व्यक्त किया। आचार्य डॉ.शर्मा साइंस कॉलेज दुर्ग में रूसा की विशेष व्याख्यानमाला में प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को सम्बोधित कर रहे थे। आचार्य डॉ. शर्मा ने शा.वि.या.ता.स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में अपनी दो पुस्तकें भी विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को निरू शुल्क भेंट कीं।



प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह की प्रेरणा और मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफल रहा। भौतिक विज्ञान प्रोफ़ेसर एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ.जगजीत कौर सलूजा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में संस्कृत का विशेष महत्त्व है, इससे विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल होगा। मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.रचिता श्रीवास्तव भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम के संयोजक एवं संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान ने सफ्लतापूर्वक संचालन करते हुए अन्त में आभार ज्ञापन किया।

# बघेरा पानी टंकी से जुड़ी पाईप लाईन लिकेज मरम्मत का कार्य जारी



- **वार्डो में पेयजल आपूर्ति प्रभावित**
- **जलगृह प्रभारी देवांगन ने किया अवलोकन**

**दुर्ग,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। बघेरा वार्ड में रेल्वे क्रासिंग के पास जल आपूर्ति के लिये बिछाई गई बड़ी पाईप के फूट जाने के बाद नगर निगम द्वारा उसकी रिपेयरिंग कर दी गई मगर इसी पाईप लाईन में कुछ और स्थान पर लिकेज होने के कारण उनकी मरम्मत का कार्य भी तेजी ले चल रहा है। जलगृह प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने बताया कि इस लिकेज की वजह से बघेरा पानी टंकी से जुड़े किसी भी वार्ड में पानी की सप्लाई बंद नहीं की है किंतु पानी सप्लाई आंशिक रूप से प्रभावित हो रही है। एक टाईम यदि मरम्मत की वजह से पानी सप्लाई नहीं होती तो दूसरे समय में पानी की सप्लाई लगातार की जा रही है।

श्रीमती देवांगन ने बताया कि उन्होंने स्वयं भी पार्षदों के साथ लिकेज पाईप लाईन का निरीक्षण किाय और अधिकारियों को समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिये गये है। महापौर अलका बाघमार की भी पूरी स्थिति पर नजर है। उनके मार्गदर्शन में लिकेज मरम्मत का कार्य एक्सपर्ट टीम द्वारा किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि बघेरा पानी टंकी शहर की सबसे बड़ी पानी टंकी है। यहां से 7 वार्डो में पानी की आपूर्ति की जाती है। पिछले कुछ दिनों से पाईप लाईन फूटी होने के कारण टंकी फुल नहीं भर पा रही है। इसकी वजह से गयानगर, राजीव नगर, मठपारा, राम नगर क्षेत्र में प्रेशर से पानी नहीं पहुंच पा रहा था जिससे लोग काफी परेशान थे।

श्रीमती देवांगन ने बताया कि प्राथमिकता के साथ इन लिकेज की मरम्मत कराई गई। उन्होंने बतायाकि बोरसी पोटिया बघेरा सहित अनेक स्थानों से पाईप लाईन लिकेज की शिकायतें मिल रही है। इन शिकायतों के आधार पर महापौर श्रीमती बाघमार के निर्देश पर एक अभियान चलाकर पाईप लाईन लिकेज मरम्मत कार्य किया जा रहा है।

# पार्षद विशाल मोटवानी की गिरफ्तारी पर व्यापारी संघ व्यापार बंद कर अनिश्चित कालीन धरने में बैठे

## गणेश विसर्जन दौरान डीजे बंद करने को लेकर पुलिस व पार्षद के बीच हुआ विवाद

**दल्लीराजहरा,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। शहर में 10 सितम्बर को रात्रि गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बंद करने को लेकर पुलिस प्रशासन एवं भाजपा नेता व् पार्षद विशाल मोटवानी के बीच विवाद उत्पन्न हो गई थी। राजहरा पुलिस ने विशाल मोटवानी के खिलाफ गैर जमानती धारा 132, 221 एवं 296 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया था। शुक्रवार को इसके विरोध में राजहरा व्यापारी संघ एवं गणेश समितियों के सदस्यों ने पुलिस द्वारा किए गए एफआईआर को गलत बताते हुए शहर में रैली निकाल कर थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंप तथा इसकी निष्पक्ष जांच करने की मांग की तत्पश्चाप संघ के सदस्यों ने एसडीएम ऑफिस पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुरेश कुमार साहू को ज्ञापन सौपा। इसके बाद पुलिस बल के साथ एसडीएम आफिस पहुचकर विशाल मोटवानी को गिरफ्तार कर थाने ले गई। व्यापारी संघ के द्वारा भाजपा नेता एव



वार्ड पार्षद विशाल मोटवानी व अन्य के ऊपर पुलिस प्रशासन द्वारा जबरदस्ती किए गये कार्यवाही को निरस्त करने की मांग की है। गणेश समिति द्वारा विसर्जन के दौरान झांकी निकाली गई थी, जो कि बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित हो रही थी। वहाँ पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे पर कोई भी आम नागरिक ने इस घटना को नहीं देखा है,जिसके विरोध मे व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवनी के नेतृत्व मे 2 बजे शहर के सभी दुकाने बंद किया गया। व्यापारी संघ अध्यक्ष का कहना है कि ज्ञापन देते समय पुलिस द्वारा गुमराह कर मोटवानी को गिरफ्तार कर थाने ले जाया गया। इस मामले में नगर के व्यापारी संघ व अनाज किराना संघ पुरजोर विरोध करते हुए अनिश्चितकालीन राजहरा का व्यापार को बंद कर गुप्ता चौक पर पंडाल लगाकर धरने पर बैठ गए है। वहीं विशाल मोटवानी भाजपा के नेता व पार्षद होने के बाद भी नगर के भाजपा में गुटवाजी खुलकर सामने दिखाई दिया ।व्यापारियों के विरोध को देखते हुए पुलिस ने जिले से अतिरिक्त बल तैनात कर शहर में पेट्रोलिंग करवाया वही थाने के बाहर बैरिकेट्स लगाकर दोनो तरफ की रास्ते को पूरी बंद कर रखा गया था। पुलिस के बड़े अधिकारी अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था के बागडोर संभाले हुए हैं। वही विशाल मोटवानी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

आरोपी के उपर कानून संबद्ध कार्यवाही हुई है। नगर की पुलिस 24 घंटे आम जनता की सुरक्षा में मुस्तेदी से तैनात रहती है, कोई भी व्यक्ति व संस्था विशेष कानून का उल्लंघन करता पाया जाता है,सख्त से सख्त कार्यवाही होगी।

# व्यवस्थापन के बाद हटाया जाए अतिक्रमण



**भिलाईनगर** 12 सितंबर (देशबन्धु)। महापौर नीरज पाल, एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू ने सेक्टर-7 भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप निवासरत लगभग 86 परिवारों को बारिश के मौसम को देखते हुए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने डीआरएम को पत्र लिख राहत देने की बात कही है। इस मामले में महापौर नीरज पाल ने कहा कि आयुक्त से इन प्रभावित परिवारों के व्यवस्थापन के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्मित मकानों को दिए जाने की व्यवस्था की प्लानिंग की जा रही है। पूर्व में महापौर परिषद के स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू के नेतृत्व में भिलाई नगर निगम के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय से मिलकर गुहार लगाई थी। उन्होंने कलेक्टर से मिलकर कोई रास्ता निकालेंगे कहा था। आयुक्त के निवेदन पर कलेक्टर ने इन प्रभावित परिवारों को राहत देने डीआरएम को पत्र लिख बारिश का हवाला देते हुए कुछ दिन का समय मांगा है। इस अवधि के दौरान प्रयास यह किया जा रहा है कि नगर निगम के बने प्रधानमंत्री आवास योजना में इन्हें व्यवस्थापन के लिए किस योजना के तहत पीएम आवास दिया जाए। इसकी प्रक्रिया भी निगम ने शुरू कर दी है। इन सभी हितग्राहियों के पास राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा भी मिला हुआ है। भिलाई नगर रेलवे स्टेशन एवं सेक्टर 7 के चौक पर निवास करने वाले लोगों को जब से नोटिस मिला है। तब से परिवार के सदस्य काफी दहशत में जीवन यापन कर रहे हैं। इन समस्याओं को देखते हुए आज पार्षद लक्ष्मीपति राजू एवं सेक्टर 6 के पार्षद साकेत चंद्राकर के नेतृत्व में प्रभावित परिवारों की बैठक लेकर ढांढस बंधया हैं। इस झुग्गी झोपड़ियों में 50 वर्ष से रह रहे परिवार का गुजर बसर भीख मांग कर, रिक्शा एवं लोगों के घरों में बर्तन धोने जाती हैं। महिलाएं आज घर टूटता देख विचलित हो गई है। महिलाओं ने कहा कि हमारी एक पीढ़ी यहा निवास करती थी।

### जिलाधीश से विधायक की चर्चा

वही इस मामले में वैशालीनगर विधायकने कहा कि भिलाई नगर रेल्वे की जमीन पर झुग्गी बना पिछले 40 वर्षों से निवास कर रहे लगभग 300 परिवारों के व्यवस्थापन में रेल्वे से मुआवजा राशि लिये जाने को लेकर दुर्ग कलेक्टर से चर्चा कर प्रभावित परिवारों को बड़ी राहत दिलाने की पहल की है। रेलवे विभाग की स्वामित्व की भूमि पर स्लम बस्ती स्थित है। यहाँ लगभग 300 परिवार निवासरत हैं। वर्तमान में भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य प्रगतिरत होने से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मण्डल की ओर से वरिष्ठ अनुभाग अभियंता कार्य दुर्ग द्वारा रेलवे की भूमि पर निवासरत व्यक्तियों को तीन दिवस के अंदर झुग्गी झोपड़ी हटाने के सबंध में नोटिस जारी किया गया है। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि नजूल और शासकीय दस्तावेजों में दर्ज है। आज इन्हें मौके से हटा कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित करने तथा प्रधानमंत्री आवास आबंटन होने तक बेदखली की कार्यवाही पर रोक लगाने की सार्थक पहल की गई है। जिला प्रशासन से उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवार से अधिकतम 75 हजार रूपये ही लिए जाएं।

# दो भाई के अपहरण मामले में पुलिस जांच तेज



**ष्भिलाईनगर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। शहर में बीती रात्रि लगभग 8.15 बजे के करीब दो सगे भाईयों अपरहण का मामला प्रकाश में आया है। अपहृत दोनें संगे भाईयों में साईं नगर केम्प वन निवासी विष्णु प्रसाद साव 31 वर्ष और शुभम प्रसाद साव 27 वर्ष केम्प वन के ही सुभाष चौक पर ठेला लगाकर फास्ट फूड, गरोल विक्रय करते हैं। यूपी पासिंग आर्टिका वाहन में सवार तीन से चार आरोपियों के द्वारा दोनों ही भाइयों को एगरोल ठेला के पास से वाहन के अंदर खींच लिया। वारदात के 18 घंटे बाद अपहरण करने वाले आरोपी और अपहृत भाईयों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। मामला लेन देन से जुड़े होने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल छावनी थाना पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की रात 8 बजे के आसपास सुभाष चौक केम्प वन में विष्णु प्रसाद साव और उसका छोटा भाई शुभम प्रसाद साव फास्ट फूड बेचने की व्यवसाय में व्यस्त थे। इसी दौरान वहां पर एक आर्टिका वाहन आकर रुकी। आर्टिका से दो युवक उतरे और विष्णु प्रसाद साव का कालर पकड़कर घसीटते हुए गाड़ी के अंदर ले गए। यह देखकर शुभम प्रसाद साव पूछताछ करने लगा तो तीन से चार युवकों ने उसे भी उठाकर गाड़ी में डाल दिया और भाग निकलने में कामयाब हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि आर्टिका वाहन यूपी पासिंग है। नंबर प्लेट कीचड़ से सनी होने के कारण वाहन का नंबर नजर नहीं आ रहा था। जिस वक्त यह घटनाक्रम हुआ, वहां पर अपहृत भाईयों का चचेरा भाई हर्ष खड़ा था। थोड़ी दूर पर उनका मामा भी मौजूद था। जानकारी होते ही मामा ने बाइक में जलेबी चौक तक पीछा किया। लेकिन आर्टिका वाहन नजरों से ओझल हो चुकी थी। उसने तत्काल छावनी थाने में भांजों के अपहरण की सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने अपराध क्रमांक 0489/25 धारा 140(3), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर अपहरणकर्ताओं की तलाश शुरू कर दी है।

### घर के बाथरुम में आत्महत्या

**भिलाईनगर।** नंदिनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आज सुबह सुबह 8 बजे घर पर 30 वर्षीय युवक के द्वारा बाथरूम में स्वयं का गला ब्लेड से काटकर आत्महत्या कर ली गई। परिजनों से मिली सूचना पर नंदिनी पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया है। युवक द्वारा की गई आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। नंदिनी थाना प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि मृतक भूपेंद्र कुमार सेन पिता नरेंद्र कुमार सिंह 30 वर्ष वार्ड-2 अहिवारा में रहता था। घर पर ही किराना दुकान चलता था। मृतक अपने माता पिता एवं दो भाइयों के साथ रहता था। युवक अविवाहित था। परियोजना द्वारा सूचना दिए जाने पर नंदिनी पुलिस मौके पर पहुंचे पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# सीनियर वर्ग में योग कौशल अग्रसेन भवन सेक्टर-6 में शुरू



**भिलाईनगर,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। योगासन भारत के निर्देशन में राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप अग्रसेन भवन सेक्टर 6 में शुरू हुई। देश भर से आए योग खिलाड़ियों की मौजूदगी में सुबह से मुकाबले शुरू हुए। पहले दिन पुरुष व महिला सीनियर वर्ग में बैक बैंड सेमीफाइनल व आर्टिस्टिक सिंगल सेमीफाइनल के मुकाबले हुए। इन्हें देश भर से आए 80 निर्णायकों की टीम ने अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर पर आधारित तकनीक से परखा। इस आयोजन में खिलाड़, मैनेजर, प्रशिक्षक व छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सदस्यों सहित लगभग 1500 लोग आए हुए हैं। इस छठवीं राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 सीनियर व सीनियर अ देश भर के 32 राज्यों के प्रतिभागी अपने योग कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गोस्वामी जयंत विष्णु भारती ने बताया कि विश्व में योग का प्रचार प्रसार हेतु भारत सरकार निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में योगासन भारत के निर्देशन में छठवीं राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में अनूप बंसल, डॉ.मेजर सिंह, भोजेंद्र साहू, डी.के. देवांगन, खिलेंद्र साहू, धीरेन्द्र वर्मा, संदीप गुप्ता, तिजऊ साहू, उद्धव साहू, मधुस्मिता पंडा, सुमन भारती, दीक्षा साहू, इत्यादि उपस्थित थे।

# सीटू ने निजीकरण का किया विरोध

**भिलाईनगर,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। निजीकरण का एमडीओ मॉडल पहली बार आधिकारिक तौर पर 26 नवंबर 2013 को सार्वजनिक हुआ जब कोयला मंत्रालय ने घोषणा की कि उसने केंद्रीय बजट 2013 की घोषणा के अनुसरण में सीआईएल की सात परियोजनाओं में एमडीओ मोड ऑफआॅपरेशन शुरू करने के लिए कई पहल की योजना बनाई है। एमडीओ का पहला ड्राफ्ट मॉडल कॉन्ट्रैक्ट एग्रीमेंट अगस्त 2015 को जारी किया गया था। यह मॉडल एक तरफ पूरे कोयला क्षेत्र पर निजी कॉरपोरेट, घरेलू और विदेशी दोनों के द्वारा एक प्रकार का एकाधिकार नियंत्रण स्थापित करना है और दूसरी तरफ बिजली उत्पादन के लिए कोयले के आयात को बढ़ाना है वह भी कुछ पसंदीदा निजी दिग्गजों को लाभ पहुंचाने के लिए असामान्य रूप से ऊंची कीमतों पर। यह खनन उद्योग में इस्तेमाल किया जाने वाला एक सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल है जहां एक निजी कंपनी खदान मालिक की ओर से खनन विकसित करने संचालित करने और प्रबंधन करने के लिए अनुबंध की जाती है। इससे सार्वजनिक क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ने लगती है और वह क्षेत्र निजीकरण की ओर चला जाता है। खनिज विकास और विनियमन संशोधन विधेयक 2023 को 26 जुलाई 2023 को संसद में रखा गया था। इस जल्दबाजी में पारित कर दिया गया। प्रस्तावित संशोधन, यदि कानून बन जाते हैं तो प्रकृति एवं लोगों के साथ.साथ भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा, इस्पात उत्पादन और भारत की अर्थव्यवस्था पर काफी विनाशकारी प्रभाव डालेंगे, जबकि मूल खान और खनिज एमएमडीआर अधिनियम 1957 ने प्रारंभिक सर्वेक्षण प्रक्रिया के हिस्से के रूप में गड्ढे खोदन, खाई खोदने, ड्रिलिंग और उप.सतही उत्खनन पर रोक लगा दी थी। यह विधेयक इन सभी पर्यावरणीय रूप से कमजोर गतिविधियों की अनुमति देता है। संशोधन विधेयक खनन क्षेत्र के वनस्पतियों और जीवों के संरक्षण के लिए अनिवार्य सभी सुरक्षात्मक वानिकी मंजूरी प्रक्रियाओं को समाप्त करने जा रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड में एमडीओ मॉडल के खिलाफ विभिन्न रूपों में कई प्रतिरोधों को झेलने के बाद केन्द्र सरकार ने लौह अयस्क खदानों में इस मॉडल को लागू करने का फैसला किया। सरकार ने सेल को ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के कोइडा माइंस क्षेत्र में ताल्डीह कैप्टिव लौह अयस्क खदान को 25 साल की लीज पर देकर एमडीओ मॉडल के तहत अडानी इंटरप्राइजेज को सौंपने का फैसला लेने के लिए मजबूर किया है। ड़ी एसटीध्एससी जनजाति से संबंधित हैं।

# निगम ने हटाया नाली के उपर से अतिक्रमण



**भिलाईनगर,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत वार्ड-32 जे. पी. नगर के स्थानीय नागरिकों एवं दुकान संचालकों द्वारा नाली के उपर ढलाई कर अतिक्रमण कर लिया गया था। स्वास्थ्य विभाग का अमला नालियों की सफाई करते है, तो नाली के उपर ढलाई कर देने से नालियों की सफाई नहीं हो पाती है। जिसके कारण पानी भराव जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है और पानी का बहाव नहीं हो पाता है। इस संबंध में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को ज्ञात हुआ तो उन्होने जोन-3 के राजस्व विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किए। मौके पर जाकर निरीक्षण करें और नाली के उपर से कब्जा मुक्त करावें। निर्देश प्राप्त होते ही जोन की टीम स्थल पर पहुंचकर जे.सी.बी के माध्यम से नाली के उपर से अवैध अतिक्रमण को तोड़कर नाली को रिक्त कराया गया। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगनए जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे सहित निगम के तोड़फोड़ दस्ता की टीम उपस्थिति रहे।

# विकास कार्य हेतु 14.50 लाख स्वीकृति

**भिलाईनगर,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए निर्माण कार्य के लिए 14 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद विजय बघेल द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यो का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन द्वारा किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार पाटन मुक्तिधाम में कवर्ड सिटिंग एरिया एवं शेड निर्माण हेतु 3 लाख, देवादा में कवर्ड सिटिंग एरिया, शेड एवं मंच निर्माण हेतु 5 लाख तथा देवादा स्कूल पारा में सामुदायिक केन्द्रए सामुदायिक हॉल एवं भवन निर्माण हेतु 6 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लेखा प्रशिक्षण हेतु आवेदन 30 सितम्बर तक आमंत्रित किया गया।

# राहगीरों के लिए आतंक का पर्याय बन चुके बाइक सवार लूटेरों को पुलिस ने पकड़ लिया

**भिलाई नगर,** 12 सितंबर (देशबंधु)। राहगीरों के लिए आतंक का पर्याय बन चुके बाइक सवार लूटेरों को पुलिस ने पकड़ लिया है। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों को निशाना बनाने वाले इस गिरोह के कुल 9 आरोपी पकड़े गए हैं। इनमें 3 बालिग व 6 नाबालिग शामिल हैं। लूट, चोरी, झपटमारी, हत्या के प्रयास सहित विभिन्न थानो में 14 मामले इनके खिलाफ दर्ज हैं।



बता दें दुर्ग जिले में विगत कुछ दिनों में विभिन्न थाना क्षेत्रो में राहगिरो को निशाना बनाकर उनसे मोबाईल, नगदी को छिनकर धारदार हथियार से हमला कर फरार हो जाते थे। विभिन्न थानी क्षेत्रों में जिसकी प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। झपट मारी की घटना पर रोक लगाने हेतु दुर्ग पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान थाना भिलाई नगर के 04 प्रकरण, मोहन नगर के 01 प्रकरण, चौकी स्मृति नगर 01 प्रकरण, वैशाली नगर 01 प्रकरण, खुर्सीपार 02 प्रकरण, जामुल 01 प्रकरण, चौकी जेवरा सिरसा 03 प्रकरण कुल 14 प्रकरणो में आरोपियो कि गिरफ्तारी एवं उनसे घटना में प्रयुक्त हथियारो की जब्ती एवं रकम की बरामदगी की गई है। इन प्रकरणों में एसीसीयू एवं विभिन्न थानों की टीम शहर के घटना स्थलो के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज एवं टेकनिकल सूचना के आधार पर 03 आरोपियो की पहचान स्थापित हुई जिनको घेराबंदी कर पकड़ा गया पूछताछ करने पर अपने अन्य साथियो के नाम बताये और विभिन्न थाना क्षेत्रो के प्रकरणो में शामिल होकर घटना कारित करना स्वीकार किये। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अन्य आरोपियों की भी पहचान की गई प्रार्थियों से भी आरोपियों के पहचान कराई गई जिसमें प्रार्थियों ने आरोपियों को पहचाना। 03 आरोपी टिल्लू उर्फ कुनाल, आलम, और अनुज एवं 6 विधि से संघर्षरत आपचारी बालको की संलिप्तता स्पष्ट हुई। 1 बालिग एवं 6 नाबालिग को विधिवत् हिरासत में लेकर पूछताछ कर मेमोरेण्डम के आधार पर जप्ती किया गया एवं न्यायालय में पेश किया गया। आरोपियो से जप्त सामाग्री में 04 मोबाईल, 02 चाकू, 01 कटर, 03 दो पहिया वाहन को जब्त किया गया।

# शिक्षक हमेशा पूजनीय होता है : मंजूलता

**भिलाईनगर,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल नंदिनी नगर अहिवारा के द्वार स्कूल के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं का सम्मान किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजूलता यादव थी। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही बच्चों के भविष्य है। आज शिक्षकों की भूमिका बहुत अहम है। जिन्हें शिक्षा के अतिरिक्त अन्य कार्य भी करना पड़ता है। उन्होनें बच्चों से आव्हान किया कि वे शिक्षकों को हमेशा आदर देवे। उन्होंने सभी शिक्षक को उपहार देकर सम्मानित किया। स्कूल की प्राचार्य श्रीमती सुनीता ताम्रकार ने अपनी बात रखी। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, भाषण एवं आदि कार्यक्रम रखा गया। इस समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित का बच्चों का उत्साह वर्धन किया एवं उन्होंने अपना आशीष प्रदान किया।



# भिलाई के युवा लेफ्टिनेंट हर्ष का नगर में स्वागत



**भिलाईनगर,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर के होनहार युवा एवं भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर कमीशन प्राप्त हर्ष गोहिया का भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 के प्राचार्य विजय सिंह पवार एवं शाला परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री पवार ने हर्ष को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान करते हुए कहा कि सफलता उन्हीं को प्राप्त होती है जो कड़ी मेहनत और दृढ़ निश्चय के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं। उन्होंने हर्ष को भिलाई विद्यालय का गौरव बताते हुए विद्यार्थियों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। लेफ्टिनेंट हर्ष गोहिया ने विद्यालय के सभागार में उपस्थित शिक्षकों और छात्र.छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने अनुशासन, लगन, दृढ़ संकल्प और समय प्रबंधन को सफलता की कुंजी बताते हुए साझा किया कि किस प्रकार उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कम्बाइंड डिफेंस सर्विसेज परीक्षा-2023 में सफलता प्राप्त कर आल इंडिया रैंक 187 हासिल की। हर्ष ने कहा कि सफलता पाने के लिए सबसे आवश्यक है कि हम एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने हेतु निरंतर परिश्रम करें। उन्होंने कहा कि जन्म से कोई महान नहीं होता, बल्कि कर्म और शिक्षा ही व्यक्ति को महान बनाती है। इस अवसर पर छात्रों के साथ एक संवाद सत्र का भी आयोजन किया गया उन्होंने डिफेंस अकादमी में चयन प्रक्रिया और प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी साझा की। उल्लेखनीय है कि लेफ्टिनेंट हर्ष गोहिया की यह उपलब्धि भिलाई इस्पात संयंत्र की परंपरा और संस्कारों से भी गहराई से जुड़ी है। उनकी शिक्षा भिलाई विद्यालयए सेक्टर.2 और बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल-10 से हुई हैं।

# महापौर शशि ने उपमुख्यमंत्री अरूण से मांगा पार्षद निधि



**भिलाईनगर,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने न केवल पार्षद निधि की राशि बल्कि विकास के लिए राशि की मांग की है। महापौर अपने परिषद के सद्स्यों के साथ नवा रायपुर पहुंची मंत्री आवास पहुंची थी। वहां उन्होंने नवगठित रिसाली के विकास के लिए मांग पत्र भी सौंपा। महापौर शशि ने निकाय क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के संबंध में चर्चा करते हुए सहयोग करने की बात उप मुख्यमंत्री अरुण साव से की। महापौर शशि ने वित्तीय वर्ष 24-25 के महापौर निधि शतप्रतिशत राशि व समस्त पार्षदगणों के पार्षद निधि के 50 प्रतिशत राशि प्रदान किए जाने का अनुरोध भी की। उनका कहना था कि राशि से जनहित के अति आवश्यक विकास कार्य किया जा सकेंगे। उन्होंने रिसाली नगर पालिक निगम के लिए 2 नग शव वाहन, 2 नग चलित शौचालय क्रय कर प्रदान करने का अनुरोध उप मुख्यमंत्री से की। इस दौरान एम.आई.सी. अनिल देशमुख, जाहिर अब्बास, संजू नेताम, रोहित धनकर, जमुना ठाकुर, ममता यादव पार्षद विनय नेताम सहित अन्य उपस्थित थे।

# डॉ. खूबचंद बघेल महाविद्यालय में भव्य एलुमनी मीट





**भिलाईनगर,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। डॉ खूबचन्द बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 में पूर्व छात्रों के बहुप्रतीक्षित एलुमनी मीट का आयोजन अत्यंत उत्साह, उमंग और भावनात्मक माहौल में किया गया। यह अवसर न केवल वर्षों बाद पुराने मित्रों से पुन: मिलने का सुखद क्षण बनाए बल्कि महाविद्यालय और इसके पूर्व छात्रों के बीच गहरे और स्थायी संबंधों को और प्रगाढ़ करने का माध्यम भी सिद्ध हुआ। महाविद्यालय की परंपरा के अनुरूप सभी पूर्व छात्रों का तिलक कर, पारंपरिक विधि से स्वागत किया गया। इसके पश्चात आयोजित सामूहिक सेल्फी सत्र ने आयोजन को और भी रोचक बना दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अश्विनी महाजन ने कहा किसी भी शैक्षणिक संस्थान की सबसे बड़ी पूँजी उसके एलुमनी होते हैं। आपके जीवन की उपलब्धियाँ वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस तरह के आयोजन केवल आपसी संबंधों को सुदृढ़ नहीं करते, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि महाविद्यालय के पूर्व छात्र आज शिक्षा, प्रशासन, उद्योग, आईटी, साहित्य, कला, व्यवसाय, सामाजिक सेवा और राजनीति जैसे विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं। अनेक एलुमनी ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस दौरान कई पूर्व छात्रों ने मंच से अपने अनुभव साझा किए। किसी ने प्राध्यापकों के मार्गदर्शन को अपने जीवन का सबसे बड़ा संबल बताया। किसी ने महाविद्यालय की शिक्षा और अनुशासन को सफलता की कुंजी कहा। कार्यक्रम को मनोरंजक और जीवंत बनाने हेतु वर्तमान छात्रों ने लोककला, संस्कृति और पर्यटन पर आधारित गीत, नृत्य, रंगोली एवं पोस्टर प्रस्तुत किए। डॉ. अल्पना देशपांडे के मार्गदर्शन में आयोजित बलून रेल खेल सबसे आकर्षक रहा। इसमें एलुमनी ने भी बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। जिससे कार्यक्रम का वातावरण उल्लास और हंसी.खुशी से गूंज उठा। प्रथम मनोज मित्रा, द्वितीय संदीप जैन, तृतीय उपकार चंद्राकर रहे। इस एलुमनी मीट में यह प्रस्ताव रखा गया कि एलुमनी एसोसिएशन को और अधिक सक्रिय बनाया जाए। महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. नीलम गुप्ता न तथा डॉ. मंजूला गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डॉ. कमल किशोर शर्मा, संजय कुमार कश्यप, मंजू चंद्राकर, ईश्वर सिंह चौहान, जानवी साहू, अतुल सिंह, वर्षा पाण्डेय, हिमांशु पांडे, सुरेश कुमार, विजय कुमार यादव, प्रदीप झा, राजेश बघेल, लावण्या रेड्डी, नाग लक्ष्मी सेन, अनन्या सरकार, रश्मि प्रसाद, नीतू, मनोज मित्रा, श्याम कौशल, मनीष अग्रवाल, शीतल यादव, संदीप जैन, शांति सिंह, निलेश कुमार सिंह, अनीश कुमार, चंद्राकर, तेजेश्वर पाल, कुमारी भारती, रोहित चौधरी, एन.वी. सुषमा, रणजीत कौर, वरुण यादव, विपिन चंद्राकर, कविता वर्मा, शारदा, रविंद्र सैनी उपकार चंद्राकर, अजय कुमार साह, अभिषेक शर्मा, धर्मराज साहू, योगेश कुमार, कुलदीप राडेकर, एलण् उषा आदि उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने प्रस्तावित रोड निर्माण एवं सिवरेज सिस्टम का किया निरीक्षण



**भिलाईनगर,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-5 श्रीराम चौंक में प्रस्तावित रोड निर्माण, साफ-सफाई, वृक्षारोपण एवं सिवरेज सिस्टम का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी के साथ किए। निगम आयुक्त ने जोन -5 के श्रीराम चौंक में प्रस्तावित रोड का निरीक्षण किए। उक्त स्थल पर नागरिको का मांग था कि रोड निर्माण किया जाना है। स्थल पर रोड निर्माण करने प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है, स्वीकृति पश्चात रोड निर्माण का कार्य प्रारंभ करने जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता को निर्देशित किया गया है। रोड के आस-पास नियमित साफ-सफाई कराने जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे को निर्देशित किया गया है। साथ ही हरियाली एवं पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए रोड के किनारे 100 से अधिक पौधो का रोपण करने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किया गया है। सीवरेज पाइप लाइन जर्जर हो गया था। जिसके कारण जाम की स्थिति बनी हुई थी। आयुक्त के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह द्वारा नागरिको के मांग पर नया सीवरेज पाईप लाईन का निर्माण किया गया है। जिसका निरीक्षण आयुक्त ने किया।

## दो वर्षों से बाल विवाह के प्रकरण प्राप्त नहीं होने वाले पंचायतों को मिलेगा प्रमाण पत्र

**बालोद,** 12 सितंबर विगत 02 वर्षों में बाल विवाह के प्रकरण प्राप्त नही होने पर बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय घोषित करने की कार्रवाई की जानी है। संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार बालोद जिले के ऐसे ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय जहाँ विगत दो वर्षों में बाल विवाह का प्रकरण प्राप्त नही हुआ है।



# विस्थापन की मांग को लेकर स्टेशन चौक के व्यापारी व निवासियों ने पालिका पहुंचकर जताया विरोध

**कुम्हारी,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। गुरुवार को कुम्हारी स्टेशन चौक में रेलवे द्वारा अवैध मकान और दुकानों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें जमीदोज कर दिया गया था जिसके विरोध में शुक्रवार को समस्त पीड़ित व्यापारी एवं परिवार के लोगों ने नगरपालिका पहुंचकर विरोध जताते हुए पालिका का घेराव कर पालिका के खिलाफ नारेबाजी की। पीड़ितों की शिकायत थी कि जिन 32 कब्जधरियों को रेलवे ने बेदखली का नोटिस जारी किया था उसके अलावा भी अन्य 10 मकानों को बिना किसी सूचना और जानकारी के तोड़ दिया गया जिससे ये 10 परिवार पूरी तरह बेघर हो गए हैं। बारिश के इस मौसम इन परिवारों के पास सिर छुपाने की कोई जगह भी नही है, आखिर ये परिवार कहाँ जाएंगे ? इसी बात को लेकर पीड़ित परिवार के लोगों ने सांसद विजय बघेल और विधायक भूपेश बघेल से भी मुलाकात कर अलनी पीड़ा व्यक्त की।

पीड़ितों की माने तो घर पर पढ़ने लिखने वाले बच्चे भी हैं ऐसे में रेलवे प्रशासन के इस तानाशाही रवैये से सड़क पर आए इन परिवारों के समक्ष अब जहां सिर छुपाने की कोई जगह नहीं बची वहीं रोजी रोटी की समस्या भी चिन्ता का कारण बन गई है। पीड़ित परिवारों ने पालिकाध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा एवं मुख्यंगरपालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर के समक्ष अपनी पीड़ा व्यक्त कर शीघ्र ही इन परिवारों के विस्थापन की गुहार लगाई है। फिलहाल इनमें से कुछ परिवारों को सामुदायिक भवन में रहने की इजाजत दी गई है साथ ही पालिका प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि विचार विमर्श पश्चात शीघ्र ही इसका कोई हल निकाल लिया जाएगा। गौरतलब है कि विगत कई वर्षों से इन्हें रेलवे प्रशासन द्वारा नोटिस दिया जा रहा था अंतत: गुरुवार को बेदखली की कार्यवाही करते हुए इनके मकान और दुकानों पर बुलडोजर चला दिया गया। रेलवे प्रशासन के अपने दावे हैं कि सड़क का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य होना है जिसके तहत यह कार्यवाही की जा रही है लेकिन बड़ी बात यह है कि बिना विस्थापन के परिवार के लोगों को घर से बेदखल करना भी न्याय संगत नहीं है तब जबकि विगत 40-50 वर्षों से ये परिवार यहां निवास कर रहा है। यहां निवासरत नारायण यादव ने बताया कि बिना किसी सूचना के घर तोड़कर परिवार को बेघर करना कहाँ तक सही है हमे कुछ वक्त दिया जाता जिससे हम अपनी व्यवस्था कर



### रेलवे द्वारा गुरुवार को तोड़ी गई थी दुकानें और मकान

सकते थे लेकिन बिना किसी पूर्व सूचना के घर तोड़ दिया गया अब अचानक हुए इस कार्यवाही से हमे बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक स्कूली छात्रा करीना ने अपना दर्द व्यक्त करते हुए बताया कि हम पढ़ने लिखने वाले विद्यार्थी हैं अचानक हुए इस कार्यवाही से रहने खाने की समस्या तो आ ही रही है वहीं हमारी पढ़ाई पर भी इसका सीधा असर पड़ेगा इसकी जिम्मेदारी किसकी है ? हमे कम से कम एक कमरे का कमरा दिया जाय जिससे हमारी पढ़ाई लिखाई में कोई बाधा न आए। वहीं एक और पीड़ित महिला एम जयालक्ष्मी ने भी इस कार्यवाही को दुर्भाग्यजनक बताते हुए कहा कि हमारी पूरी जिंदगी यहीं गुजरी है बिना किसी सूचना और विस्थापन के हमारे घरों को तोड़ देना सरासर रेलवे प्रशासन की दादागिरी है। हमे पता है कि यह रेलवे की जमीन है हम इसे खाली करने के लिए भी तैयार हैं लेकिन हमें समय तो मिलना चाहिए था लेकिन बिना किसी सूचना के दुकानों के साथ साथ मकानों को भी तोड़कर लोगों को बेदखल करना कहाँ का न्याय है। इसलिए हम पालिका प्रशासन से यह अनुरोध करते हैं कि हमे कहीं भी कोई भी मकान आबंटित कर दिया जाय ताकि हम परिवार के साथ कहीं भटकना ना पड़े।

इन तमाम समस्याओं के मध्य पालिका प्रशासन ने पीड़ितों को आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही इसका समाधान निकालकर लोगों को व्यवस्थित किया जाएगा।

जानकारी मिली कि रेलवे प्रशासन द्वारा सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए दुकानों को तोड़ा गया है लेकिन इसके साथ ही बिना किसी सूचना के लोगों के मकानों को तोड़ दिया गया है। हमारी संवेदना उन पीड़ित परिवारों के साथ है। शीघ्र ही सांसद महोदय, एस डी एम एवं तहसीलदार के साथ चर्चा कर कोई ठोस कदम उठाया जाएगा।

**– श्रीमती मीना वर्मा**
अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, कुम्हारी

बेघर परिवारों के विस्थापन हेतु पालिका द्वारा कोई खाली एवं शहर के नजदीक शासकीय भूमि को चिन्हित किया जा रहा है। साथ ही सब्जी विक्रेता सब्जी बाजार में जो शेड रिक्त है वहां सब्जी विक्रय कर सकते हैं।

**–नेतराम चन्द्राकर**
मुख्य नगरपालिका अधिकारी, कुम्हारी

# एंबुलेंस चालक की लापरवाही से बाइक सवार युवक की मौत

### मामला खैरागढ़ दाऊचौरा फॉरेस्ट नाका के पास

**खैरागढ़,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय खैरागढ़ के दाऊचौरा स्थित फॉरेस्ट नाका के पास गुरुवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जानकारी अनुसार 11 सितंबर की रात लगभग 8.30 बजे गातापार जंगल की ओर से मरीज लेकर राजनांदगांव जा रही एंबुलेंस ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद एंबुलेंस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक मकान से जा भिड़ी, जिससे मकान की बाउंड्री वॉल व अन्य हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, एंबुलेंस चालक का नाम गोविंद पिता राधेलाल पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी पनेका बाकल, जिला राजनांदगांव का रहने वाला है। वहीं एंबुलेंस का गाड़ी क्रमांक सीजी 08 ऐपी 2440 वहीं मृतक युवक की पहचान रविकांत पिता नेक राम साहू उम्र 27 वर्ष निवासी दीवानभेड़ी थाना तुमडीबोड़, जिला राजनांदगांव के रूप में हुई है। रविकांत गातापार जंगल स्थित बरगांव नवागांव के एबीस फार्म में इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। पुलिस ने बताया कि रविकांत पांडादाह में निवास करता था और अक्सर भोजन करने के लिए खैरागढ़ आता था। घटना की रात भी भोजन



कर लौटते समय वह अपनी मोटरसाइकिल (क्र. सीजी 08 6887) से जा रहा था, तभी एंबुलेंस ने टक्कर मार दी।

घटना की सूचना पर खैरागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू की। बाद में आरोपी एंबुलेंस चालक के खिलाफ धारा 281, 101, 106 (1) बीएएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने मृतक के परिजनों व चिकित्सकों की मौजूदगी में शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# अवैध प्रार्थना सभा को बंद कराने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**गुरुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। सर्व हिन्दू समाज ब्लाक गुरुर ने राजस्व ग्राम धनोरा में अवैध प्रार्थना सभा को तत्काल बंद कराने एसडीएम गुरुर आरके सोनकर को ज्ञापन सौंपा। हितेंद्र गंजीर, परमानंद साहू, चुनू साहू, कोमल साहू, नीलाम्बर साहू, नारायण यादव, गोविंद यादव, तमेश साहू ने बताया कि ग्राम धनोरा (भरदा) में पुराने सोसायटी के पास एक मकान में ग्रेसी प्रार्थना सभा का बोर्ड लगा कर प्रत्येक रविवार को सुबह 8 से 11 बजे तक अवैध प्रार्थना सभा आयोजित कर लोगों को मतांतरण का कार्य किया जाता है, जिससे माहौल खराब किया जा रहा है, कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है, इसलिए इसे तत्काल बंद कराई जाए। ज्ञापन सौपने वाले में खिलेश्वर साहू, राकेश साहू, जयंत साहू, चौलेश देशमुख, आनंद शर्मा, रवि साहू, राजेंद्र साहू, डाकेश साहू, टेमन साहू शामिल थे।

# मानव की प्रथम गुरु मां होती हैं : लाल जेके वैष्णव

**खैरागढ़,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। नेशनल स्कूल ऑफ एजुकेशन भुलाटोला खैरागढ़ में शिक्षक सम्मान समारोह 2025 का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खैरागढ़ कॉलेज के सेवानिवृत्त प्राध्यापक लाल जे.के. वैष्णव उपस्थित रहे। अध्यक्षता डॉ. उमेंद चंदेल ने की तथा विद्यालय के संचालक मनोहर सोनवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत मां सरस्वती एवं भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि लाल जे.के. वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा मानव की प्रथम गुरु मां होती हैं, जो जन्म के बाद बच्चे को चलना, पढ़ना और संस्कार सिखाती हैं। इसके बाद विद्यालय और महाविद्यालय के शिक्षक जीवन को संवारते हैं और अच्छे नागरिक के निर्माण में योगदान देते हैं। उन्होंने छात्रों के व्यक्तित्व विकास, खेल-व्यायाम और शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. उमेंद चंदेल ने नैतिक शिक्षा और मूल्यों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने गीत के माध्यम से सरल भाषा में शिक्षक के गुणों को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षक दीपक की भांति जलकर ज्ञान का अंधकार दूर करता है। विद्यालय के संचालक मनोहर सोनवानी ने शिक्षकों के परिश्रम और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में पालक और



शिक्षक दोनों का सामंजस्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम का संचालन नीलम भारती ने किया। उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी प्रस्तुत की तथा छात्रों को वैज्ञानिक पद्धति और संचार क्रांति का उपयोग कर शिक्षा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

समारोह में मुख्य अतिथि लाल जे.के. वैष्णव और डॉ. उमेंद चंदेल को विद्यालय परिवार द्वारा स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं ने समस्त शिक्षकों को उपहार प्रदान किए। इस अवसर पर पुष्पा तिवारी, नीलम भारती, रीमा महोबिया, प्रियंका सेन, प्रीति निषाद, अंजू गोस्वामी, दिव्या महोबे, मधु वर्मा, प्रमोद बंजारे और प्रियंका उके सहित बड़ी संख्या में पालकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जितेंद्र राजपूत छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना साजा ब्लॉक महामंत्री बनाए गए

**देवकर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना साजा खड़ (ब्लॉक) अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू के नेतृत्व तथा निलेश साहू (जिलाध्यक्ष छ.क्रा.से. बेमेतरा), राजेन्द्र



पटेल (जिलाध्यक्ष जे.सी.पी.), सूर्या सिंह चौहान (नगर अध्यक्ष जेसीपी बेमेतरा) ढालेन्द्र साहू (जिला मिडिया प्रभारी छ.क्रा.से.), लुकेश्वर साहू (खड़ अध्यक्ष छ.क्रा.से. बेमेतरा), कन्हैया सिन्हा (नगर अध्यक्ष देवकर छ.क्रा.से.) के आतिथ्य में साजा में छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की आरती से हुआ।बैठक के दौरान अतिथियों द्वारा संगठन के उद्देश्य, ध्येय एवं कार्यों का वर्णन किया गया। इसके बाद संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष निलेश साहू की अनुशंसा पर खड़ अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू (छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना, साजा) ने पदाधिकारियों की घोषणा की गई जिसमें छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना साजा खंड (ब्लॉक) के महामंत्री के पद पर जितेन्द्र राजपूत को नियुक्त किया गया। जितेन्द्र राजपूत नगर के युवा और ऊर्जावान पत्रकार है जिन्हें महामंत्री के पद का बड़ा दायित्व दिया गया।जितेन्द्र राजपूत ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीयो का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि पूरी निष्ठा से पद का निर्वहन करूंगा।

# महाविद्यालय में शिक्षकों का सम्मान और नव प्रवेशी छात्रों का स्वागत

**गुरुर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। ब्लॉक मुख्यालय में संचालित शासकीय महाविद्यालय गुरूर मे छात्र छात्राओं द्वारा शिक्षकों का सम्मान समारोह संपन्न हुआ, साथ ही महाविद्यालय में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का भी स्वागत सम्मान किया गया, इस कार्यक्रम में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा मुख्य अतिथि थे।विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत गुरुर के अध्यक्ष प्रदीप साहू, विशेष अतिथि के रूप में समिति के सदस्य यादराम साहू, सुभद्रा ईशा प्रकाश साहू, जनार्दन सिन्हा, चौलेश देशमुख उपस्थित थे, इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर केएल रावटे ने अध्यक्षता की। मां सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना, माल्यार्पण के बाद इस आयोजन का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात प्राचार्य द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय के समस्त उपलब्धि एवं समस्याओं से अवगत कराते हुए,अतिथियों को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, मौके पर छात्रा कुमारी दिव्या ने महाविद्यालय की समस्याओं को भी बताया।



नगर पंचायत गुरुर के अध्यक्ष प्रदीप साहू ने महाविद्यालय की समस्या,सड़क चौड़ीकरण, खेल मैदान समतलीकरण, परिसर के लिए लाइट व्यवस्था को पूरा करने का आश्वासन दिया, मुख्य अतिथि नंदकिशोर शर्मा ने समस्त छात्र छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई के साथ खेल कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए मार्गदर्शन दिया, महाविद्यालय द्वारा समस्त अतिथियों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया, तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा महाविद्यालय के शिक्षकों का सम्मान किया गया।

इस दौरान महाविद्यालय में नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का स्वागत किया गया, मौके पर छात्रों के लिए रोचक और मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, साथ ही मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी। आयोजन के दौरान बीए, बीएससी, बीकॉम तीनों संकाय में मिस और मिस्टर फ्रेशर का भी चयन किया गया है, इस आयोजन में कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर योगेंद्र ध्रुवे तथा वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर एल हिरवानी ने आभार माना, इस आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कार्यालय स्टाफ सहित महाविद्यालय के दिव्या, प्रवीण कुमार, द्रोण कुमार, धीरज, रेणुका, दीपिका, अंकित, नवीन कुमार, आराधना, मोनिका, तामेश्वर, जयप्रकाश सहित समस्त छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

# युवा मोर्चा की संभागीय बैठक दुर्ग में जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की रही भागीदारी

**खैरागढ़,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता युवा मोर्चा की संभाग स्तरीय बैठक रविवार को दुर्ग के पृथ्वी पैलेस में आयोजित की गई। बैठक में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले से युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक शिरकत की।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन महामंत्री पवन साय, राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय, संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, विधायक डोमनलाल कोरसेवाड़ा, रिकेश सेन, ललित चंद्राकर, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय तोमर, प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर उपस्थित रहे और युवाओं को मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आयश सिंह (बोनी) के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इनमें प्रमुख रूप से प्रेमसागर गुप्ता, मिनेश जंघेल, ऋषभ सिंह, पीयूष पटेल, राकेश वर्मा, अर्जुन क्षत्रिय, ललित चोपड़ा, शैलेंद्र मिश्रा, शैलेंद्र त्रिपाठी, सौरभ जंघेल, विक्की कुर्रे, राजू जंघेल, शशांक साहू, विक्रांत चंद्राकर, जय प्रकाश साहू, जय प्रकाश मसखरे, डॉ. संजय वर्मा, जागेश्वर जंघेल, नितेश उपाध्याय, अनीश दादू, एवन विश्वकर्मा, शिवांश बहादुर, प्रशांत कांडरा, मनीष ढीमर, वेदांश बघेल, पवन सिंह, प्रमोद भगत, पेमेंद्र चंदेल, बालकृष्ण जंघेल, भूपेंद्र जंघेल, प्रकाश जंघेल, वीरेंद्र जंघेल, अमन जंघेल, हर्ष वर्मा, भुवन वर्मा, अजेन दशरिया, गजेंद्र पटेल, रेखचंद जंघेल, भूपेंद्र मिश्रा, विश्राम वर्मा, भूपेंद्र शर्मा, लिकेश साहू, भानुप्रताप साहू, भुनेश्वर सेन, शत्रुहान साहू, मुकेश साहू, योगेंद्र पाल, ओमप्रकाश साहू, डिकेश्वर यादव, निर्मल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण...

शाला कातरो के भानेश्वरी साहू, शास.प्राथमिक शा सुरपा के हिरेन्द्र कुमार मण्डावी, शा.प्रा.शा.उमरपोटी के राघवेन्द्र कुमार ध्रुव, शास.प्राथ.शाला चीचा के कामता प्रसाद धनकर, शास.प्राथ, शाला रौंता के सुनील कुमार स्वर्णकार, शास.प्राथ.शाला नवागांव के दिलीप कुमार वर्मा, शास.प्राथ.शा.मलपुरीकला के मोहन लाल यादव, कबीरधाम व्याख्याता चंद्रिका प्रसाद चंद्रवंशी, बालोद के व्याख्याता तामसिंह पारकर एवं दुर्ग के व्याख्याता शुभ्रा वर्मा को शिल्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं शिक्षकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### पार्षद व एमआईसी सदस्य...

पार्षद एवं एमआईसी सदस्य के साथ 90 हजार रूपये की ठगी -नरेंद्र कुमार बंजारे स्वर्गीय गोवर्धन लाल बंजारे 49 वर्ष वार्ड नं 3 चंडिका अस्पताल के बाजू में मठपारा दुर्ग में रहता है। वार्ड नं 3 मठपारा दुर्ग मे पार्षद एवं नगर पालिक निगम दुर्ग में एमआईसी सदस्य हैं। 9 सितंबर को पार्षद के यूनियन बैंक आफइंडिया शाखा जिला पंचायत शाखा के सेविंग एकाउंट से लिंक मोबाईल नंबर में 49 हजार 500 रु के ट्रांजक्शन मैसेज आया। जबकि पार्षद के द्वारा कोई ट्रांजक्शन नहीं किया गया था। इस पर पार्षद ने यूनियन बैंक आफइंडिया बैंक जाकर पता किया तब जानकारी प्राप्त हुई की 9 सितंबर को 49 हजार 500 रु एवं 40 हजार रु कुल 89 हजार 500 रु किसी अज्ञात के द्वारा यूपीआई के माध्यम से ट्रांजक्शन कर धोखाधड़ी की गई है। इस पर पार्षद के द्वारा तत्काल 1930 सायबर पोर्टल में काल कर शिकायत दर्ज कराया हूं। मोहन नगर थाने में की गई शिकायत पर से अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस के द्वारा धारा 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### डाक्टर से अपाइंटमेंट के नाम पर...

उनकी बेटी डाली साहु के एसबीआई बैंक के खाता से 85 हजार रुपये कुल रकम 7 लाख 68 हजार 178 रुपये की धोखाधड़ी कर प्रार्थी एवं उनकी बेटी के जानकारी के बिना निकाल लिये गये है। जिसकी सायबर कंप्लेंट प्रार्थी द्वारा राष्ट्रीय साइबर क्राइम हेल्पलाइन (1930) पर शिकायत दर्ज कर दी है। साथी शिकायत पर मोहन नगर पुलिस के द्वारा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 318 (4) बी.एन.एस.2023 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### भाजपा से जुड़कर समर्पित भाव ...

की चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को जरूरी टिप्स दिये। सांसद राजनांदगांव संतोष पाण्डेय ने नेतृत्व के गुण विकसित करने के लिये अनुशासन में रहकर संगठन की बारीकियां सीखने पर जोर दिया। अक्षय ऊर्जा विकास विभाग के अध्यक्ष दुर्ग संभाग प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी ने पिछले विधानसभा लोकसभा और नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को मिली सफलताओं के हवाले से इन्हें और आगे बढ़ाने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जनमानस तक ले जाने की अपील की।

प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष योगराज टिकरिया ने भाजयुमो द्वारा विगत दिनों में किये गये कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि आज सभी भाजयुमो कार्यकर्ताओं को योगराज टिकरिया बनकर कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने सेवा पखवाड़ा में रायपुर तेलीबांधा से मरीन ड्राइव तक नमो मैराथन के आयोजन की जानकारी दी। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने पार्टी संगठन के आगामी दिनों में किये जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह, संजय बघेल, उपकार चंद्राकर,मंचस्थ रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज शर्मा, आभार प्रदर्शन भूपेन्द्र नाग ने किया। इसके अलावा जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाध्ये, राजा महोबिया, सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 36 वर्षों की सेवा पूर्ण, डॉ. मालती सिंह हुई सेवानिवृत्त

**खैरागढ़,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षा के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक समय तक निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा देने वाली डॉ. मालती सिंह का सेवानिवृत्ति समारोह शुक्रवार को मुतैड़ा माध्यमिक शाला में बड़े ही भावुक माहौल में संपन्न हुआ।



**1989 से शुरू हुई शिक्षण यात्रा**

डॉ. सिंह ने 02 जनवरी 1989 को शिक्षण सेवा में प्रवेश किया था। अपने पूरे कार्यकाल में उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया।

**शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं**

अपने विदाई भाषण में डॉ. सिंह ने कहा सच्ची शिक्षा वही है, जो बच्चों को हर परिस्थिति का साहसपूर्वक सामना करना सिखाए। उन्होंने अपने सहकर्मियों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला भी है।

**संघर्ष और उपलब्धियों की यादें साझा कीं**

उन्होंने अपने 36 वर्षों के अनुभव सुनाते हुए शुरुआती दिनों की संसाधनों की कमी और कठिन परिस्थितियों का उल्लेख किया। साथ ही इस बात पर खुशी जताई कि विद्यालय और शिक्षकों के सामूहिक प्रयास से आज अनेक विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में सफलता पाकर समाज का नाम रोशन कर रहे हैं।

**सम्मान और शुभकामनाओं के साथ विदाई**

समारोह के दौरान सहकर्मियों और विद्यार्थियों ने फूल-मालाओं व स्मृति चिन्ह देकर डॉ. सिंह का सम्मान किया। इस मौके पर शिक्षक सिसिर मसी, हेमकिरण साहू, शंकरदयाल चंदेल, स्वेता सिंह सहित कई शिक्षक व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने उन्हें शिक्षा जगत की प्रेरणा स्रोत बताते हुए उनके स्वस्थ व सक्रिय जीवन की कामना की।

**शिक्षा जगत के लिए प्रेरणा**

डॉ. सिंह ने विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और समाज सेवा के मूल्य भी सिखाए। उनकी शिक्षाएं और आदर्श आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक रहेंगे।

## निधन

### लीला बाई साहू



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 12 सितम्बर। समीपस्थ ग्राम सिंधारी की लीला बाई साहू पति भागीरथी साहू का गत दिवस निधन हो गया है। जिसका दाह संस्कार गृहग्राम सिंघारी में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिवारजन मौजूद रहें। वे लोकनाथ साहू और सुरेंद्र साहू की दादी थी। ज्ञात हो कि वे 105 वर्ष की थी।

### भोरे लाल यादव



**बागबाहरा,** 12 सितम्बर। नगर के वार्ड नंबर 2 व्यापारी तालाब निवासी वरिष्ठ नागरिक भोरेलाल यादव का बीती रात्रि में निधन हो गया। वे लगभग 80 वर्ष के थे। वे कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे मुन्ना लाल यादव एवं राकेश यादव के पिता थे। तथा वे अभिषेक यादव एवं राहुल यादव के दादा थे। स्व. गोरेलाल यादव का अंतिम संस्कार नगर के मंडी तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

### राजेश बुडू देवांगन



**बागबाहरा,** 12 सितम्बर। नगर के वार्ड नंबर 3 थानापारा निवासी युवक राजेश बुडू देवांगन का बीती रात्रि में आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 45 वर्ष के थे। तथा आशीष देवांगन के पिता थे। जिनका अंतिम संस्कार आज शुक्रवार को नगर के मंडी तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

### पुन्नी बाई यादव



**खरोरा,** 12 सितंबर। ग्राम मुड़पार निवासी श्रीमती पुन्नी बाई यादव (आयु 65 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। स्व. पुन्नी बाई यादव, पंचम राम यादव की धर्मपत्नी थीं। वे तुलसीराम, रीखी राम, हीरामती एवं तुलसा बाई यादव की माताजी थीं। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अंचल के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं गांव के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### प्रमिला अग्रवाल



**थान खम्हरिया,** 12 सितम्बर। समीप ग्राम गुवारा में श्रीमती प्रमिला अग्रवाल का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। आसपास ग्रामीण अंचल में ख्याति प्राप्त महिला थी। मिलनसार व्यवहारिक थी। आज सुबह 10 बजे मुक्तिधाम में दास संस्कार किया जाएगा। अपने पीछे पुत्र काशी अग्रवाल, रामावतार, हर गोपाल, लोकेश अग्रवाल, अरविंद, अभिषेक, प्रिया, सुरभि जागृति को छोड़कर गई है।

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता में बारगांव के खिलाड़ियों रहा उम्दा प्रदर्शन

**राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग की टीम बनी विजेता बारगांव के खिलाड़ियों की रही अहम भूमिका**



**बेमेतरा** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। शिक्षा के साथङ्कसाथ खेल कूद में भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने वाला बेमेतरा जिला के बेरला ब्लॉक के शास. उच्च. माध्य.विद्यालय बारगांव लगातार नई ऊंचाईयों को छू रहा है इसी कड़ी में विद्यालय के 06 बालक एवं बालिकाओं ने 25 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता राजनादगांव में भाग लेकर अपने क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया भाग लेने वाले विद्यार्थी अंडर 19 बालक वर्ग में तुषार यादव,रूपेश कुमार,विजय विश्वकर्मा साथ ही अंडर 19 बालिका वर्ग में तन्नू बेग, मानसी साहू,निधि पाटिल ने दुर्ग संभाग की ओर से प्रतिनिधित्व किया सभी खिलाड़ियों ने दुर्ग संभाग की टीम की ओर से खेलते हुए बालक 19 वर्ग में अपने सभी मैच रायपुर,बस्तर,सरगुजा और बिलासपुर की टीमों पर शानदार जीत दर्ज कर दुर्ग संभाग की टीम हॉकी बालक वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया इसी प्रकार बालिका 19 वर्ग में रायपुर, बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर की टीमों को एक तरफा मुकाबलों में हराकर दुर्ग संभाग की बालिका टीम भी प्रथम स्थान हासिल किया प्रतियोगिता में बारगांव विद्यालय के सभी हॉकी खिलाड़ियों ने अपने कलात्मक खेल का परिचय देते हुए अपने उम्दा खेल,अपनी ङ्कअपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया सभी खिलाड़ी कठिन परिश्रम और नियमित अभ्यास के दम पर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया

विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका व (कोच) तुलसी साहू ने इस उपलब्धि पर कहा कि बढ़ा हर्ष का विषय है,विद्यालय के 03 बालक एवं 03 बालिकाओं ने 25 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता राजनांदगांव में दुर्ग संभाग की टीम से भाग लिया सभी खिलाड़ियों ने अपनेङ्कअपने खेल का जौहर दिखाते हुए टीम को जिताने में अहम भूमिका निभाई दोनों ही वर्गों में दुर्ग संभाग की हॉकी टीम विजेता बनी खेल न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देती हैं खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से न केवल अपनी क्षमता निखारने का अवसर मिलता है बल्कि खेल भावना, टीमवर्क और अनुशासन की भी सिख मिलती है खेल न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं,बच्चे लगातार कड़ी मेहनत कर रहे है जिसका सुख परिणाम है यहां के बच्चे जिला,राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में लगातार अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे है विद्यालय के प्रचार तीक्ष्ण साहू ने कहा कि विधार्थियों की सफलता निरंतर अभ्यास और कठिन परिश्रम मिल रही है विद्यालय द्वारा खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध खेल सुविधाओं का परिमाण है खेलों से विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को शिक्षा और खेल दोनों के आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है साथ ही संकुल समन्वयक सुरेन्द्र पटेल सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने भी बच्चो की इस उपलब्धि पर खुशी जताई और भविष्य के और आगे बेहतर प्रदर्शन करने की बधाई व शुभकामनाएं दी ।

# भिंभौरी मे नगर पंचायत भवन निर्माण का विधायक दीपेश साहू ने किया भूमिपूजन

**बेमेतरा** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। आज नगर पंचायत भिंभौरी में 50 लाख रूपये के लागत बनने वाले नगर पंचायत भवन निर्माण हेतु भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री संध्या परगनिया सम्मिलित हुईं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षाता नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप परगनिया ने की।



विधायक दीपेश साहू ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजा-अर्चना कर नगर पंचायत भवन निर्माण का विधिवत भूमिपूजन किया। उन्होंने इस अवसर पर नगर पंचायत भिमभौरी के समस्त नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि ङ्कनगर पंचायत भवन का निर्माण भिमभौरी नगरवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके निर्माण से न केवल प्रशासनिक कार्य सुव्यवस्थित होंगे, बल्कि आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ और त्वरित सेवाएँ भी प्राप्त होंगी। यह भवन जनसेवा का सशक्त केंद्र बनेगा और नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ेगा।ज्ञ्इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने उपस्थित सभी नागरिकों से नगर के विकास कार्यों में सहयोग और सहभागिता की अपील भी की।

कार्यक्रम मे नगर पंचायत भिम भौरी के चुनाव प्रभारी महेश साहू, मण्डल अध्यक्ष सूर्यकान्त नायक, मण्डल उपाध्यक्ष उत्तम देवांगन, पार्षद श्याम कुमार वर्मा, लीला देवी, अरुण साव, सीता सिन्हा, श्यामा, कैलाश वर्मा, गोविन्द यदु, नरेंद्र धीवर, मोहित साहू, प्रकाश यादव, यूके देवांगन, योगेश धीवर, परस यादव, लोकनाथ साहू, अमर साहू, नगर पंचायत ष्टरूह्र, तहसीलदार सरिता मंडरिया, पटवारी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

**थान खम्हरिया,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर के समीप गुवारा में स्थित, विश्राम गृह में सेवा पखवाड़ा मनाने के लिए बैठक रखी गई। आयोजन, यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन, रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता और चिकित्सा परीक्षण के सेवा के कार्य कैंप लगाकर, हर वार्ड में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता जिला पंचायत प्रतिनिधि बलराम पटेल, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल भाजपा नेता, राजेश ठाकुर मंडल अध्यक्ष, केशव पटेल के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर, कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के प्रभारी प्रमुख वक्ता बलराम पटेल ने अपने संबोधन में कहा, कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन 17 सितंबर से महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस 2 अक्टूबर तक चलेगा। आगे आपने बताया, भाजपा सेवा का कार्य करने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन से इसका शुभारंभ होगा। तथा महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर पखवाडा का समापन होगा। आगे आपने कहा, स्वच्छता सेवा पखवाड़ा में प्रत्येक आयोजन में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और स्वयं सेवी संस्थाओं को शामिल करने की बात कही। पखवाड़े के दौरान महिला सशक्तिकरण तथा दिव्यांगों के कल्याण के लिए विशेष प्रयास करें। उच्च शिक्षा विभाग चित्रकला तथा अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित करके विकसित भारत का संदेश लोगों तक पहुंचाएं। स्वच्छता और सेवा पखवाड़े की प्रत्येक गतिविधियों का व्यापक प्रचार सुनिश्चित करें। स्व सहायता समूह के उत्पादों तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न आयोजन करें। समय-समय पर कार्यकर्ताओं से निवेदन किया, अनुरोध किया की पार्टी के भीतर जो भी काम आता है। उसकी इमानदारी से कार्य करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, राजेश ठाकुर मंडल अध्यक्ष, नीरज सिंह राजपूत मंडल मीडिया प्रभारी जनपद सदस्य बेरला, नगर पंचायत अध्यक्ष चंदन अग्रवाल, केशव पटेल, अनिल सिंघानिया, आदर्श जोशी, चंद्रशेखर राजपूत, पुन्नी तोरण यादव, सेवाराम साहू, हेमंत साहू जनपद सदस्य, रेखा शर्मा, नमिता सिन्हा, रामावतार सिंह राजपूत, मनीष सेन, घनश्याम सिंह राजपूत चित्रण साहू पारस योगी सोनू शर्मा भारती राजपूत कोमल साहू दिलीप सिंह बैंस वासु सिंह लालू सरपंच हेमंत साहू ओमपाल ने कार्यक्रम का संचालन किया।



# संघ प्रचारक शांताराम सराफ़ व मचान वाले बाबा रामकृष्ण महा त्यागी को श्रद्धांजलि दी गई

**थान खम्हरिया,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर के राधा कृष्ण जमात मंदिर में मचान वाले बाबा परम श्रद्धेय, श्री रामकृष्ण महात्यागी को व संघ प्रचारक शांताराम जी सराफ़ को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।



इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, भाजपा नेता राजेश ठाकुर, पत्रकार अनिल सिंघानिया, राकेश जोशी ने संबोधित किया। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देकर, पश्चात महान विभूतियों के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जोशी जी ने बताया, रामकृष्ण महा त्यागी संत थे। उन्होंने अपने जीवन को सरल और ईश्वर के प्रति भक्ति वैराग्य जीवन अपनाया। नगर में यज्ञ के समय उनका खम्हरिया आगमन हुआ था। जिसका लाभ आशीर्वाद ग्रामीण अंचल को मिला। मचान वाले बाबा बहुत ही अलग तरीके से साधना करते थे। जमीन के ऊपर कुटिया बनाकर रहते थे। उनकी ज़रूरतें सीमित थी। उन्होंने बताया, 1975 से अब तक जमीन पर पांव नहीं रखा। कुंभ मेले में भी लोगों का ध्यान बाबा ने खींचा था। उनका पंडाल 24 घंटे खुला रहता था। हर रोज 5000 लोग दर्शन करने आते थे। आगे आपके द्वारा संघ प्रचारक शांताराम जी सराफ़ को श्रद्धा, सुमन, अर्पित करते हुए, बताया की श्री हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू के पुरातात्विक और आध्यात्मिक वैभव को पुन: प्रतिष्ठित करने वाले समाजसेवी और संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्री शांताराम जी का 94 वर्ष की आयु में रायपुर में निधन हो गया। उनकी पिछले कुछ दिनों से तबीयत खराब थी। भारतीय स्टेट बैंक में प्रबंधक के पद पर रहते हुए, उन्होंने उच्च पद और सुविधाओं का त्याग कर, हिंदू समाज को संगठित करने का संकल्प लिया। और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्णकालिक कार्यकर्ता बन गए। संघ में रहते हुए उन्होंने क्रमश: जिला विभाग प्रांत प्रचारक और क्षेत्र संपर्क प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन किया। शांताराम जी का व्यक्तित्व सेवा, संगठन और समाजोत्थान की अदम्य भावना से ओत, प्रोत था। वर्ष 1990 से उन्होंने हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू को पुन: स्थापित और विकसित करने, का मिशन अपनाया। उनके मार्गदर्शन और अथक प्रयासों से यह क्षेत्र न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से पुनर्जीवित हुआ। बल्कि शोधकर्ताओं और श्रद्धालुओं का प्रमुख आकर्षण भी बना। सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की, इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजेश सिंघानिया, रामेश्वर उपाध्याय, पुरुषोत्तम सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, आदर्श जोशी, राजकुमार निषाद, सरस्वती शिशु मंदिर प्राचार्य लखन साहू उपस्थित थे।

# अज्ञात आरोपियों ने अच्छा पैसा कमाने का झांसा देकर महिला से की 2 लाख 20 हजार की ठगी, जांच में जुटी पुलिस

**बालोद,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस की जागरुकता अभियान के बावजूद साइबर ठगी का लोग आज भी शिकार हो रहे हैं। ताजा मामला अर्जुदा थाना क्षेत्र के ग्राम भिलई में सामने आया है। जहां की निवासी लोकेश्वरी साहू को अज्ञात आरोपियों ने टेलीग्राम और व्हाट्सएप के जरिए झांसा देकर यूनिक्लो नामक फर्जी ऑनलाइन कंपनी से जोड़ने का लालच देकर 2 लाख 20 हजार 716 रुपए की ठग कर ली। महिला की शिकायत पर पुलिस ने साइबर फ्रॉड का केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस के अनुसार 24 अगस्त को महिला को टेलीग्राम पर मैसेज मिला कि यूनिक्लो कपड़े और सामान के साथ काम करने वाली कंपनी है। इसमें जुड़कर 10-15 मिनट काम करने पर अच्छा पैसा कमा सकती हैं। महिला ने शुरुआत में इनकार किया लेकिन लगातार व्हाट्सएप पर मैसेज, वीडियो और वॉइस कॉल आने लगे आखिरकार वह झांसे में आ गईं और फैशन.यूनिक्लो डॉट कॉम नाम की वेबसाइट पर लॉगिन कर लिया। महिला से 5 दिन के भीतर अलग.अलग यूपीआई आईडी पर रुपए जमा कराए गए। 2 सितंबर को बलविंदर नाम की आईडी पर 10,000 रुपए, 3 सितंबर को पृथ्वीराज के नाम 10,000 रुपए और सौरभ गाथे के नाम 23,538 रुपए, 4 सितंबर को शाहिद आफरीदी के नाम 20,000 रुपए और विशाल सिंह के नाम 74,666 रुपए वहीं 5 सितंबर को कमलेश प्रजापत के नाम 82,512 रुपए डलवाए गए। इस तरह कुल मिलाकर महिला से 2,20,716 रुपए ठग लिए गए। महिला के अनुसार ठग लगातार मैसेज भेजते रहे कि बोनस और बैलेंस पूरा करने के लिए और पैसे डालने होंगे। उन्होंने पहले 40,000 रुपए और फिर 82,500 रुपए जमा करने की मांग की। महिला ने जब इनकार किया तो परिवार को पूरी बात बताई और बाद में अर्जुदा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज कर विवेचना में जुट गई है।

दरअसल में असली फैशन.यूनिक्लो एक जापानी परिधान ब्रांड है जो उच्च गुणवत्ता वाले कैजुअल कपड़े किफायती दामों पर उपलब्ध कराने के लिए जाना जाता है। यह ब्रांड फास्ट रिटेलिंग ग्रुप का हिस्सा है और अपने प्राइवेट लेबल परिधानों का विशेष स्टोर रिटेलरद्ध मॉडल के माध्यम से डिज़ाइन से लेकर बिक्री तक पूरी प्रक्रिया को नियंत्रित करता है। यूनिक्लो अपनी सादगी, कार्यक्षमता और गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करता है। और हीटटेक और विभिन्न कलाकारों के सहयोग से बने उत्पादों के लिए भी प्रसिद्ध है। लेकिन अज्ञात साइबर ठग ने इस बड़े क्लॉथ ब्रांड का फर्जी वेबसाइट बनाया और महिला से ठगी कर ली।

# बॉक्सिंग खेलने हेतु अनुमति व सहयोग की मांग



**बालोद,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। गुरुर ब्लॉक के मूलत: दुबचेरा के रहने वाले खिलाड़ी डेविस साहू ने विधायक संगीता सिन्हा को आवेदन देते हुए छत्तीसगढ़ में बॉक्सिंग खेलने हेतु अनुमति एवं सहयोग के लिए मांग की है। उन्होंने कहा है कि मुझे खेलों में विशेष रुचि है और मेरा विशेष लगाव बॉक्सिंग खेल से है। मैं भोसला मिलिट्री स्कूल नागपुर महाराष्ट्र से चयनित होकर राज्य स्तर शालेय बॉक्सिंग क्रीडा स्पर्धा में सन 2024-25 में खेला हूं। मेरा सपना है कि मैं बॉक्सिंग के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाऊं और छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन करूं। इसलिए मुझे छत्तीसगढ़ में बॉक्सिंग खेलने और आवश्यक सहयोग प्रदान करने की मांग उन्होंने की है। ताकि वे और अधिक से अधिक मेहनत कर सके और क्षेत्र और राज्य को खेलों में गौरवान्वित कर सके।

# सेवा परववाड़ा का उद्देश्य सेवा, सहयोग और संवेदना भाव को जन- जन तक पहुँचाना है: पारख

**डोंगरगढ़,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल स्तरीय कार्यशाला बैठक लाल बहादुर नगर में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को बुथ स्तर तक मनाने विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हम न केवल लोगों की मदद करते हैं, बल्कि समाज को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में योगदान भी देते है कार्यक्रम के जिला सह संयोजक जैन कुमार मेश्राम ,मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, महामंत्री हेमलाल वर्मा ने मंडल के सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से आग्रह किया कि सेवा पखवाड़ा जो 15 दिनों तक चलेगा इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 20 सितंबर को लाल बहादुर नगर में खण्ड स्तरीय मेघा स्वास्थ्य शिविर एवं विशाल रक्तदान शिविर आयोजित हो रहा है जिसे सफल बनाने के लिए आप सभी सहयोग करेंगे। कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला पंचायत के उपाध्यक्ष किरण साहु, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहु, जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष छबीधर साहु, जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष गिरवर साहु, मंडल महामंत्री हेमलाल वर्मा एवं कैलाश ऊके, पूर्व महामंत्री रामाधीन देवांगन, मंडल उपाध्यक्ष उपकार सिंह बघेल, चंद्रप्रकाश देशमुख, श्रीमती वर्षा गेड़ाम, श्रीमती गोदावरी निषाद, राजनांदगांव पार्षद राजेश जैन एवं श्री राजकुमार तिवारी, शत्रुहन वर्मा, राजकुमार ताम्रकार, श्रीमती पुष्पा सिन्हा, पार्षदगण राजेश देवांगन, रमेश यादव, मृगलाल साहु, टिकेश्वर साहु, रामजी साहू, योगेश साहु, श्रीमती निकीता ताम्रकार, ढालचंद मेश्राम, हनस पटेल, रेवाराम सिन्हा, हनुमान दास साहु, जसबीर सिंह चौहान अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# जिले में नवस्थापित केंद्रीय विद्यालय में कक्षाओं का शुभारंभ, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**बेमेतरा** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के ग्राम बावामोहतारा में केंद्रीय विद्यालय संगठन के आदेशानुसार एवं कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन मे नवस्थापित केंद्रीय विद्यालय बेमेतरा में आज प्रात: 8 बजे से नियमित कक्षाओं का संचालन प्रारंभ हुआ। विद्या प्रवेश के इस ऐतिहासिक अवसर पर जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं एसडीएम प्रकाश भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। केंद्रीय विद्यालय की स्थापना लंबे समय से जिले की जनता की मांग रही है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं राष्ट्रीय स्तर की शैक्षिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस विद्यालय का संचालन प्रारंभ होना जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।





प्रथम सत्र की शुरुआत अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया और सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई-लिखाई की रुचि जानी तथा शिक्षकों को पढ़ाई को और रोचक एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्यालय स्टाफ को शिक्षा संचालन को गंभीरता और जिम्मेदारी से करने की हिदायत दी, ताकि बच्चों को केंद्रीय विद्यालय के स्तर की शिक्षा उपलब्ध हो सके। विदित हो कि बेमेतरा जिले में अब तक केंद्रीय विद्यालय की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। जिले के अनेक अभिभावक अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु रायपुर या अन्य शहरों में भेजने को विवश होते थे। अब बेमेतरा में केंद्रीय विद्यालय खुलने से न केवल विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा सुविधा प्राप्त होगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शैक्षिक वातावरण उपलब्ध होगा।

इससे पूर्व भी कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले के विद्यालयों में बोर्ड एवं अन्य परीक्षाओं के संचालन का निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों से सीधे संवाद स्थापित किया था। शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए उन्होंने लगातार पहलें की हैं और शिक्षकों को जिम्मेदारीपूर्वक अपनी भूमिका निभाने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय विद्यालय बेमेतरा के शुभारंभ को लेकर अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में हर्ष का माहौल है और इसे जिले के शिक्षा क्षेत्र की दिशा अच्छी पहल हैं।

# ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता पर संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित

**बेमेतरा** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) महिला एवं बाल विकास विभाग, बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा भारत सरकार की योजना अंतर्गत ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय पं. जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा में किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन महिला सशक्तिकरण (हब) मिशन शक्ति अंतर्गत जिला मिशन समन्वयक राजीव कुमार वर्मा के नेतृत्व में हुआ।





कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी चंद्रबेश सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन एवं बैंकिंग धोखाधड़ी, डेटा चोरी, सॉफ्टवेयर पाइरेसी, डी-डॉस हमलों और साइबर जासूसी जैसे खतरों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन सुश्री सोनाली गुहा (साइबर फॉरेनसिक × लेब एक्सपर्ट) ने साइबर सुरक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने सोशल मीडिया एवं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग, साइबर बुलिंग, फिशिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए विशेष सुरक्षा टिप्स, मोबाइल फोन, ईमेल आईडी, व्हाट्सएप, यूपीआई और बैंकिंग लेनदेन को सुरक्षित रखने के उपाय बताए। साथ ही ओटीपी और पासवर्ड की सुरक्षा तथा साइबर अपराध की शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती वीणा त्रिपाठी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी व्योम श्रीवास्तव, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वार्ड 2 में पालिका अध्यक्ष ने 8 लाख लागत की सीसी रोड का किया भूमि पूजन



**बेमेतरा** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर की वार्ड क्रमांक 2 में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने 8 लाख की लागत के सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन किया इस अवसर पर वार्ड पार्षद रीता पांडे समेत वार्डवासी उपस्थित थे. इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने ठेकेदार को गुणवत्ता युक्त कार्य व समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए अध्यक्ष ने विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपमुख्यमंत्री अरुण साव व विधायक दीपेश साहू का आभार जताया. शहर के विकास को प्रगति देने के लगातार प्रयास जारी है. इस दौरान उन्होंने कहा कि शहर की मूलभूत सुविधाओं को और बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का चहुंमुखी विकास हुआ है। छत्तीसगढ़ में लोगों का जीवन स्तर उठाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने शहरी विकास पर जोर दिया है। इसीलिए शहर के वार्डों में सड़क, नाली, पेवर ब्लाक बिछाया जा रहा है।

त्रिवेणी परिसर में डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र को दी गई पुष्पांजलि

# त्रिवेणी परिसर से शिल्पी डॉः रमन सिंह इसके संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति कृतसंकल्पित है : मधुसूदन यादव

## डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र के कारण राजनांदगॉव को साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान मिली : मधुसूदन यादव

**राजनांदगांव**, 12सितंबर (देशबन्धु)। कान्यकुब्ज सभा राजनांदगांव एवं नांदगांव साहित्य एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में डॉक्टर बलदेव प्रसाद मिश्रा की 127वीं जयंती त्रिवेणी परिसर में पुष्पांजलि कार्यक्रम के रूप में आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महापौर राजनांदगॉव ने साहित्य मनीषी डॉक्टर मिश्र जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके साहित्यिक योगदान को स्मरण किया गया। आयोजन में महापौर मधुसूदन यादव, दिग्विजय कॉलेज के प्रोफेसर एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 शंकरमुनि राय, कान्यकुब्ज सभा के अध्यक्ष एवं डॉ0मिश्र जी के पौत्र प्रदीप मिश्रा (सेवानिवृत्ति डीएसपी) सहित गणमान्य नागरिकगण के रूप में साहित्यकार प0पु0बक्शी जी के नाती अधिवक्ता संजय श्रीवास्तव, वार्ड पार्षद राजा माखीजा, वरिष्ठ



पार्षद संतोष पिल्ले, अखिलेश तिवारी अध्यक्ष नांदगांव साहित्य एवं संस्कृति परिषद, डी0सी0जैन अध्यक्ष शिवनाथ तट क्षेत्रीय विकास समिति राजनांदगॉव, कान्यकुब्ज सभा राजनांदगॉव के संरक्षक प्रोफेसर आरपी दीक्षित, सचिव अजय शुक्ला, कोषाध्यक्ष कृष्णकांत तिवारी, वीडी तिवारी, शैलेन्द्र शुक्ला, सुशील तिवारी, विवेक शुक्ला, जगदीश प्रसाद मिश्रा ,संजीव (संजू) मिश्रा, राकेश मिश्रा, भूपेंद्र बाजपेई, मनीष मिश्रा, शिवम शुक्ला, धीरज द्विवेदी, अखिलेश मिश्रा, दुर्गेश त्रिवेदी, प्रकाश वाधवानी एवं अन्य वार्डवासीगण सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कान्यकुब्ज सभा के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने महापौर मधुसूदन यादव से जनहित में प्रतिमाओं के ऊपर यथाशीघ्र छत निर्माण एवं परिसर के सौंदर्यीकरण सहित त्रिवेणी परिसर की स्वच्छता, सुरक्षा एवं असमाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने की मांग की। महापौर ने यथाशीघ्र निराकरण हेतु आश्वस्त करते हुए कहा कि त्रिवेणी परिसर के शिल्पी प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ0 रमन सिंह रहे है, और यह परिकल्पना उनके पूर्व कार्यकाल में साकार हुई थी, इसलिये इसके संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति हम कृतसंकल्पित हैं। इससे पहले महापौर ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि पूज्य डॉक्टर मिश्र जी का साहित्य जगत में बड़ा योगदान रहा है, उनके कारण राजनांदगॉव को साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान मिली और राजनांदगॉव के रूप में जाना जाता है। प्रोफेसर शंकरमुनि राय ने अपने उद्गार में कहा कि डॉ0 बलदेव प्रसाद मिश्र जी राम काव्य परम्परा के सबसे बड़े रचनाकार रहे हैं, ऐसे देवतुल्य साहित्यकारों को नमन हैं।

# कवर्धा में बनेगी बहुप्रतीक्षित नालंदा लाइब्रेरी, कलेक्टर ने स्थल का निरीक्षण किया

◆ **उपमुख्यमंत्री के प्रयासों नालंदा लाइब्रेरी 4 करोड़ 37 लाख रुपए की मिली स्वीकृति, कवर्धा को शिक्षा क्षेत्र में मिल रही है अनेक सौगातें**

**कवर्धा**, 12सितंबर (देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासो से कबीरधाम जिले के युवाओं के लिए शिक्षा और ज्ञान के एक और नए द्वार खुल रहे हैं। कवर्धा में अब युवाओं की बहुप्रतीक्षित नालंदा लाइब्रेरी का सपना अब साकार होने जा रहा है। दिल्ली और रायपुर की तर्ज पर बनने वाली यह आधुनिक लाइब्रेरी जिले के छात्रों और युवाओं को ज्ञान एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नया मंच मिलने जा रही है। उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से राज्य शासन ने लाइब्रेरी, कैफिटेरिया एवं अन्य निर्माण के लिए 4 करोड़ 37 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शुक्रवार को कवर्धा के छीरपानी कालोनी स्थित जिला परिवहन कार्यालय के समीप प्रस्तावित स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने वहां मौजूद पुराने और जर्जर भवन को तत्काल डिस्मेंटल करने की कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए। इस भवन में वर्तमान में आबकारी विभाग का कंट्रोल रूम संचालित हो रहा है, जिसे अन्यत्र स्थानांतरित किया जाएगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि नालंदा लाइब्रेरी का निर्माण लगभग डेढ़ एकड़ शासकीय भूखंड पर किया जाएगा। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान नालंदा लाइब्रेरी की मॉडल भी देखी। यह तीन मंजिला भवन होगा, जिसमें 200 सीटर वातानुकूलित हॉल तैयार किया जाएगा। यहां राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को नि:शुल्क सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह लाइब्रेरी कवर्धा सहित पूरे जिले के लिए ज्ञान, अध्ययन और प्रतियोगी शिक्षा का केंद्र बनेगी।

### शिक्षा क्षेत्र में मिल रही नई सौगातें

कबीरधाम जिले में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नई सौगातें मिल रही हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भोरमदेव शिक्षा पीठ कोचिंग संस्थान संचालित किया जा रहा है। इसे दिल्ली एकेडमी द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से जिले के युवा पीएससी, व्यापमं तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। इस संस्थान से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिल रहा है। नालंदा लाइब्रेरी और भोरमदेव शिक्षा पीठ मिलकर कवर्धा को शैक्षणिक उत्कृष्टता का केंद्र बनाने की दिशा में नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगे। यहां अध्ययनरत युवा अब बड़े शहरों की ओर पलायन किए बिना उच्च स्तरीय तैयारी अपने ही जिले में कर सकेंगे।



**राजनांदगांव**, 12सितंबर (देशबन्धु)। नगर निगम के पूर्व महापौर नरेश डाकलिया का सम्मान उदयाचल परिवार द्वारा किया गया पद्मश्री डॉ पुखराज बाफना ने श्री फल और शॉल भेंट कर उनका सम्मान किया गया जिसमें संस्था के प्रमुख लोगो की गरिमामय उपस्थिति रही।

# डोंगरगांव पुराना बस स्टैंड में दिन दहाड़े हुई चाकूबाजी

◆ **कपड़ा दुकान को लेकर दोनों में जमकर विवाद हुई विवाद**
◆ **सरकारी जमीन पर धंधा : कब्जा, खरीद-फरोख्त, वसूली और अब चाकूबाजी!**
◆ **नगर पंचायत और राजस्व विभाग की उदासीनता का नतीजा**

**डोंगरगांव**, 12सितंबर (देशबन्धु)। नगर के पुराना बस स्टैंड में शुक्रवार को सुबह 10 बजे दो कपड़ा दुकानदार में बाजू में दुकान लगाने के नाम पर दोनों में जमकर विवाद हुई मामला इतना बढ़ा कि एक ने धारदार हथियार से ताबड़ तोड़ वार किया जिससे मौके पर ही लहू लोहान हो गए,

मामला थाने में पहुंचा, शहर में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, खरीद-फरोख्त और वसूली का खेल इतना बेलगाम



हो गया है कि अब मामला चाकूबाजी तक पहुंच गया है। पुराने अस्पताल और रेस्ट हाउस के सामने हुई घटना ने नगर पंचायत की लापरवाही और कब्जाधारियों के हौसले की पोल खोल दी है।

दरअसल, पुराने अस्पताल के सामने शेख इस्माइल कपड़े की दुकान वर्षों से लगाते आ रहे हैं। ठीक सामने मोहम्मद महताब आलम ने भी कपड़े की दुकान शुरू की। बताया जा रहा है कि कब्जाधारी मोहम्मद आलम से प्रतिदिन 200 रुपए किराया वसूल रहे थे। यही नहीं—शेख इस्माइल की दुकान से लगी खाली सरकारी जगह का सौदा किसी अन्य ने बड़ी राशि में खरीदी बिक्री की चर्चा भी चल रही है , जिस पर वह दुकान लगाने लगे। यहीं से व्यापारिक प्रतिस्पर्धा और तनाव शुरू हुआ। दोनों व्यापारियों में कहा-सुनी हुई और मामला इतना बढ़ गया कि चाकूबाजी की नौबत आ गई। मोहम्मद आलम का कहना है कि शेख इस्माइल ने खुद से ब्लेड से हाथ काटा, जबकि शेख इस्माइल आरोप लगा रहे हैं कि आलम ने चाकू से हमला किया। यह विवाद साफ करता है कि डोंगरगांव में सरकारी जमीन न केवल कब्जे में है, बल्कि खुलेआम वसूली और सौदेबाजी का धंधा भी चल रहा है।

### 12 टाका लगा हथेली में

घटना क्रम के बाद शेख इस्माइल के बाए हाथ के हथेली में धार दार औजार से वार के बाद 12 टाके लगाए गए हैं । टी आई ने कहा, दोनो पर एफ आई आर दर्ज होगी जितेंद्र कुमार वर्मा टी आई ने कहा मारपीट मामले में दोनों पक्षों का बयान लेकर थाना में दोनों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज किया गया है आगे की कार्यवाही जांच जारी है सरकारी जगह पर कब्जाधारी ही वसूल रहे ?200 प्रतिदिन सामने की सरकारी जगह का सौदा होने की चर्चा, दुकान लगाने की प्रतिस्पर्धा से मामला पहुंचा चाकूबाजी तक इस विषय में जानकारी नहीं है, पता कर कार्यवाही की जाएगी।

**विनम्र जेमा, सीएमओ, नगर पंचायत डोंगरगांव**

मामले की जांच की जा रही है, दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं।

**जितेंद्र वर्मा,**

# जोन स्तरीय बैठक आयोजित



**सहसपुर लोहारा** 12सितंबर (देशबन्धु)। सहसपुर लोहारा विकास खंड के रणवीरपुर शिक्षा जोन मे मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष 25-26 के सफल क्रियान्वयन के लिए सहायक विकास खंड अधिकारी संतोष तिवारी द्वारा जोन स्तरीय बैठक मे संकुल शैक्षिक समन्वयकों व प्रधान पाठकों को

### रणवीरपुर की बैठक मे शैक्षणिक गुणवत्ता

में सुधार लाने आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने बैठक मे बताया कि हम अपने विद्यालय को श्रेष्ठ विद्यालय कैसे बना सकते हैं इसकी महती जिम्मेदारी सभी प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों के कंधो पर है द्य संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग हेमंत उपाध्याय के मार्गदर्शन व जिला शिक्षा अधिकारी एफ. आर. वर्मा के नैतृत्व मे शैक्षणिक नवाचार को बढ़ावा देते हुए शालेय समय मे शिक्षकों के दायित्व व कर्तव्य बोध से अवगत कराया गया ल जोन स्तरीय बैठक में प्राचार्य द्वय फगुवा पुणाचा व देवेंद्र नेताम ने शिक्षकों का मार्गदर्शन किया । इस अवसर पर संकुल शैक्षिक समन्वयक खोम लाल रात्रे अनिल बघेल दिनेश साहू परामनंद साहू शिव कुमार रावटे रेख लाल कौशिक बलदेव साहू व समस्त शैक्षिक समन्वयक प्रधान पाठक गण उपस्थित थे ।

## 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के आयोजन की तैयारी तेज

**बालोद**, 12सितंबर (देशबन्धु)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 8 से 11 दिसंबर 2025 में नारी सशक्तिकरण वर्ष पर शक्ति संवर्धन 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन होने जा रही है जिसके पूर्व तैयारी हेतु शांतिकुंज से शक्ति कलश का आगमन हुआ। जिसमें पवित्र तीर्थों का रज, पवित्र नदियों का जल व गायत्रीतीर्थ शांतिकुंज के अखंड अग्नि प्रज्वलित यज्ञ की भस्म स्थापित की गई है। जिसकी विधिवत पूजन दर्शन का कार्यक्रम 14 सितंबर रविवार को प्रात: 10 से शुभारंभ गायत्री शक्तिपीठ बालोद में होगी। आयोजन समिति के प्रचार प्रसार प्रभारी कार्यकर्ता राजेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप में राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है जिसके सान्निध्य में शक्ति कलश की शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो पूरे नगर को भ्रमण करते हुए गायत्री शक्तिपीठ में पधारेंगी। तत्पश्चात जिला स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी होगी जिसमें गायत्री महायज्ञ की तैयारी हेतु रुपरेखा पर चर्चा की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत गोद ग्राम रामपुर में छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा पर विशेष आयोजन

**राजनांदगांव** , 12सितंबर (देशबन्धु) ।छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम रामपुर में च्छत्तीसगढ़ की विकास यात्राज्ज विषय पर विशेष आयोजन किया गया ।इस अवसर पर समस्त आयोजन स्थानीय ग्राम के युवा सरपंच यतिश सिन्हा एवं उनके पूरे ग्राम पंचायत के उप सरपंच पंचो एवं ग्रामीणजनों के सानिध्य में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रवि सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ने रजत जयंती तक की यात्रा में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।



उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों और ग्रामीणजनों से आह्वान किया कि वे च्विकसित छत्तीसगढ़ ञ्2047ज्ज के संकल्प को पूरा करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ। महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती निर्मला उमरे ने कहा कि शिक्षा और सेवा भावना किसी भी समाज के सर्वांगीण विकास की आधारशिला होती है। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े युवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी प्रो. एस.आर. कनौजे ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को राज्य की विकास यात्रा से जोड़ना और ग्रामीण अंचल में जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के प्रभारी प्रोफ़ेसर अनिल चंद्रवंशी समिति के सदस्य पंकज कुंजरेकर, विजय राय, राजेश यादव, आलोक बिंदल, नमिताभ जैन, भागचंद गिड़िया और आशीष सुरे ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तर सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रामीण अंचल की महिलाओं और युवाओं ने भी राज्य की योजनाओं के प्रति अपनी जिज्ञासाएँ रखीं। अंत में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा की झलक पेश की गई, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन

# मोदी सरकार के जीएसटी सुधार से सुधरेगी देश की आर्थिक सेहत

◆ **भारतीय जनता युवा मोर्चा पूर्व जिलामंत्री चुन्नी लाल साहू ने जीएसटी सुधार पर खुशी जाहिर की**

**डोंगरगांव**, 12सितंबर (देशबन्धु) ।भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिलामंत्री चुन्नी लाल साहू ने केंद्र सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधारों का स्वागत किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में जीएसटी सुधार देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। श्री साहू ने आगे कहा कि जीएसटी सुधार का सबसे बड़ा लाभ व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं दोनों को मिलेगा। इससे कर प्रणाली और पारदर्शी होगी, भ्रष्टाचार



पर अंकुश लगेगा और राज्यों तथा केंद्र के बीच राजस्व का बंटवारा और सुगम बनेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे निवेश के नए अवसर पैदा होंगे, छोटे और मध्यम उद्योगों को राहत मिलेगी तथा देश की आर्थिक सेहत और बेहतर हो सकेगी। जीएसटी सुधार भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएंगे। उन्होंने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने हमेशा देशहित और जनहित को ध्यान में रखते हुए फैसले लिए हैं। जीएसटी सुधार भी उसी कड़ी का हिस्सा हैं, जिनसे न केवल कर प्रणाली सरल होगी बल्कि कारोबारियों का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। जब कर प्रणाली सरल होगी तो कर आधार भी बढ़ेगा और देश में विकास की रफ्तार और तेज होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में इन सुधारों का सकारात्मक असर हर क्षेत्र में दिखाई देगा और भारत की अर्थव्यवस्था नई ऊँचाइयाँ छुएगी।

# कांग्रेस प्रतिनिधि मण्डल ने आयुक्त से मुलाकात कर साझा की नगर की समस्या

**राजनांदगांव** , 12सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम राजनांदगांव में आज कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी रहे एवं राष्ट्रीय युवा सचिव एवं निखिल द्विवेदी के साथ नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले,पूर्व जलविभाग चेयरमैंन एवं पार्षद सतीश मसीह,पूर्व पीडब्ल्यूडी चेयरमैन मधुकर बंजारी,पूर्व स्वास्थ विभाग चेयरमैन गणेश पवार,पार्षद दल पूर्व प्रवक्ता ऋषि शास्त्री,शरद पटेल,महेश साहू,मनीष साहू,पूर्णिमा नागदेवे,अरविंद वर्मा,पार्षद प्रतिनिधि सचिन टुराहट,पूर्व प्रतिनिधि दीनू साहू,इशाक खान एवं अन्य कांग्रेस जनप्रतिनिधियों ने आयुक्त से मुलाकात की और नगर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की।

### मुख्य मांगें :

- शहर में अंधेरे के कारण असमाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हो रहे हैं*- खंभों में लगी बंद लाइट पर्याप्त लाइट लगाने की आवश्यकता है।
- *निराश्रितों के लिए शिविर पुन: प्रारंभ*- जब से भाजपा सरकार आई है, निराश्रितों को वार्ड में शिविर लगा कर पैसे वितरण होना बंद कर दिया गया है। आयुक्त से जल्द से जल्द शिविर पुन: प्रारंभ करने की



मांग की गई है।
- *सड़क मरम्मत*- शहर के भीतरी और आउटर क्षेत्र की सड़कें दो माह नहीं हुए और सड़कों की पोल खुल चुकी है। आयुक्त से सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की गई है।
- गंदे पानी की समस्या: शहरी क्षेत्र में गंदे पानी आने की शिकायत मिलती आई है। आयुक्त से फिल्टर प्लांट में इस्तमाल में लाए जाने वाले एलम की समय समय पर जांच सुनिश्चित करने की मांग की गई है।
- निस्तारी के लिए तालाब की सफाई: आज भी लोग निस्तारी के लिए तालाब जाते हैं जहां पानी से बदबू और जलकुंभी बढ़ जाने सहित पचरी में गंदगी का आलम है। आयुक्त से आवश्यक स्वच्छता तथा दावाई के छिड़काव करने की मांग की गई है।
- *सफाई व्यवस्था: शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने आवश्यक कदम उठाने कहा गया है ताकि बरसात के दिनों में बीमारियों का खतरा कम किया जा सके।

पिछले कार्यकाल का मानदेय एवं भत्ता: पूर्व पार्षदों का पिछले कार्यकाल का मानदेय एवं भत्ता अब तक नहीं मिला है। आयुक्त से जल्द से जल्द जारी करने की मांग की गई है।

- *सफाईकर्मी और महिला समूहों का भुगतान*- सफाईकर्मी सहित पिछले कार्यकाल के महिला समूहों को आठ माह की राशि बकाया है। आयुक्त से पृथक किए गए महिला समूहों का भुगतान किए जाने की मांग की गई है।
- *पशु मालिकों की पहचान और हिदायत: पशु मालिकों को जागरूक करना और उन्हें अपने मवेशियों की देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित करना।
- मवेशियों की सुरक्षा और जन सुरक्षा: आयुक्त से कहा गया कि गौठान योजना बंद होने से शहर की सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा बढ़ गया है, जिससे वाहन हादसे और मवेशियों की मृत्यु की घटनाएं आम हो गई हैं।

# विधानसभा अध्यक्ष व गृह मंत्री के प्रभार जिले में अपराध चरम पर : गिरीश देवांगन

◆ **नवागांव पहुंचकर पीड़ितों के आंसू पोंछ कर बंधाया ढाढस**

**राजनांदगांव**, 12सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन शहर के नवागांव वार्ड में हुए चाकू बाजी के चलते तीन परिवार के मुखिया के खोने पर पीड़ित परिवार से मिलने पहुंच कर परिजनों को ढाढस बंधाते हुए हर संभव मदद एवं निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया ।तीनों परिवारजनों से मिलने के बाद गिरीश देवांगन पूर्व महापौर हेमा देशमुख, निखिल द्विवेदी के साथ पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग से मिलकर घटना की निष्पक्ष जांच करने हेतु आवश्यक चर्चा की। गिरीश देवांगन ने कहा कि जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ में आपराधिक गतिविधियां चरम पर है नशीली पदार्थ गली-गली में अवैध रूप से



बिक रहे हैं जिसके चलते युवा वर्ग नशे के गिरफ्त में हैं और लगातार अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं राजनांदगांव डॉ रमन सिंह का निर्वाचन क्षेत्र होने के साथ-साथ प्रदेश के गृह मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री का प्रभार जिला है जहां कानून व्यवस्था दम तोड़ चुकी है पुलिस महकमा का आपराधिक पृष्ठभूमि वालों को संरक्षण की बातें लगातार सार्वजनिक हो रही हैं जिसके चलते अपराधी बेखौफ हो गए हैं मोहड़ की घटना हो या नवागांव की घटना आए दिन शहर में चाकू बाजी जिस प्रकार से हो रही है उसे अंकुश लगाने में सरकार पूरी तरह से असफल है नवागांव की घटना हम सबको चिंता में डालने वाली है कि किस प्रकार से लगातार आपराधिक घटना घटित होती रही और पुलिस मुक दर्शक बनी रही जिसके चलते तीन परिवार के मुखिया की हत्या हो गई डॉ रमन सिंह नवागांव दौरा कर जो परिवार अनुकंपा नियुक्ति के पात्र हैं उसे अनुकंपा नियुक्ति देने का आश्वासन देकर पीड़ित परिवार के जख्मों को कुरेदने का काम किया है साथ ही प्लेसमेंट कर्मचारियों के रूप में नियुक्ति देने की बात कह कर उन्होंने अपनी राजनीतिक रोटी सेकने के अलावा और कुछ नहीं किया है सभी जानते हैं कि प्लेसमेंट की सेवा कहीं भी स्थाई नहीं होती और जिस परिवार का मुखिया इस दुनिया में नहीं है उसके परिवार वालों को स्थाई भरण पोषण देने में सरकार असफल है कुल मिलाकर राजनांदगांव की हालत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा यदि जल्द ही कानून व्यवस्था मजबूत नहीं होगी तो कांग्रेस जनता के हित के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा गिरीश देवांगन के साथ पूर्व महापौर हेमा देशमुख ,महापौर प्रत्याशी निखिल द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली ,वार्ड पार्षद राजा तिवारी, वीरू चौहान,अमित चंद्रवंशी, ऋषि शास्त्री,सुरेंद्र देवांगन, विशू अजमानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस की उपस्थिति थे।

उल्टा पुल्टा

संता ने बंता से पूछा- तुम्हारी बेटी की सगाई 2 साल पहले हुई थी,शादी क्यों नहीं की अब तक?
बंता ने कहा- यह सब लड़के की वजह से है। लडका एक वकील है, तो जैसे ही शादी की तारीख पास आती है, वह कोई ना कोई बहाना करके तारीख आगे बढ़ा देता है।



# छग राज्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव का राइस मिल एसोसिएशन ने किया स्वागत

**बलौदाबाजार,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव के बलौदाबाजार आगमन पर भाजपा नेता एवं कार्यताओं के अलावा जिला राईस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। ज्ञात हो कि श्री श्रीवास्तव का छत्तीसगढ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम आगमन हुआ जिस पर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया।



पत्रकारवार्ता पश्चात छत्तीसगढ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने होटल गौरव प्राईड में आयोजित जिला राईस मिल एसोसिएशन के स्वागत समारोह में शामिल हुए। जहां काफी संख्या में राईस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। स्वागत पश्चात राईस मिलरों ने अपनी समस्याऐं एवं मांगो को लेकर श्री श्रीवास्तव से चर्चा की। सारगर्भित चर्चा पश्चात श्री श्रीवास्तव ने राईस मिलरों के हित में कार्य करने व सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर जिला राईस मिल एसोसिएशन के प्रमोद शर्मा, देवेन्द्र भृगु, संजय पटेल, नरेश भट्टर, दिनदयाल अग्रवाल, तरूण केसरवानी, ईश्वरचद्र अग्रवाल, संजय अग्रवाल, नरेश भूषाणिया, गुरूमुख सिंह, असिम विश्नोई, राजकुमार सोलंकि, सपन केसरवानी, बिल्लु केडिया, मनोज केडिया, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू आदि उपस्थित थें। संजय श्रीवास्तव ने इस मुलाकात के दौरान राईस मिलरों के एकता एवं भाईचारा के साथ अपने क्षेत्र में काम करने के लिए बधाई देते हुए अपने आत्मीय स्वागत पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

इसके पूर्व संजय श्रीवास्तव के स्थानीय सर्किट हाउस एवं जिला भाजपा कार्यालय पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डा. अजय राव, टेसूलाल धुरंधर, विजय केसरवानी, दिनेश केडिया, मीडिया प्रभारी आलोक अग्रवाल, मदन वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र महले, खोडस कश्यप, शशि शुक्ला, मणीकांत मिश्रा, संकेत शुक्ला, पुरूषोत्तम सोनी, पुरूषोत्तम साहू, जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी, रितेश श्रीवास्तव, अनुपम बाजपेयी, प्रशांत यादव, नरेश केसरवानी, विजय यादव, नीलम सोनी, जितेन्द्र डडसेना, संतोष पटेल, वासुदेव ठाकुर, वेदांत रजक आदि ने स्वागत किया।

# इंतजार की घड़ी खत्म, राजिम रायपुर मेमू ट्रेन का 18 सितंबर 11 बजे होगा शुभारंभ




**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना : विजय गोयल**

**नवापारा राजिम,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। नगरवासियों द्वारा रेल लाइन के शुरू होने का इंतजार बेसब्री से किया जा रहा है उनके इंतजार की घड़ी खत्म होने वाली है। नवापारा राजिम से रायपुर बड़े रेलवे लाइन संचालन की तिथि तय हो गई है, 18 सितंबर सुबह 11 बजे राजिम से मेमू ट्रेन प्रारंभ हो जाएगी, जो राजिम से रायपुर तक जाएगी। उक्त कार्यक्रम के दौरान मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाने प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नवापारा राजिम पहुंचेंगे। उनके साथ रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, प्रदेश भाजपा कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, पूर्व कैबिनेट मंत्री चंद्रशेखर साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

उक्त जानकारी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महामंडल की सलाहकार समिति के सदस्य विजय गोयल ने दी। श्रीगोयल ने बताया कि बड़े हर्ष का विषय यहभी है कि बहुत दिनों बाद यह शुभ घड़ी आई है, जिसके लिए नवापारा-राजिम सहित अंचल के लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। 18 सितंबर से रेलवे का संचालन प्रारंभ हो जाएगा, साथ ही उसी दिन से यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व की भांति रेलवे द्वारा आरक्षण केंद्र रेलवे टिकट रिजर्वेशन काउंटर को भी प्रारंभ कर दिया जाएगा। श्री गोयल ने सभी अंचलवासियो से उक्त ट्रेन शुभारम्भ कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने लोगों से अपील की है।

# राशि जारी पर नपा उपाध्यक्ष ने शासन का जताया आभार



**महासमुंद,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय प्रशासन मंत्री अरूण साव के द्वारा प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के अधिकारी कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए 2402 लाख रू. की राशि जारी कर राहत पहुंचाने के लिए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी ने मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार व्यक्त किया और कहा कि महासमुन्द नगर पालिका को 142 लाख रू. छ.ग. शासन के नगरीय प्रशासन विभाग से जारी हुआ है। नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा अनिश्चित कालीन हड़ताल किये जाने की जानकारी के बाद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा नगरीय प्रशासन मंत्रालय से सतत् सम्पर्क बनाये रखे। परिणाम स्वरूप शीघ्र शासन द्वारा राशि जारी की गई। श्री राठी ने नगर पालिका के सीएमओ. से कहा कि शहर में शीघ्र वसुली तेज करायें जिससे शासन पर निर्भर न रहना पड़े। कर्मचारियों का वेतन भुगतान की जवाबदारी नगर पालिका संस्था की है कि वह सुनिश्चित करें कि हर माह कर्मचारियों का भुगतान समय पर हो।

# सरकार युवाओं के भविष्य के प्रति सजग : सांसद चौधरी

**महासमुंद,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालयए महासमुंद में किया गया। रोजगार मेला में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी शामिल हुए। इस अवसर पर अध्यक्ष के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा मौजूद थे। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती दिशा दीवान, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद्र राठी, येतराम साहू, आनंद साहू, पियूष साहू, महेन्द्र सिका, संदीप घोष, संदीप दीवान, रमेश साहू, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो करुणा दुबे, प्राध्यापकगण, एसडीएम हरिशंकर पैकरा सहित बड़ी संख्या में युवा, जनप्रतिनिधि और छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद श्रीमती रूप कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के सुशासन में युवाओं को रोजगार के सुनहरे अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें केवल नौकरी करने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनना होगा। सरकार युवाओं को पूरी तरह सजगता से स्थानीय स्तर पर रोजगार दिलाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह गौरव का क्षण है कि आज युवाओं को यहां पर जॉब ऑफर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज की युवाओं में स्किल की कमी नहीं है। उन्हें पहचान कर उनके हुनर को तराशने की आवश्यकता है। आज युवाओं के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने अवसरों के द्वार खोल दिए हैं। लोकल फॉर वोकल के मंत्र के साथ स्थानीय स्तर पर और राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन की सराहना की एवं युवाओं को बधाई दी। विधायक श्री योगेश्वर राजू सिंह ने कहा कि 20 से 22 वर्ष की आयु में रोजगार की प्राप्ति हर युवा का सपना होता है। रोजगार मेला इसी उद्देश्य की पूर्ति की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में लगभग 6700 युवाओं ने पंजीयन कराया है। श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार पूरा मुस्तैदी के साथ रोजगार सृजन करने के लिए काम कर रही है और नए अवसर पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के सुशासन में आज प्रदेश में वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि सरकार हमेशा उनके हितों के लिए साथ में हैं। कलेक्टर लंगेह ने बताया कि छग शासन द्वारा रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत यह रोजगार मेला आयोजित किया गया है। लगभग 21 नियोजकों ने इसमें भाग लेकर साढ़े तीन हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया की। उन्होंने कहा कि जिले के बेरोजगार युवाओं का डेटाबेस तैयार किया जाएगा ताकि उनकी स्किल के अनुसार उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। रोजगार मेला में मौके पर ही 30 युवाओं को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इनमें आशीष चंद्राकर, राकेश साहू, कुमार जोया, हयात खान, अलीशा बेगम, रितिक साहू, रेणुका सोनी, हंसिका ठाकुर, नेमी कन्नौजे, अमन कुमार एवं मुस्कान साहू शामिल है। इनमें से कुछ युवाओं को 21500 रुपये मासिक >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**जिला स्तरीय रोजगार मेला में साढ़े तीन हजार पदों के लिए की गई भर्ती**

# जीएसटी 2.0 सुधार पर खैरागढ़ में रंजना साहू ने ली प्रेसवार्ता



**कहा- सभी वर्गों को मिलेगा लाभ**

**धमतरी,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए जीएसटी 2.0 के संबंध में खैरागढ़ जिला भाजपा कार्यालय में मंगलवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और कर व्यवस्था में किए गए यह सुधार आम जनता की क्रय शक्ति बढ़ाने में मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि पहले जीएसटी में चार स्लैब की व्यवस्था थी, जिसे अब घटाकर दो स्लैब में कर दिया गया है। साथ ही 10-10 प्रतिशत की कमी कर दरों में की गई है, जिससे टैक्स घटेगा और रोजमर्रा की वस्तुएं आम जनता के लिए सस्ती होगी। रंजना साहू ने इसे क्रांतिकारी सुधार बताते हुए कहा कि इसका असर सीधे तौर पर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा, उन्होंने दावा किया है कि इससे केंद्र सरकार की आय बढ़ेगी राज्यों को अधिक टैक्स मिलेगा और छत्तीसगढ़ राज्य भी इसका लाभ उठाएंगे।

प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने आगे कहा कि इस सुधार से व्यापारी वर्ग को राहत तो मिलेगी ही साथ ही छात्राओं, शिक्षकों, किसानों और अन्य वर्गों को भी फायदा होगा। कृषि से जुड़े उपकरण, खाद बीज व अन्य आवश्यक सामग्री अब कम दामों में उपलब्ध होंगे, दूध और पनीर जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में भी कमी आई है, जिससे आम आदमी की रसोई पर बोझ घटेगा। उन्होंने कहा कि यह सुधार महंगाई पर नियंत्रण लाने की दिशा में भी कारगर कदम साबित होगा। प्रेस वार्ता के दौरान श्रीमती साहू ने सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर की जानकारी भी साझा किए। उन्होंने बताया कि इस अवधि में भाजपा कार्यकर्ता पूरे देश में सेवा, सहयोग और समाजहित के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। खैरागढ़ में भी स्वास्थ्य जांच शिविर, स्वच्छता अभियान और जरूरतमंदों की सहायता जैसी गतिविधियों की तैयारी की जा रही है।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष घम्मन साहू, जिला अध्यक्ष बिसेसर साहू, टी.के चंदेल, नीलिमा गोस्वामी, आयस सिंह बोनी, शशांक ताम्रकार, कृति वर्मा, वंदना टांडेकर, ज्योति जंघेल, नीलिमा राजपूत, गोरेलाल वर्मा, शैलेंद्र मिश्रा, अनीश सिंह दादू, हर्ष वर्मा, ऋषि सिंह, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रेस वार्ता के दौरान कार्यकर्ताओं ने जीएसटी सुधार को ऐतिहासिक कदम बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया।

# नपाध्यक्ष ने ज्वाइंट डायरेक्टर से मुलाकात कर शहर विकास के लिए मांगा सहयोग



**महासमुंद,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ ज्वाइंट डायरेक्टर नगरीय प्रशासन विभाग से सौजन्य भेंट कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया। नपाध्यक्ष श्री साहू ने संयुक्त संचालक का शहर के विभिन्न आवश्यकताओं की ओर ध्यानकृष्ट कराया। साथ ही नगर विकास से संबंधित कार्यों का प्रस्ताव भी उन्हें प्रेषित किया। श्री साहू ने बताया कि नगर के अनेक ऐसे कार्य हैं, जो बजट के अभाव में लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। जिसमें से मुख्य रूप से नए बस स्टैंड, केनाल लिंक रोड, शहर के तालाबों का सौंदर्यीकरण सहित दर्जनों कार्यों के लिए फंड जारी करने में सहयोग की मांग नपाध्यक्ष ने उनसे की। श्री साहू ने शहर के विभिन्न मार्गों की जर्जर स्थिति से भी अवगत कराते हुए विशेष रूप से राशि उपलब्ध कराने की मांग रखी। मुलाकात के दौरान सीएमओ अशोक सलामे, उप अभियंता दिलीप कश्यप, जल विभाग प्रभारी दुर्गेश कुंजेकर, गुमान सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# जन्मदिवस पर भाजपा नेत्री रंजना साहू ने की पूजा-अर्चना, क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की



**धमतरी,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी की पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने अपने जन्मदिवस के पावन अवसर पर धार्मिक स्थलों में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने धमतरी में विराजमान दक्षिण मुखी हनुमान जी, रुद्रेश्वर महादेव, आदि शक्ति माता अंगार मोती, माता शीतला भवानी तथा मां विंध्यावासिनी माता के दर्शन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना के पश्चात श्रीमती साहू ने कहा कि आस्था और सेवा ही जीवन का वास्तविक उद्देश्य है। जनता का स्नेह और सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने ईश्वर से समस्त क्षेत्रवासियों के जीवन में शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिरों में दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं ने भी उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं और उनके दीर्घायु जीवन की कामना की।

# कलेक्टर मिश्रा ने सक्षम कैंटीन का अवलोकन किया, दिव्यांग विश्नोई से की बातचीत



**दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सशक्त पहल**

**धमतरी,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज गुरूवार को अचानक कलेक्ट्रेट परिसर में दिव्यांगजनों द्वारा संचालित सक्षम कैंटीन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कैंटीन में उपलब्ध चाय-नाश्ता एवं अन्य सामग्री का जायजा लिया और कैंटीन के बाहर श्रीमती विश्नोई से की बातचीत की। उन्होंने उनसे बिक्री आदि के बारे में पूछा और उनका कुशलक्षेम जाना।

कलेक्टर ने दिव्यांग श्रीमती विश्नोई से आग्रह किया कि वे बैठ कर बात करें, किंतु वह बैसाखियों के सहारे खड़ी हुई। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि कैंटीन की शुरुआत के बाद से ही लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। कलेक्ट्रेट, जिला पंचायत और आसपास के कार्यालयों में आने वाले अधिकारी-कर्मचारी और आम नागरिक यहां आकर चाय-नाश्ते का आनंद ले रहे हैं।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि सक्षम कैंटीन दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह न केवल रोजगार का माध्यम बनेगा, बल्कि दिव्यांगजनों के आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को भी बढ़ाएगा। उन्होंने कैंटीन संचालकों को आश्वस्त किया कि संचालन में किसी भी प्रकार की आवश्यकता या समस्या आने पर जिला प्रशासन हर संभव सहयोग प्रदान करेगा।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत सहित अन्य कार्यालयों में होने वाली बैठकों तथा शासकीय आयोजनों में चाय-नाश्ते का ऑर्डर सक्षम कैंटीन से दिया जाए, ताकि दिव्यांगजनों के आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों को और अधिक बल मिल सके।

मालूम हो कि कलेक्टर श्री मिश्रा की पहल पर हाल ही में दिव्यांग प्रेरणा जन कल्याण समिति के सदस्यों को कलेक्ट्रेट परिसर में यह स्थान उपलब्ध कराया गया है। समिति के संस्थापक बसंत कुमार विश्नोई ने बताया कि लंबे समय से दिव्यांगजन स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने की इच्छाशक्ति रखते थे। जिला प्रशासन के सहयोग से आज यह सपना साकार हो सका है।

सक्षम कैंटीन की शुरुआत से दिव्यांगजनों को न केवल स्थायी रोजगार का अवसर मिलेगा, बल्कि वे समाज की

# संकुल पोंड़ के 4 शिक्षक हुए सम्मानित



**नवापारा राजिम,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। अभनपुर विकासखण्ड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह बजरंगदास हायर सेकंडरी विद्यालय अभनपुर के प्रांगण में इंद्र कुमार साहू विधायक के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ, शिक्षक सम्मान समारोह में विधायक के करकमलो से अभनपुर विकासखंड के 300 शिक्षकों को श्रीफल,साल,मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया जो कि शिक्षकों के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए सराहनीय कार्यो जैसे सामाजिक कार्य ,विज्ञान संबंध में तथा अच्छे परीक्षा परिणाम एवं उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में काम करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य रूप से सेवा निवृत्त शिक्षकगण एवं वर्तमान में पदस्थ शिक्षक गण भी शामिल हुए। इसी क्रम में श्रीमती दीपिका माहेश्वरी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंड़ को उत्कृष्ट प्रबंधन एवं नवाचार, सुरेश कुमार तारक व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंड़ को आधुनिक तकनीक से शिक्षण एवं नवाचार, नागेन्द्र कुमार कंसारी शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पोंड़ एवं संकुल समन्वयक को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारी गतिविधियों, चोवाराम साहू प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भुरका को बेहतरीन शाला प्रबंधन एवं शिक्षण के लिए उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया।इस उपलब्धि पर सम्मानित शिक्षकों को संकुल पोंड के समस्त स्टाफने शुभकामनाएं दी।

इसके अतिरिक्त सैकड़ों सेवानिवृत्त एवं अपने विद्यालयों में प्रेरणास्पद कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया, शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए विधायक इंद्र कुमार साहू ने कहा कि शिक्षक अज्ञानता के अंधकार को हटाकर दिव्य प्रकाशमय जीवन में लाने का कार्य करता है शिक्षकों के सम्मान करने में मुझे बेहद खुशी होती है >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# 5 चॉइस सेंटर संचालकों के लाइसेंन्स निरस्त

**बलौदाबाजार,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार कार्य में लापरवाही बरतने वाले जिले के 5 चॉइस सेंटर संचालकों के लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने बताया कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली सेवाओं को ऑनलाइन माध्यम से चॉइस सेंटर संचालको को पूर्ण दस्तावेज अपलोड करना होता है। अपूर्ण दस्तावेज अपलोड करने पर समय पर प्रमाण पत्र जारी नही होता है और आवेदकों को केंद्र का चक्कर लगाना पड़ता है। अपूर्ण दस्तावेज अपलोड करने वाले कुल 15 लोक सेवा केंद्र व चॉइस सेंटर संचालकों को इस सम्बन्ध में नोटिस जारी किया गया जिसमे से 5 लोक सेवा केंद्र व चॉइस सेंटर संचालको का लोक सेवा केंद्र का लाईसेंस निरस्त किया गए एवं कुल 10 लोक सेवा केंद्र, चॉइस सेंटर संचालक को अंतिम चेतवानी पत्र जारी किया गया है। लाइसेंस निरस्त होने वाले चॉइस सेंटर संचालकों में विकासखंड सिमगा ग्राम हिरमी के अंगिता वर्मा, ग्राम कटगी के अनवर रजा, विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम भरसेला के यानेश तिवारी, ग्राम कसियारा के मनहरण, ग्राम पनगांव के नोखराम ध्रुव शामिल हैं।

# कमार बस्तियों तक बनाए जा रहे सड़कों की गुणवत्ता पर सृष्टि ने उठाए सवाल

## सड़क निर्माण अपूर्ण तथा स्तरहीन होने से कमारों को नहीं मिल रहा सुगम आवागमन का लाभ

**महासमुंद** 12 सितंबर (देशबंधु)। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक.02 की सदस्य श्रीमती सृष्टि अमर चंद्राकर ने कमार जनजातियों के निवास कमार डेरा तक बनाए जाने वाली पक्की सड़कों की गुणवत्ता व अपूर्णता पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर के कार्यकाल में जिपं क्षेत्र क्र. 02 के पूर्व सदस्य अमर चंद्राकर के निवेदन पर इन मार्गों की स्वीकृति मिली थी। जिसे अब तक पूरा नहीं किया गया। निर्माण अधूरे होने से पक्की सड़क में सुगम आवागमन का लाभ कमार जनजातियों को नहीं मिल पा रहा है। श्रीमती सृष्टि ने कहा कि महासमुंद जिले के जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 02 के ग्राम खमतराई से कमारडेरा, कुहरी सिरपुर रोड से बासकुड़ा पट्टी नंबर 2 कमार बस्ती, ग्राम मरौद से कमारडेरा, आचानकपुर से कमार डेरा, ग्राम खड़सा से कमार डेरा, ग्राम अमलोर से कमार पारा, बंदोरा से खिरसाली कमारडेरा तक पक्की सड़क निर्माण सहित जोबा पीढ़ी मार्ग की स्वीकृति पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर के कार्यकाल में मिली थी। पूर्व जिपं सदस्य के निवेदन पर विधायक विनोद चंद्राकर ने उक्त सभी ग्रामों से कमार बस्ती तक पक्की सड़क निर्माण हेतु प्रयास कर शासन से स्वीकृति दिलाते हुए राशि जारी करवाया। निर्माण कार्य शुरू भी किया गया लेकिन, उक्त सड़कों को अत्यंत गुणवत्ताहीन तथा घटिया स्तर का किया गया साथ ही अब तक इन मार्गों को पूर्ण नहीं किया गया जिसके चलते विशेष पिछड़ी जनजातियों को पक्की सड़क में सुगम आवागमन का लाभ नहीं मिल रहा है। श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि कमार जनजाति के लोग अब भी जंगल की कच्ची पगडंडियों और पथरीले रास्तों से आवागमन करने विवश हो रहे हैं। खासकर बारिश के दिनों में उन्हें अधिक परेशानी होती है। कमार बस्तियों तक पक्की सड़क बनाने मुख्य उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजाति कमारों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ना और उनके सामाजिक.आर्थिक विकास को गति देना था। लेकिन, प्रशासनिक उदासीनता के चलते इस महत्वपूर्ण योजनाओं पर पानी फिर रहा है। श्रीमती सृष्टि ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ग्रामीण प्रधानमंत्री सड़क योजना महासमुंद को पत्र प्रेषित कर उक्त समस्त स्वीकृत सड़कों की गुणवत्ता जाँच करने की मांग की है। उन्होंने पत्र के माध्यम से 7 दिन के भीतर जाँच कार्रवाई कर सूचित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समय रहते गुणवत्ता जाँच नहीं कराई गई तो आने वाले समय में सड़कें शीघ्र ही खराब हो जाएंगी और सार्वजनिक धन की हानि होगी।



# अनुविभागीय अधिकारी साहू ने किया विद्यालयों का औचक निरीक्षण, शैक्षिक गुणवत्ता सुधार पर दिए निर्देश

**महासमुंद** 12 सितंबर (देशबंधु)। कलेक्टर विनय लंगेह द्वारा टीएल बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागबाहरा उमेश साहू द्वारा विकासखण्ड अंतर्गत बाल आश्रम बिहाझर तथा ग्राम खोपली स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र एवं पीएमश्री अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की उपस्थिति का परीक्षण करते हुए कक्षा.कक्षों में चल रहे अध्यापन कार्य का अवलोकन किया गया। उन्होंने छात्र.छात्राओं से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी अधिगम क्षमताएं पढ़ने.लिखने की दक्षता तथा गणितीय योग्यता की स्थिति का आकलन किया। इस अवसर पर बच्चों ने पठन.पाठन से संबंधित उत्तर दिए, जिसके आधार पर शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को प्रदत्त पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य व स्वच्छता संबंधी गतिविधियों की जांच की गई। वहीं विद्यालयों में संचालित मध्याह्न भोजन योजना का भी परीक्षण करते हुए भोजन की गुणवत्ता, स्वाद एवं पोषण स्तर की समीक्षा की गई। अनुविभागीय अधिकारी ने कहा कि विद्यालय बच्चों के भविष्य की आधारशिला होते हैं इसलिए प्रत्येक शिक्षक की यह जिम्मेदारी है कि वे नियमित रूप से उपस्थित रहकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों की मूलभूत अधिगम क्षमता में सुधार के लिए विशेष प्रयास किए जाएं और कमजोर बच्चों को अतिरिक्त समय देकर उन्हें सक्षम बनाया जाए। विद्यालय प्रमुखों को मासिक मूल्यांकन, कक्षा.कक्ष में अनुशासन एवं शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अपेक्षा की कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रारंभिक शिक्षा की गतिविधियों को और अधिक रचनात्मक व आकर्षक बनाया जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि मध्याह्न भोजन योजना की गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखी जाए तथा बच्चों को स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों की प्रगति तभी संभव है जब अभिभावक.शिक्षक संवाद नियमित रूप से हो और समुदाय की सक्रिय भागीदारी शिक्षा के क्षेत्र में सुनिश्चित की जाए। अंत में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागबाहरा ने स्पष्ट किया कि बच्चों की शैक्षिक उपलब्धियों में निरंतर वृद्धि, शिक्षकों की जवाबदेही, गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन एवं अनुशासित वातावरण सुनिश्चित करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी समय.समय पर किए जाते रहेंगे जिससे शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।



# भाजपा सरकार की प्राथमिकता किसान नहीं, उद्योगपति मित्रों को लाभ पहुंचाना: विनोद

**महासमुंद** 12 सितंबर (देशबंधु)। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की साय सरकार किसान हित के परियोजनाओं पर ध्यान न देकर केवल उद्योगपतियों मित्रों के हितों को सर्वोपरि रख रहा है। गरियाबंद जिले के पैरी परियोजना अंतर्गत सिकासेर जलाशय से कोडार जलाशय तक पानी लाने की योजना पर अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। वहीं, इसके विपरित उद्योगों को लाभ पहुंचाने वाली परियोजनाओं पर समय से पूर्व तीव्र गति से कार्य हो रहा है। पिकाडिली शराब फैक्ट्री तथा करणी कृपा पावर प्लांट को महासमुंद जिले के जल स्त्रोतों से सरकार द्वारा पानी ले जाने की स्वीकृति इस बात का प्रमाण है। श्री चंद्राकर ने कहा कि गरियाबंद के सिकासेर बांध से महासमुंद जिले तक पानी लाने की योजना पर शासन की उदासीनता से अनावश्यक विलंब हो रहा है। इस परियोजना के तहत सर्वे कार्य पूर्ण होने के बाद भी अब तक भू.अर्जन प्रक्रिया शुरू नहीं की गई। इसके अलावा वन विभाग से इसके लिए एनओसी प्रक्रिया भी अधर में लटका हुआ है। श्री चंद्राकर ने बताया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने प्रस्तावित परियोजना की स्वीकृति तथा सर्वे कार्य के लिए राशि का बजट में प्रावधान कराया था। कांग्रेस शासन के समय इस परियोजना को मिली स्वीकृति पर सर्वे कार्य हेतु बाद में बजट भी बढ़ाई गई। सर्वे भी पूरा कर लिया गया। लेकिन, किसान हित के इस परियोजना को अनावश्यक लटका कर रखा जा रहा है। इस परियोजना में अनावश्यक विलंब का एक कारण यह भी हो सकता है कि, इसे कांग्रेस शासन के समय स्वीकृति मिली थी। क्योंकि भाजपा सरकार का दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई की नीति सर्वविदित है। कांग्रेस शासनकाल में जितने भी जनहित की योजनाएं बनी थी, उन्हें भाजपा ने या तो पूरी तरह बंद कर दिया या भी योजनाओं का स्वरूप बदलकर उसे जनता से दूर कर दिया।



■ सिकासेर परियोजना में देरी सरकार की संवेदनहीनता का परिचायक

# पर्यावरण, औद्योगिक विकास को लेकर हुई संगोष्ठी



**महासमुंद** 12 सितंबर (देशबंधु)। पर्यावरण, औद्योगिक विकास और क्षेत्र में आर्थिक उन्नति, बेरोजगारी दूर कैसे हो, इस विषय पर बुधवार को स्वाध्याय केंद्र सभागार में बैठक लेकर चर्चा की गई। महासमुंद क्षेत्र के विकास में औद्योगिक संभावनाएं विषय पर किसान, पर्यावरण विद्, प्रभावित लोगों को, राइस मिलर्स को, उद्योगपतियों को और विकास के जानकार लोगों को बुलाया जाएगा और एक संगोष्ठी का आयोजन स्वाध्याय केंद्र समिति के द्वारा 21 सितंबर रविवार को दोपहर 02 बजे आयोजित किया जाएगा। जिसके संयोजक मोहन साहू और सह संयोजक माखन पटेल होंगे। बैठक में पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, स्वाध्याय केंद्र समिति के सचिव चंद्रशेखर साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, लक्ष्मीकांत तिवारी, सुश्री उत्तरा प्रहरे, सुजीत, गोवर्धन प्रधान, श्रेयांश चोपड़ा, मुन्ना साहू, हनीश बग्गा, विक्की गुरुदत्ता, भरत खत्री, सुरेन्द्र यादव, डॉ आदित्य चोपड़ा, समीर करकसे, छेदी राठौर, रोशन बग्गा, गौरव राठी उपस्थित रहे।

# आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत डूमरपाली में प्रशिक्षण का आयोजन

**महासमुंद** 12 सितंबर (देशबंधु)। जनजातीय समुदायों के उत्कर्ष एवं सामाजिक.आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण के पश्चात अब ग्राम स्तर पर आदि कर्मयोगी सहयोगियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में महासमुंद विकासखंड की 25 पंचायतों के लिए 10 से 16 सितंबर तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जनपद पंचायत महासमुंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीएस मंडावी ने बताया कि 10 सितंबर को झलप में आयोजित हुआ। 11 सितंबर को डूमरपाली, 12 सितंबर को रूमकेल, 15 सितंबर को जनपद पंचायत मुख्यालय तथा 16 सितंबर को सिरपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे। इस क्रम में आज ग्राम पंचायत डूमरपाली में प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत डूमरपाली, कुरूभाठा, तेलीबांधा और सिंगुरपाली के आदि कर्मयोगी सहयोगियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण में विलेज लेबर मास्टर ट्रेनर्स की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, ग्राम स्तर पर श्रम प्रबंधन, आजीविका संवर्धन एवं सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने संबंधी बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर ग्रीस ध्रुव के मार्गदर्शन में ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स शीला प्रधान, मोनिका गुप्ता, आलोक शुक्ला, बाबूलाल ध्रुव, योगेश निर्मलकर, कुलदीप सर्वा, रितु चंद्राकर, मोहनीश वैष्णव एवं लखिया मंडले ने प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत डूमरपाली की सरपंच श्रीमती यमुना ठाकुर एवं उपसरपंच देवानंद नायक सहित पंचायत प्रतिनिधि, सचिव राकेश साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, मितानिन एवं रोजगार सहायक भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों को विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प दिलाया गया। उल्लेखनीय है कि आदि कर्मयोगी अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदायों को संगठित कर उन्हें योजनाओं से जोड़ना, आजीविका के अवसर बढ़ाना तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत बनाना है। ग्राम स्तर पर इस प्रकार के प्रशिक्षण से समुदाय को जागरूकता के साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित हो सकेगा।



# बर्खास्त एनएचएम कर्मचारियों की बहाली हो:राकेश

**महासमुंद** 12 सितंबर (देशबंधु)। आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी और कर्मचारी की 18 अगस्त से अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। सरकार द्वारा हड़ताली 25 कर्मचारियों को बर्खास्तगी के बाद हड़ताली 16000 कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। जिससे प्रदेश के अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हुई हैं और मरीजों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों की सेवा अत्यंत जरुरी सेवाओं में से एक है और कर्मचारी अपने नियमितीकरण की मांग कर रहें हैं। वैसे भी छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य व्यवस्था पहले से ही अत्यंत लचर है और जिनके भरोसे स्वास्थ्य सेवाएं चल रही है सरकार उनकी मांग मानने की बजाय उनको सेवा से पृथक कर रही है। यह सरकार की आम जनता के स्वास्थ्य के प्रति असंवेदनशीलता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि 100 दिन के अंदर एक कमेटी बनाकर सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों का नियमितीकरण करेंगे लेकिन आज भाजपा अपने वादे से मुकर रही है। आम आदमी पार्टी कर्मचारियों के साथ है और सरकार से मांग करती है कि बर्खास्त 25 कर्मचारियों की बहाली की जाए।



# नेशनल लोक अदालत आज

**महासमुंद** 12 सितंबर (देशबंधु)। उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मंशानुरूप नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर शनिवार को जिला एवं समस्त तालुका स्थित न्यायालयों में किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की सचिव श्रीमती आफरीन बानो ने अपने विज्ञप्ति में बताया कि न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिस हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के द्वारा प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला मुख्यालय के समस्त न्यायालय सहित तालुका न्यायालय बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली के लिए 17 खण्डपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों तथा पृथक से राजस्व प्रकरणों के लिए खंडपीठ गठन कर प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरणों धाराण् 138, परक्राम्य लिखत अधिनियम मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों तथा पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाता हैं। इसके अतिरिक्त राजस्व, बैंक, विद्युत विभाग दूरसंचार विभाग नगर पालिका परिषद् में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्रीलिटिगेशन प्रकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किये जाएगें। जो विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों के प्रकरण लोक अदालत खण्डपीठ में निराकृत किये जाएंगें। इस तरह पक्षकार अपने न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करा सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के द्वारा पक्षकारों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सुलह समझौते के माध्यम से अपने प्रकरणों का निराकरण करवाकर नेशनल लोक अदालत को सफल बनायें।

# देवरी के हाईस्कूल में शिक्षक एवं छात्र छात्राओं का किया गया सम्मान




**बागबाहरा,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज बड़े ही उत्साहपूर्वक शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर थे।

वहीं विशेष अतिथि के रूप में राहुल चंद्राकर, जनपद पंचायत सदस्य देवरी, रमेश पटेल शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं भाजपा किसान मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष महासमुंद उपस्थित थे। इस समारोह में शाला प्रबंधन समिति द्वारा शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रमाण पत्र और मोमेंटो अतिथियों द्वारा भेंट कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले समय में ये बच्चे बड़े अधिकारी, डॉक्टर, कलेक्टर एवं इंजीनियर बनकर क्षेत्र और समाज का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर शाला समिति के सदस्य, प्राचार्य डोमन सिंह टंडन, शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

# कोमा के मीडिल स्कूल में बच्चों को कराया गया न्योता भोज

**बागबाहरा,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोमा में बुधवार को अंग्रेजी शिक्षक सुभाष साहू की धर्मपत्नी श्रीमती अंकिता साहू एवं गणित शिक्षक शुभम साहू के पुत्र शशांक साहू के जन्मोत्सव के अवसर पर शाला में विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त गरमा गरम बड़ा व समोसे के साथ मिठाई व चाकलेट खिलाया गया। जिसे खाकर बच्चे प्रसन्नचित नजर आए। इस अवसर पर शाला की प्रधानपाठक श्रीमती अनुराधा सोनी, शिक्षक संतराम कुर्रे, सुभाष साहू, शुभम साहू रसोइया श्रीमती कुंती पटेल, सावित्री निषाद सहित विद्यार्थीगण उपस्थित थे। पूर्व में भी उक्त शिक्षक सुभाष साहू के द्वारा शाला में बच्चों को बेल्ट, टाई का वितरण किया गया है। साथ ही समय-समय पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन बच्चों के बीच रखकर बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप कापी, कलम, कंपास इत्यादि विद्यार्थी सुलभ वस्तुएं उपलब्ध कराई जाती है।



# सकलोर में सड़क मरम्मत की मांग को लेकर छात्राओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिमगा,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। सिमगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सकलोर के स्कूली छात्राओं ने आज सिमगा अनुविभागीय अधिकारी को लिखित ज्ञापन सौंप कर बताया कि ग्राम सकलोर से हिरमी तक पहुंच मार्ग की दूरी लगभग 3 किलोमीटर है, यह रोड अत्यंत ही जर्जर और गड्ढे युक्त है जिससे अल्ट्राटेक सीमेंट का भारी वाहन का लगातार आना जाना रहता है सड़क किनारे दोनों और भारी वाहन खड़ी रहती है, इस मार्ग के बीच में अल्ट्राटेक का ट्रांसपोर्ट भी है जिसमें प्रतिदिन हजारों ट्रकों का आना जाना होते रहता है, सकलोर एवं अन्य गांव के ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं हिरमी स्कूल में मौत से बचते हुए पढ़ने के लिए जाते हैं, जिनके साथ कभी भी कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। साथ ही सड़क पर बेजुबान पशुओं की भारी वाहनों से ठोकर से मृत्यु भी आए दिन होते रहती है। ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त विषय पर जिलाधीश बलौदाबाजार के समक्ष उपस्थित होकर विगत 22 जुलाई को अवगत भी कराई गई जिस पर उन्होंने दूरभाष से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। लेकिन कार्यवाही शून्य है। छात्राओं ने कहा कि हम लोगों के द्वारा ग्राम सकलोर के आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों को लेकर मजबूरी में धरना प्रदर्शन कर चक्का जाम करना पड़ेगा। वहीं छात्राओं ने मांग की है कि ग्राम परसवानी के छात्रों की तरह ग्राम सकलोर के छात्र-छात्राओं को बस की सुविधा अल्ट्राटेक प्रबंधन द्वारा दी जाए ग्राम सकलोर से ग्राम हिरमी तक रोड की दूरी 3 किलोमीटर है, सीसी रोड निर्माण अविलंब कराई जाए, हिरमी में बने ब्रिज के सीढ़ी को हटाकर पुराने आवागमन को पीडब्ल्यूडी के रास्ते बहाल की जाए।

आज उक्त मांग कर छात्राओं द्वारा एसडीएम को लिखित ज्ञापन देकर कहा गया है कि अगर जल्द इस पर निर्णय नहीं लिया गया तो चक्काजाम किया जाएगा।

# प्रवर्तकता कार्यक्रम से संकटग्रस्त 18 वर्ष से कम उम्र के बालक बालिका को मिलेंगे प्रतिमाह 4 हजार

**बिलाईगढ़,** 12 सितम्बर(देशबंधु)। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत प्रवर्तकता कार्यक्रम माता पिता के मृत्यु, तलाक, एकल माता-पिता और संयुक्त परिवार में निवास कर रहे बच्चे, जिसको समाज दया दृष्टि से देखते हैं, ऐसे 18 वर्ष से बालक बालिका को बेघर होने से बचाने और उनको अच्छी शिक्षा और ट्रेनिंग देने के लिए संचालित है। सहायता पात्रता की श्रेणी आने वाले परिवार के अधिकतम दो बच्चों को प्रतिमाह प्रति बालक 4000 रुपये सहायता 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक दिया जाता है। इस प्रवर्तकता कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की चिकित्सकीय पोषण, व्यावसायिक प्रशिक्षण, आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु परिवारों को अनुपूरक सहायता के रूप में धन राशि प्रदान किया जाना। जिससे बच्चे की जीवन स्तर की गुणवत्ता में सुधार हो सके और बालक का सर्वोत्तम हित सुनिश्चित किया जा सके।

बच्चों को किन्ही कारणों से स्कूल, आंगनबाड़ी, व्यावसायिक प्रशिक्षण से विरत न किया जा सके और वह अनवरत शिक्षण, प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। बच्चों को उनके जैविक, विस्तारित परिवार से अलग होने, बेघर होने से बचाना। बालकों (संस्थागत, रेस्क्यू किये गये पीड़ित) को प्रवर्तकता के माध्यम से उनके जैविक, विस्तारित परिवार में वापस भेज कर पुर्नवासित किया जाना। संस्थागत देखरेख से बच्चों को परिवार आधारित देखरेख में स्थानांतरित किया जाना। ऐसे परिवार, पालक जो आर्थिक विपन्ता, अशक्तता के कारण अपने बच्चों की अपेक्षित देखरेख न कर पा रहे हो, जिससे बच्चे के परिवार से अलग होने का खतरा या उनका विकास प्रभावित हुआ हो उन्हें परिवार आधारित प्रवर्तकता से लाभांवित किया जाना है।

■ माता पिता की मृत्यु, तलाक, एकल माता-पिता, बंदी आदि के बच्चे होंगे लाभान्वित

### आवेदन कहां करें

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला और परियोजना कार्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त और जमा किया जा सकता है। इसके लिए माता पिता के मृत्यु का प्रमाण पत्र, आधार, आदि दस्तावेज होना चाहिए।

### प्रवर्तकता में चयन के लिए मापदंड

18 वर्ष से कम आयु के बालक और बालिका हो, बाल विवाह, बाल तस्करी अथवा अन्य शोषण से पीड़ित बच्चे जो परिवार की आर्थिक अक्षमता के कारण शिक्षा, प्रशिक्षण से विरत होकर, एकल माता-पिता के बच्चे विशेषकर एकल माता पिता विछिन्न विवाह स्त्री, कुटुम्ब द्वारा परित्यक्ता या विधवा के बच्चे, ऐसे बच्चे जिनके माता पिता की मृत्यु हो चुकी है तथा विस्तारित परिवार की देखरेख में रहते है। माता पिता द्वारा परित्यक्त ऐसे बच्चे जो विस्तारित परिवार की देखरेख में रह रहे हैं। ऐसे बच्चे जिनके माता पिता कारागृह में हैं। ऐसे बच्चे जिनके माता असहाय, अशक्त या किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित है। ऐसे बच्चे जिनका गैर कानूनी उद्देश्य के लिए उपयोग किया गया है या किया जा रहा है। एचआईवी, एड्स से प्रभावित बच्चे। विशेषीकृत आवश्यकता वाले मानसिक एवं शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चे। मिशन वात्सल्य योजना अन्तर्गत प्रवर्तकता हेतु बालकों का चयन जिनके परिवार की वार्षिक आय महानगरों के लिए रूपये 96000 और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रूपये 72000 से अधिक न हो।

उल्लेखनीय है कि किशोर न्याय, (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 45, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) नियम 2016 के नियम 24 के प्रावधान अनुसार 10 मार्च 2022 से छत्तीसगढ़ राज्य में प्रवर्तकता कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# कुसमी स्कूल में पौधारोपण के साथ उत्कृष्ट छात्रों को किया पुरस्कृत



**पलारी** 12 सितम्बर (देशबन्धु) समीपस्थ ग्राम कुसमी के शासकीय पाठशाला में विगत वर्ष वरीयता के आधार पर उत्तीर्ण हुए उत्कृष्ट छात्र छात्राओ को टीम पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो परिवार द्वारा प्रथम स्थान से तृतीय स्थान प्राप्त कक्षा नवमी से बारहवीं तक को मोमेंटो प्रदान कर पुरस्कृत किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी साथ ही स्कूल परिसर में व्यापक रूप से फलदार फूलदार छायादार पौधे लगाए गए उक्त अवसर पर प्रभारी प्राचार्य कुमार प्रसाद साहू लेखराम धुरंधर,खेमूलाल साहू भोला सिंह ठिकरिया,चौपाल दिनकर,सुचिता तिवारी,फिरमा केरकेट्टा , देवेन्द्र बंजारे,पुजा मानिकपुरी, मनीषा वर्मा एवं अन्य शिक्षकगण साथ में सन् 2013-14 बेच के छात्र-छात्राएं भूपेंद्र महेश्वर रानू वर्मा सत्यभामा वर्मा डामन वर्मा इंद्रदेव बंजारे, रोशन वर्मा रमाकांत लोकेंद्र बंजारे संजय बंजारे इंद्रकुमार वर्मा उपस्थित रहे टीम सदस्य मनमोहन दास वैष्णव पवन कुमार जायसवाल लक्ष्मण कुमार वर्मा ने प्रकृति सेवा पौधारोपण के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

## आज सर्व आदिवासी समाज जिला धमतरी की बैठक भखारा में

**अंवरी,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। सर्व आदिवासी समाज जिला धमतरी की आवश्यक बैठक दिनांक 13 सितंबर दिन शनिवार को 12 बजे से कृषि उपज मंडी प्रांगण भखारा में रखी गई है। बैठक में 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस की समीक्षा एवं आय व्यय की जानकारी दी जाएगी।

# नपं ने चलाया विशेष वसूली अभियान, बकायादारों पर सख्त कार्रवाई

**पिथौरा,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत पिथौरा द्वारा करदाताओं से निर्धारित समयसीमा में कर एवं किराया न चुकाने की शिकायतों को देखते हुए विशेष वसूली अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत संपत्ति समेकित कर, जल कर तथा दुकानों के किराए सहित यूजर चार्ज एवं अन्य बकाया करों की वसूली की कार्यवाही की जा रही है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) बिरजू राम सोनबेर ने बताया कि नगर पंचायत को 31 मार्च 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार लगभग 48 लाख रुपये की राशि करदाताओं से वसूली जाना शेष है। इस कारण न केवल निकाय कर्मचारियों का वेतन प्रभावित हो रहा है, बल्कि आम नागरिकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं पर भी सीधा असर पड़ रहा है।




**तीन दुकानों पर सीलबंदी की कार्रवाई**

सीएमओ ने जानकारी दी कि अभियान के दौरान बड़े बकायादार करदाताओं के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में तीन दुकानों को सीलबंद कर लगभग 3 लाख रुपये की राशि वसूली गई है। जिन दुकानदारों एवं उपभोक्ताओं ने बार-बार नोटिस के बावजूद भुगतान नहीं किया है, उनकी संपत्तियों को सील करने और जल कनेक्शन विच्छेदित करने की कार्यवाही की जा रही है।

सीएमओ श्री सोनबर ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 के तहत की जा रही है। उक्त अधिनियम के अनुसार यदि निर्धारित समयसीमा में कर राशि अदा नहीं की जाती है तो संबंधित संपत्ति, दुकान अथवा जल कनेक्शन को सील करने अथवा विच्छेदित करने की कार्यवाही अनिवार्य रूप से की जाएगी। इस स्थिति में पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं संबंधित करदाता/किरायादाता की होगी।

**प्रमुख बकायादारों पर निगरानी**

निकाय के अनुसार ऐसे 94 करदाता/किरायादाता हैं, जिन पर दस हजार रुपये से अधिक की कर राशि बकाया है। यह बकाया कई वर्षों से लंबित है और अब तक उन्होंने एक भी शुल्क जमा नहीं किया है। अकेले इन बकायेदारों पर लगभग 25 लाख रुपये से अधिक की राशि लंबित है।

नगर पंचायत पिथौरा ने सभी नागरिकों, दुकानदारों, संपत्ति एवं जल उपभोक्ताओं से सादर अपील की है कि वे अपनी जिम्मेदारी समझते हुए लंबित कर, किराया एवं जल कर राशि तत्काल नगर पंचायत कार्यालय में जमा करें।कर राशि की समय पर अदायगी न सिर्फ व्यक्तिगत दायित्व है, बल्कि नगर की समुचित सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क व्यवस्था तथा अन्य जन सुविधाओं से भी सीधे जुड़ी हुई है।निर्धारित समय सीमा में बकाया राशि जमा न करने की स्थिति में शासन अधिनियम के तहत संपत्ति सीलबंदी एवं जल कनेक्शन विच्छेदन की कठोर कार्यवाही की जाएगी।

नगर पंचायत ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे नगर विकास और जनसुविधा की निरंतरता में सहयोग प्रदान करें तथा अनावश्यक कार्यवाही से बचने हेतु शीघ्र अपने बकाया कर/किराया का भुगतान कर दें।

# पंचायत सचिव को हटाने की मांग पर किशनपुर के ग्रामीणों का धरना

## उप सरपंच ने 5 प्रतिशत कमीशन मांगा, नहीं देने पर धरना प्रदर्शन

**पिथौरा,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। पिथौरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत किशनपुर के ग्रामीण पंचायत सचिव पुनीत राम सिन्हा के स्थानांतरण और स्थायी सचिव की नियुक्ति की मांग को लेकर लामबंध हो गए हैं। ग्रामीणों ने शुक्रवार को पिथौरा पहुँचकर रैली निकालने के बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन शुरू किया।




ग्रामीणों का कहना है कि श्री सिन्हा की अस्थायी पदस्थापना पिछले छह वर्षों से किशनपुर पंचायत में है, । पंचायत के कामकाज और शासन की योजनाओं का लाभ सही तरीके से नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने सचिव की कार्यशैली पर असंतोष जताते हुए कहा कि पंचायत में स्थायी सचिव की नियुक्ति की जाए।

ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापनों में वित्तीय वर्ष 2020 से 2025 तक पंचायत कार्यों और योजनाओं में खर्च किए गए कुल 1,59,80,570 (एक करोड़ उनसठ लाख अस्सी हजार पांच सौ सत्तर रुपये) के भुगतान का भौतिक सत्यापन भी कराने की मांग रखी है। उनका कहना है कि इसमें पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

इस मामले मे सचिव पुनीत सिन्हा से उनका पक्ष लिया तो उन्होंने कहा उपसरपंच द्वारा लगाया गया आरोप पूर्ण रूप से निराधार है एवं गलत है प्रत्येक कार्य का कार्य एजेंसी सरपंच ग्राम पंचायत होता है ।

उपसरपंच द्वारा सरपँच के समक्ष मुझसे प्रत्येक कार्यों पर 5 प्रतिशत राशि की मांग किये जाने पर मेरे द्वारा ठुकरा दिया गया है इसीलिए वे मुझे बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

## ननि द्वारा दुकानों के आबंटन हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित

**धमतरी,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम धमतरी शहरवासियों को व्यावसायिक गतिविधियों के लिए सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने हेतु लगातार पहल कर रहा है। इसी कड़ी में महात्मा गांधी वार्ड स्थित कलेक्टोरेट मोड़ के सामने मुख्य सड़क के किनारे जनपद कार्यालय के पास निर्मित कुल 16 दुकानों का किराए पर आबंटन किया जाना है। इसके लिए निगम प्रशासन द्वारा ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति 16 सितम्बर 2025 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। यह प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं नियमों के अनुरूप होगी, जिससे पात्र आवेदकों को ही लाभ मिल सके।

नगर निगम ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा निविदा की शर्तों एवं नियमों की विस्तृत जानकारी राजस्व विभाग से प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त निगम कार्यालय में आवश्यक मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहयोग भी उपलब्ध रहेगा।

# पोस्टर एवं हैंडबिल के माध्यम से महासंघ के आंदोलन की रुपरेखा से अवगत कराया गया



**कुरूद,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ जिला धमतरी के संभागीय कार्यालय कुरुद एवं उपसंभाग कुरुद में महासंघ के कर्मठ कार्यकर्ताओं के द्वारा आंदोलन का जोरशोर से प्रचार प्रसार प्रारम्भ किया गया। सहायक अभियंता एल एल ध्रुव व एस के कोसरे जी सहित समस्त नियमित, संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों को पोस्टर एवं हैंडबिल के माध्यम से महासंघ के आंदोलन की रुपरेखा से अवगत कराया गया। 9 अगस्त को प्रथम चरण के तहत पूरे प्रदेश में महासंघ के बिजली कर्मचारियों द्वारा विभिन्न मांगो/समस्याओं के सम्बन्ध में जिलाधीश के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया है. द्वितीय चरण के तहत 1 सितम्बर 25 से 30 सितम्बर 25 तक पोस्टर लगाकर व हैंडबिल के माध्यम से पूरे प्रदेश के विद्युत् कार्यालयो में अधिकारियों/कर्मचारियों को महासंघ के आंदोलन व मांगों से अवगत कराया जा रहा है. अंतिम चरण में दिनांक 09 अक्टूबर 2025 को डंगनिया मुख्यालय सी. एस. ई. बी. रायपुर में एक दिवसीय विशाल रैली व धरना प्रदर्शन किया जावेगा. उक्त जानकारी श्री पीयूष कुमार सिन्हा, प्रदेश संगठन मंत्री, छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के द्वारा दी गई।

# छग राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती समारोह

**कुरूद,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह का आयोजन दिनांक 05 सितंबर से 12 सितंबर तक किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में दिनांक 10 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 01 के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ राज्य में अब तक की हुई प्रगति के संबंध में एक परिचर्चा एवं व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय के सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. हित नारायण टंडन ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का गठन 1 नवंबर 2000 को प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रयासों से हुआ था। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के प्रयासों और वर्तमान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य ने अभूतपूर्व प्रगति की है और आज छत्तीसगढ़ एक अलग ही पायदान पर है।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक मोजेश कुमार साहू ने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की स्थापना से लेकर आज तक शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में हुई प्रगति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के पश्चात् एनआईटी, आईआईटी, एम्स, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, ट्रिपल आईटी, और नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से छत्तीसगढ़ में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार, प्राणीशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका चित्रमणि श्रीमाली और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित थे। सभी ने छत्तीसगढ़ की प्रगति पर चर्चा की और राज्य के विकास में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# कल बिलासपुर में छग शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक

**खरोरा,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने पर पुनर्गठन हेतु सत्रह सदस्यों का एक कार्यवाहक समिति बनाई गई है जो संघ के निर्वाचन एवं गठन में अपना योगदान देंगे जिसका बैठक 14 सितंबर रविवार को छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,बृहस्पति बाजार के पास,बिलासपुर में प्रातः 11 बजे बैठक रखी गई है। बता दे यह बैठक संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिहाज से अहम मानी जा रही है। संघ के कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष हरीश देवांगन कार्यवाहक संगठन सचिव विजय चौहान ने संयुक्त जानकारी देते हुए बताया कि संघ की पुनर्गठन हेतु प्रदेश के निर्वाचन के संबंध में निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचन मंडल का गठन तथा सम्पूर्ण निर्वाचन नियमावली निर्धारित बायलॉज अनुसार निर्माण करने व प्रदेश के समस्त जिलों की सहभागिता हेतु बैठक आयोजित है। संघ की एकता और संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूर्व कार्यवाहक प्रदेश कार्यकारिणी एवं पूर्व प्रदेश पदाधिकारी सदस्यों को उपस्थित होने अपील किया है।



## निधन

### लीला बाई साहू

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 12 सितम्बर। समीपस्थ ग्राम सिंधारी की लीला बाई साहू पति भागीरथी साहू का गत दिवस निधन हो गया है। जिसका दाह संस्कार गृहग्राम सिंघारी में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिवारजन मौजूद रहें। वे लोकनाथ साहू और सुरेंद्र साहू की दादी थी। ज्ञात हो कि वे 105 वर्ष की थी।



### भोरे लाल यादव

**बागबाहरा,** 12 सितम्बर। नगर के वार्ड नंबर 2 व्यापारी तालाब निवासी वरिष्ठ नागरिक भोरेलाल यादव का बीती रात्रि में निधन हो गया। वे लगभग 80 वर्ष के थे। वे कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे मुन्ना लाल यादव एवं राकेश यादव के पिता थे। तथा वे अभिषेक यादव एवं राहुल यादव के दादा थे। स्व. गोरेलाल यादव का अंतिम संस्कार नगर के मंडी तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया।



### राजेश बुडू देवांगन

**बागबाहरा,** 12 सितम्बर। नगर के वार्ड नंबर 3 थानापारा निवासी युवक राजेश बुडू देवांगन का बीती रात्रि में आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 45 वर्ष के थे। तथा आशीष देवांगन के पिता थे। जिनका अंतिम संस्कार आज शुक्रवार को नगर के मंडी तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया।



### पुन्नी बाई यादव

**खरोरा,** 12 सितंबर। ग्राम मुड़पार निवासी श्रीमती पुन्नी बाई यादव (आयु 65 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। स्व. पुन्नी बाई यादव, पंचम राम यादव की धर्मपत्नी थीं। वे तुलसीराम, रीखी राम, हीरामती एवं तुलसा बाई यादव की माताजी थीं। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अंचल के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं गांव के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### प्रमिला अग्रवाल

**थान खम्हरिया,** 12 सितम्बर। समीप ग्राम गुवारा में श्रीमती प्रमिला अग्रवाल का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। आसपास ग्रामीण अंचल में ख्याति प्राप्त महिला थी। मिलनसार व्यवहारिक थी। आज सुबह 10 बजे मुक्तिधाम में दास संस्कार किया जाएगा। अपने पीछे पुत्र काशी अग्रवाल, रामावतार, हर गोपाल, लोकेश अग्रवाल, अरविंद, अभिषेक, प्रिया, सुरभि जागृति को छोड़कर गई है।



# वर्षों की मांग हुई पूरी, सरगी नाला फिंगेश्वर व सूखा नाला छुरा में बनेगा करोड़ों का उच्च स्तरीय पुल

**फिंगेश्वर,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। राजिम विधानसभा क्षेत्र के दो प्रमुख मार्गों में उच्च स्तरीय पुल निर्माण की वर्षों पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग विष्णुदेव साय की सरकार ने पूरा कर दिया है। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू की निरंतर सक्रियता के परिणामस्वरूप राजिम विधानसभा को आज फिर से करोड़ों रूपये के ऐतिहासिक सौगातों से सरकार ने नवाजा है।

छत्तीसगढ़ शासन ने महासमुंद-राजिम मार्ग पर फिंगेश्वर के निकट सरगी नाला में उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए 08 करोड़ 21 लाख 16 हजार रूपये तथा छुरा-कोमाखन मार्ग पर(कोसमबुड़ा) उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए 10 करोड़ 63 लाख 75 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वित्त विभाग की सहमति के बाद लोक निर्माण विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर से आदेश जारी किया गया है। गौरतलब है कि इस पुल की मांग लंबे समय से की जा रही थी, क्योंकि स्टेट हाइवे होने के बाद भी राजिम महासमुंद मार्ग के सरगी नाला में बरसात के दिनों में कई बार नाला उफान पर आने से आवागमन प्रभावित हो जाता था। पुल बनने के बाद अब स्थानीय लोगों को निर्बाध आवाजाही की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा छुरा से कोमाखान मार्ग में कोसमबुड़ा के निकट भी अत्यंत संकीर्ण पुल के कारण आवागमन बाधित होता था जिससे अब निजात मिलेगी।



**विधायक रोहित ने बताया इसे विकास के प्रति संकल्प का प्रतिबिंब**

इस स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक रोहित साहू ने इसे राजिम विधानसभा क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर मानते हुए विकास के प्रति संकल्पों प्रतिबिंब बताया। उन्होंने कहा कि जो काम वर्षों से अधूरे पड़े थे उन सभी कामों को पूरा करने की जिम्मेदारी हमारी है, हमारी सरकार ने राजिम क्षेत्र को करोड़ों रुपयों की स्वीकृति प्रदान की है उसी क्रम में यह पुल निर्माण की स्वीकृति मिलना भी हर्ष की बात है इसके लिए क्षेत्रवासी बधाई के पात्र हैं। भाजपा सरकार के सुशासन की प्रतिबद्धता से हमारा राजिम सबसे तीव्र विकास का साक्षी बन रहा है। दोनों प्रमुख मार्ग पर पुल निर्माण के लिए करोड़ों रूपये की स्वीकृति मिलना राजिम विधानसभा के विकास के प्रति हमारे संकल्प का प्रतिबिंब है। विधायक रोहित साहू ने इस स्वीकृति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,उपमुख्यमंत्री अरुण साव तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार प्रकट किया और कहा कि यह पुल आने वाली पीढ़ियों को विकास नई राह दिखाएगा।

# दशहरा उत्सव को लेकर बैठक

**कुरूद,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। नगर दशहरा महोत्सव 2025 के तैयारियों के लिए मंगल भवन कुरूद में आयोजन समिति का बैठक आहुत की गई। जिसमें अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर के मार्गदर्शन में महोत्सव समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने रजत जयंती वर्ष सम्पन्न होने के बाद 26 वाँ वर्ष में महोत्सव को आगे बढ़ाने के लिए सभी ने अपने सुझाव और विचार व्यक्त किये।



कुरूद नगर का यह आयोजन नगर, क्षेत्र, जिले एवं प्रदेश भर में प्रशंसनीय है। इस बार भी नवरात्रि के शुरूआत से लेकर दशहरा तक कुल 7 आयोजन कराने के लिए निर्णय लिया गया। दशहरा महोत्सव में मीना बाजार से लेकर, अभिव्यक्ति कला मंच द्वारा राम-रावण संवाद और छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक आयोजन नगर दशहरा महोत्सव समिति के मुख्य संरक्षक अजय चन्द्राकर के विशेष सहयोग से संपन्न होने जा रहा है।

नगर दशहरा महोत्सव समिति द्वारा महोत्सव की तैयारियाँ शुरू कर दी गई है।

**कार्यक्रम हेतु मैदान को संवारने का कार्य**

मैदान को सुसज्जित करने का काम नगरपालिका कुरूद द्वारा किया जायेगा, हमेशा की तरह सभी कार्यों के लिए अलग अलग उपसमिति और प्रभारी बनाये गये हैं।इस बैठक में महोत्सव समिति के पदाधिकारियों मे महोत्सव समिति के अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर, महासचिव भानु चन्द्राकर, कोषाध्यक्ष बसंत सिन्हा, पार्षदगणों में महेन्द्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर, मनीष साहु, रवि मानिकपुरी, पूर्व पार्षदगण गोरख देवांगन, सुनील चन्द्राकर, मुलचंद सिन्हा, रामेश्वर ध्रुव, नेमी बैस, भारत भूषण पंचायन, पिंटू अग्रवाल, ओमप्रकाश साहु, दौलत ध्रुव, आयोजन समिति के प्रभारियों एवं सदस्यों मे शेखर चन्द्राकर, भोजराज चन्द्राकर, प्रभात बैस, चंदन शर्मा,किशोर यादव, कमल शर्मा, बादल चन्द्राकर, संतोष बैस, संजु चन्द्राकर, अनुराधा साहु, रवि चुनमुन, पप्पी चैनवानी, दीलिप टंडन, देवकांत द्विवेदी, प्रकाश ढीवर, राधे चन्द्राकर, मुकेश पवार, जितेंद्र चन्द्राकर, लक्की जांगड़े, टेकू साहु, भूपेन्द्र छोटू, कृष्णा सेन सहित नये सदस्यगण सम्मिलित हुए। मिडिया प्रभारियों मे जमाल रिज़वी, दीपक साहु, चंदन शर्मा बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी गुप्ता और नगरपालिका के कर्मचारीगण भी सम्मिलित हुए!

## प्रादेशिकी का शेष...

### सरकार युवाओं के भविष्य...

वेतन के साथ ऑफर लेटर भी मिला। ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले युवा आशीष चंद्राकर ने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन के प्रयासों से उन्हें अपनी योग्यता के अनुसार रोजगार का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि यह क्षण उनके लिए यादगार है और इससे उनका आत्मविश्वास और बढ़ा है। इसी तरह हंसिका ठाकुर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि रोजगार मेला उनके जीवन का सबसे बड़ा अवसर साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि उन्हें नौकरी का ऑफर लेटर पाकर गर्व है और उनके परिवारजन भी अत्यंत प्रसन्न हैं। उन्होंने सरकार एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### संकुल पोंड़ के 4...

बीईओ धनेश्वरी साहू द्वारा किए जा रहे शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न प्रयासों की सराहना भी किया इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों में जनपद अध्यक्ष चंद्रिका जितेंद्र बंजारे,नपा अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे, उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, पार्षद नीलकमल गिलहरे, बंजारे,सभापति चंचल राजा दीवान, सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश ढीढी, किशन शर्मा, वरुण राठी, राजा राय, नारायण सोनी,बीआरसीसी राकेश कुमार साहू, समस्त संकुल प्राचार्य, समन्वयक गण, समस्त प्रधान पाठक प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय विकास खंड अभनपुर, शामिल हुए।

# कई विभागों में भूअर्जन के लंबित प्रकरणों का कलेक्टर ने समीक्षा किया

**बिलाईगढ़,** 12 सितंबर (देशबंधु)। बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम मलूहा के किसानों के 25 वर्ष पुराने प्रकरण को भूअर्जन का मुआवजा सफलतापूर्वक दिलाने के बाद कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में भू-अर्जन के संबंध में राजस्व, जल संसाधन, राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना आदि विभागों का संयुक्त बैठक लिया। कलेक्टर ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले से संबंधित वर्षों पुराने 1-1 प्रकरणों का संबंधित विभाग के कार्यपालन अभियंता और एसडीओ से विस्तारपूर्वक जानकारी लेकर समीक्षा किया। डॉ. संजय कन्नौजे ने संवेदनशीलता एवं गंभीरता से सभी प्रकरण को समय सीमा में शीघ्र कार्य पूर्ण करने और मुआवजा देने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया, ताकि लंबित मुआवजा राशि संबंधित हितग्राही को मिले। बैठक में भूअर्जन के जिन प्रकरणों का समीक्षा किया गया उनमें सारंगढ़ और बिलाईगढ़ राजस्व अनुविभाग के जल संसाधन विभाग अंतर्गत ग्राम टिमरलगा के डूबान से प्रभावित 27 व्यक्ति, साराडीह बैराज के डूबान से ग्राम छतौना के 11 व्यक्ति, एनीकट निर्माण से ग्राम मुाहलडीह के 6 व्यक्ति, लोक निर्माण विभाग अंतर्गत सड़क निर्माण और चैड़ीकरण से प्रभावित ग्राम सण्डा के 1 व्यक्ति, ग्राम ठेंगागुड़ी के 142 व्यक्ति, ग्राम बोरिदा के 6 व्यक्ति, साल्हेओना के 2, मल्दी के 12, भारतपुर के 5, पवनी के 16, पुरगांव के 32 व्यक्ति प्रकरण में शामिल है। इसके अलावा दोमुहानी में माहुलडीह एनीकट निर्माण और गिरवानी, कोसमकुंडा में सड़क निर्माण के कार्य लंबित है। उच्च न्यायालय बिलासपुर से पारित आदेश प्रकरण में भीमसेन यादव, सिंधुलाल सरिया, जानकी बाई बरभांठा, ग्राम भोगडीह के अंतराम, रतिराम एवं गगन साहू, ग्राम बरदुला के रमेश कुमार चंद्रा के प्रकरणों पर की गई कार्यवाही के संबंध में बैठक में चर्चा की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रकाश कुमार सर्वे, एसडीएम वर्षा बंसल, प्रफुल्ल रजक सहित राजस्व, जल संसाधन, राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता और एसडीओ, इंजीनियर, टेक्निकल कर्मचारी आदि उपस्थित थे।




**अधिकारीगण पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता से भूअर्जन के प्रकरणों का निराकरण कर मुआवजा प्रदान करें : कलेक्टर**

# अवैध शराब बिक्री पर सरिया पुलिस की कार्रवाई

## महिला आरोपी से 10 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त

**बिलाईगढ़,** 12 सितंबर (देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, अति0 पुलिस अधीक्षक निमीषा पाण्डेय एवं डीएसपी अविनाश मिश्रा के द्वारा अवैध शराब बिक्री पर रोकथाम हेतु लगातार निर्देशित किये जाने पर थाना प्रभारी सरिया प्रमोद यादव के कुशल मार्ग दर्शन में थाना सरिया के पुलिस स्टाफ के द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वाले महिलाके विरुद्ध कार्यवाही कर आरोपिया को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। दिनांक 12/09/2025 को दौरान पेट्रोलिंग जरिये मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बड़े आमाकोनी निवासी अमरीका मिरि पति सेतकुमार मिरी अपने घर के कोला बाड़ी में भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु रखी है कि सूचना पर हमराह स्टाफ के ग्राम बड़े आमाकोनी में मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर रेड की कार्यवाही किया गया।जो आरोपिया अमरीका मिरि के कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक के बड़ा डिब्बा में कच्ची महुआ शराब 10 लीटर कों जप्त किया जाकर आरोपिया के खिलाफ धारा 34(2) 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही करते आरोपिया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रमोद यादव, प्र0आर0 टीकाराम पटेल,आरक्षक- श्रवण टंडन,राजकुमार साव, लक्ष्मी पटेल महिला आरक्षक सविता यादव एवं समस्त स्टाफ की प्रमुख भूमिका रही।



# नि :शुल्क चिकित्सा शिविर संपन्न

## ग्रामीणों के लिए प्रशिक्षण केंद्र के लिए स्थान की मांग की

**तिल्दा-नेवरा,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड, सरोरा-तिल्दा के सौजन्य से समता फाउंडेसन और मोर हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम के सहयोहग से ग्राम पंचायत केसदा में विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया शिविर में केसदा रिंगनी खपरीकला गावों के लोगों ने लाभ लिया . विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सैकड़ो मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया.जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि वितरण की गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं, कुपोषित बालक, बालिकाओं का स्वास्थ परीक्षण कर उचित सुझाव दिये गये। शिविर में स्तनपान व पौष्टिक आहार की जानकारी विस्तार से दी नेत्र जाँच ,खून जाँच ,जनरल चेकअप ,बी एम डी जाँच तथा बच्चो का नि:शुल्क जाँच किया गया

इस अवसर पर शिविर में पहुंचे तमाम डॉक्टर और अतिथियों का फूलों के साथ स्वागत किया गया और स्मृति चिन्ह दे कर उन्हें सम्मानित भी किया गया.



संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड, सरोरा-तिल्दा की सी एस आर हेड श्रीमती शीतल गोयल ने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास रहता है कि समाज के वंचित और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों की सहायता हो सके। इसी प्रयास में इस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निःशुल्क दवाओं का वितरण, आंखों की जांच, नजर के चश्मे का वितरण मच्छरदानी वितरण तथा विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांचें निशुल्क की गई। शिविर में वृद्ध जनों तथा युवाओं ने उत्साह से भाग लिया।सी एस आर हेड श्रीमती शीतल गोयल ने केसदा शिव कुमार तुरकाने से ग्रामीणों के लिए प्रशिक्षण केंद्र के लिए स्थान की मांग की है

केसदा के सरपंच शिव कुमार तुरकाने ने कहा की सीमावर्ती ग्रामीणों के लिए यह शिविर वरदान साबित हुआ। इस तरह के शिविरों से न केवल गरीब और वंचित वर्ग को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं, बल्कि समाज में जागरूकता भी बढ़ती है। सरकार और अन्य संगठनों को इस तरह की पहल को आगे बढ़ाने पर जोर देना चाहिए, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। निशुल्क चिकित्सा शिविर में केसदा ,रिंगनी और खपरी कला सरपंचों और पंचगणों , के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर शिविर का लाभ उठाया साथ ही बड़ी संख्या में पंचगण ,जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीणजन, एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संभव स्टील ट्यूब लिमिटेड सरोरा के एम जी के मूर्ति चिरंजीत राय ,धनेश साहू ,धर्मेश वैश्य ,गुलाब साहू ,धर्मेश नायक ,सुचिता जैन, मनीष सिन्हा, जितेंद्र ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया

# युक्तियुक्तकरण से अब प्राथमिक शाला करमनडीह में चार शिक्षक



**बलौदाबाजार,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला करमनडीह में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से अब दो नए शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। कुंतला देवी साहू (शासकीय प्राथमिक शाला पौसरी) एवं रजनी कन्नौजी (महत्मा गांधी स्कूल, पुरानी बस्ती बलौदाबाजार) को यहां पदस्थ किया गया है। दो नये शिक्षकों की पदस्थापना से अब यहां चार शिक्षक हो गए है। इससे स्कूल की शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त हुई है जिससे बच्चों के साथ पालकों में भी हर्ष है।

विद्यालय में वर्तमान में 120 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें 55 बालक एवं 65 बालिकाएं शामिल हैं। पूर्व में विद्यालय में मात्र दो शिक्षक कार्यरत थे, जिससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। युक्तियुक्तकरण से दो नए शिक्षक जुड़ने से अब पढ़ाई की व्यवस्था बेहतर रूप से हो गई है। छात्राओं ने भी इस बदलाव पर खुशी जताई है। स्कूल में अध्यनरत छात्रा छात्राओं ने कहा कि अब हमारे स्कूल में पर्याप्त शिक्षक हो गए हैं। हमें सभी विषय अच्छे से पढ़ाए जा रहे हैं। जिससे अब पढ़ाई में मन लग रहा है हम नियमित रूप से स्कूल आ रहे है। युक्तियुक्तकरण से हमारे स्कूल में दो नए शिक्षक आए है, जिससे अब हमारे स्कूल में चार शिक्षक हो गए हैं। इससे हमें पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी गतिविधियों में भी मार्गदर्शन मिल रहा है।

# रजत जयंती पर वटगन महाविद्यालय में हुआ उत्सव का आयोजन

**गिधपुरी, भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 12 सितंबर (देशबन्धु)।शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन में छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वीं वर्षगांठ रजत जयंती के अवसर पर प्राचार्य चंद्रकांत जलहरे की अध्यक्षता में महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, परम्परा, स्वर्णयात्रा, विकास गाथा, को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रस्तुत किए।



इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष उमेश यदु उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशेष रूप से महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण प्रवीण सिंह पैकरा, रामप्रकाश जोशी, अतिथि व्याख्यातागण डॉक्टर नोहर सिंह डहरिया, श्रीमती पुष्पा वर्मा, उमेश कुमार श्रीवास, लिमेश कुमार वर्मा, शुभम भारद्वाज, कार्यालयीन कर्मचारी प्रशांत आनंद, श्रीमती शशि जलक्षात्रि, लीलाधर चंद्राकर, मंच संचालक नेहा बघेल चितेश्वर प्रसाद, देवा वर्मा, गुलशन, महेंद्र कुमार हस्ती, मेघा बंजारे, एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# तिल्दा में खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**तिल्दा-नेवरा,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। तिल्दा नेवरा सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में विभाग स्तरीय खो-खो और कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व,आपदा और उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा थे। कार्यक्रम की शुरुआत में मंत्री टंकराम वर्मा ने शिशु वाटिका का लोकार्पण और प्रार्थना शेड का भूमि पूजन किया। इसके बाद भारत माता और सरस्वती माता की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया गया। बच्चों ने अतिथियों का स्वागत भाव नृत्य प्रस्तुत कर किया।

मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि वह सरस्वती शिशु मंदिर के कार्यक्रमों में जरूर शामिल होते हैं। उन्होंने मंच से 10वीं और 12वीं में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए नकद पुरस्कारों की घोषणा की। 12वीं के टॉपर को और दूसरे स्थान पर आने वाले पुरस्कार दिए जाएंगे।



**मंत्री टंकराम वर्मा बोले- स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता**

इसी तरह 10वीं के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले क और द्वितीय स्थान पाने वाले को नगद पुरस्कार दिए जाने की घोषणा किए।

मंत्री टंकराम ने कहा कि मोबाइल से दूरी बनाते हुए मैदान में उतर कर खेलकूद करना चाहिए। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सरस्वती शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष रामभरोसा सोनी ने पंच परिवर्तन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण जैसे विषयों पर बात की। उन्होंने बताया कि ये बिंदु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर महत्वपूर्ण हैं। क्षेत्रीय खिलाड़ी विनीत वर्मा ने खिलाड़ि ?यों को खेल की शपथ दिलाई। अंत में प्राचार्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में रायपुर और बलौदाबाजार जिले से कुल 289 छात्र-छात्राएं और 20 शिक्षक-आचार्य शामिल हुए हैं। फाइनल मुकाबले बुधवार 10 सितंबर को खेले जाएंगे।

इस अवसर पर भाजपा ज़िला महामंत्री अनिल अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेलकूद में प्रत्येक विद्यार्थियों को भाग लेना चहिए। किसी न किसी शारीरिक खेल में दिलचस्पी रखकर नियमित तौर पर दौड़ भाग करना चाहिए, जिससे शरीर की क्षमता बढ़ती है।

इस दौरान रामपंजवानी, राजू शर्मा,चन्द्रकला डॉ. खुमान वर्मा, मनोज निषाद, नरसिंह वर्मा सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

# खो-खो के प्रतिभागियों का क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

**बागबाहरा,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय तरुण एवं बाल वर्ग खो-खो की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। सशिमं. बागबाहरा खो-खो के प्रतिभागी विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित क्षेत्र स्तर (छत्तीसगढ़, मध्यभारत, महाकोशल एवं मालवा) की प्रतियोगिता दिनांक 13 एवं 16 सितंबर को चांपा (छत्तीसगढ़) में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रांत का नेतृत्व करेंगें।

विदित रहे, उक्त सामूहिक खेलकूद समारोह का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। भारत शासन द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर के प्रतिभागियों को एक राज्य के रूप में सम्मिलित किया जाता है। प्रांत स्तर की प्रतियोगिता में संरक्षक के रूप में चंद्रशेखर साहू, श्रीमती नीलिमा रामटेके तथा कोच के रूप में सोमनाथ ध्रुव एवं प्रकाश बरिहा साथ रहे। छत्तीसगढ प्रांत स्तर की सामूहिक खेलकूद (खो-खो) प्रतियोगिता 10 सितंबर से 12 सितंबर तक सरस्वती शिशु मंदिर चांपा में आयोजित थी, जिसमें सशिमं. बागबाहरा के तरुण वर्ग के प्रतिभागी फाइनल प्रतियोगिता में बिलासपुर विभाग के प्रतिभागियों को पराजित कर शानदार प्रदर्शन करते हुए तरुण वर्ग की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए वहीं बाल वर्ग के प्रतिभागियों ने रायपुर विभाग को पराजित कर शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रांत का नेतृत्व करने के लिए चयनित होकर बागबाहरा नगर एवं पूरे छत्तीसगढ़ प्रांत को गौरवान्वित किया।



**सशिमं बागबाहरा के प्रतिभागियों ने प्रांतीय प्रतियोगिता में लहराया परचम**

प्रांतीय प्रतियोगिता में चयनित होकर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रांत का तरूण वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में नेतृत्व करने के लिए सरस्वती शिक्षा संस्थान के संगठन मंत्री डॉ. देवनारायण साहू, अध्यक्ष रामभरोसा सोनी, प्रादेशिक सचिव लक्ष्मणराव मगर, प्रांतीय खेल प्रमुख दिवाकर स्वर्णकार, रायपुर एवं राजिम विभाग समन्वयक मानिकलाल साहू, सागरचंद अग्रवाल स्मृति शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा चंद्राकर, कोषाध्यक्ष रामजी तिवारी, सचिव एवं विद्यालय के व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल, सहसचिव जोगेन्द्र सिंह, सदस्य लालचंद जैन, प्रीतम सिंह दीवान, घनश्याम सोनी, महेश चंद्राकर, मानिकलाल साहू, सदस्य तारा शर्मा, राही शर्मा, केशव चंद्राकर, शैलेन्द्र तिवारी, नरेश जैन, विकास बग्गा तथा प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर एवं समस्त आचार्यो ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए क्षेत्रीय प्रतियोगिता में विजयी होने के लिए शुभकामनाएं दीं।

# आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दी गई विटामिन-ए की खुराक व सिरप

**गिधपुरी, भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। शिशु संरक्षण माह 29 अगस्त से 30 सितंबर 2025 के अंतर्गत दतान प आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को उम्रानुसार विटामिन-ए की खुराक पिलाई गई तथा बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को ध्यान में रखते हुए। सिरप भी दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य जामवंती नीलकमल साहू ने किया।



कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि विटामिन-ए का सेवन बच्चों को बीमारियों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है, शरीर में रक्त बनने में मदद करता है, आंखों की रोशनी सुरक्षित रखता है और शारीरिक व मानसिक विकास को मजबूत बनाता है। साथ ही 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को नियमित रूप से आयरन सिरप दिए जाने पर विशेष बल दिया गया। अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा गया कि वे बच्चों का समय-समय पर नियमित टीकाकरण कराएं और गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कर उपचार अवश्य कराएं। इस अवसर पर चंद्रशेखर साहू, झुम्मन बारले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, चेमिन साहू, मीरा साहू, सुनीता फेकर, राजकुमारी साहू मितानिन एवं सावित्री वर्मा आंगनबाड़ी सहायिका उपस्थित रहीं।

# दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु एक दिवसीय प्रक्षिशण सह कार्यशाला आयोजित




**बलौदाबाजार,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार सहकारिता विभाग एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित के तत्वाधान में शुक्रवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला में जिले के 99 पंजीकृत दुग्ध सहकारी समिति के सदस्य शामिल हुए।

कार्यशाला में पशुधन विकास विभाग से उप संचालक डॉ. नरेन्द्रसिंह एवं डॉ.रुपेश बघेल के द्वारा विभाग में संचालित योजनाओ की संक्षिप्त जानकारी देते हुए सहकारी समिति के सदस्यों को पशुओं में होने वाले बीमारियों जैसे- खुरहा, चपका, ब्रुसेला, एकटगीया, गलघोटू, लम्पी स्किन रोग होने पर पशुओं को अनिवार्य रूप से टीकाकरण कराने जानकारी दिया गया। उन्नत नस्ल सूधार हेतु अच्छी नस्ल के देशी गाय, सहवाल एवं जर्सी तथा अन्य उन्नत नस्लों के गाय- भैंस का कृत्रिम गर्भाधान कराने हेतु सदस्यों को प्रोत्साहित किया गया।कार्यशाला में कृषको को चारागाह निमार्ण कर नेपियर घास तथा मक्के एवं बाजरे जैसे हरे चारा का पशु आहार में उपयोग करने हेतु जानकारी दी गई। विभाग के द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 1962 के माध्यम से मोबाइल वेन की सुविधा उपलब्ध है तथा पशुओ में आपातकालीन स्थिति तथा विभाग योजनाओ की जानकारी प्रदाय की जा रही है। कृषको को अपने पशुओ को घर में बांध कर रखे खुला ना छोड़ने की अपील किया गया।

उप आयुक्त उमेश कुमार गुप्ता ने सहकारी समितियों की पंजीयन, कार्यप्रणाली, निर्वाचन एवं समिति के सदस्यों आपसी समन्वय से नियमित रूप से समिति सदस्यों की बैठक आयोजित करने, आय-व्यय की जानकारी सभी सदस्यों को साझा करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी। नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जी एन साहु ने सहकारी बैंक के माध्यम से दुग्ध सहकारी समितियों को बैंक की योजनाओ के तहत गो-पालन हेतु अल्पकालीन ऋण 2 लाख तक का 1: एवं 3 लाख तक का 3: ब्याज दर देने तथा मध्यमकालीन ऋण प्राप्त कर अपने कार्य व्यवसाय मे वृध्दि करने की जानकारी दी। कार्यशाला में जिला अंतर्गत पंजीकृत दुग्ध समितियों के द्वारा प्रतिदिन समिति सिमगा में 300 लीटर, खिलोरा 100 लीटर, कौवाडीह में 300, ओडान 250 लीटर, चन्दन 150 लीटर, रंगोरा 150 लीटर, पासिद 200 लीटर अकलतरा में 150 लीटर दुग्ध का उत्पादन एवं विक्रय करने की जानकारी दी गई।

# छूटे हुए किसानों का तय समय पर पूरा कराएं एग्रीस्टेक में पंजीयन : कलेक्टर

**बलौदाबाजार,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को सम्पर्क केंद्र से जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक एवं सहकारी समिति प्रबंधको की ऑनलाइन बैठक लेकर किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन की समीक्षा की। उन्होने शाखा प्रबंधक एवं समिति प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिये कि छूटे हुए किसानों का एग्रीस्टेक में शतप्रतिशत पंजीयन समय-सीमा में कराएं।

कलेक्टर ने सभी विकासखंड के शाखा प्रबंधक एवं समिति प्रबंधको से एग्रीस्टेक पंजीयन की बारी-बारी से जानकारी ली और ज्यादा संख्या में पंजीयन के लिए लंबित समिति प्रबंधकों को तय समय पर पंजीयन पूर्ण कराने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि इस बार समर्थन मूल्य में धान खरीदी हेतु किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन अनिवार्य है। सभी किसानों का 20 सितम्बर तक एग्रीस्टेक में पंजीयन पूरा करें उसके बाद एप्प से फिजिकल वेरिफिकेशन भी करना होगा। उन्होंने कहा कि सहकारी समिति अंतर्गत किसी किसान का पंजीयन शेष रहता है तो उसकी जिम्मेदारी समिति प्रबंधक की होगी। समिति प्रबंधक किसानों से सम्पर्क करे एवं सरपंच, पटवारी, सचिव कोटवार से सहयोग लेकर पंजीयन पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि अब तक 90 प्रतिशत डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं 76 प्रतिशत एग्रीस्टेक पंजीयन का कार्य हुआ है। इसमें तेजी से प्रगति लाने की आवश्यकता है। इस दौरान कलेक्टर ने किसानों से भी चर्चा की और उनकी समस्या सुनी। उन्होंने बताया कि इस बार समर्थन मूल्य में धान बेचने सभी किसानों को एग्रीस्टेक में पंजीयन अनिवार्य रूप से कराना होगा। सहकारी समिति में जाकर या मोबाइल एप्प से स्वयं भी पंजीयन कर सकते हैं। किसानों ने बताया कि कसडोल क्षेत्र में खेती के लिए पानी की समस्या है। इस पर कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। इस दौरान संपर्क केंद्र में उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक, उप पंजीयक उमेश कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



**कलेक्टर ने ली शाखा प्रबंधक एवं समिति प्रबंधकों की ऑनलाइन समीक्षा बैठक**

# कलेक्टर ने सूर्यरथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बलौदाबाजार,** 12 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सूर्यरथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से जिले के सभी ग्राम पंचायतों में जाकर आमजनों को पीएम सूर्यघर योजना की दी जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 13 फरवरी 2024 को शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देशभर के एक करोड़ घरों में रूफ्टॉप सोलर पैनल स्थापित कर प्रत्येक माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है। इससे बिजली बिल में भारी कमी आएगी और साथ ही हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलेगा। छत्तीसगढ़ में इस योजना के प्रति लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और अब तक दो लाख से अधिक परिवार पंजीकरण करा चुके हैं। तीन किलोवाट का सोलर पैनल प्रति माह लगभग 360 यूनिट बिजली पैदा करने में सक्षम है, जिससे उपभोक्ता अपने बिजली बिल से पूरी तरह मुक्त हो सकते हैं। योजना में उपभोक्ताओं को आकर्षक सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा एक किलोवाट सोलर सिस्टम पर 30 हजार, दो किलोवाट पर 60 हजार तथा तीन किलोवाट से दस किलोवाट तक के संयंत्र पर अधिकतम 78 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ शासन ने भी उपभोक्ताओं को अतिरिक्त 30 हजार रुपए की सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गत 8 सितम्बर को रायपुर स्थित दीनदयाल ऑडिटोरियम से इसका शुभारंभ कर लाभार्थियों को सब्सिडी राशि का अंतरण किया। इस प्रकार तीन किलोवाट तक के संयंत्र पर केंद्र की 78 हजार और राज्य की 30 हजार रुपए की दोहरी सब्सिडी उपलब्ध है। योजना को और सुगम बनाने के लिए 20 से अधिक बैंक और वित्तीय संस्थान छह से सात प्रतिशत की ब्याज दर पर सोलर लोन भी उपलब्ध करा रहे हैं, जिसके अंतर्गत परियोजना लागत का 90 प्रतिशत तक वित्तपोषण संभव है। उपभोक्ता अब न केवल अपने घरों के लिए मुफ्त बिजली का लाभ उठा सकेंगे बल्कि अतिरिक्त बिजली उत्पादन कर आय भी अर्जित करेंगे और वास्तविक अर्थों में ऊर्जा दाता बनेंगे।



## पिपराही में कल होगा चौसर प्रतियोगिता

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्राम पिपराही(सेमराडीह) में 14 सितंबर को पासा (चौसर) प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया हैं। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 3001 रुपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रूपये एवं सांत्वना पुरस्कार के रूप में सभी प्रतिभागियों को 100 एवं मेडल दिया जाएगा।

# राजाडेरा-मटाल पहाड़ियों में मुठभेड़, माओवादियों को बड़ा नुकसान

### एक करोड़ इनामी सेंट्रल कमेटी सदस्य बालाकृष्णन मारे जाने से अब क्षेत्र में शीर्ष नेतृत्व समाप्त, तेलगांना गृहमंत्री माधव रेड्डी और डीआईजी व्यास के हत्या में था शामिल



**गरियाबंद,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। गुरुवार को जिले के मैनपुर थाना अंतर्गत राजाडेरा-मटाल पहाड़ियों में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में माओवादियों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। इस मुठभेड़ में सेंट्रल कमेटी सदस्य मोडेम बालाकृष्णा उर्फ मनोज के मारे जाने के बाद अब इस क्षेत्र में नक्सली संगठन का शीर्ष नेतृत्व पूरी तरह खत्म हो गया है। तेलंगाना के वारंगल निवासी बालाकृष्णन पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित था और वह तेलंगाना के गृह मंत्री माधव रेड्डी और डीआईजी व्यास की हत्या शामिल था। इसके अलावा बालाकृष्णन 18 गंभीर अपराध दर्ज थे। बीते 25 वर्षा से वह आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में सक्रिय था। शुक्रवार शाम जिला मुख्यालय गरियाबंद में एडीजी एंटी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा और रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। एडीजी ने बताया कि गुरुवार को हुई मुठभेड़ जिले की अब तक की दूसरी सबसे बड़ी मुठभेड़ है। इससे पहले जनवरी में हुई मुठभेड़ में 16 नक्सली मारे गए थे। इस बार बालाकृष्णन के अलावा ओडिशा राज्य कमेटी सदस्य प्रमोद उर्फ पाण्डु, विमल उर्फ जाडी वेंकट, दो एरिया कमेटी सदस्य, दो पीसीएम समेत कुल 10 नक्सली मारे गए हैं। मृतकों में 6 पुरुष और 4 महिलाएं शामिल हैं। इन पर कुल 5 करोड़ 22 लाख रुपये का इनाम घोषित था। मौके से एके-47, एसएलआर, इंसास रायफल, पिस्टल, बारह बोर गन और बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए गए हैं। वही शुक्रवार दोपहर सेना के हैलीकाप्टर से मारे गए नक्सलियों का शव भालुगिग्गी से जिला मुख्यालय गरियाबंद लाया गया। शनिवार को रायपुर से पहुँची 10 डॉक्टरो की टीम शनिवार को शव का पीएम करेंगी। इधर कांफ्रेस में एडीजी विवेकानंद ने कहा कि बस्तर में बढ़ते दबाव के चलते नक्सली गरियाबंद, धमतरी और ओडिशा को नया क्षेत्र बनाने में जुटे है। इसके चलते संगठन के बड़े नेताओ ने इस क्षेत्र में कुच किया था। एक साल से अधिक समय से दोनो बडे नेता चलपति और बालाकृष्णन इस क्षेत्र में सक्रिय थे। पहले चलपति और उसके मौत के बाद बालाकृष्णन को संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई थी। दोनों ही सेंट्रल कमेटी स्तर के नेता थे और अब इनके मारे जाने के बाद संगठन में शीर्ष नेतृत्व पूरी खत्म हो गया है। इसका व्यापक असर गरियाबंद, धमतरी और ओडिशा के नक्सल प्रभावित इलाकों में दिखाई देगा।

आईजी अमरेश मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि शीर्ष नेतृत्व और बड़े कैडर के नक्सलियों के मारे जाने से संगठन की रीढ़ टूट गई है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा और उनकी टीम की सराहना की। इस अवसर पर आईजी सीआरपीएफ छत्तीसगढ़ सेक्टर शालीन, डीआईजी सीआरपीएफ परमेंदर यादव, सीओ कोबरा 207 दीपक कुमार, एसपी एसटीएफ स्मृतिक राजनाला और एसपी एसआईबी विकास कुमार भी उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार, ओडिशा सीमा क्षेत्र के भालू दिग्गी जंगल में 15 से 20 नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर गरियाबंद पुलिस की ई-30 यूनिट, एसटीएफ, सीएएफ और कोबरा 207 बटालियन ने संयुक्त अभियान चलाया। 11 सितम्बर की दोपहर नक्सलियों ने राजाडेरा-मटाल पहाड़ी में सुरक्षाबलों पर घात लगाकर अंधाधुंध फायरिंग की। जवानों ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। यह मुठभेड़ लगातार 12 सितम्बर की सुबह 8 बजे तक चलती रही। सर्चिंग के दौरान 10 नक्सलियों के शव बरामद किए गए और भारी मात्रा में हथियार तथा विस्फोटक जब्त किए गए।

# सेवा पखवाड़ा मनाने भाजपा की आवश्यक बैठक

**सिमगा** , 12 सितम्बर (देशबन्धु)। जहां बैठक के प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा दुर्गा महेश्वर ने अपने उद्बोधन में कहा की सेवा ही समर्पण है। जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाने का निर्णय प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने लिया है। हम सबको एक सेवा की भावना से कार्य करना चाहिए हम अगर तय कर ले कि हमको सेवा पखवाड़ा को ईमानदारी से मानना है तो निश्चित तौर पर हर बूथ पर हम इस कार्य को संपन्न कर सकते हैं। इस सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता अभियान दिव्यांग जनों का सम्मान सफाई कर्मचारियों का सम्मान प्रमुख स्थल पर जहां महापुरुषों की मूर्ति है उसकी साफ सफाई रक्तदान कार्यक्रम आयोजित करना है। ताकि सेवा पखवाड़ा सफल बना सकते हैं। और मुझे पूरा विश्वास है 20 मंडल में सिमगा मंडल एक ऐसा मंडल है जो निश्चित तौर पर इस कार्य को बहुत अच्छे से करके बलौदा बाजार जिले में सर्वश्रेष्ठ मंडल ग्रुप में अपना नाम दर्ज कराएगी। महेश्वरी ने कहा कि मैं कुछ बातें सेवा पकड़ा से हटकर भी कहना चाहता हूं कि आज यह कांग्रेसी वोट चोर गाड़ी चोर अभियान चला रहे हैं इनको जाकर उनके बीच में बताएं कि जब 1952 में सर्वप्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर ने मुंबई से चुनाव लड़ा था तो यही देश के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने फर्जी वोट से रिजेक्ट कराकर अंबेडकर जी को चुनाव को हराया था। तो वोट चोरी कौन कर रहा है। इस बात की जानकारी आप सबको समाज के बीच में जाकर लोगों के बीच में जाकर देना चाहिए।



वहीं अनिल पांडे जिलाध्यक्ष आनंद यादव चंद्रमणि तिवारी ने भी संबोधित करते हुए समस्त कार्यकर्ताओं से पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष केजू राम बघेलअअ मंडल महामंत्री छोटू यादव जी राहुल साहू जी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू नगर पालिका के उपाध्यक्ष विकास सोनकर किसान मोर्चा के अध्यक्ष जंभेश्वर साहू मंडल के उपाध्यक्ष सचिन जैन अभिजीत अवस्थी सूर्यकांत ताम्रकार अनूप तिवारी देबू देवांगन रुक्मणी साहू सरोज देवांगन रजनी दुबे भागवत वर्मा रोहित साहू शिवधारी देवांगन हेमंत साहू हेमलाल कुर्रे फूलबाई दिखलाइए नीरज शर्मा एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मनोज साहू अध्यक्ष एवं शिव विलास साहू कार्यकारी अध्यक्ष बने

**सिमगा** , 12 सितम्बर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पंचायत बनसांकरा में गुरुवार को साहू समाज के समाजिक भवन में मतदान के माध्यम से पदाधिकारियों का चयन हुआ। जहां हरेन्द्र साहू उपाध्यक्ष चुने गए वहीं योगीराम सचिव निर्विरोध निर्वाचित हुये। इस चुनाव को संपन्न कराने में प्रमुख रूप से सिमगा परिक्षेत्र अध्यक्ष योगेश राहुल साहू सुरेश साहू शेष नारायण साहू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामविलास साहू अभिषेक साहू फत्तेलाल साहू रामकृपाल साहू मीना राम साहू दशरथ साहू रामाधार साहू रूपलाल साहू धनेश साहू गंजानन साहू आदि सामाजिक लोग उपस्थित थे।

## आज लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, एक दिन में होगा मामलों का निस्तारण

**तिल्दा नेवरा** , 12 सितम्बर (देशबन्धु)। व्यवहार न्यायालय तिल्दा नेवरा में दिन शनिवार दिनांक 13 सितंबर को लोक अदालत लगेगी। आपसी सुलह-समझौता के आधार पर लंबित मुकदमों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जाएगा यह जानकारी प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट भावेश कुमार बट्टी द्वारा दिया गया है। तिल्दा नेवरा न्यायालय में 13 सितंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक मामले सिविल प्रकरण, दांडिक प्रकरण ,मोटर यान अधिनियम से सम्बंधित , प्रकरणों ,बैंक लोन ,विद्युत् विभाग सम्बंधित ,के साथ-साथ सभी सुलह योग्य आपराधिक वादों, एवं विविध प्रकार के संबंधित मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

# धोधा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की दबंगई से परेशान पंचायत प्रतिनिधियों ने की शिकायत

**सिमगा** , 12 सितम्बर (देशबन्धु)। धोधा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की दबंगई से परेशान पंचायत प्रतिनिधियों ने की शिकायत। जांच अधिकारी के सामने आंबा. कार्यकर्ता ने जनप्रतिनिधि से की हाथापाई पुलिस में मामला दर्ज। ग्रामीणों में आक्रोश। विकासखंड सिमगा के ग्राम धोधा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 की कार्यकर्ता की दबंगई एवं अनियमितता, दुर्व्यवहार, अभद्रता के मामले ने काफी तुल पकड़ लिया है। वहीं कार्यकर्ता की हरकत से ग्राम में तनाव का माहौल है। उक्त मामले को लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंचों सहित ग्रामीणों ने मोर्चा खोलते हुए महिला बाल विकास अधिकारी सिमगा से शिकायत करते हुए उसकी बर्खास्तगी की मांग की है।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धोधा में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 की कार्यकर्ता सुलेखा रात्रे के द्वारा आए दिन सहायिका शबाना जुलाहा के साथ वाद विवाद करना अभद्र गाली गलौज कर प्रताड़ित किया जाता है साथ ही कार्यकर्ता द्वारा मनमानी तरीके से आंगनबाड़ी का संचालन किया जाता है इनके रवैए से बच्चों के भविष्य पर गलत असर पड़ रहा है कार्यकर्ता समय पर पोषण आहार का वितरण नहीं करती जिसके चलते पालक अब अपने बच्चों को आंगनबाड़ी भेजने से कतरा रहे हैं। जिसकी जानकारी सहायिका एवं मोहल्ले के महिलाओं ने सरपंच विश्वनाथ साहू को दी। दुसरे दिन सरपंच उपसरपंच एवं पंचों ने मौके पर आंगनबाड़ी निरीक्षण करने पहुंचे तो उस समय कार्यकर्ता द्वारा सहायिका को धमकाया जा रहा था जनप्रतिनिधियों के सामने ही उसे धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। मौके पर सरपंच साहू ने समझाइश दी तो कार्यकर्ता ने सरपंच से ही अभद्रता करते हुए भला बुरा कहने लगी और धमकी देते हुए सरपंच,



उपसरपंच,और सहायिका के विरुद्ध झूठा आरोप लगाते हुए छेड़खानी, जाति विशेष का उल्लेख करते हुए हथबंद थाने में शिकायत की है वहीं दुसरी ओर सहायिका ने भी कार्यकर्ता के विरुद्ध जातिगत गाली अभद्रता,की लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई है।मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने 28 जुलाई को परियोजना महिला एवं बाल विकास अधिकारी सिमगा जेआर नारंग एवं 18 अगस्त को जिला परियोजना अधिकारी अतुल परिहार को लिखित आवेदन देकर शिकायत की है जिसमें कार्यकर्ता के क्रियाकलाप का उल्लेख है।शिकायत के आधार पर मंगलवार को जांच अधिकारी ग्राम धोधा आंगनबाड़ी पहुंचे। पूछताछ के दौरान ही आंगनबाड़ी 03 की कार्यकर्ता सुलेखा रात्रे ने ग्राम के उपसरपंच के प्रतिनिधि भुनेश्वर बंजारे से जांच अधिकारी के सामने ही हाथापाई की।तत्पश्चात जनप्रतिनिधि जिनमें दौलत देवदास, अमीजवान, लिखन लाल कोसले, दुर्गेश्वरी साहू,उमा साहू, देवकी साह, मंजू कुर्रे, आनंद बाई दीवाकर, कलाराम यादव, रामकुमार साहू सहित ग्रामीणों ने कार्यकर्ता के विरुद्ध हथबंद थाने में जाकर उक्त मामले का रिपोर्ट दर्ज कराया एवं कार्यकर्ता को बर्खास्त करने की मांग करने लगे। जिस पर पुलिस ने कार्यकर्ता के विरुद्ध धारा 296, 115 (2) 351 (2) 3 (5) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। वहीं दुसरी ओर ग्राम में जनप्रतिनिधि के उपर हाथ उठाने को लेकर आक्रोश का माहौल है उक्त संदर्भ में परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सिमगा जेआर नारंग - ने कहा कि दोनों ही पक्षों को नोटिस दिया जा चुका है अंतिम नोटिस देकर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अति शीघ्र उचित कार्यवाही की जाएगी। सरपंच विश्वनाथ साहू ने कहा कि मेरे द्वारा कार्यकर्ता एवं सहायिका को समझाइश देने की बात कही गई लेकिन कार्यकर्ता द्वारा उल्टा ही मेरे से दुर्व्यवहार करते हुए छेड़खानी एवं जाति विशेष का धमकी देती हुए आरोप लगा रही है।

## शांतिकुंज से शक्ति कलश लेकर देव कन्या जागृति सरायपाली पहुंची



**सरायपाली** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। गायत्री परिवार के द्वारा आगामी 31दिसंबर 03 जनवरी 2026तक आयोजित चार दिवसीय 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन नई मंडी के सामने गायत्री शक्तिपीठ के पास सरायपाली किया जा रहा है उक्त कार्यक्रम का आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार की संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी वर्ष एवं गायत्री परिवार के संस्थापक आचार्य पंडित श्री राम शर्मा द्वारा प्रज्वलित की गई अखंड दीपक तथा साधना का शताब्दी वर्ष 2026में पूरा हो रहा है गायत्री परिवार के परिजनों में ऊर्जा का संचार करने के लिए एवं गुरु देव के विचारों को सप्त सूत्रीय आंदोलन का हिस्सा बनाने के लिए इसमें शिक्षा स्वास्थ्य नारी जागरण स्वावलंबन पर्यावरण संरक्षण व्यसन मुक्ति और साधना को रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से जन जन तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है इसी कड़ी में शांतिकुंज हरिद्वार से शक्तिकलश को लेकर देव कन्या जागृति (सोनू )देवता रायगढ़ रेल्वे स्टेशन पहुंची स्टेशन पर सरायपाली गायत्री परिवार के परिजनों ने शक्तिकलश का स्वागत किया सरिया बरमकेला में भी परिजनों ने शक्तिकलश का दर्शन कर पूजन अर्चन किया। सरायपाली के नई मंडी के पास से भजन कीर्तन कर महिलाओं ने शक्तिकलश को बारी बारी से सिर पर रख कर शक्तिपीठ पहुंची शक्ति कलश को गायत्री शक्तिपीठ में स्थापित किया गया है।

# गायत्री मंदिर के शिव मंदिर से तांबे की जलहरी की चोरी

### तीन दिन के बाद भी पुलिस चोर को नहीं पकड़ पाया गायत्री परिवार हिंदू संगठन बजरंग दल में आक्रोश

**मगरलोड** , 12 सितम्बर (देशबन्धु)। विकासखंड मुख्यालय मगरलोड की गायत्री मंदिर के सामने बरगद पेड़ के नीचे श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शिवलिंग की मंदिर विराजमान की गई है जहां नगर के श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना प्रतिदिन की जाती है जिसमें भगवान शिवलिंग के ऊपर पानी की धार लगातार बहती रहे उसके लिए तांबे की जलहरी रखी गई थी जिसे अज्ञात चोर द्वारा 5 सितंबर को प्रात: 5-45 पर तांबे की जलहरी को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है जिसकी जानकारी सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पता चलने की जानकारी गायत्री प्रज्ञा पीठ के लोगों ने दी है गायत्री प्रज्ञापीठ गायत्री परिवार के अध्यक्ष सचिव सदस्य आश कुमार साहू गोविंद साहू देवा बिंझेकर राधे सिन्हा मेन सिंह हिरवानी ने चोर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते हुए सामान की वापसी की मांग की है। इस संबंध में गायत्री प्रज्ञा पीठ के पदाधिकारी मेन सिंह हिरवानी ने कहा की कार्रवाई चाहती हूं लेकिन उचित कार्रवाई नहीं होने से निराश होने लगा हूं की बात कही वहीं बजरंग दल के रवि साहू ने कहा कि चोर लोग हिंदू धार्मिक जगह पर क्यों टारगेट करते हैं इसकी कड़ी निंदा करते हैं और चोर गिरोह के नहीं पकड़ने पर आंदोलन की बात कही थाना प्रभारी मगरलोड एस आई लक्ष्मीकांत शुक्ला ने कहा कि चोरी करने वाले नाबालिक हैं उस पर कार्रवाई नहीं हो रही है खरीदने वाले कबाड़ी पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करेंगे। फिर तो चाहे कम उम्र होने पर चोरी कर मामला पर कार्रवाई नहीं होने से हौसले बुलंद होते जाएंगे तथा चोर की चोरी की सामान खरीदने वाले पर प्रतिबंधात्मक सामान्य कार्रवाई करने से उसका भी हौसला लगातार बुलंद होता रहेगा।

# अधिक से अधिक खिलाड़ियों के पंजीयन पर जोर

**महासमुंद** 12 सितंबर (देशबंधु)। भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट तथा खेल एवं युवा विभाग के द्वारा सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने महासमुंद, धमतरी एवं गरियाबंद जिले की संयुक्त बैठक लेकर सांसद खेल महोत्सव के आयोजन की तैयारियों के संबंध में बैठक ली एवं अधिक से अधिक पंजीयन पर जोर दिया। पंजीयन की प्रक्रिया 29 अगस्त से प्रारंभ हो चुकी है जो आगामी 20 सितम्बर तक चलेगी। महोत्सव में सामूहिक एवं एकल दोनों प्रकार के खेलों का आयोजन किया जाएगा।



कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित संयुक्त बैठक में महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, खेल अधिकारी मनोज कुमार धृतलहरे, रेखराज शर्मा, धमतरी एवं गरियाबंद जिले के शिक्षा एवं खेल अधिकारी शामिल हुए। वीसी के माध्यम से धमतरी कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके शामिल हुए। बैठक में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि पंजीयन के लिए अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। अत: शिक्षा विभाग, खेल एवं जनपद के सीईओ, अधिक से अधिक संख्या में खिलाड़ियों के पंजीयन को प्राथमिकता देवें। साथ ही उन्होंने संकुल स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए तिथि एवं स्थान चयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश देते हुए सफल खेल आयोजन के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। श्रीमती चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसे गंभीरता से लेते हुए तैयारी करें। तैयारी के संबंध में तीनों जिलों द्वारा जानकारी दी गई। महोत्सव अंतर्गत सामूहिक खेल में आयु वर्ग 14 से 19 वर्ष एवं 19 से 24 वर्ष के बालक.बालिकाएँ शामिल होंगे। जिसमें कबड्डी, खो.खो एवं वॉलीबॉल खेल शामिल है। इसी प्रकार एकल खेल में आयु वर्ग 14 से 17, 18 से 20 एवं 21 से 24 वर्ष के बालक बालिकाएं भाग लेंगे। जिसमें 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद, ऊँची कूद, बैडमिंटन, गेड़ी दौड़ खेल शामिल है।

# भरदा में छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह

### नुक्कड़ नाटक व लोकनृत्य से ग्रामीणों को दी शिक्षा,छात्र-छात्राओं ने योजनाओं की उपलब्धि बताई, नशामुक्त समाज का संदेश




**मगरलोड,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड के तत्वावधान में गोद ग्राम भरदा में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की रजत जयंती के उपलक्ष्य में 11 सितंबर 2025 को नुक्कड़ नाटक एवं लोक नृत्य का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने की खुशी पूरे प्रदेश में मनाई जा रही है। इसी कड़ी में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने ग्रामीण क्षेत्र में पहुँचकर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम भरदा की सरपंच श्रीमती भानुप्रिया साहू, ग्रामीण अध्यक्ष, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासीयो की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती भानुप्रिया साहू ने कहा कीज्छत्तीसगढ़ की रजत जयंती हमारे लिए गर्व का क्षण है। पिछले 25 वर्षों में राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज के इस आयोजन से गाँव के लोगों को योजनाओं की जानकारी मिली है और युवा पीढ़ी का सांस्कृतिक जुड़ाव भी देखने को मिला। प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहाज्महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक और लोकनृत्य के माध्यम से समाज में जनजागरूकता फैलाने का सराहनीय प्रयास किया है। रजत जयंती सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि हमारी उपलब्धियों पर आत्ममंथन करने और आने वाले 25 वर्षों के लिए नई दिशा तय करने का अवसर है।

#### नुक्कड़ नाटक के जरिए सामाजिक संदेश

महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने दो प्रभावी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। पहले नाटक में छत्तीसगढ़ सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं उपलब्धियों का प्रसार किया गया। दूसरा नाटक नशामुक्त छत्तीसगढ़ज्ज विषय पर आधारित रहा, जिसमें यह संदेश दिया गया कि किस प्रकार नशा एक परिवार की खुशहाली को नष्ट कर देता है। लोककला और संस्कृति का प्रदर्शन छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुत नृत्यों ने गाँव के माहौल को उत्सवमय बना दिया।इस अवसर पर विशेष उपस्थिति महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक कौसलेश कुमार ध्रुव, डॉ. यशोदा साहू, सुश्री निरूपा साहू, दीपक कश्यप एवं ग्राम भरदा के ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, ग्रामीण अध्यक्ष रिखीराम साहू केजू राम साहू ,घनश्याम साहू, भारत साहू, गीता राम साहू ,श्रीमती जयंती साहू विशाखा साहू ,ग्राम पंचायत सचिव पंचगंण एवं समस्त ग्रामवासी भरदा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुशीला साहू और आभार प्रदर्शन डॉ. रमा चंद्राकर ने किया।

# जिले में गौधाम बनाने की प्रक्रिया तेज, संचालन हेतु मंगाए जा रहे आवदेन

**गरियाबंद,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के सभी पांचों विकासखंड छुरा, फिंगेश्वर, गरियाबंद, मैनपुर और देवभोग में गौधाम योजना अंतर्गत प्रथम चरण में 10-10 गौठानों का चयन कर लिया गया है। इन गौठानों में उपलब्ध संसाधनों जैसे बाउंड्रीवाल, फेंसिंग, जल-विद्युत आपूर्ति, बाड़ा और पशु शेड की सूची राज्य गौसेवा आयोग को भेजी गई है। इसके साथ ही इसके संचालन के लिए समिति गठन की प्रक्रिया भी जारी है। जिसके तहत जिले में अब तक सात आवेदन प्राप्त हो गए हैं जिसमे विकासखंड गरियाबंद से 2, देवभोग से 2 और मैनपुर से 3 आवेदन आए है। आवदेन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद इसका विधिवत शुभारंभ होगा। ज्ञात हो कि हाल में ही कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने गौधाम गठन की प्रक्रिया को गति देने के लिए पशुधन विकास विभाग सहित संबंधित विभागों की विशेष बैठक ली थी। इसमें उपसंचालक पशुधन विकास विभाग डॉ. ओपी तिवारी को समिति गठन करने के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत जिला और विकासखंड स्तरीय समितियों का गठन कर चयनित गौठानों की सूची आयोग को भेज दी गई है।

## उन्नत गौ-पालन एवं डेयरी प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न, वैज्ञानिक पद्धति से पशुपालन में आय बढ़ाने पर जोर

**गरियाबंद,** 12 सितम्बर (देशबन्धु)। पशुधन विकास विभाग एवं स्वावलंबी महिला विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को उन्नत गौ-पालन एवं डेयरी प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला पशु चिकित्सालय गरियाबंद के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. तामेश कंवर ने पशुपालन के तीन मुख्य आधार प्रबंधन, पोषण और नस्ल सुधार के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक पद्धति से पशुपालन करने पर दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, समाजसेवी एवं समिति की महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन स्वावलंबी महिला विकास समिति द्वारा किया गया।

जिसमें अध्यक्ष श्रीमती बिंदु वर्मा, सचिव श्रीमती सारिका महाडिक, उपाध्यक्ष श्रीमती त्रिवेणी